दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

वर्ष : 30 | अंक :262
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 25 जुलाई-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## न्यूज डायरी

### कुपवाड़ा मुठभेड़ में मारा गया एक आतंकवादी, सैनिक बलिदान



**कुपवाड़ा, (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में रात भर चली मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और एक सैनिक बलिदान हो गया।श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने बुधवार को बताया कि कुपवाड़ा के कोवुत में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष इनपुट के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 23 जुलाई को संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया था। 24 जुलाई को संदिग्ध गतिविधि देखे जाने पर सतर्क सैनिकों ने चुनौती दी, जिसके जवाब में आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इस गोलीबारी में एक आतंकवादी को मार गिराया गया और एक एनसीओ घायल हो गया। अधिकारियों ने कहा कि घायल सैनिक उपचार के दौरान वीरगति को प्राप्त हो गया। फिलहाल ऑपरेशन जारी है।

### बजटीय प्रावधानों से सर्राफा बाजार में बड़ी गिरावट, सस्ता हुआ सोना और चांदी



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** बजट के अगले दिन ही घरेलू सर्राफा बाजार में जबरदस्त करेक्शन नजर आ रहा है। सिर्फ एक दिन में सोना करीब 2,300 रुपये तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी के भाव में भी करीब छार हजार रुपये की गिरावट आई है। आज की गिरावट के बाद देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 71,450 रुपये से लेकर 70,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी सर्राफा बाजारों में 65,490 रुपये से लेकर 64,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी भी करीब चार हजार रुपये सस्ता होकर दिल्ली सर्राफा बाजार में 87,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

### मनोज जारांगे ने पांच दिन बाद खत्म की अपनी भूख हड़ताल



**मुंबई, (हि.स.)।** मराठा नेता मनोज जारांगे पाटिल ने मराठा आरक्षण की मांग को लेकर पिछले पांच दिन से जालना जिले में चल रही अपनी भूख हड़ताल बुधवार दोपहर में खुद खत्म करने की घोषणा की। गांव की महिलाओं के हाथों मनोज जारांगे ने फलों का जूस पीकर अपनी हड़ताल खत्म कर दी। उन्होंने सरकार को मराठा समाज के लोगों को सगे संबंधियों के आधार पर 13 अगस्त तक कुनबी जाति प्रमाण पत्र दिए जाने का अल्टीमेटम दिया है।इस मौके पर मनोज जारांगे ने कहा कि वे अपनी मांग पर कायम हैं और सरकार को 13 अगस्त तक का अल्टीमेटम दिया है। अगर सरकार ने तब तक उनकी मांग नहीं मानी तो वे फिर से भूख हड़ताल के लिए बाध्य होंगे। जारांगे ने कहा कि भूख हड़ताल ही उनका हथियार है और इससे सरकार डरती है, लेकिन बीती रात उनकी तबीयत बहुत बिगड़ गई थी और उनके गांव वालों ने उन्हें जबरन सलाईन लगवा दिया था। सलाईन लेने के बाद भूख हड़ताल को कोई मतलब नहीं रह गया है। इसी वजह से उन्होंने अपनी हड़ताल खत्म करने का निर्णय लिया है।

### गवर्नर के मानहानि मामले में ममता की अपील पर होगी अलग बेंच में सुनवाई

**कोलकाता, (हि.स.)।** कलकत्ता हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति इंद्र प्रसन्न मुखर्जी और बिस्वरूप चौधरी की खंडपीठ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका पर सुनवाई करेगी। इसमें राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने पर रोक लगाने के आदेश को चुनौती दी गई है।16 जुलाई को, न्यायमूर्ति कृष्ण राव की एकलपीठ ने राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री के खिलाफ दायर मानहानि के मामले की सुनवाई करते हुए अपमानजनक टिप्पणियों पर अंतरिम रोक लगा दी थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 19 जुलाई को इस आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

# नेपाल में बड़ा विमान हादसा, 18 की मौत



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह सौर्य एयरलाइंस का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई। सौर्य एयरलाइंस का यह विमान 9एन-एएमई (सीआरजे 200) पूर्वाह्न करीब 11 बजे काठमांडू से पोखरा के लिए उड़ान भरा था।विमान में तकनीकी कर्मचारियों और चालक दल के सदस्यों सहित 19 लोग सवार थे। विमान के चालक दल में कैप्टन मनीष शाक्य और सह-पायलट सुशांत कटुवाल थे। इसके अलावा 17 अन्य लोगों में अमित मान महार्जन, सागर आचार्य, दिलीप वर्मा, मनु राज शर्मा, अश्विन निरौला, सुदीप लाल जोशी, सर्वेश मारसैंण, श्याम बिंदुकर, नवराज आले, राजाराम आचार्य, प्रिजा कटिवाडा, अधिराज शर्मा, उद्धब पुरी, यज्ञ प्रसाद पौडवाल, संतोष महतो, पुण्य रत्न साही और आरेफ रेडा थे। पुलिस ने बताया कि विमान को पोखरा क्षेत्रीय हवाई अड्डे पर रखरखाव के लिए ले जाया जा रहा था।नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के अनुसार सौर्य एयरलाइंस का सीआरजे7 (ऋद्द-9ह्वस्ब्) विमान स्थानीय समयानुसार सुबह 11~11 बजे पोखरा के लिए काठमांडू से उड़ान भरने के बाद दाएं मुड़ा और रनवे के पूर्वी हिस्से में एक जगह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

विमान में आग लग गई। दुर्घटना होने के तुरंत बाद बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। हालांकि विमान में लगी आग पर अब काबू पा लिया गया है। 18 लोगों के शव बरामद किए गए हैं और एक घायल व्यक्ति को बचाकर अस्पताल ले जाया गया है।

**● ● पूर्व अग्निवीरों की होगी बल्ले-बल्ले ● ●**

# बीएसएफ -सीआईएसएफ की भर्ती में मिलेगा 10 फीसदी आरक्षण और आयु में छूट



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने चार साल का अनुभव हासिल करने के बाद पूर्व अग्निवीरों को बल में शामिल करने के लिए उपयुक्त पाया है। उन्हें 10फीसदी आरक्षण और आयु में छूट का लाभ मिलेगा। गृह मंत्रालय के अनुसार, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा निर्देशित इस निर्णय का उद्देश्य बीएसएफ को मजबूत करना है। बीएसएफ के महानिदेशक ने नई नीति की पुष्टि की, जिसमें पूर्व अग्निवीरों द्वारा अपने अनुभव और प्रशिक्षण के कारण बल में लाए गए महत्व पर प्रकाश डाला गया।बीएसएफ के डीजी नितिन अग्रवाल ने बताया कि अग्निवीर बीएसएफ के लिए एकदम अनुरूप हैं। एक तरह से हमें तैयार सैनिक मिल रहे हैं। अग्निवीरों के आने से सभी बलों को लाभ होगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि क्रस्न्न 4 साल के अनुभव वाले पूर्व-अग्निवीरों को बल में नियुक्ति के लिए अनुकूल मानता है। इन्हें बल में 10त्न आरक्षण व आयु में रियायत दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में ये निर्णय बलों को मजबूत करेगा।गृह मंत्रालय द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, सीआईएसएफ पूर्व अग्निवीरों को बल में शामिल करने के लिए तैयार है। सीआईएसएफ के महानिदेशक का कहना है कि उन्हें कांस्टेबल के पदों पर 10त्न आरक्षण मिलेगा और आयु और शारीरिक दक्षता परीक्षा में छूट मिलेगी। इससे पहले हरियाणा सरकार ने ऐलान किया था कि अग्निवीरों को पुलिस भर्ती, माइनिंग गार्ड भर्ती में 10 फीसदी आरक्षण मिलेगा। साथ ही राज्य की ग्रुप सी और डी भर्ती में भी उम्र सीमा में भी छूट दी जाएगी। वहीं, अपना बिजनेस करने के लिए बिना ब्याज के लोन भी दिया जाएगा।

### नौसेना के लिए नया जंगी जहाज त्रिपुट लॉन्च, 2026 में बनेगा बेड़े का हिस्सा



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** भारतीय नौसेना के लिए नया जंगी जहाज अथर्ववेद के आह्वान के साथ समुद्री परंपरा को ध्यान में रखते हुए गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई की पत्नी रीता श्रीधरन ने लॉन्च किया है। जहाज का नाम त्रिपुट रखा गया है, जो शक्तिशाली तीर के नाम पर है। यह नौसेना में वर्ष 2026 में शामिल होगा, जिससे आने वाले वर्षों में हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए भारतीय नौसेना की क्षमता में बहुत अधिक मजबूती आएगी।गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) में बनाया गया यह जहाज दो उन्नत फ्रिगेट में से पहला है। यह तलवार क्लास फ्रिगेट का 9वां जंगी जहाज है, जिसे गोवा शिपयार्ड लिमिटेड बनाया है। इसे बनाने का काम 29 जनवरी, 2021 को शुरू हुआ था। अब लॉन्च होने के बाद इसके कई तरह के ट्रायल्स चलेंगे और इसे अक्टूबर, 2026 में भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल किया जाएगा।

# बजट भाषण में हर राज्य का नाम लेना संभव नहीं, सभी को किया गया आवंटन - वित्त मंत्री



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को विपक्ष के इन आरोपों का खंडन किया कि विपक्षी साशी राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है। वित्त मंत्री ने राज्यसभा में कहा कि किसी राज्य का बजट भाषण में नाम नहीं लिया गया, इसका अर्थ यह नहीं है कि उस राज्य को कुछ नहीं दिया गया।राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज इसे मुद्दा बनाया। इसके जवाब में वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन को समझना चाहिए कि हर राज्य के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं के तहत आवंटन होता है। कांग्रेस पार्टी ने सालों तक देश में बजट पेश किया है। उन्हें भी पता है कि बजट भाषण में हर राज्य का नाम नहीं लिया जाता।वित्त मंत्री ने महराष्ट्र का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के वडावन में 76 हजार करोड़ से पोर्ट का निर्माण होने जा रहा है। उसका बजट भाषण में जिक्र नहीं है। इसका अर्थ नहीं है कि केन्द्र ने आवंटन नहीं किया। केन्द्र सरकार की योजनाओं के तहत हर राज्य के लिए आवंटन किया जाता है।सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष का लोगों को यह आभास देने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास है कि हमारे राज्यों को कुछ भी नहीं दिया गया है। यह एक अपमानजनक आरोप है।राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने सत्र शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद बजट को भेदभावपूर्ण बताते हुए विरोध में वॉकआउट किया।



> **राज्यसभा में सांसदों द्वारा नियम 267 के तहत दिए गए कार्य स्थगन नोटिस पर सदन के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं को इस मुद्दे पर विचार करने की आवश्यकता है।सभापति धनखड़ ने कहा कि मैं दोहराता हूं कि राजनीतिक दलों के नेताओं को इस मुद्दे पर विचार करने की आवश्यकता है, क्योंकि यह सदन की प्रत्येक बैठक में एक नियमित दैनिक मामला बनता जा रहा है।**

# सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बरकरार रखने का दिया आदेश

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने निर्देश दिया कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए स्वतंत्र कमेटी का गठन किया जाए। कोर्ट ने कहा कि इसके लिए हरियाणा और पंजाब सरकार सदस्यों के नाम सुझाए। कोर्ट ने दोनों राज्यों को चरणबद्ध तरीके से बैरिकेड्स हटाने के सुझाव देने का निर्देश दिया, ताकि लोगों को परेशानी न हो।सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि किसानों ने अपने ट्रैक्टर को टैंक जैसा मोडिफाई कर रखा है। तब सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा कि किसानों से बातचीत कर कोई समाधान क्यों नहीं निकाला जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि किसानों तक पहुंचने के लिए आपको कुछ कदम उठाने होंगे, वो दिल्ली क्यों आना चाहेंगे। आप यहां से मंत्री भेज रहे हैं। अच्छे इरादों के बावजूद उन पर किसानों को विश्वास की कमी है। वे सोचेंगे कि आप केवल स्वार्थ के बारे में बात कर रहे हैं और स्थानीय मुद्दों की अनदेखी कर रहे हैं। आप किसी तटस्थ व्यक्ति को क्यों नहीं भेजते।पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने 10 जुलाई को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हरियाणा सरकार को एक हफ्ते में शंभू बॉर्डर के बैरिकेड खोलने का निर्देश दिया था। हरियाणा सरकार का कहना है कि कानून व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर उसने रास्ता बंद रखा हुआ है। हाई कोर्ट को ऐसा आदेश नहीं देना चाहिए।



# माताजी बोलने में तो विशेषज्ञ हैं मुझे मालूम है-मल्लिकार्जुन खड़गे

**● धनखड़ ने टोकते हुए कहा, वह आपकी बेटी के बराबर**

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** राज्यसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कथित तौर पर राज्यों के प्रति भेदभावपूर्ण होने के लिए केंद्रीय बजट 2024-25 की निंदा की। खड़गे ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट में दो बिहार और आंध्र प्रदेश को छोड़कर सभी राज्यों की प्लेटें खाली रह गई। खड़गे ने तमिलनाडु, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और अपने गृह राज्य कर्नाटक जैसे राज्यों का नाम लेते हुए कहा, किसी भी राज्य को कुछ नहीं मिला।खड़गे ने आरोप लगाया कि बजट केवल कुछ लोगों को खुश करने और कुर्सी बचाने के लिए है। उच्च सदन में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करने वाली सीतारमण पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ÷मुझे उम्मीद थी कि मुझे सबसे अधिक मिलेगा।



लेकिन हमें कुछ नहीं मिला। जैसे ही राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष के नेता से सीतारमण को जवाब देने के लिए कहा, खड़गे ने चुटकी लेते हुए कहा, ÷मैं बोल देता हूं। माताजी बोलने में तो विशेषज्ञ हैं मुझे मालूम है।खड़गे के बयान के बाद राज्यसभा में हंसी के ठहाके लग गए। तभी सभापति जगदीप धनखड़ ने उनको बीच में टोकते हुए कहा कि सीतारमण जी आपकी बेटी के बराबर हैं। विपक्ष के %भेदभावपूर्ण% केंद्रीय बजट के विरोध के जवाब में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में सरकार के रुख का बचाव किया और बजटीय निर्णयों के पीछे के तर्क को स्पष्ट किया।

अपने भाषण के दौरान, सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि हर बजट घोषणा में हर राज्य का उल्लेख करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हर बजट में, आपको इस देश के हर राज्य का नाम लेने का मौका नहीं मिलता। कैबिनेट ने वडावन पर एक बंदरगाह स्थापित करने का निर्णय लिया था। लेकिन कल बजट में महाराष्ट्र का नाम नहीं लिया गया। क्या इसका मतलब यह है कि महाराष्ट्र खुद को उपेक्षित महसूस करता है? वित्त मंत्री ने कहा कि यदि भाषण में किसी विशेष राज्य का नाम लिया गया है, तो क्या इसका मतलब यह है कि भारत सरकार के कार्यक्रम इन राज्यों में नहीं जाते हैं? यह कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष का लोगों को यह आभास देने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास है कि हमारे राज्यों को कुछ भी नहीं दिया गया है। यह एक अपमानजनक आरोप है। %भेदभावपूर्ण% बजट पर विपक्ष के राज्यसभा से वॉकआउट करने से पहले, विपक्ष के नेता राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि ये कुर्सी बचाने के लिए ये सब हुआ है... हम इसकी निंदा करेंगे और इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के दल विरोध करेंगे। अगर संतुलन नहीं होगा तो विकास कैसे होगा?

# बिहार विधानसभा से एंटी पेपर लीक कानून ध्वनिमत से पारित, विपक्ष का वाक आउट

**पटना,(हि.स.)।** बिहार की नीतीश कुमार की अगुवाई वाली राजग सरकार ने बुधवार को विधानसभा के मॉनसून सत्र में पेपर लीक और परीक्षा धोखाधड़ी को रोकने के उद्देश्य से एंटी-पेपर लीक कानून पेश किया, जिसे ध्वनिमत से पास कर दिया गया। इस दौरान विपक्ष हंगामा करता रहा और सदन से वाक आउट कर गया।विपक्ष के हंगामे के बीच प्रभारी मंत्री विजय चौधरी ने बिहार विधानसभा में राज्य सरकार की तरफ से बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक-2024 पेश किया। इस बीच विपक्ष वाक आउट कर गया। इसके बाद सदन में बहुमत के आधार पर विधेयक पास हो गया। नये कानून में प्रावधान किया गया है कि पेपर लीक या इससे जुड़ी किसी भी गतिविधि में शामिल होने वाले इस कानून के तहत दोषी होंगे। इस कानून के अधीन सभी अपराध संज्ञेय एवं गैरजमानती होंगे। अब पेपर लीक की जांच भी डीएसपी रैंक के अधिकारी करेंगे। नए कानून के तहत परीक्षा के पेपर लीक करने के दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को 10 साल तक की जेल और एक करोड़ तक का जुर्माना हो सकता है। यह कानून व्यापक है, जो छात्रों, शिक्षकों और अन्य लोगों सहित सभी संबंधित पक्षों पर लागू होता है।सदन में बिहार सरकार ने एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा करते हुए कहा कि परीक्षा में गड़बड़ी को रोकने के लिए यह कानून बना है।



# राहुल गांधी ने की किसानों से मुलाकात



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को किसान नेताओं से मुलाकात की। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। इनके साथ कुछ अन्य मांगों को लेकर वे लोकसभा में नेता विपक्ष से आज संसद में मिले।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किसान नेताओं से कहा कि मोदी सरकार ने अपने बजट में किसानों की मांगों को नजरअंदाज किया है। इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी खामोश नहीं बैठेगी। किसानों की आवाज को पार्टी सड़क से संसद तक बुलंद करेगी। हम अन्नदाताओं को न्याय दिलाकर रहेंगे। इस दौरान पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आप नेता चरण सिंह चन्नी भी मौजूद रहे।राहुल गांधी ने किसान नेताओं के साथ संसद के मकर द्वार पर मीडिया को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी का पार्टी ने अपने घोषणापत्र में जिक्र किया था। यह कानूनी गारंटी दी जा सकती है। इस संबंध में वे आईएनडीआई गठबंधन के अन्य नेताओं से बातचीत करेंगे और आगे की रणनीति तैयार करेंगे।किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि कांग्रेस नेता ने हमारी बात सुनी। एमएसपी पर कानूनी गारंटी पर उन्होंने हमें आश्वासन दिया है।

## एक्शन में सीएम योगी

# लापरवाह पांच एडीएम एफआर और तीन एसडीएम से जवाब तलब

**लखनऊ,एजेंसियां।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने प्रदेश में विभिन्न आपदाओं में हुई जनहानि एवं क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही करने वाले आधा दर्जन से ज्यादा अधिकारियों से जवाब तलब किया है। इसमें पांच जिलों के एडीएम एफआर को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गयी है, जबकि तीन एसडीएम से स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं बाढ़ संबंधी कार्यों में लापरवाही पर कानपुर देहात के आपदा विशेषज्ञ को निलंबित कर दिया। सीएम ने सभी लापरवाह अधिकारियों को दो दिनों में अपना स्पष्टीकरण शासन के सौंपने के निर्देश दिये हैं। बताया जा रहा है कि अगर जवाब संतोषजनक नहीं हुआ तो सीएम योगी सख्त कार्रवाई कर सकते हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश है कि आपदा से हुई जनहानि का मुआवजा 24 घंटे के अंदर प्रदान किया जाए। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश भर में आपदा से हुई जनहानि का सर्वे पूरा कर 24 घंटे में मुआवजा दिया जा रहा है। वहीं इसमें लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में विभिन्न आपदाओं के दौरान हुई जनहानि और क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर एक्शन लिया गया है। इनमें बांदा, चित्रकूट, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर और मुजफ्फनगर के एडीएम एफआर क्रमश~ संतोष सिंह, उमेश चंद्र निगम, उमा शंकर, एस सुधाकरन और गजेंद्र कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि सौंपी गयी है। इसके साथ ही लापरवाही पर सिद्धार्थनगर की सदर तहसील के एसडीएम ललित कुमार मिश्रा, हाथरस की शादाबाद तहसील के एसडीएम संजय कुमार सिंह और अलीगढ़ की अतरौली तहसील के एसडीएम अनिल कुमार कटियार से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। वहीं बाढ़ संबंधी कार्यों में लापरवाही पर कानपुर देहात के आपदा विशेषज्ञ अश्विनी कुमार को निलंबित कर दिया है। सभी को दो दिनों के अंदर अपना जवाब शासन को सौंपना होगा।



# प्रभु कब तक कराहती रहेगी माँ गंगा -आचार्य हरिवंश

## माँ गंगा की अविरलता व पवित्रता पर चोट करने वालों से तीखा सवाल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** आध्यात्मिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना के केंद्र ,तीर्थराज प्रयाग के गंगा,यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम से नाव को व्यास पीठ बनाकर बुधवार को आचार्य अशोक हरिवंश ने %जल के राम% विषयक अनूठी कथा में माॅ गंगा की पवित्रता व अविरलता पर चोट करने वालों से सवाल किया।कहा माॅ गंगा जो अपने रास्ते बहती हैं उनकी पवित्रता नष्ट कर मैली करने की कोशिश क्यों की जा रही है।

आचार्य अशोक ने पवित्र संगम को साच्छी मानकर तैरती बोट से माँ गंगा की अविरलता और पवित्रता पर तीखा सवाल किया है।कहा माॅ गंगा ने यही सवाल प्रभु श्रीराम से पूंछा है कि मैं अपने रास्ते बहती हुई समुद्र में मिल जाती हूँ।मैंने किसी का कुछ नही बिगाड़ा है तो लोग मेरे जल में

> कथावाचक ने त्रिवेणी संगम में नाव पर 'जल के राम' विषयक सुनाई अनूठी कथा

कूड़ा,कचरा फेंककर मुझे अपवित्र क्यों बना रहे हैं।उंन्होने यह सवाल मर्माहत होकर प्रभु श्रीराम से पूंछा है।कहा आप नर हो,नारायण हो,मर्यादा पुरुषोत्तम हो,जल हो,नभ हो आप तो कण कण में विराजमान हो फिर भी मुझे मैली करने वालों से आप सवाल क्यों नही करते हो।आपने मुझे जन कल्याण का आदेश दिया है।जब मेरी पवित्रता ही भंग हो जाएगी तो मैं लोगों के दैहिक,दैविक और भौतिक ताप कैसे दूर कर पाऊंगी।नैनी के बाबा सोमेश्वर नाथ धाम परिसर में बीते 22 जुलाई से चल रही शंकर के राम की कथा में ज्योतिष पीठाधीस्वर जगतगुरु स्वामी



वासुदेवानंद ने कथा प्रारम्भ के वक्त आशीर्वाद दिया है।उपदेवता की श्रेणी में आने वाली किन्नर अखाड़े की महामण्डलेश्वर कौशल्या नंद गिरी टीना माँ ने भी आयोजन से जुड़कर कथा प्रेमियों के लिए मंगल कामना की है। पूर्व आईपीएस लालजी शुक्ल, सोमेस्वर धाम के पुजारी राजेन्द्र पुरी का सानिध्य प्राप्त हुआ है। कथा के संयोजक अधिवक्ता अभिषेक तिवारी टिंकू ने बताया कि

### भक्तों के लिए विशाल भंडारा

सोमेश्वर नाथ मंदिर परिसर में चल रही पांच दिवसीय राम कथा के आयोजक प्रमोद कुमार तिवारी पिंटू ने कहा कि पवित्र श्रावण मास में कथा के साथ नित्य भंडारे का आयोजन किया गया है।बाबा की कृपा से कथा प्रेमियों के साथ भोले के भक्त भी प्रसाद ग्रहण कर तृप्त हो रहे हैं।आयोजन टीम के अरबिंद तिवारी,बबलू पांडेय,सुशांत दीक्षित ,कोतवाल यादव,सूरज यादव,कुलदीप मेहरा,अमित शुक्ला,पमपम गुरु आदि भक्तों की सेवा में जुटे हैं।

26 जुलाई तक चलने वाले कथा आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों के कई चर्चित चेहरे जुड़ चुके हैं।

# त्रिकोणीय होगा प्रधान और बीडीसी का उपचुनाव

**होलागढ़(प्रयागराज)।** होलागढ़ में एक प्रधान की मृत्यु और एक बीडीसी सदस्य के इस्तीफा से रिक्त सीट पर उपचुनाव 6 अगस्त को होगा।उमरिया सारी में ग्राम प्रधान और दहियावा वार्ड न0 55 में बीडीसी सदस्य का चुनाव त्रिकोणीय होगा।दोनो पद अनुसूचित वर्ग का है। दोनों पदों पर तीन तीन लोग चुनाव लड़ रहे हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष अग्रहरी ने बताया कि प्रधान पद से बुधवार को ममता ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया।हालाकि यहां पूर्व प्रधान गेंदा लाल चुनाव चिह्न अनाज ओसता किसान,पिछले चुनाव में दूसरे न0 पर रहे चंद्रपाल चुनाव चिन्ह इमली और मृतक प्रधान पुत्र विजय कुमार चुनाव चिन्ह कन्नी के मध्य कड़ा मुकाबला होने का आसार है। उधर दहियावा बीड़ीसी सदस्य पद पर पूर्व प्रधान अदिती चुनाव चिह्न अनार,बेब चुनाव चिन्ह अलाव और आदमी तथा मालती चुनाव चिन्ह अंगूठी के मध्य मुकाबला होगा।बुधवार को चुनाव चिन्ह का आबंटन किया गया।

# स्वस्थ रहने के लिए करें मोटे अनाज का सेवन-राजेश द्विवेदी

## सरकार की एनएफएसएम योजना के तहत वितरित किए गए मोटे अनाज के बीज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** विकासखंड उरूवा के मेजारोड स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार कार्यालय पर बुधवार को एनएफएस एम योजना के तहत खरीफ की फसलें कोदौ, सावा, रागी, बाजरा, ज्वार आदि बीज वितरित किया गया। उद्यान विभाग के द्वारा प्याज का बीज किसानों को निशुल्क वितरित किया गया।

इस वर्ष 2024 मोटा अनाज दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। शासन द्वारा किसानों को मोटा अनाज उत्पादन करने के लिए जन जागरूकता अभियान के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उरूवा प्रधान संघ के अध्यक्ष व प्रधान सोरांव राजेश द्विवेदी रहे। उन्होंने किसानों से कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए मोटे अनाज का सेवन बहुत जरूरी है। जिस तेजी के साथ बीमारियां बढ़ रही है उसे देखते हुए मोटे अन्न का उत्पादन बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में कृषि विभाग




की भूमिका अहम रही। प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार प्रदीप कुमार ने बताया कि पतले अनाज गेहूं में ग्लूटीन नमक प्रोटीन पाया जाता है इसे पचाने में पाचन तंत्र को ज्यादा कार्य करना पड़ता है।

जिससे पेट से संबंधित बीमारियां होती हैं। इससे निजात के लिए एनएफएसएम योजना के तहत कोदो सांवा के बीच पर 90त्न सब्सिडी देकर ज्यादा से ज्यादा पैदावार पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे कृषि उत्पादन के दौरान लगने वाले खाद और उर्वरक का पैसा भी सरकार देती है। इसका लाभ पंजीकृत कृषक उठा रहे हैं जिन किसानों का पंजीयन नहीं हुआ है। वे आधार पासबुक और खतौनी कार्यालय में लेकर आएंगे उनका पंजीयन हो जाएगा।

# हंगामों में शामिल छात्रों का इविवि प्रशासन ने रोका रिजल्ट

## चीफ प्रॉक्टर ने की थी अनुशासनात्मक कार्रवाई

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पिछले दिनों अलग-अलग मामलों को लेकर हुए हंगामे में शामिल तकरीबन 60 छात्रों का रिजल्ट विश्वविद्यालय प्रशासन ने रोक दिया है। इन छात्रों के खिलाफ चीफ प्रॉक्टर की ओर से अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई थी। अब प्रॉक्टर ऑफिस से हरी झंडी मिलने के बाद ही परिणाम जारी किया जाएगा।

ज्ञात हो कि इविवि में पिछले दिनों एसएसएल हॉस्टल के एक छात्र ने तत्कालीन चीफ प्रॉक्टर डॉ. राकेश सिंह पर आरोप लगाए थे कि उन्होंने छात्र को अपने कार्यालय में बुलाकर पीटा। छात्र ने चीफ प्रॉक्टर के साथ प्रॉक्टोरियल बोर्ड के कुछ सदस्यों पर भी पिटाई करने का आरोप लगाया था। इस घटना के बाद इविवि परिसर में काफी हंगामा हुआ था। विश्वविद्यालय परिसर में तोड़फोड़ भी हुई थी और कुलसचिव पर स्याही फेंक दी गई थी। इस मामले में इविवि प्रशासन की ओर से उपद्रवियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। घटना में शामिल छात्रों को सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से चिह्नित करते हुए उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई थी। इसके अलावा विधि संकाय में छात्रों ने गलत पेपर वितरित किए जाने का आरोप लगाते हुए परीक्षा का बहिष्कार और हंगामा किया था। इस मामले में भी कुछ छात्रों को चिह्नित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई थी। इसके अलावा अनुशासहीनता के अलग-अलग मामलों में भी चीफ प्रॉक्टर की ओर से अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। इन सभी मामलों में संलिप्त छात्रों के परिणाम इविवि ने रोके हैं। जिन छात्रों का रिजल्ट रोका गया है, वे स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के हैं। चीफ प्रॉक्टर कार्यालय की ओर से हरी झंडी मिलने के बाद ही इनका परिणाम जारी किया जाएगा।

इस बाबत इलाहाबाद विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर जया कपूर ने बताया कि सिर्फ दो मामलों में परीक्षार्थियों का रिजल्ट रोका जाता है। अगर छात्र पर हॉस्टल का कोई शुल्क बकाया है या किसी छात्र के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद चीफ प्रॉक्टर कार्यालय से परीक्षा नियंत्रक को क्लीयरेंस नहीं मिली है तो संबंधित छात्र का रिजल्ट रोक लिया जाता है।

# मूसल से वार कर मार डाला था मां को

## मां की डांट से गुस्सा कर उठाया था कदम, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र में युवक ने मां के डांटने पर बेटे ने बीती 21 जुलाई को मूसल मारकर हत्या कर दी। बेटे ने पुलिस को गुमराह करने के लिए लूट का नाम दे दिया था। लेकिन पुलिस को उसके बार-बार बयान बदलने पर शक हुआ। मोबाइल लोकेशन के जरिए पुलिस उस तक पहुंची। पूछताछ में उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। ये घटना करेली के नयापुरा भावापुर मोहल्ले की थी।

बुधवार को डीसीपी सिटी दीपक भूकर ने प्रेसवार्ता में बताया कि सुभद्रा (54) की हत्या उसके बेटे सचिन ने की थी। सचिन की स्टेशनरी की दुकान थी। कई दिन से वो दुकान पर बैठता नहीं था। इस बात पर मां उसे डांटती थी और दोनों में झगड़ा होता था। साथ ही वो दुकान का सारा पैसा चुरा लेता था।

उस दिन भी ऐसे ही मां ने उसे फटकारा तो गुस्सा आ गया। उसने मूसल से मां पर हमला कर दिया। इसके बाद लोहे की खल वाली बट्टे भी मारी।

मां की मौके पर ही मौत हो गई। बेड पर चारों तरफ खून ही खून सना मिला। इसके बाद पकड़े जाने के डर से पुलिस के सामने लूट की कहानी रची। कहा कि कुछ लुटेरे आए, घर से पैसा ले गए। मां ने विरोध किया, तो मार डाला।

सचिन के पिता मनीराम पाल मूल रूप से कानपुर के बिल्हौर के रहने वाले हैं। वह हाईकोर्ट के पास फोटोस्टेट की दुकान चलाते हैं। परिवार के साथ करेली के नयापुरवा मोहल्ले में किराए के मकान में रहते हैं। घर में पत्नी सुभद्रा के अलावा बड़ा बेटा सचिन रहता था। उसका छोटा बेटा कुछ दिनों से गांव गया हुआ था। मां की हत्या के बाद सचिन ने पुलिस को बताया था कि रोज की तरह सुबह साढ़े 9 बजे पिता दुकान चले गए। 12.30 बजे वह भी दुकान चला गया। इस दौरान मां घर पर अकेली थी। शाम 6 बजे वापस आया, तो मेन गेट बंद था, लेकिन भीतर से कुंडी नहीं लगी थी। वह जैसे ही अंदर गया। उसकी चीख निकल गई। मां बिस्तर पर खून से लथपथ पड़ी थी। सारा सामान बिखरा हुआ था। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग जुट गए। फिर जानकारी पर पुलिस पहुंची।

# राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन चित्रकला मेहंदी व निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**प्रयागराज।** आज अखिल भारतीय युवा खत्री समाज के तत्वाधान में भारतरत्न राजर्षि पुरषोत्तमदास टंडन जी की जयंती के पखवाड़े के द्वितीय फेस में दयानंद पब्लिक स्कूल, डी ए वी इंटर कॉलेज एवं डी ए वी पब्लिक स्कूल में चित्रकला, निबंध, मेंहदी प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। चित्रकला प्रतियोगिता सुप्रसिद्ध चित्रकार एवं राज्य ललित कला अकादमी के कार्यकारिणी सदस्य रहे रवीन्द्र कुशवाहा ने किया तथा मेहंदी एवं निबंध प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में श्रीमती शोभा दरबारी, डॉ नीता सेठ, एवं नीलम बहल रहीं।निर्णय के उपरांत निर्णायक मंडल के जजों, प्रधानाचार्य व विजयी छात्रों को पुरस्कृत व सम्मानित भी किया गया साथ ही 1अगस्त को लाजपत शिशु बिहार में संपन्न होने वाले कार्यक्रम के लिए ग्रैंड फिनाले का पास भी दिया गया। आज की प्रतियोगिताएं संपन्न कराने में पप्पन जी टंडन, ब्रजेश बिट्टू सिडाना, विपुल मेहरोत्रा, विश्वजीत बनर्जी आदि का विशेष योगदान रहा।

# प्रयागराज कमिश्नरेट में आधा दर्जन थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में हुआ फेरबदल

**प्रयागराज।** प्रयागराज कमिश्नरेट के आधार दर्जन थानों के थानेदार बदल दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर तरुण बाबा ने राजेश मौर्या को करेली थाने का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया है। राजेश मौर्या का नाम उस समय चर्चा में आया था जब उन्होंने थाना धूमनगंज में रहते हुए माफियाओं का सफाया किया था।जो इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है। करैली थाने के वर्तमान प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ राय को थाना धूमनगंज का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार बृजेश तिवारी को थाना सोरांव का प्रभारी बनाया गया है। प्रवीण कुमार गौतम थाना फूलपुर, अश्वनी कुमार सिंह को थाना फाफामऊ, वैभव सिंह को थाना नैनी और विनय कुमार सिंह थाना शाहगंज प्रभारी बनाए गए हैं। सीपी ने नितेंद्र कुमार शुक्ला को अतिरिक्त निरीक्षक घूरपुर से थाना प्रभारी कोराव बनाया है। प्रभारी निरीक्षक सोरांव और नैनी को पुलिस लाइन भेजा गया।

# बिना फिटनेस वाहन का संचालन करने वाले स्कूली वाहनों पर करें कार्रवाई

## अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि जनपद में सड़क दुर्घटना जून, 2023 में 127 की तुलना में जून, 2024 में 87 दुर्घटना हुई, जिसमें -31.49 प्रतिशत की कमी हुई है। आगामी माह में सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कम करने के निर्देश दिये गये। पीडीए को शहरी क्षेत्र में शहरी क्षेत्र में पीडीए तथा नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत मार्ग पर अवैध कटों को बंद किये जानें हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि वृहद दुर्घटनाओं के दृष्टिगत शहर से जानें वाले विभिन्न राष्ट्रीय मार्गों के नजदीक ट्रामा को क्रियाशील रखा जाय तथा स्कूली वाहन चालकों एवं परिवहन चालकों के शारीरिक



स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाय। विभाग द्वारा बिना फिटनेस वाहन का संचालन करने वाले स्कूली वाहनों पर कार्यवाही की जाय। जनपद के समस्त वाहन चालकों एवं परिचालकों का चिकित्सालयों में स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाय। नगर क्षेत्र में ई-रिक्शा चलाये जानें हेतु रूटों का निर्धारण करते हुए प्रभावी नियंत्रण रखा जाय। नगर क्षेत्र में सड़कों पर आयी पेड़ों की टहनियों की कटाई छंटाई की जाय जिससे कि सिग्नल स्पष्ट दिखायी पड़े।

इस अवसर पर मनोज कुमार, सहायक अभियन्ता प्रतिनिधि अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुश्री अल्का शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रवर्तन) प्रथम, आर0 एस0 वर्मा, एआरएम उ0प्र0 परि0निगम, राम सागर, पीटीओ, मोहित कुमार राठौर, अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0, जे0 पी0 सोनकर, सहायक अभियन्ता, नि0खं0-2 (प्र0प0), लो0नि0वि0, महा नारायण शुक्ला, सहायक अभियन्ता, बेलन नहर प्रखण्ड, सिंचाई विभाग, प्रवीन कुमार यादव, सहायक अभियन्ता, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, निकुंज कुमार, सहायक अभियन्ता, मोर्थ, पीआईयू, पी0एन0 सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, सुनील कुमार, सहायक अभियन्ता, नि0खं0 4, लो0नि0वि0, सौरभ सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर, अमित कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता, राष्ट्रीय मार्ग, प्रयागराज, विनोद कुमार सिंह, वन दरोगा, वन विभाग, सुजीत कुमार सोनी, एनएचएआई, पीआईयू, डा0 राशिद, स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यालय चिकित्साधिकारी, टेम्पो-टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष विनोद चन्द्र दुबे, महामंत्री रमाकान्त रावत, उपाध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी उपस्थित रहे।

# दलालों के कब्जे में मेजारोड रिजर्वेशन काउंटर

## आए दिन दलालों से टिकट लेने वालों की होती है मारपीट

> स्टेशन के टिकट स्थल पर दलालों का बोलबाला
> दलाली में लिप्त रेलवे पुलिस के सिपाही का ऑडियो वायरल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** मेजारोड स्टेशन के रिजर्वेशन काउंटर पर दलालों की सक्रियता के कारण आम लोगों के लिए टिकट पाना मुश्किल हो गया है। दलालों की वजह से आम लोग लाइन में ही लगे रहते हैं और दलाल एक साथ कई टिकट बनवा कर, अच्छे मुनाफे पर बेंच दे रहे हैं। अगर कोई यात्री दलालो से हस्तक्षेप करता है तो उसकी पिटाई कर दी जाती है।रेल महकमा इस तरह की शिकायत पर गौर नही करता है।

दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के मेजारोड




रेलवे स्टेशन पर दलालों का इस कदर बोलबाला है कि आम लोगों का टिकट लेना मुश्किल हो गया है। मांडा थाना क्षेत्र के हाटा बरौंधा निवासी सुभान अंसारी पुत्र रमजान अली मेजा थाना क्षेत्र के जानकीगंज में अपने रिश्तेदार के यहां रहते है। सूरत में वह प्राइवेट जॉब करते है। सूरत जाने वाली ट्रेन का टिकट लेने के लिए वह मंगलवार सुबह मेजारोड रेलवे स्टेशन पहुचें। तीन दिन प्रयास के बाद उन्हें एक नम्बर टोकन मिल गया लेकिन दलालों ने उन्हें मारपीट खिड़की से भगा दिया।इस तरह की स्थित आए दिन देखी जा सकती है।पीड़ित ने बताया कि टिकट लेने वाले फ़ार्म को छीन कर फाड़ दिया गया।सूत्रों की माने तो ड्यूटी में तैनात एक सिपाही भी टिकट दलाली में शामिल है। सिपाही की आडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें टिकट को लेकर सिपाही का एक युवक से बातचीत हो रही है। फिलहाल भुक्तभोगी ने फोन के जरिए तत्काल मांडा आरपीएफ दरोगा मनोज त्रिपाठी को अवगत कराते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कानून कार्रवाई की मांग की है।

# शिक्षक कर्मचारियों के लिए बजट रहा निराशाजनक -अनुराग पांडेय

## कहा, बजट में देने के बजाय 4 प्रतिशत की कर दी गयी कटौती

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** अटेवा की मेजा इकाई के अध्यक्ष अनुराग पांडेय ने देश के आम बजट को शिक्षक कर्मचारियों के लिए निराशाजनक बताया है। कहा बजट से कुछ मिलने की उम्मीद छोड़ दीजिए, शिक्षक कर्मचारियों का (4त्न) काट लिया गया।महगांई के युग मे कर्मचारी कैसे परिवार का पालन करेगा।

श्री पांडेय ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देखा जाय तो कोई कर्मचारी जिसकी तनख्वाह कम हो और उसके तनख्वाह से (4त्न) काट लिया जाय तो वह कर्मचारी अपने परिवार का पेट कैसे



पालेगा। सरकार को कम से कम अपने कर्मचारियों का बजट में ध्यान रखना चाहिए। उंन्होने सवाल किया कि क्या देश की तरक्की में शिक्षक कर्मचारियों का योगदान नहीं है। देश का विकास क्या सिर्फ नेताओं से ही होता है ।,सरकार वही जो अपने कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखकर बजट का ऐलान करें।

कर्मचारी अपने हक के लिए निरन्तर संघर्ष करते आये हैं।जिसमें प्रमुख मुद्दा हमारी पुरानी पेंशन बहाली का है।श्री पांडेय ने कहा कि जब तक हमें पुरानी पेंशन नहीं मिल जाती, हम शिक्षक कर्मचारी अटेवा (ऑल टीचर्स एंड एम्पलाइज एसोसिएशन) के वैनर तले विजय कुमार बंधु की अगुवाई में सरकार से अपनी मांग करते रहेंगे। सरकार के इस निराशाजनक बजट से सिर्फ हताशा मिली है।

# शिर्डी श्री साई बाबा मंदिर में गूंजी साई ब्रदर्स के भजनों की धुन




**प्रयागराज।** गुरु पूर्णिमा पर शिर्डी श्री साई बाबा मंदिर के शताब्दी मंच पर साई ब्रदर्स प्रयागराज ने भजनों की प्रस्तुति दी। शिर्डी में गुरुपूर्णिमा का तीनदिवसीय महोत्सव में साई ब्रदर्स के द्वारा रचित गीत ÷साई नाम जबले रे बंदे÷ गीत विश्व का सबसे बड़ा चैनल साई लीला टीवी पर विमोचन हुआ। शताब्दी मंच पर साई ब्रदर्स प्रयागराज के भजनों की प्रस्तुति के उपरांत शिर्डी साई बाबा के मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी के द्वारा साई ब्रदर को सम्मानित भी किया गया। साई ब्रदर्स प्रयागराज के भजनों से पूरा शिर्डी साई मय हो गया और उपस्थित सभी साई भक्त को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

कार्यक्रम का प्रारंभ गुरुवंदना से की उसके बाद कई लोकप्रिय भजनों को सुना कर श्रोताओं की वाहवाही लूटी। तीन दिवसीय पूरे कार्यक्रम में भारत के साथ-साथ श्रीलंका, नेपाल ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के साथ साथ अन्य देशों से आए श्रद्धालु मौजूद रहे। साई ब्रदर्स के द्वारा प्रस्तुत किए गए भजन को सुनकर सभी श्रोताओं ने दांतों तले उंगली दबा ली। आपको बता दें प्रयागराज के रहने वाले आशित साई और आरव साई दोनों सगे भाई हैं, जिनकी उम्र बेहद कम है ऐसे में दोनों भाइयों ने प्रयागराज के साथ-साथ आगरा का ताज महोत्सव हो या फिर लखनऊ और गोरखपुर के बड़े मंच हो इन्होंने अपनी कला का जलवा हर जगह बिखेरा है।

# फूलपुर थाना प्रभारी को दी गई भाव भीनी विदाई



**लोकमित्र ब्यूरो**
**फूलपुर ।** थाना फूलपुर में पोस्टेड थाना प्रभारी दीनदयाल सिंह को उनके अचानक हस्तांतरण के उपलक्ष में विदाई समारोह एसीपी उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित करके फूल माला से लाद दिया गया। इस अवसर पर फूलपुर के जाने माने लोकगीत गायक विकास मिश्रा ने अपने विदाई गीत में थाना प्रभारी को बेहतरीन बखान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर समस्त उप निरीक्षकगण थाने की समस्त पुरुष व महिला पुलिसकर्मीगण पत्रकार वीरेन्द्र द्विवेदी, शिवबाबू चौरसिया, महमूद भाई, उमापति तिवारी, अरुण कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# कोचिंग को निकले छात्र का हुआ अपहरण

**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र में घर से कोचिंग जा रहे छात्र का मेजारोड रेलवे अंडरपास पुलिया से अपहरण कर लिया गया। जिससे जानकारी पर छात्र के परिजनों के होश उड़ गए। छात्र किसी तरह अपहरणकर्ताओं के चंगुल से बचकर जबलपुर पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस की सूचना पर परिजन उसे लेने गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के गोशौरा गांव निवासी विमलेश गौड़ का बेटा निखिल गौड़ मंगलवार को सुबह मेजारोड कोचिंग जा रहा था। वह जैसे ही मेजारोड रेलवे अंडरपास पुलिया में पहुंचा तभी अपहरणकर्ताओं ने उसका अपहरण कर लिया।

उस वक्त सुबह के पौने छः बजे थे। साथ रहे कुछ छात्रों द्वारा जानकारी घर पहुंची तो परिवार में रोना-पीटना मच गया। मंगलवार से ही घर के लोग परेशान रहे। बुधवार को जानकारी मिली कि छात्र किसी तरह अपहरणकर्ताओं के चंगुल से बचकर जबलपुर पुलिस के पास पहुंचा है। जबलपुर पुलिस की सूचना पर परिजन उसे लेने जबलपुर रवाना हो गए हैं।

# आरओ/ एआरओ पेपर लीक कांड के मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्रा को राहत,जमानत याचिका मंजूर

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के आरओ- एआरओ पेपर लीक मामले के मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्र को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका मंजूर कर ली है।

आरओ-एआरओ पेपर लीक के मास्टर माइंड राजीवन नयन को बुधवार को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। राजीव नयन यूपी पुलिस सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले का भी मास्टरमाइंड रहा है। उसे प्रयागराज के सिविल लाइंस थाने में दर्ज मामले में जमानत मिली है। जमानत मिलने के बाद भी वह जेल से बाहर नहीं आ सकेगा। दो मार्च को यूपी लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार ने आरओ-एआरओ पेपर लीक मामले में प्रयागराज के सिविल लाइंस थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया था। पुलिस की जांच में राजीव नयन मिश्रा का नाम मास्टरमाइंड के रूप में सामने आया था।ज्ञात हो कि गत 11 फरवरी को आरओ-एआरओ परीक्षा आयोजित की गई थी। राजीव नयन मिश्रा को मेरठ, नोएडा और कौशांबी में दर्ज मामलों में पहले ही इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। वहीं कौशांबी पुलिस ने आरओ/एआरओ पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा समेत 23 सदस्यों पर गैंगस्टर लगा दिया है। कौशाम्बी पुलिस ने मंझनपुर, कोखराज व प्रयागराज के सिविल लाइंस थाने में दर्ज मुकदमों को आधार बनाकर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। न्यायमूर्ति संजय कुमार पचौरी की अदालत ने उसे जमानत दी है।

# चौकीदारों को 3 महीने से मानदेय नहीं, भुखमरी की नौबत



**हंडिया।** उतरांव में तैनात चौकीदारों को 3 महीने से उनका मानदेय नहीं मिल रहा है। जिससे कई चौकीदारों के कुनबों में भुखमरी की नौबत आ चुकी है। चौकीदारों ने जिलाधिकारी से मानदेय दिलाए जाने की मांग की है। आपको बताते चले की उतरांव थाना क्षेत्र में लगभग डेढ़ सौ गांव हैं। इन गांव में लगभग 75 चौकीदार रखे गए हैं। जिसमें काफी चौकीदारों की मौत हो चुकी है। लगभग चार दर्जन चौकीदार अपना कार्य बखूबी निभा रहे हैं। चौकीदारों को 2500 रुपये प्रति महीने जिलाधिकारी के यहां से मानदेय दिया जाता है। लेकिन चौकीदारों को 3 महीने से फूटी कौड़ी नहीं मिली है। जिससे गरीब कई चौकीदारों के कुनबों में भुखमरी की नौबत आ चुकी है। चौकीदारों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मानदेय की मांग की है।

# सूखी नहरों में जलापूर्ति न होने और बिजली कटौती को लेकर भड़के सकिपा कार्यकर्ता, सीडीओ को दिया ज्ञापन

## ● सूखी नहरों में जल्द जलापूर्ति और विद्युत कटौती बंद हो- अजय सोनी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** नहरों में जलापूर्ति न होने और लगातार हो रही विद्युत कटौती से भड़के समर्थ किसान पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मंझनपुर स्थित विकास भवन परिसर में मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया और मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिपाठी को एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में सूखी नहरों में टेल तक जलापूर्ति एवं विद्युत कटौती बंद करने जैसी समस्यायों के समाधान की मांग की।

बुधवार 24 जुलाई को समर्थ किसान पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने मंझनपुर स्थित विकास भवन परिसर में प्रदर्शन कर नहरों में टेल तक जलापूर्ति और बिजली कटौती बंद करने की मांग की। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि धान की रोपाई के समय नहरें सूखी हैं और बिजली की आपूर्ति बाधित है जिससे किसानो को भारी परेशानी हो रही है।

इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने मांग किया कि जिले की सभी सूखी नहरों एवं रजबहों में टेल तक जलापूर्ति हो और विद्युत कटौती बंद हो साथ ही रोस्टर से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो ताकि किसानो के खेतों में धान रोपाई हो सके। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने प्रदर्शन कर रहे पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रमुख लोगों को प्रतिनिधि मंडल के रूप में वार्ता के लिए कार्यलय के अंदर बुलाया और उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी ने बताया कि जिले की अधिकतर नहरें सूखी हैं और बिजली कटौती जारी है जिससे किसानो को धान रोपाई में भारी दिक्कत हो रही है। आगे कहा कि जिला प्रशासन को किसानो को समस्याओं को दूर करना चाहिए और नहरों में टेल तक जलापूर्ति करवानी चाहिए साथ ही विद्युत कटौती बंद होनी चाहिए।। इस के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सूखी नहरों में टेल तक जलापूर्ति करने और बिजली कटौती बंद कर रोस्टर से 18 घंटे और कृषि फीडरों में 10 घंटे लगातार विद्युत आपूर्ति करने की मांग की। इस अवसर पर अजय सोनी के साथ भैरव प्रसाद गौतम, जवाहर लाल पटेल, रामबली सरोज, सुरजीत वर्मा आदि मौजूद रहे।

## संगठन विस्तार व महिलाओं के भागीदारी को लेकर कांग्रेसियों ने की चर्चा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व पदाधिकारी एवं जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं विधानसभा एवं लोकसभा पूर्व प्रत्याशी व सभी फ्रंटल के जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस के प्रति व सभी फ्रंटल एवं बॉडी के सदस्य एवं अध्यक्ष ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि संगठन विस्तार एवं कौशाम्बी जिले में कांग्रेस को कैसे मजबूत किया जाए एवं महिलाओं को संगठन में क्या भागीदारी होगी इसको सुनिश्चित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के क्रांतिकारी प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर व जिला कांग्रेस कमेटी के ऊर्जावान जिला अध्यक्ष गौरव पांडेय जी के नेतृत्व में मूरतगंज कसिया संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा के नीचे महत्वपूर्ण कार्यक्रम होना सुनिश्चित किया गया है जिसमें आप सभी वर्तमान एवं पूर्व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी , ब्लॉक अध्यक्ष, न्याय पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष व आप सभी पदाधिकारी का रहना अति आवश्यक है।

# जिलाधिकारी ने विद्युत उपकेन्द्र मंझनपुर प्रथम का किया औचक निरीक्षण

## जिलाधिकारी ने खराब ट्रान्सफार्मरों को तत्काल ठीक व बदलवाने के दिये निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकरी मधुसूदन हुल्गी ने आज विद्युत उपकेन्द्र मंझनपुर प्रथम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्युत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला में पहुंचकर ट्रांसफार्मरों के रिपेयरिंगध्मरम्मत कार्य सहित अन्य प्रकार की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने रिपेयरिंग रजिस्टर, उपस्थिति रजिस्टर एवं रोस्टर रजिस्टर को देखा एवं खराब ट्रान्सफार्मर कब आया और नया ट्रान्सफार्मर कब भेजा गया आदि की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वहॉ पर उपस्थित अधिकारियोंध्कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की कि खराब ट्रान्सफार्मर की रिपेयरिंग में कितना समय लगता हैं। उन्होंने अधिशासी अभियंता, विद्युत को निर्देशित किया कि खराब ट्रान्सफार्मरों को शासन के निर्देशानुसार निर्धारित समय-सीमा में बदलवायाध्ठीक कराया जाय, किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने कहा कि नलकूपों में लगे ट्रान्सफार्मरों में यदि कोई समस्या आती है तो तत्काल रिपेयरध्बदल दिया जाय।

जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण एवं शहर में रोस्टर के अनुसार निर्वाद विद्युत आपूर्ति की जाय, विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल ठीक करवाया जाय, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने किया नवागत सीएमओ का स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी डॉ0 संजय कुमार का राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के प्रयागराज मंडल के अध्यक्ष अवनीश मिश्रा के नेतृत्व में कौशांबी जनपद के महामंत्री, जितेंद्र परमार तथा कोषाध्यक्ष मणि शंकर माथुर, मीडिया प्रभारी घनश्याम पाल, पूर्व अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव, वरिष्ठ सलाहकार संदीप सिंह के साथ साथ जिला लेखा प्रबंधक, मुकेश कुमार, शिवली रजा अंसारी, आकाश, चंद्र कांत पांडेय, प्रदीप सिंह, मनोज यादव, रोहणी त्रिपाठी, नितिन अग्रवाल, ओम नारायण मिश्रा आदि सदस्यो के साथ स्वागत किया तथा सीएमओ ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियो को स्वास्थ्य विभाग की रीढ मानते हुए आश्वासन दिया हम सब टीम भावना से काम करते हुए जिले को स्वास्थ्य इंडीकेटर में अग्रणी बनायेगे। साथ साथ अपने कर्मियो के हितों पर भी पुरा फोकस करेगे सीएमओ साहब ने आश्वासन दिया कोई भी दिक्कत हो आप लोग मुझसे सीधे संपर्क कर संज्ञान में लाए आपकी समस्या का निस्तारण प्राथमिकता होगी।

## राजस्व कर्मियों द्वारा पथरगढ़ी करने के बाद दबंगों ने तोड़ी मेढ़



**टेवां, कौशाम्बी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी टेवां अंतर्गत देवरा गांव में राजस्व कर्मियों द्वारा 2022 में घनश्याम मौर्य पुत्र स्वर्गीय रामचरण मौर्य की जमीन की नाप जोख करके पत्थर गड़ी करवा दिया गया था इसके बाद घनश्याम मौर्य अपनी जमीन पर खेती-बाड़ी कर रहे हैं हाल ही में 24 जुलाई 2024 को सुबह घनश्याम मौर्य अपनी धान की फसल में सिंचाई के लिए पाइप बिछाने गए तो गांव के ही दबंगों ने उनकी मेड बिगाड़ कर अपने खेत में मिला रहे थे घनश्याम मौर्य ने मना किया तो दबंग लोग लाठी डंडा लेकर गाली गलौज करते हुए घनश्याम मौर्य व उनकी बहु को मारने की नीयत से दौड़ा लिए घनश्याम मौर्य अपनी जान बचाते हुए मौके से भाग लिए और लिखित सूचना देकर पुलिस चौकी टेवां में प्राथमिकी दर्ज करा कर न्याय की गुहार लगाई।

# मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण के तहत विद्या भारती पब्लिक स्कूल में छात्राओं को किया गया जागरूक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण के तहत जनपद के विभिन्न थानों की महिला उपनिरीक्षक व महिला बीट आरक्षियों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर एवं विद्यालय में जाकर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल थाना पुलिस एवं महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैस 1076 मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा,



(5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन तथा 1078, 181, 112 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

जागरुकता के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस द्वारा विद्या भारती पब्लिक स्कूल इमलीगांव में, महिला थाना पुलिस द्वारा प्राथमिक विद्यालय बबुरा में, थाना पश्चिम शरीरा पुलिस द्वारा बाबू दयाराम सिंह रामधनी सिंह विद्यालय बाकरगंज गोराजू में, थाना महेवाघाट पुलिस द्वारा माता प्रसाद इण्टर कालेज टिकरा में थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा प्रथमिक विद्यालय में मिशन शक्ति के तहत छात्राओं बालिकाओं व अध्यापकों को जागरूक किया गया।

## नवागत सीएमओ से मिले प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ संघ के पदाधिकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ संघ के अध्यक्ष दीप कमल सिंह, जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह, जिला कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह व वरिष्ठ उपाध्यक्ष युवराज सिंह बुधवार को नवागत मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया है। साथ ही जिलाध्यक्ष ने प्रयोगशाला प्राविधिज्ञों की समस्याओं से भी मुख्य चिकित्साधिकारी को अवगत कराया है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने समस्याओं को सुन निस्तारण का अश्वासन भी दिया है। मिलने के बाद जिलाध्यक्ष ने समस्त प्रयोगशाला प्राविधिज्ञों से कहा है कि 25 जुलाई दिन गुरूवार को 03 बजे संयुक्त चिकित्सालय में संघ की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में सभी प्रयोगशाला प्राविधिज्ञों से बैठक में पंहुचने की अपील की गई है।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 12 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में( थाना सराय अकिल से 04, थाना कोखराज से 01, थाना कड़ाधाम से 06, थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 01) कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# सराय अकिल क्षेत्र विद्या भारती पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति की बड़ी पहल



## छात्राओं को मिली सुरक्षा और जागरूकता का संदेश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सराय अकिल, कौशाम्बी।** सराय अकिल क्षेत्र इमलीगाँव स्थित विद्या भारती पब्लिक स्कूल में बुधवार को मिशन शक्ति के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों को सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था।

बता दे मिशन शक्ति अभियान के तहत सराय अकिल इमली गांव विद्या भारती स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन रखा जिसमें कोतवाली उपनिरीक्षक यसवन्ती कुमारी के सशक्त उद्घाटन भाषण से हुई। उपनिरीक्षक यसवन्ती कुमारी ने छात्राओं को श्मिशन शक्तिश् के तहत सुरक्षा उपायों और उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विशेष रूप से सलाह दी कि छात्राएं इन हेल्पलाइन नंबरों को अपने मोबाइल में सेव करें और तीन अन्य लोगों के साथ साझा करें, ताकि सहायता की आवश्यकता होने पर वे तुरंत संपर्क कर सकें।इस अवसर पर महिला कांस्टेबल प्रीति और पूजा पटेल, साथ ही भगवानपुर चौकी इंचार्ज नीतेश त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी कार्यक्रम की महत्वता को रेखांकित करते हुए, सुरक्षा के उपायों और अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की।विद्या भारती पब्लिक स्कूल के प्रबंधक प्रकाश शुक्ला ने इस आयोजन की सराहना की और छात्राओं को आत्म-सुरक्षा के महत्व को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री शुक्ला ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि हमारे छात्राएं न केवल शिक्षा में उत्कृष्ट हों, बल्कि समाज में अपनी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति भी सजग रहें।

# थाना कड़ाधाम पुलिस द्वारा दो ओवेरलोड वाहनों को किया गया सीज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** 23 जुलाई, 2024 को पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सिराथू के कुशल निर्देशन व आदेश के अनुपालन में अवैध खनन एवं ओवरलोड के संबंध में अभियान चलाते हुए वाहन चेकिंग की जा रही थी कि थानाध्यक्ष कड़ाधाम को मुखबिर द्वारा ओवर लोड वाहन जाने के सम्बन्ध में सूचना मिली इस सूचना पर थानाध्यक्ष मय हमराह पुलिस बल द्वारा ग्राम लेहदरी गंगा पुल में चालक राजेंद्र सिंह पुत्र सुंदर लाल निवासी परमानंद काजीपुर थाना हथगाँव जनपद फतेहपुर केटेलर व चालक मो0 विलशाद निवासी रजीदगढ़ी थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ के ट्रक को चेक किया गया तथा वाहनों पर लदे डस्ट के संबंध में प्रपत्र मांगा गया तो कोई प्रपत्र नहीं दिखा सके और न ही उपरोक्त वाहन से संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत किये। उपरोक्त ओवरलोड वाहनों को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। रिपोर्ट अलग सेएआरटीओ व खनन को प्रेषित की गयी है। कार्यवाही करने वाले अधिकारी कर्मचारीगण उपनिरीक्षक धीरेंद्र सिंह, कांसटेबल शनि यादव, कांसटेबल सतेंद्र सिंह, कांसटेबल रमाशंकर राम

# मधु वाचस्पति इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में किया गया पौधरोपण



## ● पेड़ लगाना प्रकृति के प्रति हमारा कर्तव्य है- समर अब्बास

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** विकास खण्ड चायल के पुरामुफ्ती के कोइलहा में स्थित मधु वाचस्पति इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में बुधवार को वृहद पौधरोपण आभियान चलाया गया। इस दौरान मधु वाचस्पति इंस्टिट्यूट ऑफफार्मेसी के समस्त स्टाफ व छात्रों द्वारा विद्यालय परिसर में एक -एक पेड़ लगाए गए और उनको रोज पानी देने व उनकी देखभाल के लिए बच्चों ने संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य ने विद्यालय के आसपास पौधा रोपण किया। इसके साथ ही अपन घर के आसपास पौधारोपित कर उनके देखभाल की पूरी जिम्मेदारी दी गई। विद्यालय के इंचार्ज समर अब्बास ने कहा की पौधे रोपित करने का उद्देश्य पर्यावरण को संरक्षित करना व बच्चों के अंदर प्रकृति प्रेम की भावना को जागृत करना है। जिससे बच्चों की आने वाली पीढ़ी पेड़ों को बचा पाए और पर्यावरण को संरक्षित कर सके प्रकृति के पोषण के लिए धरती मां एवं मानव जीवन पोषण के लिए समुदाय के साथ समानता दर्शाते हुए लोगों में अपनी मां के प्रति आदर एवं सम्मान के प्रतीक के रूप में पेड़ लगाने एवं धरती माता की रक्षा करने का संकल्प लिया गया पेड़ हमारे जीवन में प्रमुख भूमिका हैं वह हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं। पेड़ लगाना प्रकृति के प्रति हमारा कर्तव्य है हमारे आसपास की हरियाली तनाव कम करती है।

## रणविजय निषाद बने राष्ट्रीय निषाद संघ उप्र के प्रदेश सचिव



**कौशाम्बी।** सामाजिक गतिविधियो व क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों, अनुभव व समाज के उत्थान, जल प्रबंधन के प्रति अभिरुचि को देखते हुए सिराथू विधानसभा क्षेत्र के कंथुवा गांव के रहने वाले रणविजय निषाद को राष्ट्रीय निषाद संघ उप्र का प्रदेश सचिव बनाया गया है।

राष्ट्रीय निषाद संघ उप्र के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश नाथ निषाद ने प्रदेश के जिलों में निषाद वंशीय समाज की रूढ़वादी कुरीतियों को दूर करते हुए समाज के उत्थान हेतु शैक्षणिक सामाजिक, आर्थिक , राजनैतिक रुप से प्रगतिशील एवं मजबूत बनाने हेतु तथा निषाद वंशिय सभी उपजातियों को संघ से जोड़ने हेतु विकास खंड कड़ा के कंथुवा गांव के रहने वाले रणविजय निषाद को संघ का प्रदेश सचिव बनाया है । नवनियुक्त प्रदेश सचिव रणविजय निषाद ने राष्ट्रीय निषाद संघ के प्रदेश अध्यक्ष सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए समाज को एकजुट कर संघ को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# गैंगेस्टर एक्ट के वांछित आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मंझनपुर थाने से संबन्धित वांछित रोशन सिंह पटेल निवासी शंकर बाजार कस्बा व थाना कर्वी जनपद चित्रकूट हालपता एमआईजी 49 झलवा (राजरूपपुर पूनम हास्पिटल के बगल में) थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को परसरा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।



## वांछित गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक अजीत सिंह व महिला उपनिरीक्षक तहसीन बानों मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित प्रियंका चतुर्वेदी निवासी तुलसीदास मन्दीर के पास राजापुर थाना राजापुर को मंझनपुर रोडवेज बस स्टैड के पास से गिरफ्तार किया गया।

## वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक नीतेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी बृजेश कुमार पाण्डेय निवासी इमली थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया गया।

## अज्ञात बृद्ध महिला की इलाज के दौरान हुई मौत

**टेवां, कौशाम्बी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी टेवां अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय के पास अज्ञात बृद्ध 85 वर्षीय महिला को बीमार हालत में 19 जुलाई की शाम पुलिस चौकी प्रभारी टेवां अजीत सिंह ने एंबुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाऐ जहां आज बीती रात 24 जुलाई को महिला की मौत हो गई अभी तक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है महिला का शव अज्ञात में पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है

# जनसत्ता दल ने की चम्पहा बाजार में बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चम्पहा, कौशाम्बी।** चम्पहा बाजार में जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के समर्थक ने चम्पहा बाजार में व्यापार मंडल और बाजार वासी की एक बैठक की गई बैठक में राजा भैया के समर्थक ने आकर लोगों से रूबरू हुए और व्यापार मंडल से बैठक करने के बाद आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपने हाथों को मजबूत करने की बात कही आने वाला समय कौशाम्बी में जनसत्ता दल का परचम लहराया जाएगा। इस बात की



जानकारी राजा भैया के समर्थक ने दी और विशेषतर बैठक में अग्रहरि और केशरवानी समाज के लोग रहे मौजूद रहें अंकित सिंह ठाकुर विधानसभा अध्यक्ष,
गणेश अग्रहरि व्यापार मंडल अध्यक्ष, नीरज कुमार अग्रहरी ब्लॉक अध्यक्ष चम्पहा बाजार मौजूद रहें। जनसत्ता दल की लोगों ने की खूब सराहना और बताया कि आने वाले समय में जनसत्ता दल एक बहुत ही विकासशील पार्टी है लोग इस पर जरूर विश्वास करें और राजा भैया के हाथों को मजबूत करने का काम करें।

संक्षिप्त खबरें

## पूर्व शिक्षक विद्याभूषण के निधन पर शोक जताया गया



**लालगंज-** क्षेत्र के बेलहा मन्ना का पुरवा के रहने वाले पूर्व शिक्षक नेता विद्याभूषण 75 वर्ष का बीमारी के चलते प्रयागराज में बीती रात निधन हो गया निधन का समाचार सुनकर सांसद प्रमोद तिवारी रामपुर खास की विधायक श्रीमती आराधना मिश्रा मोना ,मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने दूरभाष से हाल-चाल जानकर शोक व्यक्त किया दूसरी लालगंज ब्लाक के प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष मिश्र ने कहा कि विद्याभूषण शुक्ला एक आदर्श शिक्षक थे वह समय का पालन तथा शिक्षण कार्य बहुत ही आदर्श पूर्वक करते थे तथा शिक्षकों के मान सम्मान के लिए सदैव आगे रहा करते थे उनका निधन एक अपूरणीय क्षति है शोकसभा में संजीव तिवारी अनूप त्रिपाठी ने शोक व्यक्त करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की ।

## नीतीश और नायडू से प्रधानमंत्री बचाओ बजट



**कुंडा प्रतापगढ़।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जो बजट 23 जुलाई को संसद में पेश किया गया है। उसको किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष करुण पाण्डेय ÷बिन्नू भईया÷ ने प्रधानमंत्री बचाओ बजट बताया है ।श्री पांडे ने बताया कि वर्ष 2024 - 25 का बजट केवल और केवल नीतीश और नायडू से प्रधानमंत्री बचाओ बजट है।इस बजट में केवल बिहार और आंध्र प्रदेश को क्रमशः 58000 करोड़ और 15000 करोड़ देकर अन्य प्रदेशों को झुनझुना पकड़ा दिया गया है। जिससे जनता में निराशा व्याप्त है। इस बजट में मनरेगा, अग्नि वीर योजना, पुरानी पेंशन योजना, डीजल, पेट्रोल और किसानों को एमएसपी देने पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है।इससे साफ जाहिर होता है कि यह बजट प्रधानमंत्री बचाओ बजट है।

## बकरी की रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

**उदयपुर प्रतापगढ़** -स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरे कुरेसिन राहाटीकर निवासिनी शहरुन निशा पत्नी धम्मन ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि मेरा बकरा पड़ोस में चला गया। जिसके चलते मारकर बकरे का पैर तोड़ दिया। उसी रंजिश को लेकर 19 जुलाई को दोपहर लगभग बारह बजे घर पर मैं अकेली थी। इसी बीच गांव के सद्दाम,समीम पुत्र गण अलेमान, पिंकू,मोनू पुत्र गण सुन्डी अली एक राय होकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए घर में घुसकर मुझे मारने पीटने लगे द्य हल्ला गुहार लगाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए पुलिस ने मामले की जाँच करके उच्च आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर दिया है

## सड़क हादसों में तीन लोग घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।**महेशगंज थाना क्षेत्र के अहलादगंज गांव निवासी खालिद अहमद का 50 वर्षीय बेटा नईम अहमद अपने साथी गुलाम मुस्तफा के 70 वर्षीय बेटे खलील अहमद के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों घायल हो गए। कुंडा के ढिकुही खेमीपुर गांव निवासी लालता गौतम की 25 वर्षीय बेटी प्रीति कुंडा में कार की टक्कर से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है।

## मारपीट में पांच लोग घायल

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** हथिगवां थाना क्षेत्र के जहानाबाद गांव निवासी हरीलाल की 60 वर्षीय पत्नी शांती देवी को गांव के कुछ लोगों ने रंजिशन मारपीट कर घायल कर दिया। बिसहिया के गिरवर का पुरवा गांव निवासी पिन्टू सरोज की 20 वर्षीय पत्नी मीना सरोज को रंजिश में मारपीट कर घायल कर दिया। कुंडा के ताजपुर गांव निवासी छेदीलाल सरोज के 30 वर्षीय बेटे महेश सरोज को आपसी विवाद में कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। काजीपुर गुलाम जाफर गांव निवासी छोटेलाल के 47 वर्षीय बेटे मिलन सोनकर को गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। बड़ूपुर गांव निवासी 62 वर्षीय श्यामलाल यादव को रंजिशन मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है।

## किशोरी समेत दो ने खाया जहरीला पदार्थ

**कुंडा प्रतापगढ़।**कोतवाली क्षेत्र के नया का पुरवा गांव निवासी सुंदर लाल के 22 वर्षीय बेटे अजय पटेल को परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट दिया। इससे नाराज होकर अजय ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। गयासपुर गांव निवासी नन्हेलाल की 17 वर्षीय बेटी शिवानी को परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट दिया। जिससे नाराज होकर शिवानी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों की हालत बिगड़ी तो परिजनों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया।

## 125 कृषकों को निःशुल्क प्याज बीज का किया गया वितरण



**सुवंशा,प्रतापगढ़।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत प्याज की खेती खरीफ मौसम हेतु 125 कृषकों को प्याज बीज का निःशुल्क वितरण नगर पंचायत अध्यक्ष सुवंशा वेद प्रकाश विन्द द्वारा नगर पंचायत सुवंशा के वार्ड नं0-14 रामपुर में किया गया। इस दौरान राकेश कुमार विन्द, गोविन्द कुमार, प्रमोद रावत, गणेश पाण्डेय, बाल मुकुन्द कनौजिया, पंकज कुमार विन्द सभासद सुवंशा तथा विभागीय कर्मचारियों में सहायक उद्यान निरीक्षक अभिषेक कुमार भारतीय एवं माली राजेश्वर सिंह उपस्थित रहे।

## 26 जुलाई को तुलसीसदन में किसान मेला

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने बताया है कि कृषि की नवीनतम तकनीक से रबी 2024-25 में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उद्देश्य से जनपद में कृषि निवेशों, खाद, बीज, सिंचाई, विद्युत इत्यादि की उपलब्धता एवं तकनीकी प्रचार प्रसार हेतु सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत दिनांक 26 जुलाई 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से तुलसीसदन (हादीहाल) में जनपद स्तरीय खरीफ किसान मेला/गोष्ठी तथा कृषक वैज्ञानिक वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित क्रिया कलापों एवं शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं की जानकारी, प्रदर्शनी/स्टाल के माध्यम से मेले में भाग लेने वाले कृषकों को जानकारी दी जायेगी।

# बेसिक शिक्षकों से ओपीएस विकल्प पत्र भराने को बीएसए का आदेश जारी, शिक्षकों में हर्ष

### ● जिले के बीआरसी केन्द्रों पर 25 जुलाई को 2 बजे से विकल्प पत्र की शुरु होगी आवेदन प्रक्रिया

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 28 जून को विज्ञापन के आधार पर ओपीएस पेंशन का विकल्प बेसिक शिक्षकों एवं कर्मचारी को दिए जाने की घोषणा की गई है। जिसके अनुपालन में 2 जुलाई को वित्त, 11 जुलाई, उ.प्र.शासन , 15 जुलाई निदेशक , सचिव -बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा 22 जुलाई और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 23 जुलाई( चंद्रशेखर - तिलक जयंती) के अवसर पर जनपद के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेज कर शिक्षकों से विकल्प पत्र भरे जाने की बात कही है। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वे0एसोसिएशन, प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष डा0विनोद त्रिपाठी के अनुसारउत्तर प्रदेश सरकार से बेसिक शिक्षक, केन्द्र समान मेमोरेण्डम जारी करने की मांग 2017 से अनवरत करते आ रहें हैं। नवम्बर, 2023 में काफी करीबी मैटर बना था।

शासन की घोषणा के बाद से ही विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन काफी सक्रिय हो चला था। जिसमें संगठन द्वारा 19 जुलाई को प्रतिवेदन , 22 जुलाई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से पत्र जारी करने का आग्रह किया गया था। साथ ही प्रभारी बीएसए शिव बहादुर मौर्य से मिलकर सचिव ,बेसिक शिक्षा परिषद के बहुप्रतीक्षित महत्वपूर्ण पत्र से अवगत कराया। बीएसए भूपेंद्र सिंह ने विकल्प पत्र भराने सम्बन्धी पत्र 23 जुलाई को जारी करने का आश्वासन सत्य साबित हुआ है।

जिले के 700 से अधिक शिक्षक एवं कार्मिकों ने नियोक्ता, शासन और सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। बता दे कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से आच्छादित बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयो के ऐसे शिक्षकों /कार्मिको, जिनका चयन ऐसे पद/रिक्तियो के सापेक्ष हुआ हो, जिसका विज्ञापन प्रदेश में नई परिभाषित अंशदान पेंशन योजना (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली) लागू किये जाने सम्बन्धी राज्य सरकार की अधिसूचना 28 मार्च, 2005 के पूर्व हो चुका था। सम्बंधित को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित किये जाने के सम्बन्ध मे समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को आदेश जारी किया गया है। जिसके अनुपालन में जिला प्रतापगढ़ में भी सभी बीईओ को पत्र जारी हुआ है। शिक्षकों के लिए यह एक स्वर्णिम सफलता है, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वे0एसोसिएशन, प्रतापगढ़ के शिक्षकों की ओर से अनेकों बार धन्यवाद ज्ञापित है ।

### विशिष्ट शिक्षक अपने बीआरसी केन्द्र पर भरेगें ओपीएस विकल्प पत्र

**प्रतापगढ़।** पुरानी पेंशन बहाली हेतु विकल्प पत्र भरने वाले समस्त शिक्षक भाई/शिक्षिका बहनें विकल्प पत्र से संबंधित समस्त प्रपत्र (आदेशानुसार) एकत्रित कर चार फ़ाइल बना लें। तदुपरांत 25 जुलाई को समय 2 बजे के बाद बीआरसी केन्द्र पर आकर विकल्प पत्र भरकर जमा करने का कष्ट करें। विकल्प पत्र भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई बताई गई है। ध्यान रहे कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्गत आदेश के अनुरूप चारो फ़ाइल में प्रपत्र अवश्य लगा होना चाहिए।

## सड़क हादसे में घायल महिला ने दम तोड़ा

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** चार दिन पहले सड़क हादसे मेंघायल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनोंमें मामले में नामजद तहरीर दी है। महेशगंज थाना क्षेत्र के पुरमईसुल्तानपुर गांव निवासी राजन सरोज 20 जुलाई को वह अपनी 55वर्षीय मां राजपती उर्फ अतरहिन को बाइक से लेकर जा रहाथा। शिवाला झींगुर गांव के पास सामने से आ रहे बाइक सवारयुवक ने टक्कर मार दी। जिससे राजपती सड़क पर गिरकरघायल हो गई थी। गंभीर रूप से घायल राजपति को डाक्टर ने सीएचसीसे प्रयागराज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान राजपति कीमौत हो गई। बेटे राजन सरोज ने पुलिस को नामजद तहरीर दीहै। बुधवार को परिजनों ने महिला का अंतिम संस्कार श्रृंग्वेरपुरगंगा घाट पर किया।

# इग्नू के अभी कोर्सेस पूरी दुनिया में मान्य - प्रो. अरविन्द मिश्र

### ● एमडीपीजी स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र में आयोजित हुआ प्रवेश जागरूकता कार्यक्रम

**▶▶प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का किया गया समाधान**

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** शहर के मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र प्रतापगढ़ द्वारा एक प्रवेश जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र उपस्थित रहे। प्रो मिश्र ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय विश्व का सबसे बड़ा मुक्त विश्वविद्यालय है और इसके सभी कोर्सेस भारत में ही नहीं बल्कि भारत के बाहर भी पूर्णतः मान्य हैं। उन्होंने बताया कि इग्नू में 35 लाख से ज़्यादा छात्र पंजीकृत हैं। इग्नू की सभी अध्ययन सामग्री गुणवत्ता पूर्ण है




और इनको पढ़ने से छात्र कोर्स पूरा करने के साथ साथ विषय संबंधी कम्पटीशन की भी तैयारी कर सकता है।इग्नू अध्ययन केंद्र प्रतापगढ़ के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने कार्यक्रम को संचालित करते हुए बताया कि प्रतापगढ़ केंद्र पर वर्तमान में विविध प्रकार के परास्नातक, स्नातक, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स संचालित हैं और सभी वर्ग के सभी आयु के इच्छुक शिक्षार्थी इन कोर्सेस से लाभान्वित हो सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यूजीसी के नियमों के तहत अब कोई भी छात्र रेगुलर कोर्स के साथ मुक्त विश्वविद्यालय से कोई भी दूसरा कोर्स कर सकता है जिससे उसे एक ही सत्र में दो डिग्रियां करने का लाभ मिलेगा। इग्नू छात्रों को अपना अध्ययन केंद्र व परीक्षा केंद्र अपने सत्र के दौरान भारत में कहीं भी स्थानांतरण करवाने की सुविधा भी प्रदान करता है।कार्यक्रम में उपस्थित इग्नू के काउंसलर डॉ सी एन पांडेय ने इग्नू के विभिन्न रोज़गार परक कार्यक्रमों जैसे एम ए एजुकेशन, एम ए मनोविज्ञान, एम ए ग्रामीण विकास, पीजीजेएमसी, डीएनएचई, सीटीपीएम,एकल विषय स्नातक, सीएफएन, इत्यादि पर प्रकाश डाला और छात्रों को इन कोर्सेस में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि प्रवेश की प्रक्रिया 31 जुलाई तक चलेगी और प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं इग्नू की वेबसाइट पर स्वयं प्रवेश ले सकते हैं अथवा अध्ययन केन्द्र पर संपर्क कर सकते हैं।

## विवाहिता ने फाँसी लगाकर की आत्महत्या



**उदयपुर प्रतापगढ़-** स्थानीय थाना क्षेत्र के लखापुर चाहिन निवासी पूनम सरोज पत्नी विशोक सरोज की शादी बीते 24 नवंबर को चिरौंजी का पुरवा रामपुर बावली से धूम धाम से हुई थी।शादी के एक माह बाद से ही भूत प्रेत को लेकर पंचायत होने लगी। मृतका को उसका पति बीते मंगलवार को उसके मायके सुबह छोड़कर चला आया। शाम को किसी के साथ मृतका स्वंय से अपने ससुराल पहुँची और ससुराल के घर पर दिन में छत पर जाकर आँगन से साड़ी नीचे लटकाकर फाँसी लगा लिया। उस समय घर पर कोई नहीं था। पति विशोक नल लगाने प्राथमिक विद्यालय लखापुर गया था। जेठ अशोक अपनी पत्नी को लेकर बुआ के यहां गोपालपुर साहब गंज गया था। ससुर जीतलाल धान के खेत में पानी लगाया था। मृतका की सास बहुत पहले ही स्वर्ग सिधार गई है। देवर तीन हैं, तीनों मुंबई में हैं। जेठ का लड़का बगल के प्राथमिक विद्यालय से पढ़कर वापस आया तो देखा तो फाँसी से लटक रही थी। उसी समय चीखते हुए उसने अगल बगल में जानकारी दिया तो लोगों की भीड़ इकट्ठा हुई। परिवार के लोगों को जानकारी दी गई सभी। पहुँचे तथा पुलिस को जानकारी दी गई। मौके पर पुलिस ने पहुँचकर लाश का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

## टेंट हाउस पर किया कब्जा, तीन पर मुकदमा दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।**बाघराय थाना क्षेत्र के भीटीपूरे नैन गांव निवासी अनिलकुमार तिवारी ने पुलिस को तहरीर दी। गांव के उपेन्द्र तिवारी ने 300 रुपये मासिक पर किराए पर कमरा लेकर टेंट हाउस खोला था। किराए पर कमरा लेने के पहले 20 हजार रुपये एडवांस भी दिया था। 2023 में पत्नी की तबीयत खराब हुई तो वह इलाज कराने दिल्ली चला गया। आरोप है कि इसी बीच मकान मालिक ने टेंट हाउस पर कब्जा कर लिया। लौटकर आने के बाद दुकान खोलने गया तो उपेंद्र बोला कि टेंट हाउस उसने खरीद लिया है। पीड़ित अनिल कुमार की तहरीर पर पुलिस ने उपेन्द्र तिवारी, योगेश तिवारी, विवेक तिवारी के खिलाफ केस दर्ज

# मानव जाति के मोक्ष का साधन है, शिवपुराण -मनीष कृष्ण शास्त्री

**▶▶शिव महापुराण कथा में उमड़ रही भीड़**

लोकमित्र ब्यूरो

**घुइसरनाथ धाम,प्रतापगढ़-** पौराणिक एंव आध्यात्मिक स्थली बाबा घुश्मेश्वरनाथ धाम में आयोजित नव दिवसीय %संगीतमयी शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ% के तीसरे दिवस कथा व्यास पं मनीष कृष्ण शास्त्री ने कहा कि शिव महापुराण अमृत के समान होने के साथ ही अलौकिक शास्त्र है,और कलयुग में मानव जाति के मोक्ष का परम साधन है। उन्होंने शिव पुराण महात्म्य पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए कहा कि योगेश्वर भगवान् शिव अनादि सिद्ध परमेश्वर और सभी देवों में प्रधान हैं।




वेदों में भगवान शिव को अजन्मा, अव्यक्त,विश्व स्त्रष्टा,और संहारक माना गया है।

भगवान शिव देव,दानव, गंधर्व,किन्नर, मनुष्य,ऋषि मुनि,योगी तपस्वी संन्यासी,भक्त,और नास्तिकों का भी कल्याण करने वाले हैं।विश्व कल्याण के लिए विषपान करने वाले नीलकंठ और संसार में प्रलय मचाने वाले नटराज हैं।कथा व्यास ने कहा कि प्रतिदिन शिवपुराण का पाठ या श्रवण करने वाला व्यक्ति समस्त सुखों का भोग करते हुए भगवान शिव के धाम को प्राप्त करता है। उन्होंने श्रावण मास में भगवान शिव का जलाभिषेक व पूजन अर्चन करने के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान शिव भक्तों की भक्तों की कठिन परीक्षा लेते हैं।उनकी परीक्षा में पास होने वाला मानव आजीवन सुखी जीवन व्यतीत करते हुए शिव लोक को प्राप्त करता है।कथा व्यास ने शिवपुराण के विविध प्रसंगों की सारगर्भित व्याख्या कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।संचालन साहित्यकार पवन मिश्र %प्रखर%ने किया।शिक्षक हृदयनारायण मिश्र ने सभी के प्रति आभार जताया।इस मौके पर समाजसेवी फूलचंद्र पांडेय, केदारनाथ मिश्र, आदित्यनारायण मिश्र, राघवेन्द्र मिश्र,केके मिश्र, बेनीमाधव मिश्र आदि मौजूद रहे।

## घर से जेवरात समेटकर किशोरी फरार

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा।** प्रतापगढ़।बाघराय थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि प्रयागराज से 15 वर्षीय भतीजी घूमने आई थी। 20 जुलाई की रात दो से तीन बजे के बीच भतीजी अचानक लापता हो गई और घर के सारे जेवरात भी समेट ले गई। काफी खोजने के बाद पता चला कि प्रयागराज के कर्नलगंज मोहल्ला निवासी युवक उसकी भतीजी को भगा ले गया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## प्रदेश स्तर पर जिला स्काउट मास्टर सम्मानित



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।**बेसिक शिक्षा विभाग के जिला स्काउट मास्टर एवं जिला गाइड कैप्टन की प्रदेश स्तरीय तीन दिवसीय कार्यशाला प्रयागराज में हुई। जिसमें स्काउट और गाइड की गतिविधियों की समीक्षा बेसिक शिक्षा निदेशक एवं भारत स्काउट और गाइड द्वारा की गई। कार्यशाला में स्काउटिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं दायित्व निर्वहन पर प्रदेश स्तर पर जिला स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक प्रादेशिक आयुक्त राजेश मिश्र, आनंद सिंह रावत प्रदेश सचिव स्काउट एवं अरविंद कुमार श्रीवास्तव प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त ने सम्मानित किया।इस दौरान हीरालाल यादव प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट, कामिनी श्रीवास्तव प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त गाइड आदि मौजूद रहे। जिला स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह के सम्मानित होने पर बीएसए भूपेंद्र सिंह ने बधाई दी है।

## महिला की पिटाई, आरोपियों के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महिला की पिटाई को लेकर उदयपुर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के पूरे कुरेसिन राहाटीकर निवासी धम्मन की पत्नी सहरूकनिशा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उन्नीस जुलाई को दोपहर वह घर पर कामकाज कर रही थी। इस बीच पुरानी रंजिश को लेकर गांव के सददाम, शमीम, मोनू व पिंकू दरवाजे पर आ गये और गालीगलौज करने लगे। पीडिता ने विरोध जताया तो आरोपियों ने घर के अंदर घुसकर उसे मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते चले गये। उदयपुर एसओ राधेबाबू का कहना है कि केस दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## राजा भइया ने चौथे दिन जनता की समस्याओं का किया निस्तारण

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** प्रदेश के प्रत्येक जनपदों से लोग समस्याओं को लेकर राज भवन बेंती जनता दरबार में लगातार पहुंच रहे हैं। जनता दरबार में बीते चार दिनों से लगातार राजा भइया बारी बारी से सभी समस्याओं को सुनकर गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण कर रहे हैं। बुधवार को हजारों की संख्या में समस्याओं को लेकर जनता दरबार में पहुंचे लोगों की जनसत्तादल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने बारी-बारी से सभी के समस्याओं को सुनकर गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली, कुंडा प्रमुख संतोष सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप



पटेल, पूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू पूर्व प्रमुख विहार अनुभव यादव, प्रमुख बिहार रामचंद्र सरोज, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, प्रमुख बाबागंज पति राम यश सरोज, कुंडा चेयरमैन प्रतिनिधि शिवकुमार तिवारी भगवन, चेयरमैन डेरवा कुंवर बहादुर पटेल, विजय पांडेय डीहा,ब्लॉक अध्यक्ष बिहार प्रदीप शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी ऐतिहासिक ग्राम पंचायत ढिगवश के वर्तमान प्रधान राजेश त्रिपाठी सोनी मोनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष नगर पंचायत हीरागंज, प्रधान उतरार विनोद यादव, सुमित सिंह खेमीपुर, मुकेश कुमार तिवारी, बब्बन सिंह कुंडा, आजाद सिंह परसीपुर, सानू सोनकर, रवि सरोज, संजय सिंह प्रधान बछरौली, वैभव पांडेय एडवोकेट,संजय सिंह कनांवा, अन्नू सिंह टिकरिया, अन्नू सिंह माघी, सत्यम मिश्रा नई बाजार, अनिल तिवारी गुरूजी सकरदहा,रंग बहादुर सिंह, विनोद पटेल जिला पंचायत सदस्य, राकेश सरोज जिला पंचायत सदस्य, समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना, वरिष्ठ पत्रकार रूपेंद्र शुक्ला राजापुर सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## मनोकामना पूर्ण होने पर भक्त ने मां को समर्पित की चांदी की चरण पादुका

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाबागंज ब्लाक मुख्यालय के बगल मे मां भद्रकाली पीठ का बहुत पुराना प्राचीन काल का मंदिर स्थित है।

मंदिर से लोगों की अटूट आस्था है तथा भक्त अपनी अपनी मन्नत मांगने मां भद्रकाली के दरबार मे आते हैं और मन्नत पूरी होने पर अपने इच्छाशक्ति के अनुसार दान भी करते हैं। एक ऐसे ही मां के अनन्य भक्त ग्राम पंचायत नेवादा खुर्द के सांडाहर्षपुर निवासी संजय शुक्ला ÷रज्जन÷ जो वर्तमान समय में अयोध्या जिले में नगर पंचायत अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, उन्होंने अपनी मन्नत पूर्ण होने पर आज मंदिर के गर्भगृह में चांदी की चरण पादुका समर्पित की।

चरण पादुका को देखकर वहां पर मौजूद लोगों ने संजय शुक्ला की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि सच्चे मन से मां से मांगी हुई मन्नत जरूर मां पूर्ण करती है।

इस मौके पर संकठा प्रसाद मिश्र,राम प्यारे शुक्ला, अमित मिश्र आजाद, संजय ओझा अविनाश मिश्रा, मूलचंद्र जायसवाल, अनिल त्रिपाठी, बबन शुक्ला, अरविंद शुक्ल, मां भद्रकाली के मंदिर के पुजारी त्रिभुवन नाथ शर्मा सहित तमाम भक्त गण मौजूद रहे।



## ब्रह्मदेव जागरण मंच का वृक्षारोपण अभियान 25 से

लोकमित्र ब्यूरो


**प्रतापगढ़।**ब्रह्मदेव जागरण मंच का धरती हरा-भरा बनाओ अभियान वृक्षारोपण 25 जुलाई से शुरू होकर 15 सितंबर तक चलेगा। इसकी शुरुआत 25 जुलाई को अपराह्न 02ः00 बजे जनपद स्थित बिहार ब्लॉक के भाव ग्राम पंचायत में पूर्व प्रधानाचार्य *पंडित राम राज शुक्ला महामंत्री ब्रह्मदेव जागरण मंच ब्लॉक विहार के संयोजकत्व में प्रख्यात भागवताचार्य डॉ0 राजेश कुमार शुक्ला अध्यक्ष ब्रह्मदेव जागरण मंच ब्लॉक विहार की अध्यक्षता में और प्रख्यात समाजसेवी पंडित प्रकाश चन्द्र मिश्र संगठन मंत्री ब्रह्मदेव जागरण मंच ब्लॉक बिहार की उपस्थिति में 51 वृक्षो का पौधारोपण करके होगी।

## सम्पादकीय

# सुरक्षा हर नागरिक का अधिकार

देश की राजधानी के शाहदरा इलाके के नामी सरकारी अस्पताल गुरु तेग बहादुर (जीबीटी) में एक मरीज की गोलियां बरसाकर हत्या वाकई स्तब्ध करती है।मृतक खजूसी खास की श्रीराम कॉलोनी में रहने वाला 32 साल का रियाजुद्दीन है, जो अस्पताल में पेट के संक्रमण के इलाज के लिए भर्ती था। पुलिस के अनुसार हत्यारा एक अन्य मरीज वासिम को मारने आया था। जिस पर सत्रह मामले दर्ज हैं। उसे और उसके साथी आसिफ को 12 जून को शांति चौक पर गोली मारी गई थी, जिसके इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती है। उसकी पत्नी ने अपने पति की जान को खतरा बताते हुए प्राइवेट रूम में शिफ्ट करने को कहा था।रियाजुद्दीन गलत पहचान के चलते मारा गया प्रतीत हो रहा है। बहरहाल, यह सारी घटना बिल्कुल फिल्मी प्लॉट की तरह लग रही है। हत्याकांड में 3-4 लोगों के शामिल होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। हैरत है, यह सब दिल्ली के व्यस्त इलाकों में हो रहा है। दिल्ली सरकार लगातार कानून-व्यवस्था को बदतर कह रही है।अपराधियों के बुलंद होते हौसले देखकर दिल्ली पुलिस की लापरवाही तो साफ ही है। साथ ही अस्पताल के प्रशासन-व्यवस्था के काम पर संदेह होता है। हालांकि वार्ड में काफी लोगों की मौजूदगी के बावजूद कोई घायल नहीं है। यह कहना गलत नहीं होगा कि स्थिति भयावह भी हो सकती थी।डॉक्टर तो हड़ताल पर चले गए पर मरीजों के इख्तियार में तो कुछ भी नहीं होता। जिस मासूम की जान गई है, उसके प्रति कौन जिम्मेदार होगा। हत्यारा पुलिस की गिरफ्त में आ गया या उसे सजा हो गई तो भी मृतक के परिवार को न्याय कैसे दिया जा सकेगा।हत्यारा व मृतक समान समुदाय के न होते तो अपने-अपने लाभ के लोभ में विभिन्न राजनीतिक दलों में हलचल शुरू हो चुकी होती। सरकारी आंकड़े कहते हैं देश में प्रतिदिन 75 से अधिक हत्याएं होती हैं।बात सिर्फ इस गफलत में हुई सरेआम हत्या की नहीं है, हमें कानूनविदों, मनोविश्लेषकों, समाजशास्त्रियों व विशेषज्ञों के साथ हत्याओं के इस फैलते संक्रमण पर गंभीर विमर्श करना होगा। सुरक्षा हर नागरिक का अधिकार है, जिससे सरकार मुंह नहीं चुरा सकती। चिंता की बात यह भी है कि डॉक्टर्स इसके बाद हड़ताल पर जाने की बात कह रहे हैं, जिससे होने वाली परेशानी का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। सरकार को इस मसले पर ध्यान देना चाहिए।

## सुविचार




# क्यों सरदार पटेल की सीख से पूजा खेडकर दूर रही

**आर.के. सिन्हा**

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने 21 अप्रैल, 1947 को राजधानी के मेटकॉफ हाउस में आजाद होने जा रहे भारत के पहले बैच के आई सी एस जो 1948 से आई पी जो 1948 से आई पी एस कहलाये ऐसे सभी अफसरों को संबोधित करते हुए कहा था कि ÷उन्हें स्वतंत्र भारत में जनता के सवालों को लेकर गंभीरता और सहानुभूति का भाव रखना होगा। उन्हें अपने दायित्वों का निर्वाह ईमानदारी से करना होगा।÷ सरदार पटेल ने उन्हें स्वराज और सुराज का अंतर भी समझाया था। जाहिर है, उनका ईमानदारी से आशय यही रहा होगा कि वे अपने जीवन के हर क्षेत्र में शुचिता और तटस्थता का पालन करेंगे। पर हाल में आईएएस प्रोबेशनर, पूजा खेडकर मामले को गहराई से देखने से समझ आ रहा है कि कुछ शातिर तत्व आईएएस या अन्य सरकारी नौकरियों को पाने के लिए फर्जी प्रमाणपत्र भी सौंपते हैं। उनके लिए ईमानदारी का कोई मतलब नहीं है। उन्हें सरदार पटले की सीख से भी कोई लेना-देना नहीं।

पूजा खेडकर मसूरी के लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण ले रही थीं। उन्हें महाराष्ट्र, शायद उनके अपने राज्य कैडर, में जिला प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। उन्हें एहसास नहीं था कि आईएएस अफसर बनने का मतलब जन सेवा होता है। इसके बजाय, उसने इस पद को हासिल करने के बाद अपनी झूठी शान दिखानी शुरू कर दी। उसने कार, सुसज्जित कार्यालय और कर्मचारियों जैसी कई सुविधाओं की मांग की। चूँकि प्रोबेशनर्स इन लाभों के हकदार नहीं होते हैं, इसलिए उन्हें कोई भी लाभ नहीं दिया गया। इसलिए, उसने अपनी दैनिक ज़रूरतों के लिए एक लग्जरी कार ÷किराए पर÷ ली। इससे भी बुरा यह है कि उन्होंने कार की छत पर नीली बीकन लाइट भी लगाई। बीकन लाइट के इस्तेमाल को लेकर नियम हैं कि हर कोई ऐसी लाइट नहीं लगा सकता, जिसके कार्यात्मक उद्देश्य आवश्यक नहीं हैं। एम्बुलेंस वाहन पर ऐसी लाइट वाहन की तेज गति को सुविधाजनक बनाने के लिए है।

पूजा का चयन दो विशेष श्रेणियों के तहत किया गया था। एक, वह ओबीसी के गैर-क्रीमी वर्ग से संबंधित हैं। यह स्वयं ही संदिग्ध है, यह देखते हुए कि उनके पिता एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी थे। फिर वह गैर-क्रीमी लेयर में कैसे चुनी गई। वह निश्चित रूप से गरीब व्यक्ति नहीं थी। उनके परिवार के पास पर्याप्त जमीन है जो निश्चित रूप से उन्हें एक अलग आर्थिक श्रेणी में रखेगी। पूजा ने यह भी दावा किया था कि उसकी एक अलग तरह की शारीरिक स्थिति है, जो उसे विकलांग कोटे के तहत आरक्षित सीट केलिये हकदार बनाती है। यूपीएससी और कार्मिक विभाग द्वारा विकलांगता के संबंध में कुछ तय दिशानिर्देशों का पालन करते हैं। एक व्यक्ति जिसे एक आंख में दृष्टि नहीं होती है, उसे ÷विकलांग÷ नहीं माना जाता है, यदि दूसरी आंख हर तरह से ठीक है।मैंने इसके बारे में तब जाना जब मेरे एक मित्र के पुत्र ने सिविल सेवा परीक्षा दी।। बचपन में, उसके एक भाई ने उसकी दाहिनी आंख में कंपास डाल दिया था, जिससे वह आंशिक रूप से अंधा हो गया था। वह विकलांग कोटे के तहत आरक्षण के लिए योग्य नहीं होता, अगर उसकी दूसरी आंख सही होती। उसकी ÷सामान्य÷ आंख में आंशिक अंधापन था। इस तरह वह रेलवे सेवा के लिए चुना गया, जहाँ वह अब एक जिम्मेदार पद पर है।पूजा खेडकर के मामले में, वह लोकोमोटर डिफिशिएंसी का दावा करती है, जो उसकी बाहों और पैरों के चलने में बाधा उत्पन्न करती है। डॉक्टर और तकनीशियन आसानी से कमी का आकलन कर सकते हैं। उसे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के मेडिकल बोर्ड के सामने खुद को प्रस्तुत करना चाहिए था, जो यह प्रमाणित करता था कि वह विकलांग श्रेणी में शामिल करने के लिए योग्य है या नहीं।किसी न किसी बहाने से, वह बोर्ड के सामने पेश नहीं हुई, एक बार नहीं बल्कि पांच बार। वह उन अस्पतालों से विकलांगता का उचित प्रमाण पत्र भी प्राप्त नहीं कर सकी थी जिनसे उसने कथित तौर पर संपर्क किया था। यह भी रिकॉर्ड पर है कि उसने 2007 में एक मेडिकल कॉलेज में शामिल होने के दौरान पूर्ण फिटनेस प्रमाण पत्र जमा किया था।

उल्लेखनीय बात यह है कि कार्मिक विभाग ने उसे मसूरी में आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त करने और मेडिकल चेक-अप पास किए बिना आईएएस में शामिल होने की अनुमति दी। यहाँ कोई गंभीर गलती हुई है, जो भ्रष्टाचार की श्रेणी में आयेगा और सही और निष्पक्ष जांच के बाद इसके लिये दोषी अधिकारी या अधिकारीयों को दण्डित तो करना ही होगा। केंद्र सरकार ने एक मेडिकल परीक्षा का आदेश दिया है जिसके लिए उसने एक व्यक्तिगत समिति नियुक्त की है, जो यह साबित करेगी कि क्या वह किसी भी विकलांगता से पीड़ित है। अगर उसने नखरे नहीं दिखाए होते, तो वह सेवा में बनी रहती। इससे कांड के बाद यूपीएससी की कार्यप्रणाली भी अच्छी रोशनी में नहीं दिखता है।इससे भी गंभीर बात यह है कि पूजा अपने जिला मजिस्ट्रेट जिससे अधीन वह प्रशिक्षण प्राप्त ककर रही थी उनके आदेशों की अनदेखी करती थी। यह सरकारी सेवा में एक गंभीर आरोप है। इस बीच, तेलंगाना में एक आईएएस अधिकारी के बारे में भी रिपोर्ट आई हैं, जो कुछ विकलांगताओं के आधार पर सेवा में शामिल हुए। उदाहरण के लिए, उन्हें कथित तौर पर पोलियो का हमला हुआ है। लेकिन घोड़े की सवारी और साइकिल चलाते हुए उनके वीडियो यह तो नहीं बताते कि वे कभी पोलियो के शिकार थे?। इससे यह सवाल उठता है कि क्या सिविल सेवाओं में विकलांग श्रेणियों के तहत रिक्तियों को भरने में मानदंडों का सख्ती से पालन किया जाता है। लगता तो यही है कि इस मामले में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है और पिछले दस-पंद्रह साल में विकलांगता के आधार पर चुने गये ऐसे सभी मामलों को जांच के दायरे में लाने की आवश्यकता है।

आईएएस, जिसे अक्सर ÷भारत के इस्पात फ्रेम÷ के रूप में जाना जाता है, यह उपाधि सरदार वल्लभभाई पटेल, ÷भारत के लौह पुरुष÷ से प्राप्त करता है। उन्होंने नव स्वतंत्र भारत की एकता और स्थिरता बनाए रखने में सिविल सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया था। आईएएस राष्ट्र के प्रभावी शासन के लिए आवश्यक, सबसे प्रतिष्ठित सेवाओं में से एक है। इस सेवा में भर्ती में कोई भी समझौता देश के हितों को गंभीर रूप से कमजोर कर सकता है। यदि देश की जनता के दिल में आईएएस पदाधिकारियों के प्रति स्वाभाविक रूप से सम्मान और आदर का भाव नहीं रह जायेगा, तो कोई भी आईएएस प्रशासन कर ही नहीं पायेगा।

आईएएस अधिकारियों से अपनी भूमिकाओं में निष्पक्षता और अखंडता का प्रदर्शन करने की अपेक्षा की जाती है। उनके फैसले लाखों लोगों के जीवन और देश की समग्र स्थिरता को प्रभावित करते हैं। निष्पक्षता बनाए रखकर और कानून के शासन का पालन करके, आईएएस अधिकारी यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि सरकार की नीतियां और कार्यक्रम निष्पक्ष रूप से और प्रभावी ढंग से लागू किए जा रहे हैं। भर्ती प्रक्रिया से समझौता पक्षपात ला सकता है और कानून के शासन को कमजोर कर सकता है, जिससे अस्थिरता और जनता का विश्वास कम हो सकता है। पूजा खेड़कर का मामला इस बात की गवाही है कि हमारे देश में फर्जी प्रमाणपत्र दिखाकर मलाई खाने का खेल खूब चल रहा है, जिसे तत्काल बंद किये जाने की आवश्यकता है।**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# मीठा खाने का सही वक्त क्या होता है? जानें क्या कहती है स्टडी

ज्यातादर लोग मीठा खाना पसंद करते हैं लेकिन क्या आपको पता है मीठा खाने का सही वक्त क्या होता है? अगर आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गलत वक्त पर मीठा खाने से सेहत को गंभीर नुकसान हो जाता है. कई लोग सुबह उठते ही मीठा खाते हैं वहीं कई लोग रात में सोने से पहले मीठा खा लेते हैं. आइए विस्तार से जानें ऐसा करना क्या सही है? आइए जानें मीठा खाने का सही समय क्या है?

**क्या सुबह के वक्त मीठा खाना चाहिए?**

सुबह का नाश्ता दिन का सबसे महत्वपूर्ण मील होता है. ये बात तो सही है. लेकिन क्या आप जानते हैं तो सुबह के वक्त मीठा खाने से पूरा दिन खराब होता है. दरअसल, मीठा खाने से ब्लड में शुगर लेवल तेजी से बढ़ता है. जिसके कारण थकान, चिड़चिड़ापन और पेट में परेशानी की दिक्कत होती है. मीठे खाने में प्रोटीन, फाइबर और विटामिन जैसे जरूरी पोषक तत्वों की कमी होती है. जिसके कारण शरीर में पोषण की कमी होने लगती है.

**मीठा खाने का सही वक्त?**

मिठाई खाने का सबसे सही वक्त दोपहर के खाने के बाद होता है. क्योंकि पूरे दिन शरीर आराम से कैलोरी बर्न होती है. आपको दोपहर के खाने के बाद मीठा खा सकते हैं लेकिन सुबह या शाम के वक्त कभी भी मीठा खाना सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है.

दोपहर के खाने के लगभग 1 घंटे के बाद मिठाई खानी चाहिए लेकिन खाने के तुरंत बाद नहीं खाना चाहिए. इसके कारण पेट फूल सकता है और असहजता भी महसूस सकता है. लंच के बाद मिठाई खाने से शरीर में ब्लड का शुगर लेवल बढ़ सकता है. मिठाई खाने के बाद थोड़ी देर तक टहलना बेहद जरूरी है.

**चीनी खाने के नुकसान**

**एक्ने की समस्या**

ज्यादा चीनी खाना त्वचा पर मुंहासे बढ़ाता है. ऐसा इसलिए क्योंकि शरीर का शुगर लेवल बढ़ने से उसमें इन्फ्लेमेशन बढ़ जाती है. जिसकी वजह से स्किन पर पिंपल्स, ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स जैसी समस्याएं हो सकती है. इनकी वजह से आप बूढ़े दिखने लग सकते हैं.

**इन्फ्लेमेशन बढ़ना**

चीनी ज्यादा खाने से शरीर में इंफ्लेमेशन रिस्पांस ट्रिगर होता है. इससे त्वचा में सूजन होने लगती है. इस कारण हमारी त्वचा में सोरायसिस और एक्जिमा जैसी बीमारियों का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है. स्किन में हुई इंफ्लेमेशन त्वचा से जुड़ी कई और समस्याएं भी पैदा कर सकती है. जिससे आपकी उम्र ज्यादा लगने लगेगी.

## सरोकार

# बजट 2024-25 में चाबहार बंदरगाह के लिए क्यों खोला गया खजाना

भारत और ईरान ने मई में ओमान की खाड़ी पर चाबहार बंदरगाह के संचालन के लिए 10 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे । भारत ने लैंडलॉक्ड अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह समझौता किया गया था । हालांकि ईरान के साथ समझौते को लेकर भारत पर दबाव आता रहा है । लेकिन भारत को इस दबाव से कोई फर्क नहीं पड़ा है। यह 2024-25 के बजट में भी दिखा है। यहां भारत ने चाबहार बंदरगाह के लिए 100 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं।भारत और ईरान के बीच चाबहार के शाहिद बेहिश्ती बंदरगाह के सामान्य कार्गो और कंटेनर टर्मिनलों के उपकरण और संचालन के लिए अनुबंध के अनुसार आईपीजीएल बंदरगाह को सुसज्जित करने में लगभग 120 मिलियन अमरीकी डालर का निवेश करेगा। भारत ने चाबहार से संबंधित बुनियादी ढांचे में सुधार लाने के उद्देश्य से पारस्परिक रूप से पहचानी गई परियोजनाओं के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर आईएन क्रेडिट विंडो की भी पेशकश की थी । चाबहार बंदरगाह एक भारत-ईरान फ्लैगशिप परियोजना है जो अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण पारगमन बंदरगाह के रूप में कार्य करती है, जो भूमि से घिरे हुए देश हैं। चाबहार बंदरगाह के विकास और संचालन में भारत एक प्रमुख खिलाड़ी हो रहा है।भारत क्षेत्रीय व्यापार खासकर अफगानिस्तान से संपर्क बढ़ाने के लिए चाबहार बंदरगाह परियोजना पर जोर दे रहा है। यह बंदरगाह अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) परियोजना के एक प्रमुख केंद्र के तौर पर पेश किया गया है। आईएनएसटीसी परियोजना भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल-ढुलाई के लिए 7,200 किलोमीटर लंबी एक बहुस्तरीय परिवहन परियोजना है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने ईरान के साथ संपर्क परियोजनाओं पर भारत की अहमियत को रेखांकित करते हुए 2024-25 के लिए चाबहार बंदरगाह के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए है ।चाबहार बंदरगाह पर भारत ने जो भारी निवेश किया है वह दिल्ली के लिए रणनीतिक और आर्थिक महत्व रखता है। यह भारत को कराची और ग्वादर में पाकिस्तान के बंदरगाहों को बायपास करने और भूमि से घिरे अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों तक पहुंचने की अनुमति देता है। इसके अलावा, इस बंदरगाह को चीन की सबसे चर्चित बेल्ट एंड रोड पहल का प्रतिउत्तर भी माना जाता है। यह व्यापारिक समुदायों के लिए संवेदनशील और व्यस्त फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य से वैकल्पिक पारगमन मार्ग का पता लगाने के लिए आर्थिक अवसरों का एक नया द्वार भी खोलता है। हालाँकि, ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से इसका असर इस प्रोजेक्ट पर पड़ा था। ईरान के माध्यम से दक्षिण एशिया और मध्य एशिया के बीच एक नया व्यापार मार्ग खोलेगा। कनेक्टविटी के मामले में अफगानिस्तान, मध्य एशिया और यूरेशियन क्षेत्रों के बीच चाबहार पोर्ट काफी अहम साबित होगा। उधर अमेरिका ने चेताते हुए कहता रहता है कि जो भी ईरान के साथ कारोबार करने पर विचार कर रहा है, उसे हमारी ओर से संभावित प्रतिबंधों के जोखिमों से वाकिफ रहने की जरूरत है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल से जब चाबहार पोर्ट को लेकर भारत और ईरान के एग्रीमेंट को लेकर सवाल किया गया था तो पटेल ने कहा कि हम इन खबरों से वाकिफ हैं कि ईरान और भारत ने चाबहार पोर्ट को लेकर एक डील की है। भारत सरकार की अपनी विदेश नीति है। ईरान के साथ चाबहार पोर्ट को लेकर की गई डील और ईरान के साथ उनके द्विपक्षीय संबंधों को वह बेहतर तरीके से समझता है। लेकिन जहां तक अमेरिका की बात है। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध जारी रहेंगे। ये पूछने पर कि क्या इसका मतलब है कि भारतीय कंपनियों पर भी प्रतिबंध लग सकते हैं। इस पर उन्होंने कहा कि आपको बता दूं कि कोई भी अगर ईरान के साथ बिजनेस डील करने पर विचार कर रहा है तो उन्हें इसके संभावित जोखिम पता होने चाहिए। उन्हें पता होना चाहिए कि उन पर भी प्रतिबंध लग सकते हैं। गौरतलब है कि चाबहार में दो पोर्ट हैं। पहला- शाहिद कलंतरी और दूसरा- शाहिद बहिश्ती।

## राशिफल

| | |
|---|---|
|  **मेष** | आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धन लाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिए फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा कोई बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिए दिन अच्छा है। लाभ होने की सम्भावना बन रही है। करियर में आज कुछ बदलाव होने वाला है, तरक्की के नये रास्ते खुलेंगें। आपके मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी। |
|  **वृष** | आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, अचानक धन लाभ होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य आज फिट रहेगा। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है.. जिससे पूरे दिन मन प्रसन्न रहेगा। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। आपके जूनियर आपसे काम सीखने आएंगे। लवमेट आज कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे। |
|  **मिथुन** | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। कोई रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परीक्षा संबंधी कोई शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे। आज जीवनसाथी की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। |
|  **कर्क** | आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले शुरू किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा, साथ ही सकारात्मक परिणाम भी मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात क़ाबू में रखें फायदा होगा। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे। दिक्कतों का तेजी से मुकाबला करने की क्षमता आपको ख़ास पहचान दिलाएगी। इस राशि के लोगों को आज जीवनसाथी से किसी जरूरी काम में मदद मिलेगी। |
|  **सिंह** | आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। आज फालतू की शॉपिंग से बचे और अपनी आर्थिक स्थिति कों मज़बूत करें। शाम को बच्चों के साथ खेलने से उलझनें समाप्त होंगी। दोस्तों के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं। |
|  **कन्या** | आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। आज आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहने वाला है। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। धनलाभ के नये आसार बनेंगे। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन अच्छा है। |
|  **तुला** | आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज कुछ निजी काम में बहन का सहयोग उम्मीद से अधिक मिलने वाला है। नवविवाहित आज किसी अच्छी जगह पिकनिक के लिए जायेंगे। |
|  **वृश्चिक** | आज का दिन अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आयेंगें। मुश्किल परिस्थिति में आज किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। जिससे दोस्ती में और भी मजबूती आयेगी। |
|  **धनु** | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे हैं तो फायदा होने वाला है। यात्रा पर जाने से पहले सभी जरूरी दस्तावेज साथ रखना न भूलें। आज थोड़ा आलस्य महसूस हो सकता है। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। आपका आकर्षक और चुम्बकीय व्यक्तित्व लोगों का ध्यान अपनी तरफ़ खींचेगा। आज दूर का कोई रिश्तेदार आपसे मिलने घर आ सकता है |
|  **मकर** | आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिए आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। इस राशि के जो लोग पयर्टन से जुड़े हैं, उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है। आज आप काम के प्रति सचेत रहें कोई विरोधी आपके व्यापार को नुकसान पहुंचाने की नाकामयाब कोशिश कर सकता है। |
|  **कुम्भ** | आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के नवविवाहित दंपत्ति को आज किसी सामाजिक समारोह में जाना पड़ सकता है। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा। किसी नये व्यापार में माता-पिता की राय कारगर साबित होने वाली है। स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा। |
|  **मीन** | आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीजें सुधर रही हैं। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी करेंगे। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें वरना आपका अधिक समय फिजूल के कामों में निकल जायेगा। |

## हेल्थ टिप्स

# रोज केले खाने वालों के लिए बुरी खबर, जान लीजिए शरीर पर क्या दिखते हैं साइड इफेक्ट्स



केला ऐसा फल है जो शायद ही किसी को पसंद नहीं होगा. हालांकि वर्कआउट के दौरान इसे बतौर स्नैक खाया जाता है. लेकिन अगर आप इसे हद से ज्यादा खाते हैं तो यह शरीर के लिए नुकसान हो सकता है. आइए विस्तार से जानें इसके साइड इफेक्ट्स. जिसे अनदेखा करना सेहत के लिए नुकसान हो सकता है.

**केला खाने के साइड इफेक्ट्स**

दुनिया भर में सबसे ज़्यादा पसंद किए जाने वाले और खाए जाने वाले फलों में से एक केला हैं. हालांकि, केले के साइड इफेक्ट्स पर ज़्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है. नए आंकड़ों के मुताबिक हर साल लगभग 100 बिलियन केले खाए जाते हैं. केले में फाइबर, पोटैशियम, अमीनो एसिड, विटामिन बी6 और बहुत सारे ज़रूरी पोषक तत्व होते हैं.

प्री और पोस्ट-वर्कआउट स्नैक्स के रूप में केला सभी लोगों की पहली पसंद होती है. बीपी और मेटाबॉलिज्म पर इसका असर पड़ता है. लोग इन्हें रोज़ाना किसी न किसी तरह से खाते हैं. जिम के दौरान केले की स्मूदी, ब्रेड, पैनकेक और सैंडविच खाने में बहुत स्वादिष्ट होते हैं. केले को फलों के सलाद में भी भरपूर मात्रा में डाला जाता है. क्योंकि यह दिल के दौरे और दूसरे दिल संबंधी बीमारियों को कम करने में केला मदद कर सकता है. हालांकि, केले और केले खाने के साइड इफेक्ट्स के बारे में ज़्यादा जानना ज़रूरी हो सकता है. इस आर्टिकल में हम विस्तार से जानेंगे.

**केले के साइड इफ़ेक्ट्स**

**मेटाबॉलिज्म का बैलेंस बिगड़ जाता है**

केला एक उष्णकटिबंधीय पीला फल है. यह भी 13 डिग्री सेल्सियस से कम तापमान पर काफी संवेदनशील होता है. इससे न केवल केले के छिलके और गूदे में ठंड लगने के लक्षण (सी.आई.) बढ़ जाते हैं. बल्कि फल के गूदे की शारीरिक गतिविधियों में भी गड़बड़ी पैदा हो जाती है, इसे ज्यादा खाने से शरीर का बैलेंस बिगड़ सकता है.

वजन बढ़ना- हाल ही में हुए एक रिसर्च के मुताबिक केले में स्टार्च काफी मात्रा में होते बैं. अगर आप इसे ज्यादा खाएंगे तो वजन बढ़ सकता है. इसलिए, आपको दिन में 3 केले या अपने शरीर की आवश्यकता के अनुसार केला खाना चाहिए. हाइपरकेलेमिया- पोटेशियम का अधिक सेवन बच्चों, वयस्कों और बुजुर्गों दोनों के लिए हानिकारक होता है. हाइपरकेलेमिया, जिसे प्लाज्मा में पोटेशियम होता है. आपको इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि आप प्रतिदिन कितने केले खाते हैं. क्योंकि एक मध्यम आकार के केले में 422 मिलीग्राम पोटेशियम होता है.

माइग्रेन- माइग्रेन लगभग 15त्न आबादी को प्रभावित करता है . कुछ रिसर्च के अनुसार हद से ज्यादा केला खाने से माइग्रेन और सिरदर्द की समस्या हो सकती है. केले खाने से एलर्जी की शिकायत भी होती है.

काफी ज्यादा केलोरी- केले के 100 ग्राम हिस्से का सेवन करने से लगभग 74-150 कैलोरी मिलती है. इसलिए आपको यह देखने की ज़रूरत हो सकती है कि केले और कैलोरी की संबंधित संख्या का सेवन करते समय आप संतुलित आहार ले रहे हैं या नहीं.

पेट दर्द- 100 ग्राम केले में 35 ग्राम तक कार्बोहाइड्रेट हो सकते हैं. कार्बोहाइड्रेट खाने से विकार, पेट में ऐंठन और सूजन की शिकायत होती है.

# गैंगरेप के दो आरोपी मुठभेड़ में चढ़े पुलिस के हत्थे

**● नाबालिग के साथ गैंगरेप के आरोप में वांछित थे अभियुक्त**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पटटी,प्रतापगढ़।** नाबालिग के साथ गैंगरेप करने वाले चार अभियुक्तों में से दो को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान धर दबोचा। स्वाट व थाना पट्टी पुलिस टीम के साथ हुई मुठभेड़ में दोनों शातिरों के पैर में गोली लगी है। 19 जुलाई को हुई गैंगरैप की घटना की 22 जुलाई को मिली शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने त्वरित कारवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत करने के निर्देश दिये और महज 24 घंटे के अंदर पुलिस ने दो शातिरों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुकदमें में वांछित चल रहे दो अन्य नामजद अभियुक्तों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डा.अनिल कुमार के निर्देश के बाद से एक्शन में चल रही पुलिस को अभियुक्तों के बारे में मुखबिर से सूचना मिली।

इस पर थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत कलनियन नहर पुलिया के पास अपर पुलिस अधीक्षक(पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह, सीओ रानीगंज विनय कुमार साहनी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना पट्टी आलोक कुमार मय हमराह, स्वाट टीम प्रभारी ने दिनांक 23.07.2024 को समय 22.58 वांछित अभियुक्त वसीम पुत्र निगार निवासी ग्राम वेलसण्डी थाना पट्टी, प्रतापगढ़ व मकबूल अली पुत्र मंसूर अली निवासी ग्राम वेलसण्डी थाना पट्टी, प्रतापगढ़ को जब पकड़ने का प्रयास किया गया तो अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गई। पुलिस टीम द्वारा जबाबी फायरिंग में वसीम के बाएं पैर में गोली लग गयी व मकबूल अली के दाएं पैर में गोली लग गयी। जिनको चिकित्सकीय ईलाज के लिये सीएचसी पट्टी ले गये जहां से डाक्टरों ने रेफर करके जिला अस्पताल प्रतापगढ़ भेजा गया । पुलिस पर हमला और अभियुक्त से बरामदगी के संबंध में मु0अ0सं0 232,2024 धारा 109 बीएनएस व धारा 3,25द्घ27 आर्म्स एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया गया है । साथ ही घटना में संलिप्त अन्य नामजद वांछित अभियुक्तों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

नाबालिग के साथ हुई घटना में दर्ज मुकदमें में वांछित अभियुक्तों की तलाश पुलिस कर रही थी, इसी बीच अभियुक्तों के बारे में जानकारी मिलने पर टीमों ने जब पकड़ने का प्रयास किया तो अभियुक्तों ने फायरिंग कर दी, जवाबी कारवाई में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगी है, अन्य अभियुक्तों की तलाश की जा रही है। महिला एवं बच्चों की सुरक्षा और अपराध एवं अपराधियों के प्रति सरकार और शासन की शून्य सहनशीलता की नीति पर चलने को पुलिस कटिबद्ध है।

**डा.अनिल कुमार,**
**पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़।**

## अपहरण कर दुष्कर्म करने का बाल अपचारी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस ने अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में थाना अन्तू के उ0नि0 रविन्द्र कुमार यादव मय हमराह देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत धारा 366, 376 भादवि थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 01 बाल अपचारी को थाना क्षेत्र अन्तू के बोझवा मोड़ पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया ।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**रखहा,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ अनिल कुमार के निर्देशन में थाना कन्धई के उ0नि0 रामअवतार सिंह मय हमराह का0 कपिल चौधरी द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, केश नं0 3473,2008 धारा 323, 504, 506 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त 01. संतोष कुमार पुत्र ब्रहम्नाथ पाण्डेय नि0 उमरपुर थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ को थानाक्षेत्र कन्धई के दीवानगंज बाजार से गिरफ्तार किया गया।

# भगवान शंकर भक्त की मनोकामना पूर्ण करने के महादेव- सिद्धि विनायक जी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के संगम चौराहे के समीप हो रही श्रीशिवमहापुराण कथा में बुधवार को भगवान शंकर के कल्याणकारी स्वरूप का वर्णन सुन शिवभक्त मंत्रमुग्ध हो उठे। कथाव्यास श्री सिद्धि विनायक ओझा ने कहा कि परमात्मा जीव के प्रति सदैव दयावान रहा करता है। उन्होनें कहा कि भक्त जब भी करूणा के साथ महादेव का स्मरण किया करता है, भगवान भोलेनाथ अपने भक्त की मनोकामनाएं पूर्ण किया करते हैं। उन्होनें कहा कि भगवान शंकर के हर स्वरूप में जगत के कल्याण का ही भाव निहित है। प्रारम्भ में आचार्य विनोद त्रिपाठी तथा प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी व समाजसेवी पं. यज्ञेशदत्त त्रिपाठी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। कथा के दौरान शिव महिमा से जुड़े भजनों को सुनकर भी श्रद्धालु भावविभोर दिखे। संयोजक रामकृष्ण ओझा, त्रिवेणी प्रसाद शुक्ल व इं. हिमांशु ओझा ने कथाव्यास का श्रीअभिषेक किया। कथा श्रवण के दौरान नितेश द्विवेदी, विष्णु सिंह, डिंपल सिंह, शशिकांत



मिश्र, आरती ओझा, अंजलि ओझा, सुमन शुक्ला, चम्पा देवी, अम्बरीश मिश्र, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, बबलू तिवारी, रामधन विश्वकर्मा आदि रहे। इधर बाबा घुइसरनाथ धाम में हो रही नौ दिवसीय श्रीशिवमहापुराण कथा में भी श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास आचार्य मनीष कृष्ण शास्त्री जी ने कहा कि भगवान शिव ने जगत कल्याण के लिए आवश्यकता पड़ने पर आतताईयों का संहार किया। उन्होनें कहा कि विश्व को समृद्धि बनाने के लिए शांति के वातावरण का सृजन शिवमहिमा का सार है। आचार्य मनीष कृष्ण शास्त्री जी ने बताया कि भगवान शंकर दयालु हैं। वहीं उन्होनें बताया कि आतताई यदि किसी संत पुरूष को कष्ट देने का उपक्रम किया करता है तब उसे भगवान शिव के महाप्रकोप का दण्ड भी अवश्य मिला करता है। प्रारम्भ में आचार्य पीयूष कृष्ण शास्त्री तथा वृन्दावन धाम से पधारे आचार्य आशीष किंकर जी ने भगवान भोलेनाथ का स्तुति वंदन किया। इस मौके पर डा. मान सिंह, रामकृष्ण मिश्र, नन्हें नगरहा, रामप्रताप मिश्र, पवन मिश्र प्रखर, आदित्य नारायण मिश्र, हृदय नारायण मिश्र, रामू मिश्र, फूलचंद्र पाण्डेय आदि रहे।

# न्यू एंजिल्स में रोपे गए आम, अमरूद के पौधे

**▶▶ बच्चों ने भी कार्यक्रम में लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा, अतिथियों ने बताया वृक्ष का महत्व**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पीयूषकान्त शर्मा और विशिष्ट अतिथि डॉ श्रद्धा सिंह थीं। सावन मास के प्रथम सप्ताह में आम, अमरूद, नींबू, शरीफा, नीम आदि के पेड़ रोपित किए गए।

इस अवसर पर डॉ श्रद्धा सिंह ने कहा कि पेड़ लंबे समय तक प्रदूषण मुक्त वातावरण की कुंजी हैं क्योंकि वे ऑक्सीजन प्रदान करने, हवा की गुणवत्ता में सुधार, जलवायु सुधार, जल संरक्षण, मिट्टी संरक्षण और वन्य जीवन का समर्थन करने के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। इन सभी कारणों से वर्तमान परिदृश्य में वृक्षारोपण आवश्यक हो गया है क्योंकि प्रदूषण चरम पर है।

मुख्य अतिथि डॉ. पीयूषकांत ने बच्चों को बताया कि पेड़ पौधे लगाने से वातावरण शुद्ध होता है प्रदूषण समाप्त होता है। पर्यावरण को इको फ्रेंडली बनाए रखने के लिये आप सभी अपने घरों में एक-एक पेड़ अवश्य लगाएं। पेड़ों की तेजी से हो रही कटाई को रोकने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना होगा।

प्रधानाचार्य बीके सोनी ने भी वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि पेड़ पौधे कई प्रकार से वातावरण को शुद्ध रखते हैं। प्रबन्धक डॉ शाहिदा, प्रधानाचार्य बी. के. सोनी, पूनम श्रीवास्तव, मंजू मिश्रा, रेखा शुक्ला, सुमन सिंह, नीरज कुमार, शिवेन्द्र त्रिपाठी और स्कूल के अचीवर हाउस, बिलीवर हाउस, चैलेन्जर हाउस और कांकरर हाउस के बालक बालिकाओं ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

अंत में चेयरपर्सन डॉ शाहिदा ने पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ, इस पृथ्वी को स्वर्ग बनाओ, का संदेश देकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का समापन किया।

## लड़की भगाने के मामले में मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार/ प्रतापगढ़** बाघराय थाना क्षेत्र के कोर्रही विक्रमपुर नई बस्ती निवासी नाबालिग किशोरी को गांव का ही युवक दीपू सरोज बहला फुसला कर भगा ले गया। साथ ही घर में रखे गहने, व 40 हजार रुपए भी अपने साथ उठा ले गए। मामले की तहरीर किशोरी की मां ने बाघराय थाने में बीते 17 जुलाई दिन बुधवार को दी थी, जिसमें लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी बाघराय पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। मामले की खबर जब दैनिक लोकमित्र अखबार ने प्रमुखता से प्रसारित की तो पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों के संज्ञान लेने के बाद मंगलवार को बाघराय पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद किशोरी के परिजनों ने दैनिक लोकमित्र अखबार के खबर की प्रशंसा की है।

# संचारी रोगों से बचाव को लेकर विधालयों में आयोजित हुई भाषण प्रतियोगिता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ नवनीत सेहारा के आदेशानुसार जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ ओमकार राणा के निर्देशन व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह के संयोजन में जनपद प्रतापगढ़ के सभी शिक्षण संस्थाओं में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत संचारी रोगों से बचाव व नियंत्रण पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.।राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह के निर्देशन व योगेश सिंह,विकास सिंह,प्रतीक सिंह के संयोजन में,राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य गीता व उप प्रधानाचार्य डॉ मो अनीस के निर्देशन में,

पीबी इंटर कालेज प्रतापगढ़ सिटी प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य डॉ अनूप सिंह के निर्देशन में, एपीएस इंटर कालेज भदोही एमपी



मिश्रा के निर्देशन में,शंकर विद्यालय इंटर कालेज कटैया प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में,अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य आजाद अहमद के निर्देशन में,तुलसी इंटर कालेज बाबूगंज जमेठी कुंडा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अनुपम ओझा के निर्देशन में, राजकीय इंटर कालेज चंडीगोविंदपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य शशांक कुमार सिंह के निर्देशन में,इस्लामिया इंटर कालेज रामपुर बजहा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अंसार अहमद के निर्देशन में, ग्राम विकास इंटर कालेज देल्हूपुर प्रतापगढ़ डॉ राधे श्याम मौर्य,अमर जनता इंटर कालेज कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय के निर्देशन में,राजकीय उमावि रसूलपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अशोक कुमार के निर्देशन में,

आरएसबी इंटर कालेज सुंदरगंज प्रतापगढ़ में आरपी यादव के निर्देशन में, पीपीएस इंटर कॉलेज दाउदपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह के निर्देशन में,राजकीय बालिका इंटर कालेज विहार प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य मनीषा रावत के निर्देशन में, राजकीय बालिका इंटर कालेज आसपुर देवसरा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ आम्रपाली द्विवेदी के निर्देशन में,पंडीडीयूजीएम इंटर कालेज महुली प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य राहुल सिंह के निर्देशन में, पं डीडीयूजीएमआई कुराडीह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य विशाल वर्मा के निर्देशन में, राजकीय बालिका इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य के निर्देशन में, लोकमान्य तिलक इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य पीके तिवारी के निर्देशन में, राजकीय उमावि बेधनगोपालपुर में प्रधानाचार्य रेखा द्विवेदी के निर्देशन में,भद्रेश्वर इंटर कालेज डेरवा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य वीएन सिंह के निर्देशन में, राजकीय उमावि दमदम प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य रमेश कुमार के निर्देशन में, राजकीय बालिका इंटर कालेज पट्टी प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य कंचन मिश्रा के निर्देशन व विजय शर्मा,पूजा गुप्ता, रेनू मिश्रा के संयोजन में के निर्देशन में,राजकीय बालिका इंटर कालेज शीतलमऊ प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य के निर्देशन में, राजकीय उमावि राजापुर में प्रधानाचार्य सुर्येश प्रताप सिंह के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए गए.।

## चौकी इंचार्ज द्वारा साथी से अभद्र व्यवहार पर अधिवक्ता खफा

**लोकमित्र**

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** रूलर बार एसोसिएशन की बैठक संकट मोचन कचहरी में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा ने किया। बैठक में अधिवक्ताओं ने रूलर बार के पदाधिकारी अरूण कुमार पासवान एडवोकेट के साथ चौकी इंचार्ज पृथ्वीगंज द्वारा अभद्र व्यवहार एवं अश्लील टिप्पणी की निन्दा की। अधिवक्ताओं ने कहा कि जिला प्रशासनप द्वारा चौकी इंचार्ज पृथ्वीगंज पर कार्यवाही नहीं की जाती तो अधिवक्ता सड़क पर उतर कर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। आए दिन चौकी इंचार्ज द्वारा आम जनमानस एवं वरिष्ठ जनो का अपमान किया जाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक के बाद जूनियर बार के अध्यक्ष रोहित कुमार शुक्ला एवं उपाध्यक्ष शक्ति सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक से मिला तथा स्थिति से अवगत कराया। एसपी से तत्काल कार्यवाही करते हुए सीओ सिटी को एक सप्ताह के अंदर जांच करके कड़ी कार्यवाही का निर्देश दिया। इस दौरान जेपी मिश्रा, संतोष नारायण मिश्र, दिवाकर सिंह, राघवेन्द्र सिंह, अरूण सिंह, मो. आसिफ मो. सद्दाम, आशीष श्रीवास्तव, मो. जाहिद समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे। संचालन रूलर बार के अध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने किया।

## वारण्टी अभियुक्ता गिरफतार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में थाना दिलीपपुर के उ0नि0 परशुराम पाण्डेय मय हमराह म0का0 वन्दना कुमारी, का0 जगदीश प्रसाद द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान केश नं0 2512,2009 धारा 323, 504, 325 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्ता 01. अनीता देवी उर्फ सुनीता देवी पुत्री भुलई राम नि0 प्रेमधर पट्टी थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

# ग्रामीण विकास एवं सामाजिक मूल्यों के प्रति जनार्दन प्रसाद त्रिपाठी का योगदान सदैव रहेगा अविस्मरणीय- विनोद

**▶▶ राष्ट्रपति सम्मानित महेवा मलकिया के पूर्व प्रधान को पुण्यतिथि पर समारोहपूर्वक अर्पित की गयी श्रद्धांजलि**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** महेशगंज के समीप महेवा मलकिया गांव में बुधवार को राष्ट्रपति सम्मानित पूर्व प्रधान जनार्दन प्रसाद त्रिपाठी की पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनाई गयी। स्वर्गीय जनार्दन प्रसाद बाबागंज ब्लाक प्रधान संघ के अध्यक्ष भी थे। कार्यक्रम में पहुंचे बाबागंज विधायक एवं जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज ने कहा कि भारतीय सेना में अदम्य साहस भरी सेवा प्रदान करने के साथ सामाजिक क्षेत्र में जनार्दन



प्रसाद त्रिपाठी की दीर्घकालिक सेवा सदैव चिरस्मरणीय रहेगी। उन्होनें स्वयं तथा जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भइया की ओर से पूर्व प्रधान की स्मृति को नमन करते हुए कहा कि कई पंचवर्षीय योजनाओं में गांव के प्रधान के रूप में स्वर्गीय त्रिपाठी द्वारा मॉडल विकास को भी पंचायत प्रतिनिधियों के लिए मार्गदर्शन कहा। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी एवं रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि स्वर्गीय जनार्दन प्रसाद त्रिपाठी के कार्यकाल में स्वच्छता के क्षेत्र में महेवा मलकिया को राष्ट्रपति सम्मान को गौरवपूर्ण उपलब्धि ठहराया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल ने भी पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से उनकी स्मृति को नमन किया। पूर्व प्रमुख हितेश प्रताप सिंह पंकज, लालगंज टाउन एरिया चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, पूर्व कुलपति प्रो. राकेश पाण्डेय, ब्राम्हण सभा के संरक्षक सुरेश प्रताप पाण्डेय आदि ने भी पुष्पांजलि कार्यक्रम में विचार रखे। कार्यक्रम के संयोजक आलोक त्रिपाठी ने प्रारम्भ में स्वर्गीय जनार्दन प्रसाद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला।

संचालन अधिवक्ता अरविन्द त्रिपाठी पंकज व आभार प्रदर्शन अधिवक्ता आनन्द त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर आनन्द शुक्ला, आदित्य त्रिपाठी, धीरज शुक्ला, विकास मिश्र, राणा सूबेदार सिंह चौहान, अनिल त्रिपाठी महेश, विन्ध्यवासिनी शुक्ल, दि बार एसोशिएसन कुण्डा के अध्यक्ष शीतला प्रसाद यादव, सिविल बार अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता हनुमान पाण्डेय, दिनेश सिंह आदि रहे।

## डिहवा जलालपुर की अनिका सिंह निर्विरोध बनीं प्रधान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा-प्रतापगढ़।** विकासखंड बाबागंज की ग्राम पंचायत डिहवा जलालपुर के प्रधान पद के उपचुनाव में प्रधान पद की एक अन्य उम्मीदवार जेठानी हेमलता के अपना नामांकन पत्र वापस लेने पर एक मात्र बची प्रत्याशी अनिका सिंह निर्विरोध प्रधान निर्वाचित हुई है। ग्राम पंचायत डिहवा जलालपुर के प्रधान करूणेश भारती उर्फ मम्मनकी 30 जून को हत्या हो गई थी। प्रधान पद के उपचुनाव में मृतक प्रधान करुणेश भारती की पत्नी अनिका सिंह तथा भाभी हेमलता दो प्रत्याशी ने नामांकन किया था। नामांकन वापसी के दिन जेठानी हेमलता ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। अनिका सिंह एकमात्र प्रत्याशी बचे रहने के कारण निर्वाचन अधिकारी शैलेंद्र कोटया ने अनिका सिंह को निर्विरोध प्रधान निर्वाचित घोषित कर दिया। घोषणा के बाद निर्वाचन अधिकारी ने निर्विरोध निर्वाचित प्रधान पद की प्रत्याशी को प्रमाण पत्र भी दे दिया। बाबागंज ब्लाक में अभी भी माला धर छत्ता, कोड़र खुर्द तथा टिकरिया में उपचुनाव की प्रक्रिया चल रही है।

# केन्द्रीय बजट में अधिवक्ताओं के लिए विशेष प्राविधान न होना दुर्भाग्यपूर्ण

**● रूरल बार एसोशिएसन की बैठक में कल्याणकारी योजनाओं तथा अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम पर उदासीनता को लेकर जतायी गयी नाराजगी**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय बजट में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के साथ कल्याणकारी योजनाओं में बजट के विशेष पैकेज घोषित न करने को लेकर अधिवक्ताओं ने असंतोष जताया है। बुधवार को यहां सिविल कोर्ट परिसर में हुई बैठक को संबोधित करते हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि केन्द्रीय बजट में सामाजिक न्याय की लडाई लड़ने वाले अधिवक्ताओं के लिए सरकार ने मांग के बावजूद अलग से बजट का प्राविधान नही रखा। उन्होनें कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के साथ अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं में बजट में कुछ भी हाथ नही लग सका। ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि सरकार अधिवक्ताओं की मांगों पर उदासीन बनी हुई है। उन्होनें अधिवक्ताओं से जुडी मांगो को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन को मुखर बनाने का ऐलान किया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर रमेश पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल, जान्हवी प्रताप सिंह, तपन पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र, प्रमोद सिंह, शैलेन्द्र सिंह बघेल, प्रभाकर पाल, शिवप्रसाद यादव, संजय सिंह, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, शिव नारायण शुक्ल, विपिन शुक्ल, कौशलकिशोर शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

## मोटरसाइकिलों की आमने सामने भिडंत में दो घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार/ प्रतापगढ़** बाघराय थाना क्षेत्र के बाघराय चौराहे से आगे पावर हाउस मोड़ से पहले जेठवारा से लालगंज मार्ग पर दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने हुई जोरदार टक्कर में दोनो सवारों को गंभीर चोट आई है,। चोट आने के बाद स्थानीय लोगों ने आनन फानन में बगल में ही स्थित सीएचसी बाघराय पहुंचाया। जहां पर खबर लिखे जाने तक दोनो का इलाज चल रहा था। हालांकि दोनो की हालत स्थिर बताई जा रही थी। बता दें कि उक्त बाइक दुर्घटना में घायल दोनों की पहचान अंकुर गुप्ता कन्हैया नगर बारों,और दूसरा राहुल यादव सुत अवधेश मंशा का पुरवा प्रेम नगर बारों के रूप में की गई।

# एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने के सम्बन्ध में अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच भारत के मण्डल अध्यक्ष दिनेश प्रतापर्सिंह एडवोकेट की अगुवाई में बुधवार को अधिवक्ताओं ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को सम्बोधित मांग जिलाधिकारी संजीव रंजन को सौंपा। डीएम को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि अधिवक्ताओं पर बिना वजह द्वेषभावना रखते हुए निरंतर जानलेवा हमले हो रहे हैं। जिससे अधिवक्ताओं में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो गई है और समाज में सबसे अधिक अधिवक्ता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जबकि एडवोकेट एक्ट के अनुसार वकील आफीसर आफ द कोर्ट कहलाता है, लेकिन उक्त पद के अनुसार कोई भी आर्थिक, शारीरिक सुरक्षा किसी भी अधिनियम में प्रदान नहीं की गई है। जबकि बार काउंसिल आफ इण्डिया ने तत्कालीन गृह मंत्री को एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का ड्राफ्ट भी सौंप दिया किन्तु आज तक लागू नहीं किया गया। जिससे अधिवक्तओं में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। साथ ही अधिवक्ताओं का आयुष्मान कार्ड योजना में भी शामिल करने की मांग की गई। इस अवसर पर मंच के मण्डल अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह एडवोकेट, बृजलाल यादव, जिलाध्यक्ष सभाजीत सिंह, रश्मि सिंह, धर्मेन्द्र सिंह,रवि प्रतापर्सिंह, बृजेन्द्र बहादुर पाल, प्रेम नारायण यादव सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नवागत खंड विकास अधिकारी विकासखंड कार्यालय पहुंचे, प्रधानों ने किया स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार /प्रतापगढ़** विकास खण्ड बिहार के खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह दिन बुधवार को विकासखंड बिहार पहुंचे। उन्होंने विकासखंड बिहार के खंड विकास अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान विकासखंड बिहार के प्रधानों ने नवागत खंड विकास अधिकारी को माला पहनाकर व मुंह मीठा कराकर विकासखंड बिहार में उनके आगमन और चार्ज लेने की बधाई दिया। बताते चलें कि कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने बताया कि प्रधान व जनप्रतिनिधि हमारे लिए महत्वपूर्ण है। इनके बिना विकास योजनाओं को धरातल पर मूर्तरूप देना संभव नहीं है। बिहार ब्लॉक के जनप्रतिनिधियों के सहयोग की अपेक्षा करते हुए नवागत खण्ड विकास अधिकारी सुरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि शासन की मंशानुरूप जनसरोकार से जुड़े विकास योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वयन करना हमारी प्राथमिकताओं में है। यह हमारा प्रयास होगा। वैसे भी बहुत ही सीनियर व अनुभवी एवं धरातल पर कार्य को मूर्तरूप देने में काफी सजग रहने वाले खण्ड विकास अधिकारियों में आपकी गणना होती है। विकास खण्ड में काफी समय से विकास कार्य ठप पड़े हैं। उन्हें गति देने में कितनी सार्थक पहल करने में नए खण्ड विकास अधिकारी सफल होते हैं, यह तो इनके कार्यक्षमता और जनप्रतिनिधियों के कार्य नीति पर निर्भर करता है। इस दौरान विकास खंड बिहार के प्रधानों में,नवीन सिंह पिंटू प्रधान संघ अध्यक्ष प्रतापगढ़,वीरेंद्र तिवारी सुग्गा प्रधान संघ अध्यक्ष बिहार,प्रधान प्रतिनिधि बारों, गब्लू सिंह प्रतिनिधि औतार पुर, निशिकांत मिश्रा पिंटू प्रधान प्रतिनिधि महराजपुर,पीयूष सिंह प्रतिनिधि कानूपुर,डब्बू सिंह प्रतिनिधि धमांवा,धीरेंद्र कुमार मिश्र पिंटू प्रतिनिधि गलगली,आशीष विश्वकर्मा,प्रधान उमरी कोटिला,कुंवर सत्येंद्र सिंह,प्रधान देवरी हरदोपट्टी,अनुज मिश्रा प्रतिनिधि कुढ़ा,रवि वर्मा प्रधान कोडराजीत,संतोष पाण्डेय प्रतिनिधि रोर,सचिन शुक्ला प्रधान भिटारा,समेत लगभग समस्त प्रधान, व प्रधान प्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

## ताला तोड़कर स्टेप्लाइजर व पैनल उठा ले गए चोर

**दिलीपपुर** – प्रतापगढ़ स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत दिलीपपुर निवासी गया प्रसाद पाण्डेय, अधिवक्ता ने घर से लगभग एक किलोमीटर दूर खेत में सबमर्सिबल लगवाया है।बीती रात चोर सबमर्सिबल के कमरे का ताला तोड़कर स्टेप्लाइजर व पैनल उठा ले गए। सुबह खेत देखने गए तो देखा कि सबमर्सिबल के कमरे का ताला टूटा हुआ था। कमरे के अन्दर जाकर देखा तो स्टेप्लाइजर व पैनल चोर उठा ले गए थे। उन्होंने बताया कि लगभग पच्चीस हजार रूपए का सामान चोरी हुआ है। स्थानीय थाने पर तहरीर दी गई है।

## आत्महत्या के लिए किशोरी ने खाया सिंदूर

**कुंडा-प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के जगतपुर निवासिनी शिवानी 17 वर्ष पुत्री नन्हे लाल पटेल परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर आत्महत्या करने के लिए घर में रखा मांग में भरने वाला सिंदूर खा लिया। जानकारी पर परिजन तत्काल उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# जामताली दलित बस्ती के प्राचीन रास्ते को दबंगों ने जेसीबी से तुड़वाया

**● रास्ता तोड़े जाने से दलित बस्ती के लोगों को आवागमन में हो रही भारी परेशानी**

**● दलित बस्ती के लोगों ने उप जिलाधिकारी रानीगंज से लगाई न्याय की गुहार**

**● उप जिलाधिकारी ने आम रास्ते से अवरोध हटवाने और शांति व्यवस्था बनाए रखने का दिया निर्देश**

लोकमित्र ब्यूरो

**बीरापुर (प्रतापगढ़ )।** जामताली गांव के दलित बस्ती में रियासत के समय का प्राचीन आम रास्ते को गांव के करीब आधा दर्जन दबंग लोगों ने जेसीबी से तुड़वाकर खेत में मिला लिया। रास्ते के स्थान पर गहरा गड्ढा कर दिया। जिससे दलित बस्ती के लोगों का आवागमन बंद हो गया है और लोगों को रास्ते के अभाव में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

रानीगंज थाना क्षेत्र के जामताली दलित बस्ती गांव निवासी रामलाल सुत संपति ने बुधवार को उप जिलाधिकारी रानीगंज को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोपित किया है कि गांव के दलित बस्ती जाने हेतु रियासत के समय का करीब 8 फीट चौड़ा आम रास्ता था। इसी प्राचीन रास्ते से दलित बस्ती के लोग आते जाते थे। सेवानिवृत्त लेखपाल रामलाल का आरोप है कि गांव के ही आधा दर्जन दबंग लोग प्राचीन रास्ते के पास पहुंचे और जेसीबी से उसको तोड़कर खेत में मिला लिए और प्राचीन रास्ते के स्थान पर गहरा गड्ढा कर दिए। मना करने पर उक्त लोग गाली गलौज और मारपीट पर आमादा हो गए। प्राचीन रास्ता तोड़े जाने से दलित बस्ती के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बस्ती में दोपहिया, चारपहिया वाहन नहीं आ जा पा रहे हैं। दलित बस्ती में आने-जाने का और कोई दूसरा रास्ता भी नहीं है। ऐसे में लोगों को आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उप जिलाधिकारी रानीगंज ने प्राचीन रास्ता तोड़े जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए राजस्व विभाग और थानाध्यक्ष रानीगंज को आम रास्ते से अवरोध हटवाने और शांति व्यवस्था कायम रखने का निर्देश दिया है। प्राचीन आम रास्ता तोड़े जाने का मामला जामताली क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) लालगंज प्रतापगढ़
मूलवाद सं0 461/18
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राजनरायन बनाम मनोरमा आदि
बनाम
1. मनोरमा देवी उम्र करीब 47 वर्ष पत्नी बाबूलाल गौड़ 2. बाबूलाल उम्र करीब 50 वर्ष सुत भगौती गौड़ी 3. रन बहादुर उम्र करीब 66 वर्ष सुत भगौती गौड़ 4. सदाशिव उम्र करीब 56 वर्ष सुत भगौती गौड़ मृतक दौरान मुकदमा 4/1. कमलेश देवी पत्नी स्व0 सदाशिव 4/2. महेश नाबालिग सुत स्व0 सदाशिव संरक्षिका माता स्वयं 5. फूलचन्द्र सुत लाल बहादुर समस्त निवासी ग्राम थरिया पो0 लक्ष्मीकान्तगंज प0 सदर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 6. संतोष कुमार उम्र करीब 45 वर्ष सुत विन्देश्वरी प्रसाद निवासी ग्राम पूरे तुला उपाध्यायपुर पो0 लक्ष्मीकान्तगंज प0 सदर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 22.08.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 22.08.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0 ) सदर जिला प्रतापगढ़
प्रकीर्ण वाद संख्या 746 सन 2022
राम कली आयु लगभग 60 साल पत्नी राम अभिलाष निवासी ग्राम चांदपुर प0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
बनाम
भारत आयु 60 साल सुत गंगा दीन निवासी ग्राम चांदपुर पर 0 व तह 0 सदर जिला प्रतापगढ़ ।
तारीख पेशी 31 - 07 -2024
यह कि वादी ने उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है ऐतद द्वारा सम्मन नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 31- 07- 2024 को वास्ते प्रार्थना पत्र टी 0आई 0 व तनकीह प्रातः 10 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदेही दावा करें ऐसा न करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप में सुना जायेगा और हस्ताक्षरित किया जाएगा ।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिनांक मास सन को जारी किया गया।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मेरा यूपीटीयू बोर्ड 2014 अनुक्रमांक 1128310904 अंतिमवर्ष वा बीटीईयूपी डिप्लोमा 2011 अनुक्रमांक 3183553008 अंतिम वर्ष की मार्कशीट खो गई है
नरेंद्र कुमार शुक्ला
पुत्र कृष्णबिहारी शुक्ला
निवासी शुक्लन पोस्ट बाबूगंज
प्रतापगढ़

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 प्रतापगढ़
म0मु0 271/2003
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राज कुमार बनाम बजरंग बली आदि
बनाम
1. विजय प्रकाश 2. अजय प्रकाश 3. विनय कुमार 4. मुकेश कुमार 5. विनोद कुमार सुतगण सूर्यबली निवासी ग्राम ईशनपुर पर0 व तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 20.09.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 20.09.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर उप जिलाधिकारी महोदय द्वितीय प्रतापगढ़
न0मु0 141/2013
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन कालिका सिंह बनाम देवतादीन आदि
बनाम
1/1 यशवन्त उम्र 50 वर्ष सुत तुलसीराम 2. जयराम पटेल उम्र 50 वर्ष 3. राम सिंह 55 वर्ष सुतगण जगन्नाथ 4. बनवारी उम्र 57 वर्ष 5. बैजनाथ उम्र 55 वर्ष 6. बचई उम्र 50 वर्ष सुतगण श्रीराम 7. राम आसरे उम्र 50 वर्ष 8. अमरनाथ उम्र 45 वर्ष 9. रामचन्द्र उम्र 45 वर्ष सुत मेवालाल 10. मूलचन्द्र उम्र 45 वर्ष सुत रघूनाथ समस्त निवासीगण ग्राम सरूपपुर प0 त0 सदर जिला प्रतापगढ़ 11. अहमद हुसैन उम्र 60 सुत अजीज अहमद निवासी ढेमा प0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 12. कल्लू उम्र 45 वर्ष सुत गुठ्ठूर 13. समीमा बानो उम्र 50 वर्ष पत्नी जुम्मन निवासी खम्मपुर त0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 26.07.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 26.07.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## रानीपुर टाइगर रिजर्व चित्रकूट वन्य जीवों से हुआ गुलजार -उप निदेशक

**चित्रकूट-** उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रानीपुर टाइगर रिजर्व वन्य जीवों से गुलजार हुआ। कैमरे ट्रैप में विभिन्न स्थानों पर टाइगर, तेंदुआ, भालू, चीतल विचरण करते दिख रहे हैं। यह समय वन्य जीवों के मेटिंग का भी समय है। शाकाहारी वन्य जीव नए शावकों को भी जन्म देते हैं, उनकी सुरक्षा भी आवश्यक है। टाइगर रिजर्व में प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। स्थानीय लोगों से अपील है कि किसी भी दशा में रिजर्व क्षेत्र में प्रवेश न करें। साथ ही अपने पालतू पशुओं को भी रिजर्व क्षेत्र में प्रवेश न करने दें।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायतें



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की जा रही है। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

# किसान दिवस पर प्राप्त समस्याओं का शासन की मंशानुरूप कराएं निस्तारण - डीएम



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन कलेक्टरेट सभागार में आयोजित किया गया। किसान दिवस के अवसर पर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम सिंह पटेल एवं तहसील अध्यक्षों तथा ब्लॉक अध्यक्षों ने किसानों की समस्याओं में अन्ना प्रथा, विद्युत व्यवस्था, बनकट पंप कैनाल, सोलर पैनल, साधन सहकारी समितियां में खाद न उपलब्ध होना, नहरों की सिल्ट सफाई, जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव की गलियों को न बनाए जाने, बीज की उपलब्धता, निजी नलकूप बोरिंग, पशु टीकाकरण आदि विभिन्न समस्याएं रखी गई। जिस पर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो किसानों की समस्याएं आज किसान दिवस में प्राप्त हुई हैं, उनका शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध तरीके से निस्तारण कराया जाए। किसानों को कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने उपनिदेशक कृषि से कहा कि जिन-जिन विभागों की आज समस्याएं प्राप्त हुई हैं, उनके निस्तारण के सम्बन्ध में अगले किसान दिवस की बैठक में आख्या सहित रखा जाए। उन्होंने किसानों से कहा कि गोवंशों के संरक्षण पर मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि शत प्रतिशत गोवंशों का संरक्षण कराया जाए ताकि किसानों की फसलों को नुकसान न हो। उन्होंने पौधरोपण के सम्बन्ध में कहा कि जन सहयोग की इस में बहुत जरूरत है। प्रधानमंत्री ने एक नारा दिया है एक पेड मां के नाम उसमें आप सभी लोग एक पेड अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि किसानों को अगर कोई समस्या आती है तो उनके तथा मुख्य विकास अधिकारी के सीयूजी नंबर पर अवगत कराएं, उसका तत्काल निस्तारण किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों पर गोवंशों का संरक्षण किया जा रहा है। माह जुलाई के अंत तक प्रत्येक दशा में सभी गोवंशों को संरक्षित कर दिया जाएगा। इसमें किसान भी सहयोग करें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र ने कहा कि अन्ना गोवंशों को सभी शासकीय गौशालाओं पर संरक्षित कराया जा रहा है। किसान अपने व्यक्तिगत पशु भी बांध कर रखें। सहभागिता पर जो गोवंश दिए गए हैं, उनका मार्च तक का भुगतान कर दिया गया है। शेष भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह ने बताया कि किसानों के ट्रांसफार्मर जब खराब होते हैं तो वह 1912 टोल फ्री नंबर पर कॉल करें। विभाग तत्काल तीन दिन के अंदर किसानों का ट्रांसफार्मर बदल दिया जाता है। कुछ रास्ता आदि की जो समस्या होती है, उसका भी निस्तारण कराया जाता है। सहायक निबंधक सहकारी समितियां आरके शुक्ला ने कहा कि जनपद में 33046 एमटी यूरिया उपलब्ध है। 1000 एमटी डीएपी भी उपलब्ध है, जो मांग के अनुसार साधन सहकारी समितियों में भेजी जा रही है। उन्होंने किसानों से कहा कि नैनो यूरिया तथा डीएपी का भी उपयोग करें। उप निदेशक कृषि राजकुमार ने कहा कि जो आज किसान दिवस में समस्याएं किसानों ने रखा है, उनका सम्बन्धित विभागों से शत प्रतिशत निस्तारण कराकर आपको अवगत कराया जाएगा।बैठक में किसान यूनियन ने जिलाधिकारी को किसानों से सम्बन्धित समस्याओं के बारे में ज्ञापन भी दिया। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, डिप्टी आरएमओ अविनाश झा, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, सहायक अभियंता सिंचाई गुरु प्रसाद, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय आदि मौजूद रहे।

# राज्य, प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा के लिए हुआ परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम की अध्यक्षता में बुधवार को राज्य, प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा-2024 के केन्द्र निर्धारण के सम्बन्ध में बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि लोक सेवा आयोग द्वारा 27 अक्टूबर 2024 को आयोजित सम्मिलित राज्य, प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा -2024 को सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया जाना है। जिसमें जनपद में 6 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, उसमें जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय सीतापुर, गोस्वामी तुलसीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेडी पुलिया, राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी, चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी, श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इण्टर कॉलिज कर्वी तथा



सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इण्टर कॉलिज चित्रकूट धाम सीतापुर निर्धारित किया गया है, जिसमें चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी में ब्लॉक ए तथा ब्लॉक बी निर्धारित किया गया है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केन्द्र चित्रकूट मुख्यालय से मानक के अनुसार रहना चाहिए तथा सभी विद्यालयों का निरीक्षण करलें, जिसमें सीसीटीवी कैमरा का संचालन, फर्नीचर, पेयजल, प्रकाश आदि सभी व्यवस्थाओं को देखा जाए तथा कोई विद्यालय ब्लैक लिस्ट तो नहीं है, इसको भी देखा जाए। साथ ही जो परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए लोक सेवा आयोग द्वारा दिशा निर्देश परीक्षा केन्द्र निर्धारण के लिए दिए गए हैं, उसी के अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनय दीक्षित, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## भूमि सम्बन्धी विवादों एवं राजस्व वादों का कराएं गुणवत्तापरक निस्तारण - डीएम

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को जनपदीय राजस्व न्यायालयों में योजित, राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति, निर्विवाद वरासत के लम्बित प्रकरणों की प्रगति, खतौनियों में दर्ज खातेदारों, सहखातेदारों के गाटों में खतौनी पुनरीक्षण एवं अंश निर्धारण कार्यक्रम की प्रगति, रियल टाइम खतौनी प्रगति, प्रदेश में स्वामित्व योजनान्तर्गत ग्रामीण आबादी सर्वेक्षण की प्रगति, ई-खसरा पडताल (ऑनलाइन) फसली वर्ष 1431 फ0 की प्रगति एवं उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा-89 में निहित प्राविधानों के क्रम में अनुमति के लिए लम्बित प्रकरण की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जन शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध रूप से निस्तारण किया जाय। भूमि सम्बन्धी विवादों एवं राजस्व वादों का नियमानुसार गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध रूप से निस्तारण किया जाय। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा आदि मौजूद रहे।

## रोहित कश्यप जिलाध्यक्ष व मोहित जैन, राम गुप्ता बने महामंत्री

**चित्रकूट-** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमंत गुप्ता द्वारा जनपद की जिला इकाई का पुनर्गठन किया। जिसमें राहुल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, सुशील कक्का को प्रदेश उपाध्यक्ष, धर्मचंद को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष, अंकित पहाडिया को युवा प्रदेश संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद का जिलाध्यक्ष रोहित कश्यप, महामंत्री मोहित जैन, राम गुप्ता, कोषाध्यक्ष पूरु अग्रवाल को बनाया गया है। वहीं शुभम गुप्ता को युवा जिलाध्यक्ष व कुलदीप को महामंत्री बनाया गया है। मनोनय के बाद सदर बाजार स्थित कार्यालय में पदाधिकारीयो की पहली बैठक हुई। जिसमें सभी ने वैश्य समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

# शिक्षा सप्ताह के तीसरे दिन स्कूलों में आयोजित हुआ खेल दिवस



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित शिक्षा सप्ताह पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के स्कूलों में बुधवार को खेल दिवस का आयोजन किया गया। मंझनपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय थाम्भा अलावलपुर में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमे कबड्डी बालक बालिका,खो खो,,लंबी कूद ,रस्सा कसी का खेल आयोजन किया गया। कब्बड़ी में टीम थाम्बा अलावलपुर और टीम दुर्गापुर के बीच प्रतियोगिता हुई,दोनो टीम के बीच कांटे की टक्कर रही। अंत मे दो अंको से टीम थाम्भा अलावलपुर विजई हुई।ऊंची कूद में राहुल कुमार प्रथम,सत्यम द्वितीय और अंकित तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा . कमलेंद्र कुमार कुशवाहा व खण्ड शिक्षा अधिकारी मंझनपुर प्रमोद कुमार गुप्ता उपस्थिति रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चो से प्रश्न किया जिनका बच्चो ने बड़े उत्साह के साथ उत्तर दिया।जिससे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चो को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार,चंद्रबली सिंह रैना,तौसीफ अहमद,प्रताप कुमार बरनवाल, खदीजा अकबरी,मनीषा सिंह,अनीता पटेल,कमलेश कुमार व सुमन तिवारी मौजूद रही।

इसी तरह कड़ा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय हिसामपुर परसखी, नेवादा के कंपो जिट विद्यालय पेरई , सिराथू के उच्च प्राथमिक विद्यालय मलाक भायल व कादीपुर सहित अनेक विद्यालयों में खेल दिवस का आयोजन किया गया।

# आयकर भवन कार्यालय में आयकर स्थापना समारोह का हुआ आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मंझनपुर स्थित आयकर भवन के कार्यालय में बुधवार को आयकर विभाग कार्यालय में विभाग का स्थापना दिवस समारोह बड़ी धमधाम से मनाया गया। आयकर अधिकारी कौशाम्बी, अनिल कुमार मालवीय ने बैठक में बताया कि आज केही दिन सन् 1860 में राजस्व संग्रह के लिए विभाग की स्थापना हुई थी, स्वतंत्रता के बाद सन 1961 में आज का आयकर अधिनियम व नियमावली स्थापित हुई थी, अधिवक्ताओं व करदाताओं को सम्बोधित करते हुए आयकर निरीक्षक बिनोद कुमार ने विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए आयकर सीमा आयकर से ऊपर के करदाताओ एस अधिकाधिक आयकर रिटर्न दाखिल करने की अपील की बैठक में कर अधिस्ता संघ के अध्यक्ष एड0 राम प्रकाश मिश्रा ने निर्भय होकर आयकर रिटर्न दाखिल करने वा अग्रिम कर की अदायगी समय से करते हुए ब्याज व अर्थदंड से बचने की अपील किया। इस दौरान व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष प्रवेश कुमार केशवानी, विपिन केसरवानी, अंशुल केसरवानी, सचिन केसरवानी सहित अन्य कई व्यापारी व कर अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने की विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाये जाने की समीक्षा बैठक

**● संघर्षशील विद्यालयों को चिन्हित कर बनायें निपुण- मधुसूदन हुल्गी**




लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत निपुण विद्यालय बनाये जाने की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के खण्ड शिक्षाधिकारी, डायट मेन्टर, एसआरजी एवं एआरपी को निर्देशित किया कि संघर्षशील विद्यालयों की सूची के अनुसार योजना बनाकर निपुण विद्यालय बनाने में आ रही समस्याओं का निराकरण करते हुए सम्बन्धित प्रधानाध्यापकों को निर्धारित समयावधि में विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विद्यालय प्रबन्ध समिति और पीटीएम की बैठकों को टारगेट करते हुए छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दियें। उन्होने कहा कि जिन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास संचालित है, यह सुनिश्चित किया जाय कि स्मार्ट क्लास क्रियाशील रहें। अध्यापक टैबलेट का उपयोग करें एवं दीक्षा ऐप का अधिकाधिक प्रयोग करें।

जिलाधिकारी ने निपुण भारत की समीक्षा के दौरान कहा कि जनपद कौशाम्बी छोटा जनपद है, विद्यालयां की संख्या भी कम है, यह हमारे लिए एक सुनहरा अवसर है कि हम अपने जनपद के विद्यालयां को निपुण बनायें। इसके लिए सम्बन्धितों के साथ बैठक कर कार्ययोजना एवं रणनीति बनाकर कार्य किया जाय, जिससे हम अपने ब्लॉक एवं जनपद के विद्यालयों को निपुण बना सकें। अभिभावकों को भी जागरूक किया जाय, कि वे अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। खण्ड शिक्षाधिकारी विद्यालयों का भ्रमण करते रहें, विशेषकर सर्वप्रथम संघर्षशील वाले विद्यालयों, उसके बाद मध्यम विद्यालयों एवं अन्त में सक्षम विद्यालयां का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, डायट प्राचार्य निधि शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा एवं राज्य परियोजना कार्यालय से शिवांगी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 148 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## उत्तरप्रदेश को निराश करने वाला बजट- रईस अहमद

**कौशाम्बी।** रईस अहमद राष्ट्रीय सचिव समाजवादी शिक्षक सभा प्रतिनिधि सदस्य विधान परिषद ने कहा कि उत्तरप्रदेश को निराश करने वाला बजट पेश किया गया है शिक्षा के क्षेत्र में और बेरोजगारी दूर करने के लिए कोई खास प्रयास नही किया गया आंध्र प्रदेश और बिहार के लिए ज्यादा धन आवंटित कर सरकार ने साबित कर दिया कि यह सरकार बचाने के लिए बजट है बजट पूरी तरह से निराशाजनक है।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# एनटीपीसी ऊंचाहार में संविदाकार सम्मेलन संपन्न




**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार में एनटीपीसी एमएसएमई सेल व संविदा एवं सामग्री विभाग के सौजन्य से विशेष संविदाकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने सभी संविदाकारों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि संविदाकार एनटीपीसी की प्रगति में सहभागी होने के नाते हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं और एनटीपीसी को विश्वस्तरीय कंपनी बनाने में संविदाकारों का भी बहुत बड़ा योगदान है। श्री छाबड़ा ने संविदाकारों के सुझावों को सुना तथा यथासंभव क्रियान्वयन का आश्वासन दिया।

इस सम्मेलन की विशेष बात यह रही कि इसमें एमएसएमई के तहत लघु उद्योगों के क्षेत्र में मिल रहे अवसरों पर प्रकाश डाला गया, जिसका लाभ सम्मेलन में प्रतिभाग कर रहे 70 संविदाकारों के साथ-साथ अनुसूचित जाति एवं जनजाति के 25 तथा 3 महिला संविदाकारों को भी मिला।

इस अवसर पर जेम व आरएक्सआईएल द्वारा प्रेजेंटेशन देकर संविदाकारों को जागरुक किया गया। कार्यक्रम में एससी-एसटी हब लखनऊ की ओर से ए के श्रीवास्तव ने संविदाकारों का मार्गदर्शन किया।

मानव संसाधन विभाग की प्रमुख रूमा दे शर्मा ने कार्यक्रम की प्रासंगिकता की चर्चा करते हुए बताया कि सभी संविदाकार अनुबंध की नियम एवं शर्तों के दायरे में गुणवत्तापूर्ण कार्य करें तथा उनके अधीनस्थ कार्य करने वाले संविदाकर्मियों के औद्योगिक सुरक्षा और कार्यक्षेत्र में आवश्यक सुविधाओं का ख्याल रखें ताकि एनटीपीसी का शून्य दुर्घटना लक्ष्य कायम रहे।

संविदा एवं सामग्री विभाग के विभागाध्यक्ष तिरुमला मुरली मोहन ने सभी संविदाकारों का परिचय कराया तथा कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला व उप महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) श्रीमती रजनीश गोयल ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# वर्ष 2025 में हज पर जाने वाले यात्रियों के लिए सर्कुलर जारी

**रायबरेली।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा ने वर्ष 2025 में हज पर जाने वाले समस्त हज यात्रियों से कहा है कि माह जुलाई 2024 के अन्तिम या अगस्त 2024 के प्रथम सप्ताह तक हज-2025 की घोषणा कर दी जायेगी। इच्छुक हज आवेदक अपना अन्तर्राष्ट्रीय मशीन पठनीय पासपोर्ट तैयार रखें, ऐसे इच्छुक आवेदक जिनके पासपोर्ट की वैद्यता 15 जनवरी, 2026 से पूर्व समाप्त हो रही है, वे हज आवेदक अपना अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट तैयार रखें ताकि हज की घोषणा होने पर वे अपना आवेदन पत्र समय से भर सकें। हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई द्वारा अपनी वेबसाइट पर हज सत्र 2025 के सम्बन्ध में सकुर्लर जारी किया गया है जिसमें हज व उमराह मंत्रालय, सऊदी अरब सरकार के सूचना के आधार पर भारतीय दूतावास, रियाद, सऊदी अरब द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं।

# शहर की ऐशबाग माईनर की भूमि पर चल रहा निर्माण,जिम्मेदार मौन!

## अभी कुछ माह पहले सिंचाई विभाग ने पैमाईश करवा कर लगवाये थे निशान

**सिंचाई विभाग पस्त-अतिक्रमणकारी मस्त!**

बताया जाता है कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों की कुम्भकर्णीय नींद का फायदा अवैध कब्जेदार अब एक बार फिर उठाने का प्रयास कर रहे हैं।सूत्र बताते हैं कि अगर सिंचाई विभाग अथवा आरडीए के द्वारा शहर के सिटीकार्ट मॉल के सामने से लेकर सारस चौराहे तक एक बार जाँच करवा लें तो कई कुछ स्थानों पर माईनर की भूमि पर होता निर्माण कार्य जरूर नजर आ जाएगा।

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** एक तरफ सिंचाई विभाग शहर के बीच स्थित अपनी ऐशबाग अल्पिका नामक नहरिया की भूमि को अतिक्रमणकारियों के अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए राजस्व विभाग के सहयोग से पूरी नहर की पैमाईश करवा कर निशान लगवाये थे,वहीं दूसरी तरफ सिंचाई विभाग की तरफ से मामला ठंडा होते देख एक बार फिर अतिक्रमणकारियों ने उपरोक्त नहरिया की भूमि पर अवैध निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है।

गौरतलब है कि अभी पिछले वर्ष सिंचाई विभाग के द्वारा राजस्व विभाग की टीम के जरिये शहर के डिग्री कॉलेज चौराहा स्थित पेट्रोल पंप के बगल से लेकर नयापुरवा मोहल्ले के अंदर तक तथा सोनिया नगर मोहल्ले में रेलवे पटरी के बगल से सारस चौराहे तक ऐशबाग माईनर की भूमि की पैमाईश करवा कर सीमांकन कराया था,जिसके बाद से सिंचाई विभाग के आलाधिकारियों ने मामले को ठंडे बस्ते में डाल कर मामले से इतिश्री कर ली है। बताया जाता है कि सिंचाई विभाग के द्वारा पैमाईश व सीमांकन तो करवा लिया गया था परन्तु उसके बाद माईनर की सरकारी भूमि को मुक्त कराने के लिए किसी भी तरह का प्रयास नही किया गया है,जिसके फलस्वरूप मनबढ़ अतिक्रमणकारियों ने एक बार फिर उसी ऐशबाग माईनर की भूमि पर अवैध पक्के भवनों का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया है।

बता दें कि डिग्री कॉलेज चौराहा स्थित सिटी कार्ट शॉपिंग मॉल तथा उसके बगल में स्थित एक अन्य व्यावसायिक ईमारत का काफी हिस्सा इसी ऐशबाग माईनर की भूमि पर बना हुआ है,वहीं सिटीकार्ट के सामने से नयापुरवा मोहल्ले को जाने वाला मुख्यमार्ग इसी ऐशबाग माईनर की भूमि से हो कर गुजरता है,सिटी कार्ट के सामने तो लगभग 30 फुट से भी अधिक चौड़ा रास्ता नयापुरवा की तरफ जाता है परन्तु कुछ ही दूरी पर जा कर यही रास्ता लगभग 8 फुट की चौड़ाई में सिमट जाता है,क्योंकि आगे माईनर की पूरी भूमि अवैध कब्जे व अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुकी है,यही स्थिति मनिका रोड स्थित नवीन छात्रावास के बगल स्थित रेलवे पटरी के बगल से लेकर सारस चौराहे के निकट तक की है।

# 29 जुलाई को बाबा बाल्हेश्वर धाम में होगा विशाल भंडारा -रमेश दीक्षित







**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली ।** रघुवीर हॉस्पिटल एवं रघुवीर रोलिंग मिल के चेयरमैन रमेश दीक्षित, व्यवस्थापक शशांक दीक्षित रघुवीर इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज की निदेशक डॉ मोनिका मिश्रा ने बताया कि 29 जुलाई को लालगंज क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक पीठ बाबा बाल्हेश्वर धाम में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। 5 अगस्त को प्रसिद्ध शिव धाम सोहलेश्वर में भंडारा होगा। प्रसिद्ध समाजसेवी रमेश दीक्षित ने लोगों से भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि रघुवीर हॉस्पिटल के संस्थापक समाजसेवी रमेश दीक्षित, शशांक दीक्षित ,निदेशक डॉक्टर मोनिका मिश्रा की बाबा भोलेनाथ मे असीम श्रद्धा है। दीक्षित परिवार की ओर से कई वर्षो से सावन माह में वनखंडेश्वर मंदिर,बाबा बाल्हेश्वर मंदिर और बाबा सोहलेश्वर मंदिर में विशाल भंडारे के आयोजन किए जाते हैं। रमेश दीक्षित के अंदर समाज सेवा कूट-कूट कर भरी है। समाज सेवा के साथ-साथ धार्मिक आयोजनों में भी उनकी अग्रणी भूमिका रहती है। गरीबों की सेवा करने में उन्हें परम अनुभूति मिलती है। रमेश दीक्षित स्वयं कहते हैं कि बाबा भोलेनाथ की कृपा से वह और उनका परिवार समृद्धिशाली है।

रघुवीर इंस्टीट्यूट में विद्यार्थियों को एएनएम ,जीएनएम सहित अन्य मेडिकल पढ़ाई उपलब्ध है। जहां के निकले बच्चे सरकारी तथा प्राइवेट संस्थानों में रोजगार प्राप्त कर अपना जीवकोपार्जन कर रहे हैं। रघुवीर हॉस्पिटल की ओर से ग्रामीण क्षेत्र में कैंप लगाकर निशुल्क प्रशिक्षण और दवाई भी दी जाती है।रमेश दीक्षित ने अपने पैतृक गांव वाजपेई पुर में लोगों को पीने के पानी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

# जनपद सूखाग्रस्त घोषित हो-इं0 वीरेन्द्र यादव

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी रायबरेली द्वारा किसानों की समस्याओं एवं खराब कानून व्यवस्था को लेकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाधिकारी रायबरेली को जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने से पूर्व कलेक्ट्रेट में जिला अध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने कहा कि किसानों की धान की फसल की रोपाई पानी के संकट के कारण बाधित हो रही है बिजली की अंधाधुंध कटौती एवं लो-वोल्टेज के कारण सिंचाई हेतु लगे ट्यूवेल चल नहीं पा रहे है बिजली की लो-वोल्टेज के कारण ट्यूवेल में लगी मोटरें जल रही है नहरों में निर्धारित मांग से बहुत कम पानी की आपूर्ति हो रही है बरसात कम होने के कारण जनपद सूखे की चपेट में है। जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन के माध्यम से मांग किया कि धान की फसल रोपाई हेतु किसानों की सिंचाई के लिए निर्बाध रूप से कम से कम 18 घण्टे बिजली की आपूर्ति की जाये एवं लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान तत्काल कराया जाय। नहरों में मांग के अनुरूप किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाय। इस अवसर पर विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि जनपद की पुलिस निरंकुश है कानून व्यवस्था ध्वस्त है अपराधों को छिपाने एवं अपराधियों का साथ देने का काम पुलिस कर रही उन्होनें कहा कि चुरूवा ग्राम में महिला हत्याकांड में संलिप्त दोषी पुलिस कर्मियों की जांच सी0बी0आई0 से करायी जाये। विधायक राहुल लोधी ने कहा कि क्षतिग्रस्त रायबरेली से गुरूबक्शगंज-खीरों-सेमरी मार्ग पर आये दिन दुर्घटनायें हो रही है अविलम्ब इस मार्ग का नवनिर्माण कराया जाय। साधन सहकारी समितियों में खाद् उपलब्ध करायी जाय। ज्ञापन के माध्यम से समाजवादी पार्टी ने जनपद को सूखाग्रस्त घोषित किए जाने की भी मांग किया। इस अवसर पर आर0पी0 यादव, चौ0 सुरेश कुमार निर्मल, मो0 अरशद खान, शशिकांत शर्मा, ओ0पी0 यादव, आफ्ताब अहमद, रज्जू खान, पुत्तन सिंह यादव, योगेश्वर पटेल, कृपाशंकर यादव, बृजेन्द्र चौधरी, जगदेव यादव, धर्मेन्द्र धाकड़, राजेश मौर्य, डा0 जावेद, शकील मंसूरी, संदीप शुक्ला, नियक सोनकर, उमाशंकर चौधरी, आशीष पटेल, आशीष यादव, आलोक यादव, देशराम यादव, रामनरेश यादव, मिश्री लाल चौधरी, सुरेश पटेल, मानू पटेल, समर बहादुर, धनीराम मौर्य, डॉ0 सन्तलाल, विनय यादव, शुभम लोहिया, फहीम अहमद, नीलेश यादव, रमेश मौर्य, जे0पी0 यादव, वीरेन्द्र बहादुर, अविनाश यादव, भूपेन्द्र सिंह, पवन पटेल, राम किशोर पुजारी, रामू अनाडी, नसीम अहमद, विनय मलिक, रेहान कजियाना, अरशद सुल्तान, हसनैन, आदर्श यादव, शिवदुलारी यादव, ममता सिंह, उर्मिला सिंह, पूनम मौर्य, चन्द्रप्रकाश यादव, शिवनरायन सोनकर, मो0 मुशीर अहमद, घनश्याम यादव, शिवबरन यादव, अरविन्द चौधरी, विश्वास द्विवेदी, आफ्ताब आलम, देशराज यादव, फिरोज अहमद, राम किशोर पुजारी, इम्तियाज अहमद, मो0 कैफ फैजी, दिनेश केसरूवा, पवन पासवान आदि लोग उपस्थित रहे।



# बैसवारा महाविद्यालय में एन .सी .सी. के छात्र-छात्राओं द्वारा बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** बैसवारा महाविद्यालय में बुधवार को एनसीसी के छात्र छात्राओं द्वारा वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव की नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्राचार्य महोदया ने सभी छात्र छात्राओं को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया ।

प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए प्रेरित किया।महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने वृक्षारोपण के कार्यक्रम में बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य शीला श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत आम ,जामुन, पीपल,पाकड़, बाटलब्रश,नीम आदि विभिन्न प्रकार के पौधों का पौधारोपण विस्तृत रूप से किया गया ।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी, डॉ. रमेश चंद्र यादव ने आगे जानकारी देते हुए बताया इस समय महाविद्यालय में बी. ए. , बीएससी तथा एम. ए. प्रथम वर्ष, प्रथम सेमेस्टर 2024 -25 में प्रवेश का कार्य निरंतर चल रहा है । बी .ए .तृतीय सेमेस्टर एवं पंचम सेमेस्टर की कक्षाओं का संचालन सुचारु रूप से महाविद्यालय में चल रहा है । इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक, कर्मचारी, छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# जोखिम समूह के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व तरुण सक्सेना, जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशानिर्देशन व अपर जिला जजध्सचिव अनुपम शौर्य के मार्गदर्शन में समाज की मुख्य धारा से कटे हुए उच्च जोखिम समूह को विधिक व सामाजिक रुप से जागरुक किये जाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली व टी0सी0आई0 फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में एकता सदन गुलाब रोड रायबरेली में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित उच्च जोखिम समूह के लोगों को उनके विधिक अधिकार विषय पर जानकारी प्रदान की गयी।




शिविर में बताया गया कि उच्च जोखिम समूह को भी बिना किसी भेदभाव के गरिमापूर्ण जीवन जीने का अपरिहार्य अधिकार है। उनको भी अवसर की समता प्रदान करते हुए समाज में सम्मानपूर्वक स्थान प्राप्त करने का अधिकार है। स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव के द्वारा बताया गया कि यौनकर्मी समुदाय को किसी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर टी0सी0आई0 फाउडेशन की जिला कोआर्डिनेटर तमन्ना आफरीन, काउंन्सलर गीता श्रीवास्तव, अनु, दीपा श्रीवास्तव, पूनम ओ0आर0डब्ल्यू अरविन्द तथा स्वयं सेवक अभिषेक भारद्वाज, खुशबू भारती, उच्च जोखिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

# जगतपुर में आरएसएम के ब्लॉक अध्यक्ष बने भानु प्रताप सिंह

## निर्वाचन में महामंत्री बने विनोद पाल, कार्यकारी अध्यक्ष बने बृजेश प्रजापति




**राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जगतपुर में कराया चुनाव, आशुतोष मौर्य बने सरंक्षक**

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** शिक्षकों के हित में कार्य करने वाले राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जगतपुर कार्यकारिणी का गठन किया गया। जगतपुर ब्लॉक में कार्यकारिणी के हुए चुनाव में भानु प्रताप सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया है। संरक्षक आशुतोष मौर्य को घोषित किया गया। वहीं, महामंत्री विनोद पाल, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश प्रजापति को चुना गया।

जगतपुर ब्लॉक की कार्यकारिणी का चुनाव जिला कोषाध्यक्ष राजेश मौर्य, डलमऊ के ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह, संदीप सिंह निर्वाचन अधिकारी और जिला मंत्री वेद प्रकाश यादव की देखरेख में संपन्न हुआ।

जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह ने बताया कि जगतपुर ब्लॉक कार्यकारिणी में दिनेश पाल को सर्वसम्मति से संगठन मंत्री, सुनील मिश्रा को कोषाध्यक्ष, शिवप्रसाद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रदीप कुमार को मीडिया प्रभारी, प्रचार मंत्री लोकेश, नरेंद्र कुमार व शेर बहादुर, संयुक्त महामंत्री के पद पर रमाकांत द्विवेदी, चंचल शाह, शिवमोहन मौर्य व सत्येंद्र यादव को सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया।

ब्लॉक इकाई में उपाध्यक्ष सर्वेश, प्रमोद शुक्ला, राजीव जयंत, सुमन देवी ब्लॉक मंत्री के पद विजय सिंह, विक्रम चौहान, मो. आरिफ रेखा चौहान के पद पर निर्वाचित हुए।इस अवसर पर रितु सोनकर, वंदना पांडेय, जय कुमारी, वर्षा शाहवानी, कामनी ओझा, रामावती, सुमन देवी, विजय सिंह, पंकज श्रीवास्तव, विजय सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थिति रहे।

# बिजली व्यवस्था ध्वस्त, अधिशासी अभियंता और एसडीओ की लापरवाही के चलते बिजली उपभोक्ता त्रस्त

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता और एसडीओ के द्वारा ध्यान न दिए जाने के चलते लालगंज ग्रामीण क्षेत्र की बिजली व्यवस्था ध्वस्त है। लाइनों की खराबी और ब्रेकडाउन सहित ट्रिपिंग के चलते लोगों को 18 घंटे क्या 10 घंटे भी बिजली नहीं मिल पा रही है। मंगलवार रात 8 बजे बिजली चली गई थी। रात में 2 घंटे बिजली रही उसके बाद फिर बिजली ब्रेकडाउन हो गई। बुधवार को 12 बजे दिन में बिजली आने से लोगों को राहत मिली। बदहाल बिजली व्यवस्था से आजिज आकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधान राज किशोर सिंह बघेल ने मामले की शिकायत ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश से की है।

उन्होंने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि जनपद रायबरेली के लालगंज 33ध्11 केवी पावर हाउस से पोषित मधुकरपुर फीडर सहित अन्य ग्रामीण फीडरो में बिजली व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई है। विद्युत विभाग द्वारा फीडर में अनुरक्षण का कार्य नहीं करने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहती हैं। जनपद रायबरेली के लालगंज ग्रामीण पावर हाउस के अधिकारी योगी सरकार की किरकिरी करा रहे हैं। जनता पर सरकार के प्रति नकारात्मक असर पड़ रहा है। उनका कहना है की सबसे अधिक खराब हाल मधुकरपुर फीडर का है। अगर मधुकरपुर फीडर पर पेड़ की डालों की कटाई अनुरक्षण का कार्य समय पर कराया जाता तो आज मधुकरपुर फीडर 24 घंटे बंद न रहता। वही पावर हाउस के कर्मचारियों ने बताया कि मंगलवार शाम डलमऊ से इनकमिंग खराब हो गई थी। रात 12 बजे ठीक हुई। उसके बाद बरसात होने लगी, लाइन में फॉल्ट आने के कारण बेहटा फीडर की पैनल ट्राली जल गई जिसके चलते बिजली व्यवस्था बाधित रही।इसके अलावा सुशील मिश्रा,चंदन वाजपेई,उमेश सिंह,कीर्ति मनोहर शुक्ला, चंदन त्रिवेदी आदि लोगों ने भी बदहाल बिजली व्यवस्था के प्रति आक्रोश सताया है।



# बजट 2024-25 मोदी का मजदूर वर्ग के साथ विश्वासघात

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) प्रदेश अध्यक्ष विजय विद्रोही ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अपने चरित्र के अनुरूप मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में लोकसभा चुनावों के जनादेश को अहंकारपूर्वक ठुकराते हुए श्रमिकों के खिलाफ और कॉरपोरेट्स के पक्ष में वही विनाशकारी नीतियां अपना रही है।बजट को बहुत निराशाजनक बताते हुए उन्होंने कहा कि कामकाजी लोगों की चिंताओं और दुर्दशा को पूरी तरह नजरअंदाज किया है। इन चिंताओं को मेहनतकश वर्ग और कर्मचारियों ने विभिन्न संघर्षों और साथ ही हाल के चुनावों के माध्यम से उठाया था। इन्हें बजट पूर्व परामर्श बैठक में वित्त मंत्री को केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त ज्ञापन में भी व्यक्त किया गया था। जबकि बजट बढ़ती असमानता की खतरनाक स्थिति को संबोधित नहीं करता है, यह अमीरों और शक्तिशाली लोगों के हितों को पूरा करना जारी रखता है। यह कॉर्पोरेट नियंत्रण और अर्थव्यवस्था पर प्रभुत्व को ष्विकसित भारतष् के नाम पर और अधिक कसता है। जहां विदेशी कॉरपोरेट्स पर कर को 40ः से घटाकर 35ः कर दिया गया है, यह बजट पहले से ही बेहद कम कॉरपोरेट टैक्स को बढ़ाने का कोई प्रयास नहीं करता है, जबकि कॉरपोरेट टैक्स को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर बढ़ाने की लगातार मांग की जा रही है।देश के श्रमिक वर्ग का विशाल बहुमत असंगठित श्रमिकों को इस बजट में उनके दुखद जीवन से कोई राहत नहीं मिली। पिछले मौकों की तरह, इस बजट में भी मनरेगा, एनएचएम कर्मी ,आशा , मिड-डे मील, आईसीडीएस जैसी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए बजटीय आवंटन नहीं बढ़ाया गया है, जिससे श्रमिकों की पीड़ा और बढ़ गई है।काम. विद्रोही ने कहा कि मोदी शासन के पिछले 10 वर्षों में कामकाजी लोगों के विशाल बहुमत की वास्तविक मजदूरीध्आय में तीव्र गिरावट आई है और सामाजिक सुरक्षा चरमरा गई है, बजट न तो राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने का कोई प्रयास करता है और न ही सामाजिक सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने का। इसके अलावा, बजट बढ़ती खाद्य कीमतों से कोई राहत नहीं देता है, क्योंकि यह देश में मुद्रास्फीति के खतरनाक स्तर को मान्यता नहीं देता है। बजट सरकारी विभागों तक में भी बड़े पैमाने पर जारी और अंधाधुंध ठेकाकरण को कम करने का कोई प्रयास नहीं करता है। बेरोजगारी की खतरनाक स्थिति से मजबूर होकर, बजट इसके बारे में बात करता है, लेकिन केवल मात्र बयानबाजी के रूप में क्योंकि यह नौकरियां पैदा करने के लिए किसी भी रोडमैप द्वारा समर्थित नहीं है। बजट केवल मुद्रा ऋण और अन्य जैसी प्रोत्साहन योजनाएं प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह बहुत हास्यास्पद है कि महिला सशक्तिकरण की ऊंची बातों के बावजूद, बजट महिला श्रमिकों के मुद्दों को संबोधित नहीं करता है, जिसमें कार्यबल में महिला भागीदारी की घटती दर भी शामिल है, सिवाय कुछ दिखावटी प्रस्तावों के जैसे पीपीपी मॉडल में महिला छात्रावास और क्रेच खोलना। ऐक्टू अध्यक्ष ने अंत में कहा कृषि मोर्चे पर, बजट किसान आंदोलन की एमएसपी की कानूनी गारंटी और ऋण माफी की सबसे महत्वपूर्ण मांगों को नजरअंदाज करता है, वहीं डिजिटल कृषि योजना और जीएम फसलों को बढ़ावा देकर कृषि में कॉर्पोरेट प्रवेश को और आसान बनाता है।

इसी प्रकार, सार्वजनिक स्वास्थ्य, शिक्षा और आम लोगों के अन्य बुनियादी मुद्दों को भी नजरअंदाज किया गया है।इस बजट का विरोध किया जाना चाहिए क्योंकि यह देश के कामकाजी लोगों की दुर्दशा और पीड़ा के साथ विश्वासघात और उपहास है।

# आरके स्कूल ऑफ नर्सिंग में शैक्षणिक प्रतियोगिता आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी (प्रयागराज)।** लेप्रोसी मिशन ट्रस्ट इंडिया के नैनी के स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर ट्रस्ट द्वारा आर0के0 स्कूल आफ नर्सिंग, नैनी, प्रयागराज में शैक्षणिक प्रतियोगिता रंगोली, पोस्टर, निबन्ध, कला एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन कराया गया जिसमें आदि रंगोली में प्रथम पुरस्कार तन्वी एवं वैष्णवी जी.एन.एम. प्रथम वर्ष, द्वितीय पुरस्कार आरती एवं शिवाम जी.एन.एम. द्वितीय वर्ष एवं तृतीय पुरस्कार प्रीती एवं दीपा ए.एन.एम. प्रथम वर्ष को प्रदान किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पूनम नामदेव जी.एन.एम. तृतीय वर्ष, द्वितीय पुरस्कार रिया मोदनवाल जी.एन.एम. द्वितीय वर्ष एवं तृतीय पुरस्कार सपना कश्यप ए.एन.एम. प्रथम वर्ष को प्राप्त हुआ। निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सुनैना देवी जी.एन.एम. तृतीय वर्ष, द्वितीय पुरस्कार अंजली विश्वकर्मा जी.एन.एम. तृतीय वर्ष एवं तृतीय पुरस्कार कामिनी पाण्डेय जी.एन.एम. तृतीय वर्ष को प्राप्त हुआ। कला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अटल भरद्वाज जी.एन.एम. प्रथम वर्ष, द्वितीय पुरस्कार पूनम नामदेव जी.एन.एम. तृतीय वर्ष एवं तृतीय पुरस्कार दीक्षा सिंह जी.एन.एम. तृतीय वर्ष को प्राप्त हुआ। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार ग्रुप डी, द्वितीय पुरस्कार ग्रुप सी एवं तृतीय पुरस्कार ग्रुप ए को प्राप्त हुआ। आयोजक मंडल में प्रो0 श्रीधर अरुमुगम (प्राचार्य टी.एल.एम. फीजियोथेरेपी) श्री अल्बर्ट अंशुमन दानी (नर्सिंग इंचार्ज) श्रीमती स्वप्ना कुमारी (फीजियोथेरेपिस्ट) श्रीमती मीनाक्षी गुप्ता (फार्मासिस्ट) सुश्री शिवांगी राठौर (बी.एस.सी. नर्स) शामिल रहीं। उक्त कार्यक्रम उपस्थित संस्था के चेयरमैन डॉ. आशुतोष त्रिपाठी जी ने सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मिशन द्वारा चलाया जा रहा इस प्रकार का जागरूकता कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है और समय समय पर हमारी छात्राओं द्वारा भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जाते हैं जिसमें लेप्रोसी जागरूकता भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इस रोग के बारे में भारत देश में बहुत सारी भ्रांतियां फैली हुई हैं लोग चिकित्सक के पास न जाकर पहले स्वयं इलाज करते हैं या कोई और विधि पर विश्वास करके इलाज कराते हैं जिसका परिणाम यह होता है कि रोग गंभीर अवस्था तक पहुंच जाता है यह सब जागरूकता के अभाव में ही होता है इसलिये आज आवश्यकता है कि गांव-गांव जाकर इस प्रकार का जागरूकता कार्यक्रम कराया जाय। अतिथियों का स्वागत प्राचार्या के0एच0 विक्टोरिया देवी द्वारा पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में रानू श्रीवास, प्रियंका पुष्कर, श्वेता सिंह, शिवानी सिंह, सुषमा साकेत, मंदाकिनी वर्मा, शुभम कुमार, निभा मसीह एवं सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## दो दिवसीय ओम नमः शिवाय का जाप एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम संपन्न

**नैनी ( प्रयागराज )।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संकट मोचन मंदिर त्रिवेणी नगर (मुक्ता विहार पार्क) में दो दिवसीय 23 एवं 24 जुलाई को ओम नमः शिवाय का जाप एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम विधि-विधान पूर्वक संपन्न हुआ। यह जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी पंडित राजेश मिश्रा, गिरिराज शर्मा व रेनू शर्मा ने देते हुए बताया, कि इस मंदिर में विगत 24 वर्षों से जन सहयोग लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। मंगलवार से 24 घंटे का ओम नमः शिवाय का जाप एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम किया गया। इस दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं के द्वारा भजन, कीर्तन, हवन एवं पूजन -अर्चन किया गया। बुधवार को प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मंदिर में ओम नमः शिवाय का जाप एवं घंटा घड़ियाल की आवाज से समूचा क्षेत्र गुंजायमान रहा। इस मौके पर मोहल्ले के तमाम महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे शामिल रहे।

# डीएपी न मिलने से दर-दर भटक रहे किसान परेशान




**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** धान की रोपाई से पूर्व खेतों में डीएपी खाद डालने के लिए किसान दर - दर भटक रहे हैं । समितियों में डीएपी अनुपलब्धता के चलते मजबूरन किसानों को महंगे दामों में खुले बाजार से खरीदना पड़ रहा है । कोरांव विकास खंड में लेड़ियारी, बड़ोखर, बिरहा, लेड़ियारी, पूरादत्तु , तथा खीरी क्षेत्र के इटवा, पिपरांव, खूटां, पथरा, सुजनी, सहित आसपास के क्षेत्र में साधन सहकारी समितियां स्थापित है लेकिन खाद के अभाव में किसान परेशान नजर दिख रहे हैं । इस बाबत में आशुतोष कुमार द्विवेदी, विजय कुमार भुर्तिया, शशि तिवारी, तेज बहादुर सिंह, सुशील कुमार सिंह, राजेन्द्र प्रसाद केशरी, सुधा त्रिपाठी, सुनील कुमार कुशवाहा, शंकर दयाल तिवारी, विनोद कुमार दुबे आदि किसानों का कहना है कि इन समितियों में पिछले दो माह से डीएपी का टोटा है । किसानों का कहना है कि धान की रोपाई से पहले डीएपी की आवश्यकता होती है । ऐसे समय पर अधिकांश समितियों में डीएपी नदारद हैं । अलबत्ता अभी जिन उर्वरकों की जरूरत नहीं है । वह खाद सभी समितियों में उपलब्ध बताई जाती है । बाजार से कम कीमत में मिलने की लालच में किसान समितियों की परिक्रमा कर रहे हैं । लेकिन यहां डीएपी की कोई सुनवाई न होने से मजबूरी बनी हुई हैं । किसानों का कहना है जब - जब खेती किसानी का समय होता है । तब समितियों से सिर्फ़ मायूसी ही मिलती है । इस संबंध में समिति के सचिव अश्विनी कुमार मिश्रा ने बताया कि डीएपी और यूरिया के लिए विभाग को लिखित प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद अभी तक उपलब्ध नहीं है । जबकि दो गाड़ी का पैसा भी जमा किया जा चुका है । वही खूटां समिति के सचिव आदर्श मिश्रा ने बताया कि हमारे यहाँ यूरिया तो है लेकिन डीएपी नहीं आ रहा है । जबकि इस समय किसानों का डिमांड ज्यादा मांग है । समिति के अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह ने बताया कि विभाग के अधिकारियों को किसानों की समस्याओं के बारे मे कई बार अवगत कराया गया है । फिर भी अभी तक खाद नहीं भेजा गया ।

# छोटा चाका में बुनियादी सुविधाओं का अभाव, लोग परेशान

**नैनी( प्रयागराज )।** क्षेत्र के छोटा चाका में विभिन्न समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में यहां के लोगों को काफी दिक्कतें महसूस हो रही है। बताया जाता है, कि छोटा चाका रेलवे लाइन के किनारे बसा हुआ है। यहां जाने के लिए विगत कई साल पहले सड़क का निर्माण कराया गया था। जो इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। इस पर जगह जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। इस गांव में बनी नालियों की नियमित सफाई न कराए जाने से बजबजा रही है। नालियां पूरी तरीके से कूड़ा करकट से पट चुका है। गांव में सफाई व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। नालियों का पानी सड़कों पर बहता रहता है । सफाई कर्मियों का कहीं भी अता पता नहीं रहता है। सफाई के अभाव में जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है। जिससे उठ रही दुर्गंध से यहां का वातावरण काफी प्रदूषित हो गया है। लोगों को शुद्ध हवा मिलना मुश्किल हो गया है। गांव वालों का कहना है, कि इस गांव में विगत कई साल पहले जल निगम विभाग द्वारा जो भी हैंडपंप लगाए गए थे। वह मरम्मत के अभाव में मात्र शो पीस बनकर खड़े हैं। इस गांव में बिजली की व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। बिजली कब आएगी, और कब जाएगी, इसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल हो गया है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है, कि इस गांव में रीवा रोड मामा भांजे का तालाब पावर हाउस से बिजली की सप्लाई की जाती है। पावर हाउस पर तैनात विद्युत कर्मियों की मनमानी तानाशाही रवैया के चलते आए दिन बिजली काट दी जाती है। बिजली कटने से मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ जाता है। जिसके चलते लोगों को नींद हराम हो जाती है । बिजली के खंभों पर खींचे गए तार काफी जर्जर हो चुके हैं, जो आए दिन टूट कर जमीन पर गिर जाते हैं। इस गांव में जल निगम ट्यूबेल के द्वारा पानी की सप्लाई की जाती है। जल निगम कर्मचारियों की लापरवाही के चलते आए दिन यहां के लोगों को पेयजल की समस्या से भी जूझना पड़ता है।

# स्कूल की मान्यता नही, बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** विकास खंड कोरांव के विभिन्न कस्बों मे बिना मान्यता के तमाम विद्यालय संचालित है। ऐसे विद्यालयों मे अभिभावकों से मनमानी फीस के नाम वसूला जा रहा है । हिंदी व अंग्रेजी शिक्षा के नाम पर पढ़ने वाले बच्चों को अपने वास्तविक विद्यालय का नाम तक पता नही रहता है ।

लेड़ियारी, खीरी, देईबांध, किहुंनी कला , नीबी , खजूरी , गोबरा, रतेवरा के अलावा बीआरसी के नाक के नीचे दर्जनों बिना मान्यता संचालित विद्यालय के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है । इसी प्रकार पटेहरा के इंग्लिश मीडियम से मान्यता की दावा करने वाले विद्यालय के अलावा लालतारा, चांद, कटरा, खूंटा, सिरहिर, खपटिहा, टौंगा, गोबरा आदि स्थानों पर विद्यालय संचालित हो रहे है । यहां पढ़ने वाले बच्चों का नाम किसी अन्य विद्यालय मे लिखाया जाता है । अभिभावकों को गुमराह कर विद्यालय मे प्रवेश कराया जा रहा है । बेसिक शिक्षा परिषद और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से कुछ मान्यता प्राप्त विद्यालय सीबीआई से मान्यता प्राप्त का प्रचार-प्रसार करते है ।

लेड़ियारी क्षेत्र मे ऐसे दर्जनों विद्यालय संचालित है । विद्यालयों मे अभिभावकों से मनमानी फीस के नाम पर शुल्क वसूला जाता है । जबकि विद्यालय परिसर मे कोई सुविधा नही रहती और स्कूल वैन मे छमता से अधिक संख्या मे बच्चों को बैठाया जाता है । प्राथमिक शिक्षा के नोडल लालमनि गुप्ता ने बताया कि जो भी विद्यालय मान्यता प्राप्त नही है । उन्हें अविलंब मान्यता मिलनी चाहिए । अगर मान्यता के मानकों को जो विद्यालय पूरा नही कर पा रहे है. तो ऐसे शिक्षण संस्थान बंद होनी चाहिए ।

अभिभावक भी सजग होकर बच्चों का दाखिला कराएं ।

खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि अभियान चलाया जा रहा है । क्षेत्र के विद्यालयों की भी जांच की जा रही है, जो भी विद्यालय बिना मान्यता के मिलेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।

# बोगवा गली मोहल्ले में गंदगी का साम्राज्य, बीमारी फैलने की संभावना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी( प्रयागराज )।** नैनी क्षेत्र के बोगवा की गली मोहल्ले में बनी नालियों की नियमित सफाई के न कराए जाने से जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है । जिससे लोगों में तमाम तरह की बीमारी फैलने की संभावना बनी हुई है।बताया जाता है ,कि नैनी के बोगवा की गली नैनी बाजार से सटकर बसा हुआ है। इस मोहल्ले की आबादी हजारों की है। यह मोहल्ला नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आता है । इस मोहल्ले में बनी नालियों की नियमित सफाई न कराए जाने से जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है। कूड़े से नालिया पूरी तरीके से जाम हो गई है। जिसके चलते मोहल्ले में गंदगी का साम्राज्य है। नालियों में पड़े कूड़ा करकट से क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। मोहल्ले में गंदगी का अंबार है। गंदगी के चलते यहां का वातावरण काफी प्रदूषित हो गया है । मच्छरों की भरमार हो गई है। नालियों से उठ रही दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो गया है । भीषण गंदगी के चलते क्षेत्र में तमाम तरह की महामारी फैलने की संभावनाएं दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा विभागीय अधिकारियों को कई बार दी गई , बावजूद इसके उनके द्वारा इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है । जिससे लोगों में उनके प्रति जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

# स्वदेशी खेलों और उनके महत्व की दी गई जानकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया।** प्राथमिक विद्यालय तुलापर में बुधवार को शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को खेल दिवस मनाया गया।जिसमें स्थानीय एवं स्वदेशी खेलों और उनके महत्व के बारे जानकारी दी गई। इस मौके पर खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें रस्सी कूद, विष अमृत, खो खो, कबड्डी आदि खेलों का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापिका रेनू पांडेय ने खेल में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्रओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाध्यापिका रेनू पांडेय ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार परिषदीय विद्यालयों में 22 जुलाई से 28 जुलाई तक शिक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक दिन एक विशिष्ट विषय के लिए समर्पित गतिविधि का आयोजन किया जाना है। जिसके तहत 24 जुलाई को खेल दिवस मनाया गया

## 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**नैनी (प्रयागराज )।** न्यायालय की निर्धारित तारीखों पर हाजिर न होने पर औद्योगिक थाने की पुलिस ने दो वारंटी को पकड़कर कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया। औद्योगिक क्षेत्र थाने की पुलिस के अनुसार बबलू उर्फ दुष्यंत कुमार पुत्र सूरजलाल निवासी मुंगारी और हिंछलाल कोल पुत्र मोतीलाल उर्फ चोरई निवासी मुंगारी जो, कि न्यायालय की निर्धारित तारीखों पर हाजिर नहीं होते रहे। जिन्हें पकड़ कर कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया गया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए बबलू उर्फ दुष्यंत के खिलाफ धारा 384 एवं हिंछलाल कोल के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत रहे।

# धान की रोपाई में आई तेजी, कुनबे संघ जुटे किसान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** क्षेत्र में इस समय किसान धान की खेती करने में लगे हैं । खेत की पलेवा तो कुछ किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दिया है । तो कुछ खेत की तैयारी में लगे हैं । जो जल्दी ही कार्य पूरा कर लेगे । गांव में निजी संसाधनों के माध्यम से रोपाई की जा रही है । कुछ किसानों के पास स्यमं के संसाधन है तो अन्य किसान अगल-बगल उन्ही से सिंचाई का पानी लेकर अपना कार्य कर रहे हैं। नहरों में दो दिन तक चला वह भी पानी नाम मात्र का चल रहा है । लेकिन खेत तक नहीं पहुंच पाया। इसलिए जिन किसानों के खेत नहर के पास है । वे पंपिग सेट लगाकर सिंचाई कर खेतों में पानी भरकर रोपाई कर रहे हैं।



लेड़ियारी एवम आसपास के गांवों में किसान अधिकतर हाइब्रिड धान पैदा करते हैं । जिनमें कावेरी, मोटी मसूरी, गोल्ड, पायनियर आदि किस्में आती हैं । कुछ लोग घर में खाने के लिए सोनाचूर, सोनम, बासमती, पतले किस्म के धान लगाते हैं । इस क्षेत्र में बहुत व्यापक पैमाने पर धान की खेती है । इस यमुनापार के लापर क्षेत्र में धान का कटोरा कहा जाता है । जहां असिंचित भूमि होने पर धान की खेती नहीं होती हैं । इसलिए क्षेत्र के मजदूरों द्वारा दूसरे किसानों के यहाँ रोपाई का काम पूरा कर लिया जाता है ।

# वृक्ष धरा का आभूषण, दूर करेगा प्रदूषण- वेदिका फाउंडेशन

**नैनी(प्रयागराज)।** सामाजिक सेवा को समर्पित दल वेदिका फाउंडेशन ने सावन के दिनों में अधिकतम वृक्ष लगाने की मुहिम उठायी है इसी सिलसिले में वेदिका फाउंडेशन के डायरेक्टर सुधांशु शर्मा , डेप्युटी डायरेक्टर श्रीकान्त शाह एवं सेक्रेटरी प्रदीप झा अपनी टीम के साथ नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र प्रयागराज पहुँचे और वृहद् वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया ।उसी कड़ीं में आज ऐन आई टी सी के संरक्षण महेंद्र अरोरा ने वृक्षारोपण की शुरुआत करते हुए कहा कि वृक्षारोपण करना हमारी जिम्मेदारी है,पर्यावरण को बचाने के लिए यह आवश्यक है।वृक्ष हमें ऑक्सीजन देते हैं और वायु प्रदूषण कम करते हैं,आओ हम वृक्षारोपण करें और प्रकृति को बचाएं। वेदिका फाउंडेशन के संस्थापक ने भी जनमानस तक यही



बात पहुँचाने की कोशिश की कि पेड़ केवल पर्यावरण को शुद्ध ही नहीं करते अपितु उसे सुंदर भी बनाते है, हमारे आस पास जितनी हरियाली रहेगी हम उतने ही आशावादी और सकारात्मक रहेंगे। इस वृक्षारोपण के कार्यक्रम में आस पास की ग्रामीण लोगो ने भी बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया और पेड़ों की देखभाल के लिए समाज को भरोसा दिलाया ।

इस परियोजना के लिए एनजीओ ने स्थानीय समुदाय और सरकारी संगठनों के साथ सहयोग किया है। एनजीओ की यह पहल सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# शिव की आराधना से व्यक्ति अकाल मृत्यु पर विजय प्राप्त कर लेता है- सतानंद जी महाराज

## मंगल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ की गई श्री शिव महापुराण कथा एवं रुद्राभिषेक आयोजन

**प्रयागराज।** कर्तव्य पथ परिवार के तत्वाधान में मुंशी राम प्रसाद की बगिया नारायण वाटिका में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ मंगल कलश यात्रा के साथ की गई।

कथा के प्रथम दिवस पर आचार्य सतानंद महाराज ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि श्री शिव महापुराण की कथा समाज को और राष्ट्र को जोड़ने का काम करती है। बिना किसी भेदभाव के भगवान शिव अपने भक्तों पर कृपा बरसाते हैं। उन्होंने कहा कि श्री शिव महापुराण की कथा कलिकाल में मनुष्य को भवसागर से पार उतारने वाली कथा है। कोई भी व्यक्ति भगवान शिव की कथा पूरी विधि विधान के अनुसार करता है तो वह व्यक्ति अकाल मृत्यु पर विजय प्राप्त कर लेता है।



इसके पूर्व पूरी विधि विधान के अनुसार सनातन धर्म की परंपरा निभाते हुए जगत के कल्याण के लिए मंगल कलश यात्रा निकाली गई। जो हटिया पुलिस बूथ चौराहा, मुट्ठीगंज बड़ा चौराहा, मोतीगंज छोटा चौराहा, सालिकगंज चौराहा से होते हुए कार्यक्रम स्थल नारायण वाटिका में आकर विश्राम लिया।

इस अवसर कुमार नारायण, सतीश चंद्र केसरवानी, मोहित केसरवानी, राम जी केसरवानी, शौर्य मिश्रा, साधना चतुर्वेदी, सपना आर्या, उर्मिला केसरवानी,क्षविजय वैश्य, राजेश केसरवानी, पार्षद नीरज गुप्ता , शैलेंद्र गुप्ता, सांई बाबा, पिंटू कुमार, अभिलाष केसरवानी, शत्रुघ्न जायसवाल, अजय अग्रहरि, सुमित जायसवाल, आशा केसरवानी, उषा केसरवानी, धीरेंद्र चतुर्वेदी आदि सैकड़ो महिलाएं मंगल कलश यात्रा में शामिल रहीं।

# उमरी में किसान सभा का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सहसो ।** इफको फूलपुर द्वारा बुधवार को नैनो क्लस्टर ग्राम उमरी में उससे संबंधित 5 ग्राम के किसानों की एक किसान सभा का आयोजन किया गया। किसान सभा में इफको राज्य कार्यालय लखनऊ के उप महाप्रबंधक एस.के. वर्मा जी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में इफको के क्षेत्रीय अधिकारी अक्षय कुमार पांडेय सहित कुल 100 से अधिक किसानों ने हिस्सा लिया। किसान सभा में मुख्य रूप से इफको द्वारा चलाई जा रही नैनो क्लस्टर योजना जिसमें नैनो उर्वरकों के छिड़काव को किसानों के बीच में ज्यादा से ज्यादा प्रचलन में आने के लिए कृषि निवेश, नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी एवं सागरिका तरल पर इफको द्वारा 25 परसेंट का अनुदान एवं इसी के साथ ड्रोन के द्वारा स्प्रे करने पर 100 रुपये प्रति एकड़ का




अनुदान किसानो की सहायता के रूप में दी जा रही है।

श्री वर्मा जी ने किसानों को नैनो उर्वरक एवं सागरिका के इस्तेमाल एवं रासायनिक उर्वरकों के नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी । उन्होंने बताया कि ड्रोन जैसी नई तकनीक का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग कृषि में एक क्रांतिकारी विकल्प के रूप में आगे चलकर के विकसित होगा। इस परियोजना में आसपास के गांव के लगभग 2000 एकड़ कृषि क्षेत्र का चयन किया जा रहा है। जिससे कि एक क्लस्टर के रूप में सभी किसान इस योजना से लाभान्वित हो सके। सभा में किसानों द्वारा पूछे गये प्रश्न एवं उनकी शंकाओं का निराकरण किया गया। इफको के अधिकारियों द्वारा किसानों के खेतों का भी भ्रमण किया गया।

# थानाध्यक्ष की दरियादिली को सलाम, कांवरियों की पैर की सुरक्षा के लिए बिछवाई मैट



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** उतरांव थानाध्यक्ष की दरियादिली देखने को मिली है। उनके नेक कार्य को देखकर लोग प्रशंसा करने से नहीं चूक रहे हैं । आपको बताते चले की क्षेत्र के जगतपुर रेलवे क्रॉसिंग पर पुल का निर्माण किया जा रहा है। कार्य जोरों से प्रगति पर है। निर्माण कार्य की वजह से सड़क ध्वस्त हो चुकी है। जिसकी वजह से गिट्टियां उखड़ चुकी है। सोमवार को सावन लग जाने से इसी कंक्रीट भरे रास्ते से कावडियों का आवागमन शुरू हो गया है। कांवरियों की सुरक्षा हेतु लगी ड्यूटी के दौरान थाना अध्यक्ष ने जब देखा कि कांवरियों के पैर में गिट्टियां चूभ रही है। उन्होंने तत्काल लगभग डेढ़ सौ मीटर मैट को मंगाई और गिट्टियों पर रोलर चलवा कर कावडियों की सुरक्षा के लिए उस पर मैट पिछ्वा दिया। थानाध्यक्ष की दरिया दिली की जगतपुर बाजार वासियों द्वारा जमकर तारीफ की जा रही है। थानाध्यक्ष के इस नेक कार्य की लोग दिल से सलाम कर रहे हैं।

# प्रयागराज में सूखा पड़ने के आसार, किसान चितित, दिनों दिन बढ़ रही महंगाई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** जनपद प्रयागराज में पर्याप्त बरसात न होने से किसान चितित होने लगे हैं। किसानों की मानें तो सूखा पड़ने का आसार बनता दिख रहा है।क्योंकि यदा कदा यत्र तत्र हल्की बरसात हो भी रही है तो खेती पर उसका असर न के बराबर है। उधर जानकारों की मानें तो जनपद में भारी बरसात कई साल से नहीं हो रही है। बड़े गढ्ढे व तालाब कई साल से नहीं भर रहे हैं।उधर पर्याप्त बरसात न होने से सब्जी,धान आदि की फसल सूखती जा रही है। ऐसी दशा में आलू,सब्जी से लेकर हर



खाने पीने की चीजों में बढ़ोत्तरी होने लगी है।दिनों दिन बढ़ती महंगाई से आम जन परेशान हो गए हैं।यही नहीं देवापुर माइनर सहित कई अन्य माइनर में टेल तक पानी भी नहीं पहुंच रहा है।जिससे सिंचाई बाधित हो रही है।चांटी,ऊंचडीह सहित कई गावों में इंडिया मार्का नल पानी देना भी छोड़ चुके है।सरकारी अधिकारी व कर्मचारी तथा जनप्रतिनिधि आम जन की मूलभूत समस्याओं की ओर ध्यान न देकर कमाऊ वाली योजना पर ही काम कर रहे हैं।फिलहाल सरकार व जनप्रतिनिधि समय रहते माइनर में पानी,खराब पड़े हैंडपंप की मरम्मत और बढ़ती महंगाई पर लगाम न लगा सके तो जन मानस में विरोध का उबाल सा आ सकता है।

### गांव के बाजार में सब्जी व किराना की स्थिति ===

| सब्जी | | किराना | |
|---|---|---|---|
| आलू = | 35 रूपए किलोग्राम | लहसुन= | 200 रूपए किलोग्राम |
| अरुई = | 50 रूपए किलोग्राम | चीनी= | 44 रूपए किलोग्राम |
| परवर = | 60 रूपए किलोग्राम | गुड= | 55 रूपए किलोग्राम |
| करैला= | 50 रूपए किलोग्राम | सरसो का तेल= | 145 रूपए |
| प्याज= | 40 रूपए किलोग्राम | अरहर डाल= | 165 रूपए |
| अदरख= | 200 रूपए किलोग्राम | सिंघाड़ा आटा= | 170 रूपए |

# तहसील के बगल खाली पड़ी जमीन से हटा अवैध कब्जा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** दो दिन पूर्व फूलपुर तहसील के अधिवक्ता संघ अध्यक्ष शिवपूजन तिवारी द्वारा अपनी टीम तथा अन्य अधिवक्ता गण के साथ एसडीएम कोर्ट के सामने धरना प्रदर्शन कर तहसील परिसर से साइकिल स्टैंड बगल की खाली पड़ी भूमि पर ले जाने के लिए दबाव बनाया। जिसे एसडीएम तपन मिश्रा ने अवैध कब्जा धारकों को हटाकर साइकिल स्टैंड प्लाट खाली कराने का आश्वासन दिया। जिसे बीती शाम उन्होंने जेसीबी मंगवा कर अवैध कब्जे हटवा दिए। इससे दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। इसी प्रकार पटटी दुकानदारों जो होजरी बेचने का काम करते थे सभी को हटवा कर ही दम लिए। बुधवार को जेसीबी से खाली पड़ी जमीन को बराबर करवा कर स्टैंड की व्यवस्था वही कर दी जाएगी। तहसील में आने वाले अधिकारियों वादकारियों अधिवक्ताओं को बड़ी राहत मिल जाएगी। लोगों का कहना है कि बहुत से अधिकारी आए गए परंतु तपन मिश्रा जैसी दमदारी नहीं दिखा सके।



# बजट को लेकर सदन के बाहर और अंदर विपक्ष का हंगामा

## • विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा से वॉकआउट किया,बजट को बताया भेदभावपूर्ण




**नई दिल्ली ,(आरएनएस)।** 23 जुलाई को वित् मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट को इंडिया गठबंधन ने कुर्सी बचाओ बजट और भेदभावपूर्ण बजट बताया है। संसद की कार्यवाही शुरू होते ही संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने जोरदार हंगामा करते हुए नारेबाजी की,विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा से वॉकआउट किया।संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी सांसदों ने प्रदर्शन किया. इसमें सोनिया, राहुल गांधी और अखिलेश यादव भी शामिल हुए। कांग्रेस ने ट्वीट कर लिखा मोदी सरकार का ये बजट भारत के संघीय ढांचे के खिलाफ है।इस बजट में कई राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है।इसी अन्याय के खिलाफ इंडिया गठबंधन के नेताओं ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।हमारी ये लड़ाई सड़क से संसद तक जारी रहेगी।कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, यह बजट सिर्फ अपने सहयोगियों को संतुष्ट करने के लिए है... उन्होंने किसी को कुछ नहीं दिया।सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, समर्थन मूल्य किसान को ना देकर गठबंधन के साथियों को दे रहे हैं...उत्तर प्रदेश को बड़े सपने दिखाए थे, क्या मिला उत्तर प्रदेश को? डबल इंजन की सरकार है तो डबल लाभ मिलना चाहिए था, दिल्ली का लाभ लखनऊ का लाभ लेकिन लगता है कि दिल्ली अब लखनऊ की ओर नहीं देख रही है या लखनऊ वालों ने दिल्ली वालों को नाराज कर दिया उसका परिणाम बजट में दिखाई दे रहा है... विकास बिहार जा रहा है तो उत्तर प्रदेश को क्यों छोड़ रहे हैं?

बाढ़ अगर बिहार की रोकनी है तो नेपाल और उत्तर प्रदेश की बाढ़ रोके बिना आप बिहार की बाढ़ कैसे रोकेंगे? आप पहले उत्तर प्रदेश और नेपाल की बाढ़ रोके तो बिहार की बाढ़ अपने आप रुक जाएगी।शिवसेना (क्ष्ब्) नेता संजय राउत ने कहा, बजट देश का होता है, यह देश का बजट नहीं है। बजट सरकार बचाने के लिए नहीं होता है।समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने कहा, हम बस इतना चाहते हैं कि वे (केंद्र) सच बोलें और देश के युवाओं को गुमराह न करें...वे नौकरियां कैसे पैदा करेंगे? उन्होंने राज्यों को भी गुमराह किया है। यहां तक कि बिहार को भी गुमराह किया गया है, राज्य को कुछ नहीं दिया गया है।आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा, ...ये कमाल का बजट इजात किया गया है जिसमें लगभग इस देश का हर वर्ग निराश हुआ है मात्र 2 व्यक्तियों को छोड़ कर नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू। मैं पूछना चाहता हूं कि वो राज्य जिन्होंने अभूतपूर्व समर्थन भाजपा को दिया और अपने राज्य की लगभग सारी सीट दे दी उन राज्यों को इस बजट में क्या मिला? जिन राज्यों ने भाजपा को इतना समर्थन नहीं दिया, या जिन राज्यों के समर्थन से सरकार मुश्किल से चल पा रही है उन पर सब कुछ लुटा दिया गया। इससे सार मिलता है कि जो राज्य भाजपा को कम वोट देता है उसे ज्यादा दिया जाएगा तो आगे के लिए सीख ले लीजिए।आरजेडी सांसद मीसा भारती ने कहा, बिहार को मिला क्या है?... कहीं ना कहीं उन्हें एक झुनझुना और लॉलीपॉप देकर पीएम के सर पर लटक रही तलवार को टाला गया है... इसमें मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं है। युवाओं के लिए कुछ नहीं है रोजगार पर कोई बात नहीं हुई है। बहुत सी योजनाएं जिसकी इन्होंने घोषणा की है वो पहले से चल रही है, बस उसे नए तरीके से पैक कर प्रस्तुत किया गया है...बिहार में चुनाव है इसलिए हमें और जनता को लगता है कि ये चुनावी घोषणाएं साबित होंगी।

## कार और ऑटो रिक्शा के बीच आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत, डेढ़ वर्षीय बच्चे समेत 6 की मौत

**गुवाहाटी (आरएनएस)।** असम के करीमगंज जिले में मंगलवार को एक सड़क हादसे में डेढ़ साल के एक बच्चे सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, नीलाम बाजार इलाके में दो वाहनों के बीच आमने-सामने की टक्कर में यह दुर्घटना हुई। पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास ने बताया, कार और ऑटो रिक्शा के बीच आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। उनके अलावा, दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।मृतकों में से पांच की पहचान जाहेदा बेगम, बेदाना बेगम, हसीना बेगम, गुलजार हुसैन और रूहुल आलम के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में से पांच एक ही परिवार के सदस्य थे, जबकि रूहुल आलम ऑटो रिक्शा चला रहा था, जिसे विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। कार का चालक और सह-यात्री भी घायल हो गए। घायल यात्रियों को अस्पताल भेजा गया, जबकि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## बिहार विधानसभा में आरक्षण पर विपक्ष के हंगामे के बीच भड़के नीतीश कुमार



**पटना ,(आरएनएस)।** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को भी विपक्षी सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया। विपक्ष के सदस्य आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे थे।हंगामा के बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खड़े होकर कहा कि आपकी जो भी मांग है वह पहले ही पूरी हो चुकी है, इस पर हंगामा करने का कोई मतलब नहीं है।विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य वेल में पहुंच गए। विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव बार-बार उन्हें अपनी जगह पर जाकर बात कहने का आग्रह करते रहे। लेकिन, विपक्ष हंगामा करता रहा।इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खड़े होकर कहा कि सरकार ने पहले ही जातीय गणना के बाद आरक्षण की सीमा को बढ़ा दिया है। इस पर पटना उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। उच्च न्यायालय के फैसले के विरोध में सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। इसे नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए भी सरकार द्वारा केंद्र सरकार को लिखा जा चुका है। इसके बाद इस मामले को लेकर हंगामे का कोई मतलब नहीं है।उन्होंने कहा कि जाति आधारित गणना के बाद 94 लाख गरीबों की पहचान की गई है। उनके विकास के लिए सरकार ने दो-दो लाख रुपया देना शुरू कर दिया।इस दौरान, मुख्यमंत्री भड़कते भी दिखे। उन्होंने एक महिला विधायक को कहा, महिला हो, कुछ जानती हो? कहां से आते हैं, इन लोगों ने कुछ किया है? 2005 के बाद महिला को हमने ही आगे बढ़ाया है।विपक्ष के विरोध पर संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि बिहार सरकार ने बढ़ाए गए आरक्षण को नौवीं अनुसूची में शामिल करने को लेकर पहले ही प्रस्ताव भेज दिया है। उन्होंने कहा कि आप लोग सिर्फ सिम्पैथी लेना चाहते हैं।वहीं सदन में विपक्षी विधायकों के हाय हाय के नारे लगाए जाने पर नीतीश कुमार खड़े हो गए। उन्होंने कहा कि आप सब हाय हाय हैं। अगर हमारी बात नहीं सुननी है तो यह आपकी गलती है। हंगामा होता देख कर विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को दो बजे दिन तक के लिए स्थगित कर दिया।

## सिस्टम पर सवाल उठाने को लेकर राहुल गांधी पर किरेन रिजिजू का पलटवार



**नई दिल्ली(आरएनएस)।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए नीट पेपर लीक मामले पर बयान दिया। इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लोकसभा में दिए गए बयान पर भी प्रतिक्रिया दी।किरेन रिजिजू का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि पेपर लीक में जो भी शामिल हैं, उसे सजा मिलेगी। राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद संसद से माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी ने जो भी कहा वो बहुत गलत था। जो छात्र या जो भी लोग पेपर लीक में शामिल हैं, या किसी ने पेपर लीक करने की कोशिश की है, या कहीं भी कोई दोषी या लिंक पाया गया, उस पर अलग से कार्रवाई होगी।लेकिन राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा है कि पूरा सिस्टम ही बिक चुका है। रिजिजू ने कहा कि इसके लिए राहुल गांधी को सदन से माफी मांगनी चाहिए। हमारे देश में कितने अच्छे-अच्छे लोग परीक्षा देकर, आज अच्छे पदों पर काम कर देश की सेवा कर रहे हैं। अगर एक दो लोग गलत हो जाते हैं, दो चार लोग दोषी पाये जाते हैं तो पूरे सिस्टम को दोष देना गलत है। सदन में राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि इंडिया का एजुकेशन सिस्टम कोई भी खरीद सकता है। उन्होंने इस तरह का जो गैर जिम्मेदाराना बयान दिया है यह बहुत निंदनीय है। इसलिए राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए।किरेन रिजिजू ने आम बजट 2024 को बहुत शानदार बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट का सभी ने स्वागत किया है। लेकिन विपक्ष ने गुमराह करने की कोशिश की है। विपक्ष का कहना है कि यह दो राज्यों के लिए बजट है।मान लीजिए 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए कैपिटल एक्सपेंडिचर एलोकेशन हुआ है, क्या वो एक दो राज्य के लिए है, यह पूरे देश के लिए है। तीन करोड़ जो आवास बनाना है वह पूरे देश के लिए होता है। इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर मेडिकल रिलीफ और मिडिल क्लास लोगों को रिलैक्सेशन देने का या किसानों के लिए जो सुविधा देने समेत कई कार्यक्रम हुए हैं, वो देशभर का होता है।

## उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने कार्य प्रगति की समीक्षा की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने आज उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की। बड़ौदा हाउस में हुई बैठक में संरक्षा प्रोटोकॉल को बढ़ाने के साथ-साथ कर्मचारियों और यात्रियों दोनों के लिए संरक्षा के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। समीक्षा बैठक के अलावा, महाप्रबंधक ने यात्रियों और रेल संपत्ति की संरक्षा व सुरक्षा में उच्च मानकों को बनाए रखने में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले 5 सजग कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया। समीक्षा बैठक के दौरान चौधुरी ने रेलपथों और रेलफाटकों के अनुरक्षण मानकों में सुधार तथा हाई स्पीड सेक्शन में पटरियों के किनारे चारदीवारी के निर्माण पर जोर दिया। मानसून के दौरान भारी बारिश से रेल परिचालन में कोई दिक्कत न आए । इसके लिए उन्होंने सभी मंडलो को पटरियों पर जलभराव और गाद जमा होने की समस्या से निपटने के लिए निवारक उपाय करने के निर्देश दिए ।

## बजट में रेलवे के लिए पूंजीगत व्यय के रूप में 2,62,200 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन





**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि अर्थव्यवस्था आज पहले से कहीं अधिक लचीली है और मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा कि आज की अर्थव्यवस्था कल्याण, राजकोषीय विवेक, पूंजी निवेश और विनिर्माण में निवेश का संयोजन है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा आज प्रस्तुत बजट प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की समावेशी विकास पर केंद्रित आर्थिक नीतियों की निरंतरता है, जो पिछले दस वर्षों में इस सरकार का मुख्य आधार रही है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने रेलवे को विश्वस्तरीय बनाने पर विशेष जोर दिया है। केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने आज संसद में केंद्रीय बजट 2024-25 पेश किया। इस वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार ने रेलवे के लिए रिकॉर्ड 2,62,200 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय आवंटित किया है। 2024-25 के दौरान रेलवे के लिए सकल बजटीय समर्थन 2,52,200 करोड़ रुपये है। इससे पहले, 2023-24 में सकल बजटीय सहायता 2,40,200 करोड़ रुपये होगी जो 2013-14 में केवल 28,174 करोड़ रुपये थी। पूंजीगत व्यय के परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं क्योंकि भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1588 मीट्रिक टन का सर्वकालिक उच्च माल लदान हासिल किया है जो 2014-15 में 1095 मीट्रिक टन था और रेलवे 2030 तक 3,000 मीट्रिक टन के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। रेलवे ने 2023-24 में 2,56,093 करोड़ रुपये की सर्वकालिक उच्च कुल प्राप्तियां हासिल कीं और पूंजीगत व्यय के पूरक के लिए 3,260 करोड़ रुपये का शुद्ध राजस्व उत्पन्न किया।बाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को रेलवे के लिए 2,62,200 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आवंटन के लिए धन्यवाद देता हूं। रेलवे में सुरक्षा संबंधी गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण निधि निर्धारित की गई है। इस सरकार के तीसरे कार्यकाल में रेलवे को बढ़ावा मिलना जारी है।रेलवे ने बुनियादी ढांचे में भी कई उपलब्धियां हासिल की हैं।

पिछले 10 वर्षों में रेलवे ने 31,180 किलोमीटर ट्रैक चालू किए हैं। ट्रैक बिछाने की गति 2014-15 में 4 किलोमीटर प्रतिदिन से बढ़कर 2023-24 में 14.54 किलोमीटर प्रतिदिन हो गई है। 2014-2024 के दौरान भारतीय रेलवे ने 41,655 रूट किलोमीटर (आरकेएम) का विद्युतीकरण किया है, जबकि 2014 तक यह आंकड़ा केवल 21,413 रूट किलोमीटर था।इस वर्ष के बजट में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त धनराशि आवंटित की गई है।

ये धनराशि रणनीतिक नोड्स पर औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का समर्थन करेगी- विशाखापत्तनम-चेन्नई औद्योगिक गलियारे पर कोप्पार्थी, आंध्र प्रदेश में हैदराबाद-बेंगलुरु औद्योगिक गलियारे पर ओर्वाकल और बिहार में अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे पर गया। इस पहल का उद्देश्य भारत के पूर्वी क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति देना है।रेलवे ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक नया दृष्टिकोण अपनाया है। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी को सक्षम करने के लिए पीएम गति शक्ति मिशन के तहत तीन आर्थिक रेलवे कॉरिडोर- ऊर्जा, खनिज और सीमेंट कॉरिडोर (192 परियोजनाएं); बंदरगाह कनेक्टिविटी कॉरिडोर (42 परियोजनाएं) और उच्च यातायात घनत्व कॉरिडोर (200 परियोजनाएं) की पहचान की गई है।

क्षमता वृद्धि, उच्च घनत्व वाले नेटवर्क की भीड़भाड़ को कम करना, देश में लॉजिस्टिक्स लागत में कमी लाना, यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना और उनकी सुरक्षा सरकार के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र बने हुए हैं।

# नीति आयोग की बैठक का करेंगे बहिष्कार

## • कांग्रेस के तीन मुख्यमंत्री और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री का ऐलान




**नई दिल्ली ,(आरएनएस)।** आम बजट में राज्यों को हुए धन आवंटन में भेदभाव का आरोप लगाते हुए तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों ने नीति आयोग की 27 जुलाई को होने वाली बैठक का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मंगलवार की शाम को एक प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में भाजपा सरकार के आम बजट को देश के लिए विभाजनकारी और खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट संघीय ढांचे और निष्पक्षता के खिलाफ है।वह अपने पोस्ट में आगे लिखते हैं, इस बजट का विरोध करते हुए कांग्रेस के सभी मुख्यमंत्री 27 जुलाई को होने वाली नीति आयोग की बैठक का विरोध करेंगे। यह सरकार एकदम संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ काम कर रही है। हम ऐसे किसी भी कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे जो विभाजनकारी और सत्य को छिपाने वाला हो। कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों में तेलंगाना के रेवंत रेड्डी, कर्नाटक के सिद्दारमैया और हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सिंह सुखू शामिल हैं।सिद्दारमैया ने सोशल मीडिया पोस्ट में कन्नड लोगों की बात बजट में नहीं सुने जाने का आरोप लगाते हुए नीति आयोग की बैठक के बहिष्कार का ऐलान किया है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, कर्नाटक की आवश्यक जरूरतों पर चर्चा करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने के मेरे प्रयासों के बावजूद केंद्रीय बजट ने हमारे राज्य की मांगों की उपेक्षा की है। यहां तक कि मेकेदातु जलाशय परियोजना और महादयी नदी परियोजनाओं पर हमारे किसानों की मांगों को भी नजरअंदाज किया। विभिन्न श्रेणियों के तहत हमारे राज्य को मिलने वाले फंड को कम कर राज्य को नुकसान पहुंचाया गया है। मेट्रो और अन्य इंफ्रा परियोजनाओं के लिए धन अभी भी एक दूर का सपना है। पीएम ने अपनी सरकार को बचाने के लिए बजट में आंध्र प्रदेश और बिहार से आगे नहीं देखा।उन्होंने अपने पोस्ट में मोदी सरकार पर बजट में किसानों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए लिखा, यह बजट जनविरोधी है और इसमें गरीबों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। इस बजट में किसानों के साथ बहुत बड़ा अन्याय किया गया है। किसान पांच साल से न्यूनतम समर्थन मूल्य अधिनियम बनाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन बजट में इसका कोई जिक्र नहीं है।तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी आम बजट पर सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि बजट में तमिलनाडु को सबसे बड़ा विश्वासघात झेलना पड़ा है। उन्होंने भाजपा सरकार के धन आवंटन पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने तमिलनाडु की जरूरतों और मांगों को लगातार नजरअंदाज किया है। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए आवंटन में नगण्य वृद्धि पर भी प्रकाश डाला और इसे राज्य की मौजूदा जरूरतों को देखते हुए चिंताजनक बताया।


उन्होंने आगे कहा, राज्य की कल्याणकारी योजनाओं के लिए दिए जाने वाले धन में भारी कटौती की गई है, जिसमें तमिलनाडु के आर्थिक विकास का समर्थन करने के लिए किसी भी नई पहल का उल्लेख नहीं है। राज्य सरकार लगातार केंद्रीय निधियों के उचित हिस्से की मांग कर रही है, लेकिन इस बजट ने एक बार फिर हमारी सारी मांगों को नजरअंदाज कर दिया है।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक आतंकी ढेर; एक जवान घायल

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच रात से मुठभेड़ जारी है। एनकाउंटर के बीच सुरक्षाबलों के जवानों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है। मुठभेड़ में सेना का एक जवान भी घायल है। बता दें कि सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच यह मुठभेड़ जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा की लोलाब घाटी के त्रिमुखा टॉप पर जारी है। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को उस समय घेर लिया जब वह वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास जंगल में भागने की कोशिश कर रहे थे।एक दिन पहले ही 23 जुलाई को पुंछ के बट्टल सेक्टर में सुरक्षाबलों ने आतंकियों को बैकफुट पर ला दिया था। हालांकि, भारी गोलीबारी में सेना का एक जवान घायल हो गया था, जो इलाज के दौरान शहीद हो गया। सेना के मुताबिक, जवान अलर्ट थे। हाल ही में 17 जुलाई को भी जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में मुठभेड़ हुई थी, जिसमें दो आतंकी ढेर हो गए थे।


# महाराष्ट्र और गुजरात में बाढ़ का कहर

## • गढ़चिरौली में डूबे कई गांव, कच्छ में बही 15 गायें




**गढ़चिरौली (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पिछले कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण नदी और नाले उफान पर हैं। बाढ़ के चलते करीब 15 गांव पानी में डूब गए हैं। आवागमन में भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।गढ़चिरौली में भारी बारिश की वजह से हालात लगातार खराब होते जा रहे हैं। बाढ़ का पानी कई गांवों के अंदर तक घुस गया है। इससे ग्रामीणों को खाने-पीने के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है।वहीं, प्रशासन की ओर से बाढ़ से निपटने के लिए खास इंतजाम किए हैं। बाढ़ के हालातों के चलते एहतियात के तौर पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों मार्गों को बंद कर दिया गया है। जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है।गुजरात के कच्छ में भी बाढ़ का कहर जारी है। भारी बारिश के कारण अवड़ासा स्थित संघाना नदी में बाढ़ आ गई। इससे बेहद दर्दनाक हादसा हुआ। बाढ़ की चपेट में आने से करीब 15 गायें नदी में बह गई।गुजरात के कई जिलों में भारी बारिश के कारण हालात बिगड़ गए हैं। सरकार ने बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रभावितों तक हर संभव मदद पहुंचाने का निर्देश दिया है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने बाढ़ प्रभावित कई जिलों का हवाई निरीक्षण भी किया।सीएम भूपेंद्रभाई पटेल ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सौराष्ट्र के तटीय जिलों में भारी बारिश के कारण पैदा हुए हालातों का जायजा लिया। जामनगर और द्वारका जिलों के गांवों का हवाई निरीक्षण करने के बाद दोनों जिलों के अधिकारियों व पदाधिकारियों के साथ बैठक की और राहत एवं बचाव उपायों की समीक्षा की।उन्होंने कहा, भारी बारिश के दौरान लोगों की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन को तेजी के साथ काम करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं कि विस्थापित लोगों को सभी बुनियादी सुविधाएं मिलें।

## अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कैंपस में फायरिंग, 2 कर्मचारी घायल



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कैंपस में फायरिंग का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक 2 कर्मचारियों पर फायरिंग की गई। घटना के बाद सुरक्षाकर्मियों ने 2 हमलावरों को पकड़ लिया है। इसके अलावा फायरिंग के दौरान घायल दोनों लोगों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल हो गया। गोली चलते ही आस-पास मौजूद सुरक्षाकर्मी चौकन्ने हो गए और हमलावरों को तुरंत धर दबोचा। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची और आगे की जांच की जा रही है।पिछले साल सितंबर में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में फायरिंग का मामला सामने आया था। जनाकारी के मुताबिक, घटना को अंजाम देने वाले बदमाश कैंटीन संचालक से हफ्ता मांग रहे थे। जब कैंटीन संचालक ने हफ्ता देने से इनकार कर दिया तो आरोपियों ने वहां फायरिंग कर दी।

## नीट परीक्षा पर विपक्ष के रवैये को लेकर भाजपा का निशाना, कहा- राहुल गांधी ने देश की छवि को किया खराब



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट के नीट-यूजी परीक्षा रद्द करने की मांग खारिज किए जाने के फैसले पर भाजपा ने संतोष जताया है। नीट को लेकर विपक्ष के रवैये पर निशाना साधते हुए भाजपा उनसे देश से माफी मांगने की मांग की है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा कि विपक्ष के नीट परीक्षा को लेकर दिए बयानों से छात्रों में अविश्वास का माहौल बना और विश्व में छवि खराब हुई। विपक्ष की इस रवैये की भाजपा ने भर्त्सना की है।बुधवार को अपने आवास में प्रेसवार्ता में पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के चार दिन बाद देश के सामने कुछ तथ्य रखना जरूरी है। करीब 23.5 लाख छात्रों ने आवेदन किया था और उन्हें नीट परीक्षा के लिए बैठाया गया था। इसमें 571 शहरों में परीक्षाएं आयोजित की गई। सीबीआई जांच के बाद जिम्मेदार छात्रों पर कार्रवाई की गई। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्पष्ट कहा कि अब दोबारा परीक्षा कराने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि इसके कारण बहुत समस्या उत्पन्न होगी, बच्चों का सेशन गड़बड़ होगा। जिन्होंने ईमानदारी से परीक्षा दी है, उनका भविष्य अंधकार में जाएगा। जो एससी, एसटी और ओबीसी रिजर्वेशन के बच्चे हैं, उन्हें परेशानी होगी। इसलिए कोर्ट ने कहा कि हम परीक्षा रद्द नहीं करेंगे।भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष से सवाल किया कि जब इतनी ईमानदारी से काम हुआ है, तो राहुल गांधी क्यों इस परीक्षा को लेकर भ्रम फैला रहे थे, क्या ये भारत की परीक्षा व्यवस्था को दुनिया में बदनाम करना चाहते हैं। क्या राहुल गांधी माफी मांगेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष को, खासकर राहुल गांधी को होम वर्क करके अपने बयान देने चाहिए। राहुल गांधी का बयान गैरजिम्मेदाराना है, जिसकी भाजपा भर्त्सना करती है।

# कुंभ के लिए चलाई जायेंगी स्पेशल ट्रेनें: अश्विनी वैष्णव

**प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में 18 गुना बढ़ा उत्तर प्रदेश में रेल बजट**

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा किउत्तर प्रदेश में रेल के विकास के लिए 92,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। यूपीए के कार्यकाल 2004 से 2014 में उत्तर प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए 1109 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में बढ़ाकर 19 हजार 848 करोड़ रूपये कर दिया गया है, जो कि पिछली सरकार की तुलना में 18 गुना ज्यादा है। श्री वैष्णव ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये उत्तर, उत्तर-मध्य , उत्तर पूर्व रेल के अधिकारियों की उपस्थिति में बजटीय प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में पिछले 10 सालों में 4900 किलोमीटर के रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं जो कि पूरे स्विट्जरलैंड के रेलवे ट्रैक की लंबाई से अधिक है। उत्तर प्रदेश के रेल ट्रैकों मार्गो का 100 फीसदी विद्युतीकरण हो चुका हैं।यूपी में पिछले 10 वर्षों में 1490 फ्लाईओवर, अंडरपास का निर्माण हुआ है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का जीवन सुगम हुआ है और दुर्घटनाओं की संख्या कम हुई है।केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कुंभ सुगम रूप से चलें और श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए 40 से भी अधिक प्रोजेक्ट्स को चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के रेलवे स्टेशन का विभिन्न चरणों में पुनर्विकास होगा। कुंभ की तैयारियों की समीक्षा मुख्यमंत्री स्वयं कर रहें है, कमी न रहें इसलिए जनप्रतिनिधियों से फीडबैक लिया जा रहा है।

# सोनभद्र के जीवाश्म पार्क को यूनेस्को की सूची में शामिल करने हेतु आईयूसीएन के डायरेक्टर से विचार मंथन: जयवीर

**देशी-विदेशी पर्यटक देखने आते हैं पार्क**

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि सोनभद्र में स्थित सलखन जीवाश्म पार्क को यूनेस्कों की सूची में दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू करा दी गयी है। इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए आईयूसीएन के डायरेक्टर टिम बैडमैन के साथ विस्तार से विचार-विमर्श किया जा रहा है। उनके सुझावों को धरातल पर उतारने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा। सोनभद्र स्थित सलखन जीवाश्म पार्क 1400 मिलियन वर्ष पुराना है। अमेरिका के एलोस्टोन पार्क को अब तक विश्व का सबसे बड़ा जीवाश्म पार्क माना जाता है। श्री टिम इस समय दिल्ली में चल रही 46वीं विश्व धरोहर समिति की बैठक में हिस्सा लेने भारत आए हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफनेचर आईयूसीएन एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो प्रकृति संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के क्षेत्र में काम करता है। 1948 में स्थापित आईयूसीएन प्राकृतिक दुनिया की स्थिति और इसे सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक उपायों पर वैश्विक प्राधिकरण बन गया है। आईयूसीएन अब दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे विविध पर्यावरण नेटवर्क है, जो 1400 से ज्यादा सदस्य संगठनों और 16,000 विशेषज्ञों के ज्ञान, संसाधनों और पहुँच का उपयोग करता है। यह विविधता और विशेषज्ञता आईयूसीएन को प्राकृतिक दुनिया की स्थिति और इसे सुरक्षित रखने के लिए जरूरी उपायों पर वैश्विक प्राधिकरण बनाती है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर आईयूसीएन विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र में प्रकृति संरक्षण पर अधिक प्रतिनिधित्व और ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दे रहा है। समिति विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए संभावित स्थलों पर विचार-विमर्श करेगी और खतरे में पड़े विश्व धरोहर स्थलों की सुरक्षा के लिए आवश्यक संरक्षण और प्रबंधन कार्यों पर निर्णय लेगी। इस आयोजन में 150 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। विश्व धरोहर समिति की बैठक दिल्ली के भारत मंडपम में 21 से शुरू हुई है जो कि 31 जुलाई तक चलेगी। फासिल पार्क को यूनेस्को की सूची में दर्ज कराने के लिए उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म बोर्ड की दिल्ली में आईयूसीएन के विशेषज्ञों के साथ बैठक सकारात्मक रही। बैठक में आईयूसीएन के निदेशक टिम बैडमैन वीबी माथुर सेवानिवृत्त आईएफएस और पूर्व निदेशक, डब्ल्यूआईआई, द्रोणा से डॉ. शिखा, बीएसआईपी में भूविज्ञानी और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शिल्पा पांडे और उत्तर प्रदेश पर्यटन के ओएसडी आकाश प्रियदर्शी थे। वन विभाग, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और डोजियर तैयार करने में विशेषज्ञता रखने वाली संस्था द्रोण ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार पार्क के भूवैज्ञानिक महत्व और इसकी विरासत की जांच कर ली है। सलखन फॉसिल पार्क प्राकृतिक विरासत श्रेणी में आता है, और भूविज्ञान के विशेषज्ञ और विषय उत्साही टिम बैडमैन, पार्क को विश्व विरासत सूची में शामिल करने में गहरी रुचि रखते हैं। इस पार्क को देखने के लिए बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं। इसे संरक्षित कर धरोहर के रूप में अगली पीढ़ी को सौंपने के लिएजीवाश्म पार्क के आसपास बुनियादी सुविधायें सृजित की जा रही हैं।

# सिंचाई के लिए किसानों को मिलेगी 12 घंटे बिजली: शर्मा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है। 01 अप्रैल 2023 से निजी नलकूप संचालन के लिए मुफ्त बिजली दी जा रही हैं। अब किसानों को और सुविधायें देने के लिए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने कृषि पोषकों एग्रीकल्चर फीडर पर 10 घण्टे के स्थान पर अब 12 घण्टे विद्युत आपूर्ति देने की घोषणा की है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि प्रदेश के कई जिलों में कम वर्षा होने के कारण किसानों को धान की रोपाई, सिचाई और अन्य कृषि कार्यों में कोई समस्या न हो, इसके लिए कृषि फीडरों के निर्धारित 10 घंटे विद्युतआपूर्ति के शिड्यूल में 02 घंटे और बढ़ाकर अब 12 घंटे बिजली दी जायेगी। प्रदेश के ऐसे क्षेत्रों में जहां पर कम वर्षा होने से किसानों को धान की रोपाई और अन्य कृषि कार्यों को करने तथा फसल को सूखने से बचाने के लिए परेशानी हो रही है। ऐसे क्षेत्रों में जहां फसलों की सिंचाई के लिए नहरे नहीं हैं तथा नलकूपों के माध्यम से सिंचाई हो रही है, वहां पर किसानों की समस्याओं के निवारण के लिए कृषि पोषकों को मिल रही बिजली में 02 घंटे की बढ़ोत्तरी की गयी है। ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिये है कि प्रदेश के कम वर्षा वाले क्षेत्रों में कृषि फीडरों को 12 घण्टे विद्युत आपूर्ति की जाये। साथ ही सभी डिस्काम के प्रबन्ध निदेशक, मुख्य अभियन्ता वितरण व मुख्य अभियन्ता पीएमसी द्वारा नियमित इसकी मॉनीटरिंग की जाए। ऐसे क्षेत्रों में वर्षा की स्थिति सामान्य होने पर निर्धारित रोस्टर के आधार पर विद्युत आपूर्ति की जाएगी। किसानों की सिंचाई की समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों और किसान प्रतिनिधियों की ओर से कृषि फीडरों की विद्युत आपूर्ति में बढ़ोत्तरी की लगातार मांग की जा रही थी।

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता व समयबद्धता का करें पालन: दिनेश प्रताप

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने बुधवार को लखनऊ स्थित अपने मंत्री आवास पर उद्यान विभाग के अधीन चल रहे निर्माण कार्यों की वर्चुअल समीक्षा बैठक की। सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स आलू, शहद आरकेवीवाई योजनान्तर्गत राजकीय पौधशालाओं एवं प्रक्षेत्रों का सुदृढ़ीकरण, राजकीय शीतगृह अलीगंज का उच्चीकरण, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र बस्ती में टिशू कल्चर लैब की स्थापना, अलंकृत उद्यान का उच्चीकरण, लोहिया पर्यावरणीय पार्क रायबरेली सहित प्रदेश के प्रत्येक जनपद मे स्थापित की जा रहीं हाईटेक नर्सरी के निर्माण कार्यों की वर्चुअल समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों तथा कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो को बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए गुणवत्तापरक एवं समयबद्धता के साथ पूरा करें।उद्यान मंत्री ने कहा कि योगी सरकार किसानों के हितों के लिए योजनायें संचालित कर रहीं है। योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय में बढ़ोत्तरी करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम मिले, इसके लिए विशेष प्रयास किये जायं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उत्पादित होने वाली औद्यानिक फसलों को विदेशी व्यापार उपलब्ध कराने पर जोर दिया जाय। किसानों को उनकी फसलों की गुणवत्ता सुधार करने के लिए प्रेरित किया जाय तथा सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं के बारे में अवगत भी कराया जाय। उन्होंने प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत स्थापित की जा रही 150 हाईटेक नर्सरियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाईटेक नर्सरियों के निर्माण कार्य शीघ्र कराएं तथा उनमें क्लाइमेटिक जोन के अनुसार गुणवत्तापरक पौध तैयार कर किसानों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।बैठक में अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा, निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण डॉ. विजय बहादुर द्विवेदी सहित अधिकारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

# पूरा होगा गरीबों के पक्के मकान का सपना

**ग्रामीण विकास की योजनाओं के लिए सरकार ने खोला खजाना: केशव**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कहा कि गरीब कल्याण व समग्र विकास पर केंद्रित केन्द्रीय बजट में ग्रामीण विकास व ग्रामोन्मुखी योजनाओं के लिए सरकार का खजाना खोला गया है। बजट मे देश में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में दो करोड़ आवास आवंटित करने का प्राविधान किया गया है, इसमें उत्तर प्रदेश में पहले से चिन्हित 60 हजार से अधिक पात्र लोगों को प्राथमिकता के आधार पर आवास आवंटित किए जायेंगे, उसके बाद सर्वे कराया जायेगा। सर्वे केआधार पर जो पात्र पाये जायेंगे, उन्हें आवास आवंटित कराने की व्यवस्था की जायेगी।उप मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट मे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में यूपी के लिए 2020 करोड़ रूपए की धनराशि प्राविधानित की गयी है। केन्द्रीय बजट में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क



योजना की चौथे चरण का शुभारम्भ किये जाने का ऐलान किया गया है ,जिसमें 25000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसम के अनुकूल सड़कें प्रदान की जायेगीं।

# ऊर्जा मंत्री ने दुबई में फंसे नागरिकों की मदद के लिए प्रधानमंत्री का जताया आभार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने प्रशासनिक अनुभवों के आधार पर संयुक्त अरब अमीरात दुबई में फंसेयूपी के नागरिकों की मदद की है। उन्होंने यूएई में फंसे प्रदेश के मऊ एवं कानपुर देहात के 02 नागरिकों की त्वरित सहायता करने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय से सम्पर्क कर उनकी सुरक्षा और शीघ्र प्रत्यर्पण के लिए आग्रह किया। प्रधानमंत्री के आदेश पर उनके कार्यालय द्वारा संयुक्त अरब अमीरात स्थित भारतीय काउंसलेट को निर्देश दिये गये। इस पर भारतीय काउंसलेट ने वहां फंसे भारतीय नागरिकों से तुरंत संपर्क किया और उनसे उस स्थान पर जाकर मुलाकात की। जहां पर रखा गया था। त्वरित कार्यवाही से संदिग्ध ट्रेवल एजेंटों के चंगुल में फंसे प्रदेश के नागरिकों को काफी राहत मिली है जिसकी मऊ और कानपुर जिलों में भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही। श्री शर्मा ने बताया कि मऊ जिले के रहने वाले विशाल सिंह पुत्र संजय सिंह और कानपुर देहात जिले की सर्वेश कुमारी पत्नी मनोज यादव अच्छे और बेहतर जीवन की तलाश में दुबई गए। लेकिन उनके एजेंट एवं संभावित नियोक्ता द्वारा धोखा दिया गया। उनके नियोक्ता ने भारतीय नागरिकों पर दबाव डालकर उनसे ऋण के कागजात पर हस्ताक्षर करवा लिए और उनके नाम पर स्वयं ऋण प्राप्त कर लिया। यह लोग दुबई में कानूनी एवं आर्थिक मामलों के केस में फंस गए और उनको कोई नौकरी भी नहीं मिली। ऋण न चुका पाने के कारण उनके दुबई छोड़ने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। वह भारत वापस भी नहीं आ सकते थे।

अब से कुछ दिन पहले मऊ निवासी विशाल के पिताजी ने मुझसे इस विषय में संपर्क किया। उन्होंने बताया, दुबई में उनके बेटे और एक महिला का जीवन संकट में है। समस्या को लेकर मैंने प्रधानमंत्री कार्यालय से संपर्क करके उनसे इस मामले में सहायता करने का आग्रह किया।

भारतीय काउंसलेट ने भारतीय नागरिकों को अपने एजेंट एवं नियोक्ता के विरुद्ध पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने में भी सहायता की। भारतीय काउंसलेट ने इस मामले को विदेशी मामलों के मंत्रालय, दुबई, के समक्ष भी रखा है और इस संबंध में उनके सामने औपचारिक निवेदन भी प्रस्तुत किया है।

निवेदन में दुबई के विदेश मंत्रालय से आग्रह किया गया है कि स्थानीय पुलिस को उपरोक्त एजेंट एवं नियोक्ता के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दें और विशाल सिंह एवं सर्वेश कुमारी के शीघ्र प्रत्यर्पण के लिये भी सहायता करें। मैंने काउंसलेट जनरल सतीश सिवान से स्वयं सीधे वार्ता भी की।

# पूर्वांचल के पनियाले को मिलेगा पुनर्जीवन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** लुप्तप्राय हो रहे पूर्वांचल के पनियाले को मिलेगा पुनर्जीवन। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संबद्ध लखनऊ स्थित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान पिछले साल से इस बाबत पहल कर रहा है। इस कार्य में गोरखपुर स्थित जिला उद्यान विभाग और स्थानीय स्तर के कुछ प्रगतिशील किसान भी बागवानी संस्थान की मदद कर रहे हैं।

केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के निदेशक टी दामोदरन ने बताया कि संस्थान का प्रयास होगा कि यहां से विकसित किए जाने वाले पौधों की फलत अधिक हो। लगने वाले फलों की गुणवत्ता भी बेहतर हो। बागवानों को कैनोपी प्रबंधन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इससे बागों का रखरखाव भी आसान होगा। पांच छह दशक पूर्व पूर्वांचल में खूब मिलता था पनियाला उल्लेखनीय है कि पनियाला के पेड़ उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज क्षेत्रों में पाये जाते हैं। पांच छह दशक पहले इन क्षेत्रों में बहुतायत में मिलने वाला पनियाला अब लुप्तप्राय है। स्वाद में यह खट्टा कुछ मीठा और थोड़ा सा कसैला होता है। जामुनी रंग के इसके कुछ गोल और चपटे पके फल को हाथ में लेकर थोड़ा घुलाने से इसका स्वाद थोड़ा मीठा हो जाता है। स्वाद में खास होने के साथ यह औषधीय गुणों से भरपूर होता है। पनियाला को लुप्त होने से बचाने और बेहतर गुणवत्ता के पौध तैयार करने के लिए पिछले साल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संबद्ध केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के वैज्ञानिकों ने गोरखपुर और पड़ोसी जिलों के पनियाला बाहुल्य क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया।

# स्थानीय और स्वदेशी खेलों से रूबरू हुए परिषदीय स्कूलों के छात्र

- **शिक्षा सप्ताह के तीसरे दिन परिषदीय विद्यालयों में हुआ खेल दिवस का आयोजन**
- **स्थानीय खेलों के आयोजन के साथ ही स्वदेशी खेलों और उनके महत्व के बारे में दी गई जानकारी**
- **रस्सी कूद, विष-अमृत, खो-खो, कबड्डी जैसी खेल गतिविधियों में छात्रों ने लिया हिस्सा**

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** योगी सरकार परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को खेलों में भी पारंगत बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इसी क्रम में बुधवार को प्रदेश के सभी परिषदीय विद्यालयों में खेल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने स्थानीय और स्वदेशी खेलों के विषय में जाना और इसमें हिस्सा भी लिया। उल्लेखनीय है कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर 22 से 28 जुलाई के बीच परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में ÷शिक्षा सप्ताह÷ का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 24 जुलाई को खेल दिवस के अंतर्गत खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस आयोजन के संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से समस्त बीएसए, बीईओ एवं डीसीटी व डीसी गर्ल्स को गतिविधियों के संबंध में निर्देश प्रदान किए थे।

### इन गतिविधियों का किया गया आयोजन

शिक्षा सप्ताह के तीसरे दिन सभी परिषदीय विद्यालयों में खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय खेलों के आयोजन के साथ ही स्वदेशी खेलों और उनके महत्व के बारे में छात्रों को जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा, प्राचीन भारतीय खेलों के इतिहास और महत्व की जानकारी एवं प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर रस्सी कूदना, विष-अमृत, खो-खो, कबड्डी इत्यादि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्सव के माहौल में किया गया। साथ ही, छात्रों को प्रेरित करने के लिए स्थानीय प्रेरक व्यक्तित्व को भी आमंत्रित किया गया। इनमें एसएमसी, माता-पिता एवं सामाजिक संगठनों को स्थानीय खेलों की महत्ता के बारे में जानकारी देने के लिए आमंत्रित किया गया। इस दौरान विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की प्रतिभागिता भी सुनिश्चित की गई।

# युवाओं को दृश्य कला से जोड़ने के लिए योगी सरकार ने शुरू किया नया कोर्स

- **बीवीए (चित्रकला) के लिए 4 वर्षीय कोर्स के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू**
- **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत यूपी में शुरू किया गया नया कोस**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के युवाओं को विभिन्न सेक्टर में स्किल्ड बनाने के लिए तमाम प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में अब संस्कृति विभाग की ओर से उप्र राज्य ललित कला अकादमी ने भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के साथ मिलकर युवाओं को दृश्यकला से जोड़ने का अभिनव प्रयास किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बैचलर ऑफ विजुअल आर्ट (बीवीए चित्रकला) की नियमित 4 वर्षीय कोर्स को शैक्षणिक सत्र 2024-25 से प्रारम्भ किया जा रहा है। इसमें प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल के माध्यम से 15 अगस्त 2024 तक है।

**इंटरमीडिएट पास होना जरूरी**

राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला के अनुसार बीवीए (चित्रकला) में 20 सीटें हैं। इसमें प्रवेश लेने के लिए पंजीकरण शुल्क सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 500 रुपए तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ईडब्लूएस एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए 300 रुपए निर्धारित हैं। आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं ने किसी भी मान्यता प्राप्त इण्टर कॉलेज से इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की हो। अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा।

# साधारण मिट्टी के खनन में रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट 2 माह और परमिट 6 माह तक होगा वैलिड

**मिट्टी खनन और परिवहन को लेकर योगी सरकार ने दिया दिशा निर्देश**

**100 घन मी. मिट्टी के खनन के लिए ऑनलाइन जारी होगा रजिस्ट्रेशन लेटर**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** जन सामान्य और अन्नदाता किसानों के द्वारा साधारण मिट्टी का खनन एवं परिवहन किए जाने के संबंध में योगी सरकार की ओर से जारी निर्देशों के क्रम में अब रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और परमिट की प्रक्रिया के विषय में पूरी जानकारी दी गई है। इसमें भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा जारी पूर्व के शासनादेश का संदर्भ दिया गया है।

इसके अनुसार, 100 घन मीटर मिट्टी के खनन एवं परिवहन के लिए रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट 2 माह तक, जबकि 100 घन मीटर से अधिक मिट्टी के खनन और परिवहन के लिए परमिट 6 माह तक वैलिड होगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से सभी जिलाधिकारियों को जारी निर्देशों में कहा गया है कि इस शासनादेश की प्रतिलिपि समस्त विधानसभा सदस्यों एवं विधान परिषद सदस्यों को भी उपलब्ध कराई जाए।

उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव की ओर से हाल ही में निर्देश जारी किए गए थे कि ऑनलाइन व्यवस्था का उपयोग करते हुए 100 घन मीटर तक की मिट्टी की मात्रा स्वयं के खेतों से खनन व परिवहन के लिए उपयोग में लाई जा सकती है। इसमें ये भी कहा गया था कि किसी भी दशा में दूसरे प्रदेश में इस प्रदेश से मिट्टी की खुदाई कर परिवहन की अनुमति नहीं दी जाएगी। आदेश में तहसील व थाने के कर्मियों से इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया था।

**देनी होंगी सभी जरूरी जानकारियां:** 100 घन मीटर से अधिक साधारण मिट्टी के खनन व परिवहन के लिए भी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से परमिट लेने की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। इसमें भी नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ-साथ मिट्टी की मात्रा, खतौनी व मानचित्र सहित भूस्वामी की सहमति, खनन का प्रयोजन, क्षेत्र का विवरण ऑनलाइन आवेदन पत्र में प्रस्तुत किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र की जांच के बाद स्वीकृति या अस्वीकृत संबंधी सूचना पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। परमिट भी ऑनलाइन ही निर्गत किया जाएगा। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि से 7 दिन के अंदर यह कार्यवाही की जाएगी। परमिट लेटर जारी होने के बाद साधारण मिट्टी के परिवहन के लिए ईएमएम 11 जेनरेशन की कार्यवाही निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। परमिट की अवधि अधिकतम 6 माह होगी, जो स्वीकृत मात्रा एवं परिवहन के संसाधनों के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

### ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

मुख्य सचिव द्वारा जारी निर्देशों में 2020 का जीओ भी संलग्न किया गया है, जिसके अनुसार 100 घन मीटर तक साधारण मिट्टी के खनन व परिवहन के लिए विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए परमिट की आवश्यकता नहीं होगी। रजिस्ट्रेशन के दौरान नाम, पता, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी के साथ ही साधारण मिट्टी की मात्रा, खतौनी व मानचित्र सहित भूस्वामी की सहमति, खनन का प्रयोजन, आवेदित खनन क्षेत्र का पूरा विवरण और परिवहन किए जाने वाले वाहन का प्रकार एवं अन्य आवश्यक विवरण/अभिलेख अपलोड करना होगा। इसके बाद आवेदक को पोर्टल से स्वजनित पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त होगा जो परिवहन प्रपत्र के रूप में माना जाएगा। इसके लिए अलग से ईएमएम की आवश्यकता नहीं होगी। पंजीकरण प्रमाण पत्र अधिकतम दो महीने या मात्रा की निकासी पूर्ण होने तक (जो भी पहले हो) के लिए मान्य होगा। गलत जानकारी देने पर पोर्टल के माध्यम से संबंधित जिलाधिकारी द्वारा पंजीकरण समाप्त किया जा सकता है।

# कांच नगरी में फ्यूचरिस्टिक टाउनशिप की होगी स्थापना, योगी सरकार ने शुरू की तैयारी

**फिरोजाबाद के ट्रांसपोर्ट नगर व पचवन में होगा टाउनशिप का विकास, शहर के इकॉनमिक ग्रोथ का हिस्सा बनेगी परियोजना**

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ/फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश के तौर पर विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने कांच नगरी के तौर पर विख्यात फिरोजाबाद में %फ्यूचरिस्टिक टाउनशिप% के विकास की तैयारी शुरू कर दी है। सीएम योगी के विजन अनुसार, फिरोजाबाद स्थित ट्रांसपोर्ट नगर तथा पचवन क्षेत्र में विकसित की जा रही टाउनशिप कई मायनों में विशिष्ट होगी। इसे शहर के इकॉनमिक ग्रोथ के भागीदार के तौर पर विकसित करने के साथ ही रेजिडेंशियल, टूरिज्म, हॉस्पिटैलिटी व कमर्शियल एक्टिविटीज के हब के तौर विकसित करने की तैयारी की जा रही है। इन कार्यों को पूरा करने और डिजाइन, डीटेल्ड ले-आउट प्लान और एग्जिक्यूशन के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एजेंसी के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फिरोजाबाद-शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण ने इस प्रक्रिया की शुरुआत करते हुए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) माध्यम से आवेदन मांगे हैं। उल्लेखनीय है कि इस टाउनशिप की योजना मुख्य रूप से फिरोजाबाद आने वाली अस्थायी आबादी के एक हिस्से को समायोजित करने के लिए बनाई गई है। शहर में पर्यटकों की आमद और सुविधाओं के विकास के साथ ये टाउनशिप उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने का माध्यम बनेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रा की आपत्तिजनक फोटो शिक्षका को भेजी

**लखनऊ।** छात्रा की आपत्तिजनक वीडियो और फोटो स्कूल में तैनात शिक्षिका को भेजी गई। व्हाट्सएप पर आए मैसेज को देख शिक्षिका भी हैरान रह गई। उन्होंने छात्रा के पिता को फोन कर स्कूल बुलाया। इसके बाद परिवार को बेटी की फोटो वायरल होने का पता चला। छात्रा के पिता ने पीजीआई कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। तेलीबाग निवासी पिता के मुताबिक बेटी के पास अनजान नम्बर से कई दिनों से कॉल आ रही है। जिसे उसने ब्लॉक कर दिया। उन्होंने बताया कि बेटी रिक्शे से स्कूल जाती है। स्कूल में पढ़ने वाली सहपाठी ने धोखे से छात्रा का मोबाइल लिया। जिसमें ब्लॉक किए गए नम्बर को चोरी छिपे अनब्लॉक करते हुए छात्रा की कुछ आपत्तिजनक फोटो भेज दी। इन्हीं फोटो और वीडियो को स्कूल टीचर के व्हाट्सएप नम्बर पर भेजा गया था। पिता के मुताबिक स्कूल से कॉल आने पर वह मीटिंग के लिए पहुंचे। जहां शिक्षिका ने घटना के बारे में जानकारी दी। इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### अनफिट स्कूली वाहन 15 के बाद हो जाएंगे कबाड़

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा है कि जिन स्कूली वाहनों की 15 अगस्त के बाद भी रजिस्ट्रेशन, फिटनेस व इंश्योरेंस की वैधता नहीं पाई जाती है, उन्हें कबाड़ घोषित करते हुए स्क्रैपिंग कराई जाए। परिवहन पोर्टल पर फिलहाल 12520 स्कूली बसों की इन प्रमाणपत्रों की वैधता समाप्त हो चुकी है। मुख्य सचिव ने सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों व पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखकर स्कूली वाहनों की चेकिंग कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने 22 जुलाई तक पोर्टल पर उपलब्ध सूचना भी सभी जिलों को भेजी है। इसमें प्रदेश के सभी 75 जिलों में कुल 57310 स्कूली वाहन पंजीकृत दिखाए गए हैं, जिसमें से 44790 के प्रपत्र वैध हैं, जबकि 12520 के प्रपत्रों की वैधता समाप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा है कि स्कूली वाहन स्वामियों के साथ बैठक कर उन्हें जागरूक करते हुए 15 अगस्त से पहले नियमानुसार वैध प्रपत्र हासिल करने को कहा जाए। ऐसा न होने पर अनधिकृत एवं बिना वैध प्रपत्रों के संचालित स्कूली वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार स्क्रैपिंग की कार्रवाई की जाए, ताकि पोर्टल पर बिना वैध प्रपत्रों के संचालित स्कूली वाहनों की संख्या शून्य हो सके।

### चाचा की लाइसेंसी रिवॉल्वर से छात्र ने खुद को गोली से उड़ाया

**लखनऊ।** हरिहरनगर में छात्र ने ठेकेदार चाचा की लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। कमरे में कूलर चलने के कारण फायरिंग की आवाज परिवार को सुनाई नहीं पड़ी। सुबह नींद खुलने पर खून से लथपथ शव कमरे में मिला। पास में ही रिवॉल्वर भी पड़ी मिली। छात्र को हॉस्पिटल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह करीब एक माह से चाचा के घर रहकर डिप्रेशन का इलाज करा रहा था।

### प्लॉट दिलाने का झांसा देकर पशु चिकित्सक से 23 लाख हड़पे

**लखनऊ।**गोमतीनगर विस्तार कोतवाली में पशु चिकित्सक ने 23 लाख रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियें ने जमीन दिलाने के नाम पर रुपये लिए थे। वरदानखंड निवासी डॉ. ओमप्रकाश सिंह के मुताबिक लखीमपुर खीरी निवासी जितेंद्र मिश्रा वेटलाइफ कम्पनी में एमआर है। जो काम के सिलसिले में डॉक्टर के पास आता था। बातचीत के दौरान जितेंद्र ने बताया कि उसके जीजा संतोष गोमतीनगर विनीतखंड में जमीन बेच रहे हैं। आप चाहो तो अच्छे दाम में प्लॉट मिल जाएगा। जितेंद्र के कहने पर ओम प्रकाश ने हामी भर दी। इसके बाद उन्हें एक प्लॉट दिखाया गया। लोकेशन पसंद आने पर डॉक्टर ने 23 लाख रुपये दिए। लेकिन उन्हें प्लॉट नहीं मिला। शक होने पर ओमप्रकाश ने छानबीन करना शुरू किया। जिस पर फर्जी जमीन दिखा कर रुपये हड़पने की बात पता चली। पीड़ित ने गोमतीनगर विस्तार कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

## पेटीएम कर्मचारी को वाहन ने कूचला

**सड़क पार कर रहे युवक की एक्सीडेंट में मौत**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बीबीडी इलाके के इंदिरा डैम के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से 31 साल के युवक की मौत हो गई। युवक काम से लौट रहा था तभी तेज रफ्तार गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। सड़क पर तड़प रहे युवक को स्कार्पियो सवार ने लोहिया अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना पीजीआई इलाके की है। जहां सड़क पार कर रहे युवक को बाइस सवार न रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक हरदोई के रहने वाले सूरज (31) पुत्र रामचंद्र लखनऊ के नूरपुर गोसाईगंज में परिवार के साथ रहते थे। लखनऊ में पेटीएम कंपनी में फील्ड वर्क करते थे। मंगलवार को ऑफिस से घर जा रहे थे। तभी करीब शाम 7 बजे किसान पथ के इंदिरा डैम के पास अज्ञात गाड़ी ने उनकी बाइक पर जोरदार टक्कर मार दी।



हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां से गुजर रहे स्कार्पियो सवार ने उन्हें गाड़ी में बैठाकर लोहिया अस्पताल पहुंचाया।

जहां से डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में सूरज की इलाज के दौरान मौत हो गई। भाई किशन ने बताया परिवार में पत्नी अनीता व दो बेटे प्रियांशु और सूर्यांश हैं। घटना के बाद से परिजनों का जो रो कर बुरा हाल है।

वहीं लखनऊ के पीजीआई इलाके में तेज रफ्तर बाइक ने सड़क पार कर रहे युवक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक प्राइवेट काम करता था। घर से काम के लिए निकला था। तभी घटना का शिकार हो गया। पुलिस में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक डिफेंस कॉलोनी गोपालनगर तेलीबाग के रहने वाले सोनू पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर बुधवार सुबह 10.30 बजे घर से काम के लिए निकले थे। बाबा बिरयानी के सामने सड़क क्रॉस कर रहे थे।

तभी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उनको जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह दूर जा गिरे। मौके पर बेहोश हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर पहुंचा दिया। जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### देवरिया मेडिकल कॉलेज में युवक की मौत की होगी जांच

**लखनऊ।** देवरिया स्थित महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की इमरजेंसी में इलाज के दौरान युवक की मौत के मामले की जांच होगी। बुधवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जांच के आदेश दिये हैं। साथ ही कानपुर देहात के झींझक में बिना चिकित्सकीय डिग्री के नर्सिंग होम संचालन के प्रकरण की भी जांच होगी। देवरिया के बरियारपुर स्थित बैकुंठपुर निवासी आदर्श जायसवाल (18) की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। परिजन युवक को लेकर महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की इमरजेंसी में पहुंचे। परिजनों ने पंजीकरण कराने में 45 मिनट लगाने का आरोप लगाया था। परिवारीजनों का आरोप है कि समय पर इलाज न मिलने से युवक की मौत हो गई थी। घटना का डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लिया। डिप्टी सीएम ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को पूरे प्रकरण की जांच के निर्देश दिए गए हैं। यदि मामले में कोई भी स्वास्थ्यकर्मी दोषी पाया गया तो उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## चीफ इंजीनियर ने इंदिरा नगर डिवीजन के इंजीनियरों को लगाई फटकार

**एबीसी लाइन खराब, बदलने का दिया आदेश**



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लेसा गोमती नगर के चीफ इंजीनियर सुनील गर्ग ने बुधवार को इंदिरा नगर उपकेंद्र का दौरा किया। इस दौरान यहां शिवाजीपुरम इलाके में लगातार हो रहे फॉल्ट के लेकर उपकेंद्र के इंजीनियरों ने बात की। स्थानीय लोगों की तरफसे शिकायत दर्ज कराई गई थी कि आए दिन यहां फॉल्ट होते रहता है। इसकी वजह से खासी दिक्कतों सामना करना पड़ता है। खासकर उमस भरे माहौल में बिजली कटने से आधा घंटा भी घर में रहना मुश्किल हो गया है। इंदिरा नगर समेत कई इलाकों में पिछले कुछ दिन से कटौती बढ़ गई है। इसकी वजह से यहां आए दिन शटडाउन लेना पड़ता है। ऐसे में बिजली कटौती और फॉल्ट से परेशान लोगों को राहत दिलाने के लिए इंदिरा नगर का दौरा किया गया। इस दौरान इलाके में एबीसी लाइन बदलने का निर्देश दिया गया। यहां रहने वाले उमेश शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ दिन से लगातार बिजली कट रही है। इसकी वजह से खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इंजीनियरों ने बताया कि जल्द ही यहां की एबीसी लाइन बदली जाएगी। जिससे कि आगे कभी फॉल्ट न हो। इससे पहले सोमवार देर रात बालाघाट उपकेंद्र पर धावा बोल दिया था। गुस्साई भीड़ कंट्रोल रूम के भीतर घुस गई। सभी फीडर की बिजली सप्लाई बंद करने लगे। इस पर बिजली कर्मचारियों ने विरोध किया तो नाराज लोगों ने दौड़कर मारना शुरू कर दिया था। कर्मचारी उपकेंद्र छोड़ भाग खड़े हुए। इसके बाद 500 से लोग बालागंज चौराहे पर पहुंचे और जाम कर दिया। हंगामा की सूचना पर पहुंची पुलिस से भी लोगों की तीखी नोकझोंक हो गई। बवाल बढ़ता देख पुलिस ने लाठी भांज कर भीड़ को तीतर-बितर किया और भगाया। उसके बाद बासमंडी और जानकीपुरम इलाके के उपकेंद्र में भी नाराज लोगों ने हंगामा किया था।

### सीआईएसएफ अधिकारी की बेटी से एक लाख ठगे

**लखनऊ।** सरोजनीनगर कोतवाली में सीआईएसएफ अधिकारी ने बेटी के साथ एक लाख रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों ने पार्सल भेजने का झांसा दिया था। शांतिनगर निवासी राजेश कुमार मिश्रा सीआईएसएफ में राज पत्रित अधिकारी हैं। जो वर्तमान में नई दिल्ली गृह मंत्रालय दिल्ली में तैनात हैं। राजेश की बेटी भाग्य लक्ष्मी आईआईएम जम्मू से एमबीए कर रही है। कुछ दिन पूर्व भाग्य लक्ष्मी के पास अन्जान नम्बर से कॉल आई। कॉलर ने फैडेक्स कूरियर कंपनी का कर्मचारी होने का दावा किया। उसने बताया कि भाग्य लक्ष्मी के नाम से कोरियर आया है। जिसे रिलीज कराने के लिए एक लाख रुपये देने होंगे। ठग की मंशा से अन्जान छात्रा ने बताए गए अकाउंट में रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी रुपयों की मांग की गई। शक होने पर छात्रा ने नेशनल साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

## लाल पुल से युवक गोमती में कूदा, मौत, पुलिस शिनाख्त में जुटी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मदेयगंज इलाके में 45 साल के अज्ञात युवक ने गोमती नदी में छलांग लगा दी। नदी में मछली पकड़ रहे मछुआरे ने उसको बचाने का प्रयास किया लेकिन वो गहरे पानी में चला गया। जब उसको बाहर निकाला गया तब उसकी मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त कर रही है। जानकारी के मुताबिक बुधवार को दोपहर अज्ञात युवक ने लाल पुल से गोमती नदी में छलांग लगा दी। वहां मौजूद कश्यप नगर के रहने वाले मछुआरे अंकुर कश्यप मरी माता मंदिर के पास बैठे थे। तभी उन्होंने युवक को पानी में डूबते देखा। तुरंत नाव से वो बचाने के नदी के बीचों बीच पहुंच गए। उनका हाथ पकड़ लिया लेकिन उसने झटका देकर फिर छुड़वा लिया। तभी वो गहरे पानी में चला गया। इसके 5 मिनट बाद अंकुर ने उसको फिर पकड़ा और पानी के बाहर निकालकर लाया। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मौके से पुलिस को सूचना दी गई।

इंस्पेक्टर मदेयगंज ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंची पुलिस के तलाशी लेने पर कोई पहचान पत्र नहीं मिला। जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने अज्ञात में शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया।

अज्ञात युवक की पहचान की जा रही है। चश्मदीद मुकेश कुमार ने बताया कि वो पुल के ऊपर ही बैठे थे। तभी वो युवक पुल के ऊपर की तरफ ठहल रहा था। कुछ देर में वो नीचे छलांग लगा दिया। मुकेश ने उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन तब तक वो नीचे कूद गया। इसके बाद ऊपर से ही आवाज देकर नीचे मौजूद लोगों को सूचना दी।

## बैंड कॉन्सर्ट का आयोजन

**कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** कारगिल युद्ध के वीरों को श्रद्धांजलि देते हुए, भारतीय सेना की सूर्या कमान ने कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर 24 जुलाई 2024 को जनेश्वर मिश्र पार्क में एक भव्य बैंड संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया जो जाबांज बहादुर सैनिकों के बलिदान के प्रति गहरे राष्ट्रीय गौरव और सम्मान को दर्शाती है। बैंड कॉन्सर्ट में 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर के मिलिट्री और पाइप बैंड ने आकर्षक धुनों का प्रदर्शन किया। बैंड की देशभक्ति के गीतों और पारंपरिक सैन्य धुनों की



मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और उनमें राष्ट्रवाद और श्रद्धा की गहरी भावना जागृत हुई। पार्क में गूंजता संगीत, कारगिल युद्ध के वीरों द्वारा प्रदर्शित वीरता और प्रतिबद्धता की एक शक्तिशाली याद दिलाता है।

यह कार्यक्रम महज़ एक संगीत प्रदर्शन से कहीं अधिक था; यह भारत की सशस्त्र सेनाओं की वीरता और दृढ़ता का उत्सव था। कारगिल विजय दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए, उपस्थित लोगों को भावनात्मक और प्रेरणादायक क्षणों से भरी एक शाम का आनंद लिया । संगीत कार्यक्रम ने राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वालों हमारे शहीदों का सम्मान करते हुए कृतज्ञता और स्मरण में सभी को एक साथ एकत्रित होने का अवसर प्रदान किया।

आयोजन की सफलता कारगिल वीरों की विरासत और देश को एकजुट करने वाली देशभक्ति की अटूट भावना का प्रमाण थी।

## सीतापुर में दो लाख की बाइक खरीदी, लखनऊ में करने लगे लूट

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** तेलीबाग सब्जी मण्डी में शिक्षिका के साहस से पस्त होकर भागे चेन लुटेरों को कृष्णानगर पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। लुटेरों ने सीतापुर के एक शोरूम से दो लाख रुपये की बाइक खरीदी थी। जिसका इस्तेमाल चेन लूटने के लिए करने लगे। तेलीबाग में वारदात को अंजाम देते वक्त शिक्षिका के विरोध के कारण बदमाशों का बाइक छोड़ कर भाग गए थे। तेलीबाग में वारदात से पूर्व बदमाशों ने कृष्णानगर में एक युवती से मोबाइल लूट को भी अंजाम दिया था।

एडीसीपी दक्षिण शशांक सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह सिधौली प्रेमनगर निवासी मो. अलकमर और गांधीनगर निवासी रेहान उर्फ अयान को गिरफ्तार किया गया। लुटेरों के पास से 19 जुलाई को पीजीआई तेलीबाग में शिक्षिका अंजनी बाजपेई से लूटी गई चेन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि कृष्णानगर ईको गार्डन के पास मार्च माह में युवती से मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम दिया था। एडीसीपी ने बताया कि पीजीआई में जो बाइक बदमाश छोड़ कर भागे थे। वह सीतापुर के एक शोरूम से 26 जून को खरीदी गई थी। जिसकी कीमत करीब दो लाख रुपये है। अलकमर ने पुलिस को बताया कि दोस्त रेहान के साथ मिल कर उसने बाइक खरीदी थी। जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर अभी नहीं आया है। वहीं, शोरूम से बाइक खरीदने के वक्त मिला अस्थाई नम्बर उन्होंने मिटा दिया था। एसीपी कृष्णानगर विनय द्विवेदी ने बताया कि अलकमर मोबाइल मैकेनिक है। वहीं, रेहान आरा मशीन में काम करता है।

**पीजीआई पुलिस तलाशती रही, कृष्णानगर ने दबोचा:** मार्च महीने में मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देकर भाग बदमाशों की फुटेज पुलिस को मिली थी। करीब 200 से अधिक कैमरे खंगालने के साथ ही लूटे गए मोबाइल फोन को सर्विलांस पर लिया गया था। जिसके जरिए लुटेरों को कृष्णानगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उधर, शिक्षिका से लूट को अंजाम देकर भागे बदमाशों की बाइक मिलने के बाद भी पीजीआई पुलिस केवल तलाश ही करती रह गई।

**लुटेरों के गुरु को तलाश रही पुलिस:** पूछताछ में अलकमर और रेहान ने पुलिस को बताया कि लूट की वारदात करने के तरीके उन्हें एक व्यक्ति ने सिखाए थे। सीतापुर के रहने वाले व्यक्ति के बारे में जानकारी मिलने पर पुलिस उसे तलाश रही है। वहीं, लूट का सामान खरीदने वालों को भी चिह्नित किया जा रहा है।

### गोमती में मिला लापता डिलवरी ब्वाय का शव

**लखनऊ।** बैकुण्ठ धाम के पास लापता डिलवरी ब्वाय का शव गोमती नदी में उतराता मिला। हजरतगंज पुलिस ने शव की शिनाख्त करते हुए परिवार को सूचना दी। वहीं, डिलवरी ब्वाय के जीजा ने हत्या कर शव फेंके जाने का अंदेशा जताया है। ठाकुरगंज लालाबाग निवासी राज प्रजापति (24) फूड कम्पनियों के लिए डिलवरी करता था। सोमवार सुबह राज बिना बताए घर से निकल गया। उसका फोन भी बंद था। पिता मुन्नालाल के मुताबिक कई बार कॉल करने के बाद भी फोन नहीं उठा। जिसके बाद परिवार वाले राज को तलाशने लगे। मंगलवार को जीजा संजीव को दुबग्गा घैला पुल के पास साले की बाइक खड़ी मिली। फोन अभी भी बंद था। ऐसे में परिवार वाले खोजबीन कर रहे थे। संजीव के मुताबिक हजरतगंज कोतवाली से उन्हें फोन कर बैकुण्ठ धाम के पास राज का शव मिलने की सूचना दी गई।

## नवंबर 2024 से शुरू होगा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत से विलुप्त होती लोककला को नवजीवन प्रदान करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर प्रदान करते हुए भारतीय कलाकृतियों को आगे बढ़ाने हेतु पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामाजिक संस्था मां गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव का आयोजन मान्यवर काशीराम सांस्कृतिक स्थल,स्मृति उपवन,आशियाना, बंगला बाजार,लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है।

पत्रकार वार्ता में महोत्सव के मुख्य आयोजक संस्था के अध्यक्ष व भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ लखनऊ महानगर के संयोजक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि संस्था विगत कई वर्षों से सामाजिक सेवा के साथ-साथ महोत्सव का भी आयोजन कर रही है सामाजिक सेवाओं में संस्था समर्पित भावना से कार्य करते हुए हस्तशिल्प




को बढ़ावा एवं महिलासशक्तिकरण, महिला स्वावलंबन पर कार्य कर रही है। अरूण प्रताप सिंह ने बताया कि जिस तरह से केंद्र एवं प्रदेश सरकार हस्तशिल्प को एवं हाथ के कारीगरों को पूर्णतया सहयोग कर प्रमोट कर रही है उसी में संस्था द्वारा भी सूक्ष्म सहयोग किया जा रहा है उन्होंने बताया कि इस महोत्सव की तैयारी तीस प्रतिशत पूरी हो गई हैं भारत देश के लगभग सभी राज्यों से हस्तशिल्प सहित कपड़े, फर्नीचर,हांथ से बने संगमरमर के सामान,ड्रायफ्रूट्स,कालीन वा दैनिक घरेलू उपयोग की समस्त वस्तुएं उपलब्ध रहेंगी। संस्था की अध्यक्ष एवं महोत्सव की मुख्य आयोजिका, भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ लखनऊ महानगर की सह संयोजिका गुंजन वर्मा ने पूर्ण रूप से महोत्सव के सांस्कृतिक मंच की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हमारा मंच सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु प्रदेश स्तरीय मंच होता है जो सभी केलिए निःशुल्क प्रदान किया जाता है,मंच से विलुप्त होती भारतीय लोक कला को पुनः जीवित करने हेतु पूर्ण प्रयास किया जाता है जिसमें पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्ण सहयोग हेतु संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश से निवेदन किया जाएगा एवम बच्चों, बड़ों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच पर प्रस्तुत किए जाएंगे। महोत्सव के मुख्य आयोजक व संस्था के उपाध्यक्ष विनय दुबे एवं रनवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ सहित आसपास के अन्य जिलों से भी दर्शक महोत्सव में मनोरंजन एवम खाने पीने, शॉपिंग करने के लिए आते हैं जिसमें मनोरंजन की दृष्टि से तमाम प्रकार के बड़े-बड़े झूले, प्रवेश द्वार लंदन ब्रिज के रूप में होगा एवं महोत्सव के अंदर सूक्ष्म रूप से दुबई सिटी भी विकसित की जाएगी। भारत के अन्य प्रदेश से समस्त प्रकार के व्यंजन, गेम जोन,सेल्फी प्वाइंट आदि मनोरंजन के साधन रहेंगे, मेले के अंदर का समस्त परिसर वा प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरा एवं सुरक्षा गाईड की निगरानी रहेगी। आयोजन समिति में संस्था के सचिव व समाजसेवी हेमू चौरसिया,मोनालिसा,रोली जायसवाल ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि छोटे-छोटे निम्न वर्ग के हस्तशिल्पकारों को पिछली वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुछ दुकान निःशुल्क दी जाएगी।

## नौबस्ता में डायरिया के 27 मरीज मिले

**डॉक्टर्स की टीम 3 दिन से कर रही होम सर्विलांस**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के नौबस्ता में डायरिया का कहर जारी हैं। बुधवार को लगातार तीसरे दिन मेडिकल कैंप लगाया गया। जहां बड़ी संख्या में लोग दवाई लेने पहुंचे। डॉक्टरों की मानें तो डायरिया के 27 मरीज यहां मिले हैं। वहीं,मेडिकल टीम ने डोर-टू-डोर सर्विलांस कर लक्षण वाले मरीजों को र्व पैकेट समेत पानी की सफाई के लिए क्लोरीन टेबलेट दी गई हैं। लगातार तीसरे दिन सुबह 8 बजे से मेडिकल टीम यहां पहुंची। कैंप लगाकर मरीजों का उपचार करने के साथ ही घर पर ही जांच की सुविधा भी मुहैया कराई जा रही हैं। बड़ी संख्या में बुजुर्ग और महिलाओं ने कैंप में आकर दवाई ली। ज्यादातर मरीजों में उल्टी-दस्त और पेट दर्द की शिकायत रही। इससे पहले मंगलवार को 40 मरीजों में डायरिया के लक्षण मिलने की बात कही गई थी। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की माने तो महज 2 से 3 मरीजों में ही डायरिया के लक्षण दिखे हैं।

सोमवार को भी बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने की खबर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इलाके का निरीक्षण किया। इस दौरान जांच में 5 लोगों में डायरिया की पुष्टि भी हुई थी। जबकि, 2 दर्जन लोगों में डायरिया के लक्षण पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एंबुलेंस लगा दी है साथ ही मेडिकल कैंप और पानी के टैंकर भी लगाए गए हैं। बीमार होने वालों में बच्चों की संख्या अधिक हैं। बीमार मरीजों को ओआरएस के पैकेट और मेट्रोजील की गोलियां दी गई।

## महापौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ज़ोन 02 की समीक्षा बैठक दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा नगर निगम के समस्त जोनों की समीक्षा बैठक किये जाने के क्रम में आज ज़ोन 02 की समीक्षा बैठक लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय की समीक्षा बैठक जोन के सम्मानित पार्षद गण एवं अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई। जिसमें क्षेत्र के पार्षदों द्वारा रखी गई समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

महापौर द्वारा ज़ोन अंतर्गत वार्ड वार तक वसूली के सम्बंध में वाणिज्यिक एवं घरेलू समपत्तियों का विवरण भिन्न भिन्न रूप से तैयार कर एक रिपोर्ट प्रेषित किये जाने हेतु जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया।

इसके अतिरिक्त ज़ोन अंतर्गत बनी ऐसी सड़कें जहां शिलापट्ट/नाम पट्टिका अभी तक नहीं लगाई गयी है, इस मामले को लेकर महापौर द्वारा आपत्ति जाहिर करते हुए अपर नगर आयुक्त को संबंधित जेई के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

इसके अतिरिक्त जिस-जिस क्षेत्र में छोटे व



बड़े नाले नालियों की सफाई अभी तक नही हुई है, वहां के संबंधित ठेकेदारों के भुगतान रोक दिए जाने हेतु भी सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया। साथ ही ज़ोन अंतर्गत नगर निगम की जितनी भी भूमियां हैं।उनमें जो अवैध कब्जे या अतिक्रमण युक्त हैं उन्हें तत्काल प्रभाव से खाली करवाये जाने के निर्देश दिए गए और ऐसी भूमियां जो नगर निगम के कब्जे में हैं और खाली पड़ी हैं उनके सुन्दरीकरण का कार्य वहां पर वेंडिंग ज़ोन इत्यादि बनवा कर करवाये जाने के निर्देश जारी किए गए। उक्त समीक्षा बैठक में सभी सम्मानित क्षेत्रीय पार्षद गण, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## अवैध खनन की शिकायत नहीं सुनी तो ग्रामीणों ने ही रोके डम्पर

**आधी रात में डेढ़ घंटे तक चला खूब हंगामा**

लोकमित्र ब्यूरो

**गोसाईंगंज।** मोहनलालगंज तहसील के गोसाईंगंज में अवैध खनन से नाराज ग्रामीणों ने मिट्टी भरकर ले जा रहे डम्परों को घेर लिया। कई दिनों से ग्रामीण इसकी शिकायत तहसील प्रशासन से कर रहे थे लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी।

मंगलवार-बुधवार की आधी रात में बेली कला गांव में रहने वालों ने डम्पर रोक लिए। ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध खनन के बाद क्षमता से ज्यादा मिट्टी लेकर डम्पर सड़कों पर अंधाधुंध चल रहे हैं। इनकी वजह से एक ओर दुर्घटनाएं हो रही हैं तो दूसरी तरफ सड़कें जर्जर हो गई हैं। ग्रामीणों ने डम्परों को रोक कर करीब डेढ़ घंटे तक हंगामा किया। बेली कला गांव के लोगों के मुताबिक़ अवैध खनन में



चल रहे दर्जनों डम्पर रात में गांव के भीतर से गुजरते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रात में ही खनन का कारोबार होता है। रात भर गांव से मिट्टी लदे डम्पर गुजरते रहते हैं जिससे मुख्य मार्ग में जगह जगह गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में ग्रामीण गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बीते कुछ दिनों में साइकिल से जा रहे कई बच्चे गड्ढों की वजह से गिरकर घायल हुए। ग्रामीणों ने बताया की गांव की जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए खंड विकास अधिकारी को लिखित शिकायती पत्र दिया जा चुका है। ग्रामीणों ने बताया डम्पर गांव के भीतर से न जाने की शर्त पर वाहनों को छोड़ दिया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में पड़ा मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

▸▸ सीओ, थाना पुलिस व डॉग स्कॉड ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल

लोकमित्र ब्यूरो



**अलीगंज/एटा।** थाना अलीगंज क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव खेत मे मिलने से हड़कंप मच गया। थाना पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची थाना पुलिस, सीओ सकीट व डॉग स्क्वाड ने जांच पड़ताल शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भिजवाया।थाना अलीगंज के ग्राम टपुआ उर्फ़ कंचनपुर आसे निवासी योगेश कुमार पुत्र मेवाराम सिंह ने थाना अलीगंज में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि मेरा 35 वर्षीय भतीजा सतेद्र सिंह उर्फ पप्पू पुत्र श्रीनिवास शौच के लिए बीती रात्रि मंगलवार को खेत में गया था लेकिन वापस घर लौटकर नहीं आया। जब परिवारीजनों द्वारा सतेंद्र की तलाश की गई तो पता चला कि सतेंद्र का शव गांव के किनारे बने गया देवी मंदिर के पास रामदास सिंह पुत्र छेदालाल के खुले खेत में पड़ा है और सत्येंद्र के शरीर पर कोई भी चोट के निशान दिखाई नहीं दिए और ने ना ही मौत का सही कारण पता चल सका। जिसकी सूचना पारिवारिक जनों ने थाना अलीगंज में दी। थाना अलीगंज पुलिस ने सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। वही क्षेत्राधिकार सकीट संजय कुमार और डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंच गए और छानबीन शुरू की। पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भिजवाया है।

## निराश्रित गोवंशों को लेकर विचार विमर्श कर आगे की बनाई गई रणनीति

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग के तत्वावधान में एक बैठक का आयोजन कैम्प कार्यालय शान्ती नगर एटा पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्रज प्रान्त के प्रान्त अध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने की।बैठक में निराश्रित गोवंशो को लेकर विचार विमर्श कर आगे की रणनीति बनाई गई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए अरविंद चौहान ने कहाँ कि पूरे ब्रज प्रान्त में शहरों में घूम रहे गोवंशो को गौशालाओं में पहुंचाने का एक आदेश निवर्तमान मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र जी ने एक आदेश किया था तथा पशुपालन विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल जी ने भी कहाँ था कि शहरों में घूम रहे हैं निराश्रित गोवंशों को तत्काल गौशलाओं में पहुंचाया जाये लेकिन यह आदेश कागजों में ही सिमट कर रह गया तथा जिसके कारण दिन प्रतिदिन एक्सीडेंटो की संख्या बढ़ रही है जिनमें गोवंश चुटैल हो रहे हैं तथा कुछ काल के गाल में समा जा रहे हैं तथा जनता को भी एक्सीडेंट के कारण जूझना पड़ रहा है जिसके कारण सरकार की छवि भी खराब हो रही है जबकि मुख्यमंत्री जी गोवंशो को लेकर काफी चिंतित रहते हैं।

उसके बावजूद भी गोवंश व्यवस्थित नहीं हो पा रहा क्योंकि जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। जबकि शासन से गौशालाओं के नाम पर करोड़ों रुपया जनपदों में दिया जा रहा है।

फिर भी गोवंश सड़कों पर ही है जबकि जनपदों में हर ग्राम पंचायत तथा ब्लॉकों में चारागाह की जमीने पड़ी होगी तथा जिला प्रशासन को चारागाह की जमीन खाली करानी चाहिए तथा उसमें गौ आश्रय स्थल तथा निराश्रित गोवंशो के लिए चारे की व्यवस्था की जा सकती है लेकिन जमीने तो दबंग लोग घेरे हुए हैं।जिनको खाली कराने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। बल्कि जनपदों में जिला प्रशासन चारागाह की जमीन के नाम पर चुप्पी साधे रहते हैं तथा अधिकारी अपनी नौकरी का समय काटते रहते है। तथा शासन को अवगत करा देते हैं कि जनपद में निराश्रित गोवंशो को लेकर कोई समस्या ही नहीं है तथा शासन से आये हुए माननीय व अधिकारियों को एक गोशाला का निरीक्षण कराकर अपनी पीठ थपथपा लेते है। कि सव ठीक ठाक निपट गया और अगर यही गौशालाओ का औचक निरीक्षण किया जाये तो हकीकत सामने आ जायेगी।

जबकि गोवंश सुरक्षित करना केवल किसी संगठन का कार्य नहीं है ब्लकि संपूर्ण हिन्दू समाज का कार्य है इसलिए हम सबको मिलकर इस कार्य को करना चाहिए। अरविंद चौहान ने कहाँ कि पूरे ब्रज प्रान्त में कहीं पर भी गोकशी तथा गौ तस्करी की घटनाओं का होना किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा मेरी पूरे ब्रज प्रांत के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से तथा संपूर्ण हिन्दू समाज से भी अपील है कि इस कार्य को पूर्ण रूप से रोका जाए तथा पुलिस प्रशासन भी इस कार्य को अंजाम देने वालों पर गैंगस्टर, रासुका तथा एनएसए के तहत कार्यवाही करें ताकि यह लोग घटना को अंजाम ना दे सके।

अरविंद चौहान ने कहाँ कि मेरी शासन से भी अपील है कि निराश्रित गोवंशो को लेकर जनपदों में प्रशासनिक अधिकारीयो की जिम्मेदारी फिक्स की जाये तथा शिथिलता बरतने पर कार्यवाही की जाये अन्यथा जो परिणाम अभी लोक सभा चुनावों में आये हैं उससे भी बेहतर परिणाम 2027 के विधानसभा चुनावों में आयेगे। सूत्रों के मुताबिक पता चला है कि जनपदों में अधिकारी गोवंश के खिलाफ आवाज उठाने वाले संगठन के पदाधिकारीयो व कार्यकर्ताओं को हडकाकर आवाज को दबाने का कार्य कर रहे हैं। पूरे ब्रज प्रान्त में ऐसे अधिकारीयो को सूचीबद्ध करके मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया जायेगा।बैठक में,आशीष फौजी, अबनेंद्र राजपूत,अतुल कुमार,मोहित यादव,विवेक राठौर,हिमांशु वर्मा,आदि उपस्थित रहे।

## विधायक ने मुख्यमंत्री को विद्युत आपूर्ति की समस्या से कराया वाकिफ



▸▸ अवागढ़ ब्लॉक में राजकीय महाविद्यालय खुलवाये जाने की भी मांग की

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** बुधवार को क्षेत्रीय विधायक संजीव दिवाकर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विधायक द्वारा मुख्यमंत्री को बताया कि विधान सभा 106 जलेसर में विद्युत व्यवस्था बिल्कुल फेल है। उक्त समस्या विद्युत कर्मियों की मनमानी के चलते हुई है। विधान सभा क्षेत्र के किसान भी एक सप्ताह से बिजली न आने से काफ परेशान है। क्योंकि बिजली व्यवस्था सुधार न होने के कारण फसलों को नुकसान हो रहा है। जबकि विद्युतकर्मी सरकार की मंशानुसार कार्य नहीं कर रहे हैं। विधायक ने विद्युत समस्या के समाधान हेतु विद्युत निगम के संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश देने की सीएम से गुहार लगायी। ताकि विद्युत व्यवस्था सुचारू हो सके। इसके साथ ही विधायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि विस 106 जलेसर क्षेत्र के ब्लॉक में एक राजकीय महाविद्यालय की अत्यन्त आवश्यकता है। क्योंकि इस ब्लॉक क्षेत्र के छात्र/छात्राएं 20-20 किलोमीटर दूर उच्चशिक्षा के लिए जाते है। जिससे उनका आने जाने अधिक समय खर्च हो जाता है जिस कारण उनकी शिक्षा पूरी नही हो पा रही है।इस दौरान-विधायक संजीव दिवाकर के साथ पूर्व एमएलसी प्रत्येन्द्र पाल सिंह, वीरेन्द्र प्रताप सिंह संतोष,चेयरमैन अवागढ़ महेश पाल सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि निधौलीकलां मोनी गुप्ता,राजेश सरानी भी साथ थे।

## हथकड़ी लगे कैदी को लेकर ताज दिखाने पहुंचे हिमाचल पुलिसकर्मी

लोकमित्र ब्यूरो



**आगरा।** विश्व के सात आश्चर्यों में शामिल ताजमहल को देखने की दीवानगी लोगों में किस हद तक है, इसका एक नजारा मंगलवार को देखने को मिला, जब हिमाचल पुलिस के सिपाही हथकड़ी लगे एक कैदी को लेकर ताजमहल दिखाने पहुंच गई। हालांकि ताजमहल के प्रवेश द्वार पर तैनात कर्मियों ने उन्हें प्रवेश नहीं दिया। इस पर उन्हें बिना ताज देखे ही लौट जाना पड़ा।

कैदी के साथ प्रवेश द्वार तक पहुंचे पुलिसकर्मियों का कुछ लोगों ने मोबाइल फोन से वीडियो बना लिया। यह वीडियो वायरल करने के साथ ही लोगों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए कि क्या हिमाचल पुलिस इनके खिलाफ कोई एक्शन लेगी।

वहीं एसीपी ताज सुरक्षा सैयद अरीब अहमद ने मीडिया से कहा कि कैदी के साथ आए हिमाचल के पुलिसकर्मियों को सुरक्षा बेरिकेडिंग की शुरुआत में ही क्यों नहीं रोका गया, इसकी जांच कराई जाएगी।

बता दें कि मंगलवार की दोपहर तीन बजे करीब सफेद रंग की हिमाचल पुलिस की जीप ताजमहल पूर्वी गेट के निकट अमर विलास बैरियर पहुंची थी। जीप से चार पुलिसकर्मी और हथकड़ी लगाए एक कैदी उतरा। वहां मौजूद स्थानीय पुलिसकर्मियों ने हथियार के साथ जाने से रोक दिया।

इस पर एक पुलिसकर्मी हथियार लेकर वहीं बैठ गया और शेष तीनों कैदी को लेकर ताजमहल की ओर चले गए। उन्होंने ताजमहल का टिकट खरीदा और पूर्वी गेट पर पहुंच गए। यहां एएसआई और एडीए के कर्मचारियों ने हथकड़ी के साथ कैदी को अंदर ले जाने से मना कर दिया। इस पर पुलिसकर्मी बैरंग वापस लौट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कैदी को हथकड़ी लगी थी पर पुलिसकर्मी उसे खुला छोड़ कर चल रहे थे।

## कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता संविधान की रक्षा करेगा



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चैयरमेन जनाब शहनवाज आलम जी के निर्देश और प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रभावी डा खालिद ख़ान जी के आवाहन पर आज गाजियाबाद जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रेहड़ी पटरी और दुकानदारों को संविधान की प्रस्तावना की प्रतियां वितरित की। संविधान की प्रस्तावना की प्रतियों का वितरण बृहस्पतिवार को भी किया जाएगा।अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सलीम सैफी ने अपनी कमेटी के साथ दुकानदारों को संविधान की प्रस्तावना की प्रतियां देते हुए आवाहन किया कि हम सब को संगठित होकर संविधान की रक्षा करनी है।

दुकानदारों को सचेत किया कि बीजेपी की केंद्र और राज्य सरकारें संविधान को खत्म करना चाहतीं हैं।इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस के संविधान की प्रस्तावना की प्रतियां वितरण कार्यक्रम में आसिफ़ सैफी, डासना नगर अध्यक्ष फरमान चौधरी,सोनू ख़ान,वसीम अहमद, सरफराज मलिक,असरफ कुरेशी उपस्थित रहे।

## प्लेटटिनम 321 सोसायटी, राज नगर एक्सटेंशन द्वारा फ्री सैनेट्री पैड वितरण कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो




**गाजियाबाद!** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत इस माह का फ्री सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम 24 जुलाई 2024 को सेवा भारती,महानगर गाजियाबाद की शुभ्रा जैन जी के सौजन्य से प्लैटिनम 321 सोसाइटी , राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद के क्लब मे आयोजित किया गया जिसमे वंचित परिवारों की लगभग 50 बहनों को उनकी मासिक आवश्यकता अनुसार दो दो पैकेट वितरित किए गए। वितरण कार्यक्रम में उपस्थित सभी जरूरतमंद महिलाओं को जैसे कि महिला सफाई कर्मचारी, हाउस-मेड, महिला गार्ड आदि को हर माह होने वाले फ्री सैनेट्री पैड वितरण कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया गया और उन्हें सेनेटरी पैड को इस्तमाल करने के फायदे और निस्तारण के बारे में भी बताया गया।

सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम में प्लैटिनम 321 की महिला प्रतिनिधियों ने रेखा वत्स, गोल्डी त्यागी, अन्नू सिंघल, सुनीता अग्रवाल, सरिता त्यागी तथा राजनगर रेजीडेंसी की रैनी अग्रवाल का योगदान प्रमुख था।

वितरण कार्यक्रम की व्यवस्था सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्य अनिल वत्स एवम प्रदीप सिंघल जी की संरक्षता में सफलता पूर्वक किया गया। सेवा भारती, महानगर गाजियाबाद, के वितरण कार्यक्रम, राजनगर एक्सटेंशन के संयोजक मनोज अग्रवाल ने सभी वर्ग की महिलाओं से अपील करी है कि हर महिला को अपने स्वास्थ और शारीरिक स्वच्छता के प्रति जागरुक होना चाहिए।

## डूबने से बचाव हेतु सुरक्षा के उपाय: एसडीएम

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सत्य प्रकाश ने बताया है कि राहत आयुक्त कार्यालय, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के माध्यम से अवगत कराया गया है कि वर्ष 2021 से डूबने से होने वाली जनहानि को राज्य सरकार द्वारा राज्य आपदा घोषित किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा डूबने से होने वाली जनहानियों को न्यूनीकृत किये जाने हेतु निरन्तर व्यापक कदम उठाये जा रहे हैं।उन्होनें बताया है कि डूबने के बचाव हेतु सुरक्षा के निम्नलिखित उपाय हैं- यदि तैरना न आता हो तो नदी, नहर, नाले अथवा तालाब आदि में कदापि न जाएं एवं अपने स्वजन को भी जाने से रोकें, बच्चों को पुलिया एवं ऊंचे टीलों से पानी में कूद कर स्नान करने से रोकें, अति आवश्यक हो तो ही पानी में उतरें एवं गहराई का ध्यान रखें, ओवरलोडेड नौकाओं में न बैठें, कोशिश करें कि किसी नदी, पोखर, तालाब या जल स्त्रोत में सामूहिक रूप से स्नान करने जाते समय अपने साथ 10-15 मीटर लंबी रस्सी या धोती/साड़ी अवश्य रखें, नदियों, नहरों, जलाशयों या अन्य जल स्त्रोतों के पास लिखी हुई चेतावनी की अवहेलना न करें, छोटे बच्चों को घाटों एवं जल स्त्रोतों के समीप न जाने दें, किसी के उकसावे में आकर पानी में छलांग न लगाएं, नदियों या अन्य जल स्त्रोतों के घाटों पर रीति-रिवाजों एवं संस्कारों का निर्वहन करते समय सावधानी बरतें, नदी या तालाब में तैरते/स्नान करते समय स्टंट न करें, सेल्फी आदि न लें ऐसा करना जानलेवा हो सकता है।

### फरार मीट फैक्टरी संचालक समेत छह पर इनाम घोषित

**गाजियाबाद।** मसूरी क्षेत्र में संचालित मीट फैक्टरी में नाबालिगों से काम कराने के मामले में फरार चल रहे तीन फैक्टरी संचालकों पर पुलिस ने 20-20 हजार का इनाम घोषित किया है। साथ ही गैंगस्टर के दो आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव ने मीट फैक्टरी में नाबालिगों से काम कराने के मामले में वांछित हापुड़ के बुलंदशहर रोड निवासी जावेद कुरैशी, परवेज कुरैशी और गुलवेज कुरैशी पर इनाम घोषित किया है। इनके खिलाफ मसूरी थाने में मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा मुरादनगर के ईदगाह रोड निवासी असलम पर भी 20 हजार का इनाम घोषित किया गया है। वहीं, डीसीपी नगर राजेश कुमार ने गैंगस्टर के वांछित नंदग्राम निवासी दीपक उर्फ गोलू उर्फ गुलवा और संजयनगर सेक्टर 23 निवासी अंकित पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया है। इनके खिलाफ मधुबन बापूधाम थाने में गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं।

## गैर मान्यता प्राप्त फर्जी स्कूलों पर कार्यवाही कब

▸▸ रेंट पर लेकर भवनों में कर रहे हैं स्कूल संचालित छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़

लोकमित्र ब्यूरो




**एटा।** जनपद में सैकड़ों की तादाद में चल रहे फर्जी स्कूलों पर कार्यवाही करें कौन क्योंकि प्रशासन है मौन एटा जैथरा अलीगंज धुमरी शहरों से लेकर ग्रामीण अंचलों में भी झुगड़ झोपड़ी डाल करके फर्जी स्कूल संचालित हो रहे है।

कई बार समाचार प्रकाशित होने के बावजूद भी इस पर जिला प्रशासन मौन नजर आया आपको बताते चलें कि नवोदय विद्याज्ञान जैसी उच्च शिक्षा देने के नाम पर अभिभावकों की जेब मे फर्जी स्कूल संचालक डाल रहे हैं ढांका या फिर प्रशासन की मिली भगत से फर्जी स्कूलों का गोरख धंधा पनप रहा है या होगी फर्जी संचालकों के खिलाफ कोई कार्यवाही पूर्व में भी खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में तो आया था लेकिन कागजों में हवा हवाई कार्यवाही कर सबको टाटा बाय-बाय करके छोड़ दिया गया था। ऐसा प्रतीत हो रहा है जनपद में फर्जी स्कूलों के पीछे किसी शिक्षा माफिया का हाथ है या फिर संचालक अपनी दबंगई के चलते फर्जी स्कूल कर रहे हैं।

संचालित विकासखंड जैथरा एस एम एस अकैडमी, एमडी पब्लिक स्कूल, आर एस पब्लिक स्कूल कुरावली रोड, नेशन इंटरनेशनल अकैडमी, बालाजी विद्या मंदिर सूरजपुर अलीगंज में फर्जी स्कूलों का आतंक एमडी पब्लिक स्कूल माखेड़ा, ए एस एन इंस्टीट्यूट अमरोली रोड एमआरएफ टायर एजेंसी के पास एन एस एल पब्लिक स्कूल एमआरएफ टायर एजेंसी के सामने अमरोली रोड, मैनपुरी रोड बंजारों डेरों के पास के अलावा ग्रामीण अंचलों में फर्द पुरा,पलरा,माखेडा जैसे तमाम फर्जी स्कूल हो रहे हैं संचालित खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा बताया गया कि फर्जी स्कूल संचालकों की सूची तैयार की जा रही है संज्ञान में आए फर्जी स्कूलों पर सख्स से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## छात्रा से छेड़छाड़, प्रधानाध्यापक पर मामला दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**चकरनगर, इटावा।** विकास खण्ड चकरनगर के एक परिषदीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक के खिलाफदलित छात्रा से छेड़छाड़ में मुकदमा दर्ज किया गया। जिसकी जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी को सौंपी गई। प्रधानाध्यापक ने आरोप

चकरनगर थाना के एक गांव की दलित महिला ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र के माध्यम से आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी 10 वर्ष की बेटी 13 जुलाई को समय 10 से 11 बजे की बीच प्राथमिक विद्यालय राजपुर से अंक सूची लेने गई थी। इसी दौरान प्रधानाध्यापक उसे एक कमरे में ले गया और छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने लगा। छात्रा ने जब इस बात का विरोध किया, तो शिक्षक ने अंकसूची न देने और फेल कर देने की धमकी दी। प्रधानाध्यापक की धमकी से डरी सहमी छात्रा ने घर में भी सूचना नहीं दी। लेकिन समीपवर्ती घर में रह रहे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा घटना की जानकारी छात्रा की मां को दी गई। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए 23 जुलाई को प्राथमिक विद्यालय राजपुर के प्रधानाध्यापक बसंत लाल के खिलाफसंगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए नवागंतुक पुलिस क्षेत्राधिकार प्रेम कुमार थापा को जांच सौंप दी। बसंत लाल, प्रधानाध्यापक राजपुर ने बताया कि राजपुर गांव में एक लोग ने प्लाट के नाम पर हमारे रुपये ले लिए थे, मांगने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते थे। कुछ लोग अक्सर शराब पीकर भी आते थे। षड्यंत्र के तहत मुझे फसाया गया मैं निर्दोष हूं। प्रधानाध्यापक के खिलाफ एससी-एसटी सहित छेड़छाड़ में मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें जांच के उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## छह दिन बाद हिंडन नहर में मिला गुमशुदा बच्चे का शव

लोकमित्र ब्यूरो

**खोड़ा।** घर से गायब हुए 8 साल के बच्चे का शव सोमवार रात यानी छह दिन बाद दिल्ली के हिंडन नहर न्यू अशोक नगर से बरामद हुआ है। बच्चा अपने घर खोड़ा कॉलोनी से खेलने के लिए निकला था।

परिजनों ने खोड़ा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। आजाद विहार खोड़ा कॉलोनी में पूनम परिवार के साथ रहती हैं। पूनम ने बीते बृहस्पतिवार को खोड़ा थाने में अपने 8 साल के बेटे रोशन की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पूनम ने बताया था कि बुधवार को रोशन कहीं गुम हो गया। उसको तलाश किया, लेकिन वह कहीं नहीं मिला। रोशन को बरामद करने के लिए टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली। फुटेज में रोशन आसपास के कुछ बच्चों के साथ जाता हुआ नजर आया। पुलिस टीम ने बच्चों से पूछताछ की पता चला कि रोशन हिंडन नहर में नहाते समय डूब गया। इसके बाद पुलिस की टीम ने गोताखोरों की मदद से रोशन को तलाशना शुरू किया।

तीन दिन से चल रहे खोज अभियान के तहत सोमवार की शाम टीम को रोशन का शव नहर में मिला। परिजनों को सूचना दी गई तो उन्होंने बच्चों की शिनाकख्त रोशन के रूप में की। स्वतंत्र सिंह एसीपी इंदिरापुरम में बताया कि बच्चे की मौत के मामले में गुमशुदगी दर्ज है। परिजनों ने मामले में अभी कोई और आरोप नहीं लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारण का पता चलेगा।

### मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**साहिबाबाद।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के इलाके में रहने वाली मानसिक रोगी बच्ची के साथ 15 साल के किशोर ने दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची की मां ने किशोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा कि उनकी बेटी मानसिक रूप से बीमार है। जिसका दिल्ली के अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनकी बच्ची मकान के नीचे वाली मंजिल में खेलने के लिए गई थी। कुछ देर बाद उन्होंने अपनी बच्ची को आवाज लगाई। लेकिन बच्ची ऊपर नहीं आई, तो मां नीचे पहुंची। उन्हें मामले की जानकारी हुई। महिला का आरोप है कि किशोर के परिजनों से मामले की शिकायत की, तो उन्होंने मारपीट की। वहीं, नीचे वाली मंजिल में किशोर किराये के मकान में परिवार के साथ रहता है। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## किसान सभा ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

लोकमित्र ब्यूरो

**ऊसराहार, इटावा।** ताखा मे किसान सभा ने तहसील पर प्रदर्शन कर दिए ज्ञापन सौंपा किसानो ने पुराह व आनहैया नदी की सफाई कराने की मांग भी की है।

किसान सभा ने तहसील पर जोरदार प्रदर्शन कर किसानो के ज्वलंत मुद्दों को उठाते हुए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तथा स्थानीय समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी इटावा और उप जिलाअधिकारी ताखा को प्रेषित ज्ञापन उप जिला अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय को दिए।

ज्ञापनों में स्वामीनाथन आयोग की अनुशंसा के अनुसार सी 250 प्रतिशत की कानूनी गारंटी की मांग, किसानों की कर्जा मुक्ति, 60 साल से ऊपर के किसानों को 10000 मासिक पेंशन, खाद, बीज ,डीजल, दवाएं सस्ती करने ,कृषि यंत्रों पर सब्सिडी बढ़ाने ,बिजली बिल 2022 वापस लेने ,किसानों को सिंचाई हेतु एवं 300 यूनिट घरेलू बिजली फ्री देने, आवारा पशुओं से फसल उजाड़ रोकने की ठोस योजना बनाने जैसी मांगों के ज्ञापन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भेजे। ज्ञापनों में प्रदेश में हो रही माव लिचिंग की घटनाओं को सख्ती से रोकने ,भीड़ हत्या में शामिल लोगों पर कठोर कार्रवाई करने तथा घटना में मारे गए और घायल व्यक्तियों के परिवारों को पर्याप्त मुआवजा देने तथा कांवड़ यात्रा के मार्ग में पड़ने वाली दुकानों, होटलों, ढाबों, हथ ठेलों आदि पर उनके मालिकों और उनमें काम करने वालों की सूचना अंकित करने के असंवैधानिक आदेश को वापस लेने की मांगे मुख्यमंत्री से की गई है। जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी से पुरहा तथा अहनैया नदी की खुदाई सही तरीके से करने, ताखा तहसील के पास निर्मित अस्पताल तथा सुतियानी रोड पर निर्मित आईटीआई को पूरी क्षमता से संचालित करने की मांग की गई।

## स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने के लिए आगे आ रहे जनपद के शस्त्र लाईसैंस धारक

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल का सम्पूर्ण जनपद में असर लगातार जारी है। जिले के शस्त्र लाईसैंसधारक स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने के लिए लगातार आगे आ रहे हैं। लोगों को मानना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में कानून एवं शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है। लोगों को आने जाने में किसी भी प्रकार से असुरक्षा महसूस नहीं होती है, इसी कारण लोग अपने शस्त्र लाइसैंस को स्वेच्छा से निरस्त करा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को थाना मारहरा क्षेत्र के ग्राम हिम्मतपुर काकामई निवासी रामबेटी ने स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराया है। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने पर रामबेटी के परिजनों को जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में बुलाकर प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया।रामबेटी ने अपने शस्त्र लाईसैंस संख्या 6520 को निरस्त कराया है। बताते चलें कि डीएम प्रेम रंजन सिंह ने जिले में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल शुरू की। उन्होंने जनपद के ऐसे शस्त्र लाईसैंसधारक जो अपने शस्त्र का प्रयोग नहीं करते हैं या जिन्होंने शस्त्र लाईसैंस बनवा तो लिया लेकिन उनका शस्त्र घर में अनावश्यक ही रखा रहता है, तो वे स्वच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त करा सकते हैं। डीएम ने कहा कि स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने वाले व्यक्तियों के नाम वर्षो तक जिलाधिकारी कार्यालय में लगे बोर्ड पर देखने को मिलेंगे। परिणामस्वरूप डीएम ने अपने कार्यालय कक्ष में एक बोर्ड लगवाया है, जिसमें पूर्व में स्वेच्छा से अपने शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने वाले लोगों के नाम अंकित कराये गए हैं। जनपद में अभी तक लगभग दो दर्जन से अधिक शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराए गए हैं। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, रामबेटी के परिजन राकेश बाबू, शिवम आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रांसफार्मर वाले जाने के नाम पर घूस मांगे जाने का आरोप

**बीघापुर ।** तहसील क्षेत्र के देवाखेड़ा पाटन निवासी किसान रज्जू कुमार ने जे ई द्वारा ट्रांसफार्मर बदले जाने के एवज में पैसे मांगे जाने का आरोप लगाते हुए एमएलसी रामचंद्र प्रधान से गुहार लगाकर ट्रांसफार्मर लगवाए जाने तथा दोषी के विरुद्ध कार्यवाई की मांग की है। देवा खेड़ा पाटन निवासी किसान रज्जू कुमार ने एमएलसी रामचंद्र प्रधान को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि खराब ट्रांसफार्मर बदले जाने के नाम पर जे ई द्वारा उससे पैसे की मांग की जा रही है ।एम एल सी ने अधीक्षण अभियंता मध्यांचल विद्युत वितरण खण्ड उन्नाव को पत्र लिखकर जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा है। एमएलसी रामचंद्र प्रधान बताया कि जे ई द्वारा शासन की मनसा के प्रतिकूल कार्य किया जा रहा है धान की फसल की रोपाई का समय चल रहा है और समरसेबल नहीं चल पा रहा है गरीब किसान का शोषण किसी भी स्तर पर नहीं होने दिया जाएगा ।पूरे मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्यवाई कराई जाएगी।

### रोजगार मेले का आयोजन 26को

**उन्नाव।** डी एस एन महाविद्यालय ए बी नगर में दिनांक 26.07.2024 को में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 05 से 07 कम्पनियों प्रतिभाग कर रही है। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि 18 से 35 आयु वर्ग के कक्षा 10 से लेकर स्नातक तक के अभ्यार्थी प्रतिभाग कर सकते है। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के लिए अपने सभी शैक्षिक प्रमाण-पत्र अवश्य लाये एवं रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीयन कराना सुनिशर्ि्चत करें। उन्होंने बताया कि इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय देय नही होगा

### आग से 25 कुंतल अनाज ख़ाक

**सुबेहा।** अज्ञात कारणों से भूसा कोठरी में लगी आग से पच्चीस कुंतल से अधिक अनाज के अतिरिक्त भारी तादाद में भूसा जलकर राख हो गया। दमकल विभाग मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पूरे पराग तिवारी गांव निवासी राकेश तिवारी की भूसा कोठरी में बुधवार दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई।आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। दमकल विभाग मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।भूसे में रखा बीस कुंतल गेहूं पांच कुंतल चावल जलकर भी राख हो गया। वहीं पचास से अधिक कुंतल भूसा भी खाक हो गया।

### दिन दहाड़े मन्दिर से भगवान का चांदी का मुकुट चोरी



**सुबेहा ।** शनि बाजार कस्बा स्थित दिनदहाड़े संकट मोचन मंदिर से हनुमान जी का मुकुट चोरी हो गया। चोर की सभी करतूतें सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिसक्न ने घटना की छानबीन शुरू करके आरोपी को दबोच लिया।क्चोरी हुआ मुकुट भी बरामद हो गया। नगर पंचायत सुबेहा स्थित शनि बाजार में संकट मोचन हनुमान मंदिर है।इस मंदिर पर एक वर्ष के अंतराल में यह तीसरी चोरी कीक्ष वारदात है है। बुधवार सुबह श्रद्धालु पूजा पाठ करके चले गए। उसके बाद लगभग नौ बजे एक चोर मंदिर में पहुंच कर सबसे पहले हनुमान जी को सिर झुकाकर प्रणाम किया। उसके बाद हनुमान प्रतिमा के नजदीक पहुंच कर मुकुट को चोरी कर लिया। चोरी करने बाद वह एक अनोखी चालक्ष में वापस लौट गया। इसी चाल के चलते चोर की पहचान हो गई।चोर द्वारा की जा रही सभी हरकतें सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसकी पहचान कस्बा वासियों ने कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर सुबेहा कस्बा के कछवा गांव निवासी वीरेंद्र को पकड़ा। पुछताछ में वीरेंद्र ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। साथ हुआ मुकुट भी पुलिस ने बरामद कर लिया। चोरी होने के चार घंटे के अंतराल में चोर व माल बरामद करने में एक रिकॉर्ड है।

### सांसद किशोरी लाल ने ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

**अमेठी।** लोकसभा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की समस्या के संबंध में सांसद किशोरी लाल ने ऊर्जा मंत्री श्री अरविंद कुमार शर्मा को पत्र लिखकर तत्काल समाधान की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि पिछले कई महीनों से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है, जिससे जनता और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किशोरी लाल ने बताया कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है, जिससे उनकी फसलें प्रभावित हो रही हैं। इसके अलावा, ट्रांसफार्मर और बिजली के तारों की मरम्मत का काम भी समय पर नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों से इस समस्या के समाधान के लिए कई बार बातचीत की गई है, लेकिन अभी तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। इस संकट का सबसे बड़ा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है, जिससे जनता में असंतोष बढ़ रहा है। सांसद किशोरी लाल ने ऊर्जा मंत्री से आग्रह किया है कि वे इस मामले को प्राथमिकता से लेकर जल्द से जल्द समाधान करें ताकि जनता को राहत मिल सके।

### सड़क हादसे में घायल शिक्षक की हुई मौत

**निन्दूरा।** कुर्सी कोतवाली क्षेत्र में ढाई महीने पहले सड़क हादसे में घायल शिक्षक की इलाज के दौरान मंगलवार की रात मौत हो गई मौत से घर में मचा कोहराम।कुर्सी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रसादी पुरवा मजरे मोहसण्ड गांव निवासी ओम प्रकाश रावत ब्लॉक क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय भदेशिया तैनाती थी 8 माई 2024 को कुर्सी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ महमूदाबाद मार्ग खरिहानी गांव मोड़ के पास सड़क हादसे में घायल हो गए थे परिजनों द्वारा लखनऊ में इलाज कराया जार हा था जहां इलाज के दौरान मंगलवार की रात अध्यापक की मौत हो गई मौत से घर में मचा कोहराम।

### कारगिल शहीद के 26वीं बरसी पर श्राद्धसुमन किया अर्पित



**पाटन उन्नाव।** तहसील बीघापुर के ग्राम बजौरा निवासी सेना में लांस नायक पद पर कार्यरत अमर शहीद अमर बहादुर सिंह कारगिल युद्ध में देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दिया था। 26वी वर्षी पर आज समाजसेवी व पूर्व सैनिक पहुँच कर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे । तहसील बीघापुर के ग्राम बजौरा निवासी मनमोहन सिंह के बेटे अमर बहादुर सिंह कारगिल युद्ध के दौरान थलसेना मे लांस नायक पद पर द्रास सेक्टर टाइगर हिल मे तैनात था । जहां पर दुश्मनों के छक्के छुड़ाते हुये 25 जुलाई 1999 को शहीद हो गया था। शहीद अमर बहादुर का शव 30 जुलाई को उसके पैतृक गाँव बजौरा लाया गया। जहां पर भारी संख्या मे जनप्रतिनिधि व अधिकारी श्राद्धांजलि देने आए थे । शहीद के नाम पर कई विकास की घोषणाये की थी। जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने गाँव के जूनियर व प्राथमिक विद्यालय का नामकरण, विहार सरेनी मार्ग का नाम एवं लोन नदी पर बने पुल का नामकरण शहीद के नाम पर करने की घोषणा की थी ।पर आज तक इनमे एक का भी नामकरण शहीद के नाम पर नहीं किया गया। विधान परिषद सदस्य स्व0 अजीत सिंह ने बजौरा मार्ग पर द्वार का निर्माण कराकर शहीद की याद को ताजाकरने का काम किया है। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों ने स्मारक बनाने मे अपना सहयोग प्रदान किया है। वहीं बैसवारा कल्याण समिति ने स्मारक मे शहीद की प्रतिमा स्थापित कराया है। बताते चले कि शहीद अमर बहादुर का एकलौता पुत्र अजय सिंह है। शहीद के शहादत के दिन वह मात्र 15 दिन था। अब अजय सिंह करीब 21 वर्ष का हो गया है । अमर शहीद के भाई राय सिंह का कहना है कि मेरा व मेरे गाँव के लोगो की इच्छा थी कि भैया के नाम से बिहार सरेनी मार्ग, गाँव के विद्यालयो , लोन के नदी के पुल का नामकरण किया जाय पर आज तक यह सपना ही बना रहा। देखो यह सपना कब पूरा होता है ।

## डीएम ने आज सिंचाई व विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ किया बैठक

▸▸ नहरों में पानी व रोस्टर के अनुरूप विद्युत आपूर्ति को लेकर किया समीक्षा एवं दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सिंचाई व विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर नहरों में पानी व रोस्टर के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने को लेकर समीक्षा किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में नहरों में पानी न आने तथा बिजली से संबंधित शिकायतें अत्यधिक प्राप्त हो रही हैं।

उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से नहरों में पानी की स्थिति की जानकारी ली और कहा कि नहरों में रोस्टर के अनुसार पानी दिया जाए जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए। उन्होंने कहा कि नहरों में पानी दिए जाने के रोस्टर का जन सामान्य में व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए जिससे किसानों को जानकारी हो सके कि उनके क्षेत्र में पड़ने वाली नहरों में कब तक पानी आएगा।

बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली एवं कहा कि वर्तमान समय में सिंचाई को लेकर ज्यादा शिकायतें आ रही हैं इसके दृष्टिगत जिन क्षेत्रों में नहरों का पानी नहीं पहुंच पा रहा है वहां सरकारी नलकूपों से सिंचाई हो रही है परंतु विद्युत कटौती तथा लो वोल्टेज के कारण नलकूप नहीं चल पा रहे हैं जिसको लेकर उन्होंने कहा कि सरकारी नलकूपों पर अनिवार्य रूप से विद्युत आपूर्ति की जाए तथा लो वोल्टेज की समस्या ना रहे जिससे किसान भाइयों को सिंचाई हेतु पानी मिल सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की विद्युत आपूर्ति का रोस्टर जारी किया जाए तथा हेल्पलाइन नंबर भी जारी करने को कहा जिससे जन सामान्य विद्युत से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या हेतु सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने वर्तमान स्थिति को देखते हुए विद्युत व सिंचाई विभाग को दिए गए।

निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अधीक्षण अभियंता विद्युत संजय गुप्ता, अधिशासी विभाग के अन्य अधिशासी अभियंता एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### दो पक्षों में चले लाठी डंडे, दोनो पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**पाटन।** उन्नाव,थाना बिहार अन्तर्गत बसंतखेड़ा मजरे मलौना में सहन की जमीन को लेकर दो पक्षो में जमकर लाठी डंडे चले जिसमे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो पक्षो ने एक दूसरे के खिलाफ थाना बिहार में मुकदमा दर्ज करवाया है। थाना क्षेत्र के बसंतखेड़ा निवासी रामकुमार व उसके चाचा हीरालाल के बीच मे मंगलवार की शाम को दरवाजे की सहन की जमीन को लेकर विवाद हो गया जिसमें दोनों पक्षो में जमकर लाठी डंडे चले। रामकुमार के पक्ष से वह स्वयं व उसकी पत्नी श्रीमती घायल हो गयी। जबकि दूसरे पक्ष से हीरालाल व राजकुमार घायल हो गए। दोनो पक्षो ने एक दुसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने घायलों को डॉक्टरी परीक्षण हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपर भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक शिव प्रकाश पांडेय ने कहा मुकदमा दर्ज कर लिया गया अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बीडीओ ने साधन सहकारी समिति व खेल मैदान का किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**मसौली बाराबंकी।** खण्ड विकास अधिकारी डा. संस्कृता मिश्रा ने बुधवार को ग्राम पंचायत ज्योरी, बड़ागांव एव हेतमपुर का भ्रमण कर साधन सहकारी समिति एव खेल के मैदान का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।


ग्राम पंचायत ज्योरी मे निर्माणाधीन खेल के मैदान का जायजा लेते हुए कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये इसके पश्चात खण्ड विकास अधिकारी डा0 संस्कृता मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता खुशबु राय के साथ साधन सहकारी समिति भयारा एव बड़ागांव मे नवनिर्मिति भवन का जायजा लिया तथा भयारा समिति मे चल रहे कार्य को जल्द से पूर्ण करने के निर्देश दिया साधन सहकारी समिति बड़ागांव मे नवनिर्मित आत्मनिर्भर साधन सहकारी समिति मे बने कार्यालय, गोदाम, एव सचिव आवास का जायजा लिया। तथा जर्जर हो चुकी पुरानी समिति के मरम्मत के निर्देश दिये। सचिव संदीप कुमार गुप्ता ने समिति की बाउंड्रीवाल एव पब्लिक शौचालय के निर्माण की मांग की। खण्ड विकास अधिकारी डा0 संस्कृता मिश्रा ने बाउंड्रीवाल एव शौचालय का कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया।

भ्रमण के दौरान सहायक विकास अधिकारी सहकारिता खुशबु राय, लेखाकार अनिल कुमार दुबे, ग्राम प्रधान ज्योरी नीरज कुमार उर्फ़ संजय रावत, ग्राम पंचायत सचिव जैसराम, मो0 आकिब जमाल, बड़ागांव प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, साधन सहकारी समिति के सचिव संदीप कुमार गुप्ता, विजय कुमार वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### पास्को में आरोपित अभियुक्तों को अपर जिला जज ने सुनाई सजा

**उन्नाव।** न्यायालय अपर जिला जज ने. 12 पॉक्सो एक्ट के मामले में अभियुक्त को 05 वर्ष के कारावास व 21 हजार रुपये के अर्थदण्ड व 01 अभियुक्त को 03 के वर्ष के कारावास व 06 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत उन्नाव पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी के क्रम में आज न्यायालय ए.एस.जे. 12 पॉक्सो एक्ट द्वारा छेड़खानी के अभियोग में दो अभियुक्तों को दंडित किया गया है। मामला थाना सोहरामऊ का है। वर्ष 2013 को अभियुक्त सोनू ब मोहित पुत्रगण सत्ती नि0गण सरांय जोगा थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव द्वारा वादिनी की पुत्री उम्र करीब 16 वर्ष के साथ घर मे घुसकर छेड़छाड़ व मारपीट की गई थी। जिसके में थाना सोहरामऊ पर मु0अ0सं0 493/13 धारा 452/354/323/504/506 भा0दं0वि0 व 7/8 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिसमे विवेचक ने 25.04.2014 को आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया।

## प्रधानी के उपचुनाव में है तीन दावेदार मैदान में, पांच सदस्य निर्विरोध



लोकमित्र ब्यूरो

**औरास, उन्नाव।** त्रिस्तरीय पंचायत के रिक्त पदों के लिए 6 अगस्त होने वाले उप चुनाव में पर्चा वापसी के बाद रिक्त प्रधान पद के तीन प्रत्याशी मैदान में हैं।वही दो क्षेत्र पंचायत सदस्य के निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए। तथा ग्राम पंचायत सदस्य के लिए पांच लोग निर्विरोध निर्वाचित हुए।

विकास खंड औरास के बछौली ग्राम पंचायत में प्रधान शंकर लाल यादव की आकस्मिक निधन के बाद रिक्त प्रधान पद के लिए होने वाले उप चुनाव में सोमवार को पांच लोगों ने पर्चा दाखिल किया था।बुधवार को दो लोगों के नाम वापसी के बाद शेष तीन उमीदवारों में दिवंगत शंकर लाल की पत्नी राम दुलारी व ,धर्मेंद्र , मनोज कुमार चुनाव मैदान में है ग्रामीणों की माने तो तीनों के बीच कांटे की टक्कर है। वही क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए होने वाले उप चुनाव में गोबरा गांव से राज कमल व धमियान गांव से सुजीत कुमार निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए । वही ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त सात पदों के लिए होने वाले उप चुनाव में पांच वार्डो से पांच लोगों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए । जब कि दो वार्डो से कोई पर्चा दाखिल नही हुआ था ।निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार शुक्ला व सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार ने निर्विरोध निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम पंचायत सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

## सुविधा शुल्क न दे पाने पर विभागीय बाबू ने फेंकी अधूरी सेवा पुस्तिका

▸▸ डीएम की चौखट पर पहुंचे पेंशनर्स संगठन

▸▸ डीएम के आदेश का नही है असर



लोकमित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** डीएम के आदेश को शिक्षा विभाग के अधिकारी कितना तवज्जों देते हैं, इसका नजारा देखने को तब मिला जब रिटायर्ड शिक्षक से सेवा पुस्तिका बनाने के नाम पर विभागीय बाबू ने 10 हजार रूपए की मांग की। जब रिटायर्ड शिक्षक ने इस असमर्थता जताई तो बाबू ने उसकी सेवा पुस्तिका फेंक दी तथा कहाकि जिससे शिकायत करनी हो करो जाकर, काम नहीं करेगें। पीड़ित ने मामले की शिकायत डीएम से की है।

मामला विकास खण्ड सिकन्दरपुर कर्ण के प्राथमिक विद्यालय बाजपेई खेड़ा से 2016 में सेवा निवृत्त हुए शिक्षक आलोपी प्रसाद का है। इनकी सेवा पुस्तिका विभाग से खो गई, जिसके चलते इनकी पेंशन सक्षम वेतनमान की बढ़ोत्तरी नहीं हो सकी। विभाग में दौड़ धूप के बाद जब सेवा पुस्तिका नहीं मिली तो उन्होनें मामले की शिकायत जनपद के तेज तर्रार डीएम गौरांग राठी से पेंशनर्स दिवस पर की। डीएम ने तत्काल सेवा पुस्तिका बनाने के निर्देश दिए। आदेश को भी विभागीय अधिकारियों एवं बाबुओं पर असर नहीं पड़ा जिसके चलते सेवा निवृत्त शिक्षक ने अपने साथियों के साथ दोबारा पेंशनर्स दिवस पर डीएम से शिकायत की। इस बार डीएम के आदेश का असर दिखाई दिया। जिसके चलते सम्बन्धित पटल के बाबू ने सेवा पुस्तिका बनाना शुरू किया, परन्तु बीच में ही बाबू ने सेवा पुस्तिका के लिए 10 हजार के लिए मांग की। जब रिटायर्ड शिक्षक ने इतने रूपए न होने की बात कही तो बाबू नाराज हो गया और अधूरी सेवा पुस्तिका को फेंक दिया तथा धमकी दी कि जिससे शिकायत करना हो करिए जाकर, अब देखता हूं कि सेवा पुस्तिका मुझसे कौन बनवा सकता है। बाबू के इस तेवर की जानकारी जब पीड़ित रिटायर्ड पेंशनर ने जब अपने संगठन को दी तो संगठन के रिटायर्ड शिक्षकों ने मामले की लिखित शिकायत डीएम कार्यालय में की। अब देखना है कि डीएम ऐसे विभागीय बाबू पर क्या कार्यवाही करते हैं?

## झगड़े में युवक का फटा सर घटना सीसीटीवी में कैद

लोक मित्र संवाददाता

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राम नगर में बीती रात एक युवक बाइक से दूध लेकर अपने घर जा रहा था। मोहल्ले का ही रहने वाला एक युवक रंजिश मानते हुए उसे रोक कर गाली गलौच करने लगा। कुछ ही देर में युवक ने उसकी जमकर पिटाई करते हुए सिर पर वार कर घायल कर दिया।

घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंच पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राम नगर का रहने वाला शिवम पुत्र मनमोहन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीती देर रात वह घर के लिए दूध लेकर बाइक से जा रहा था। जैसे ही वह मोहल्ले से निकला तभी मोहल्ले के ही रहने वाले अंकित यादव पुत्र हरिश्चंद्र उर्फ बाबा यादव ने उसे रोक लिया। पुरानी रंजिश को मानते हुए उसके साथ गाली गलौज करने लगे। जब इस बात का शिवम ने विरोध किया तो अंकित उसके साथ मारपीट करने लगा। इसी दौरान उसके और भी साथी आ गए, जिन्होंने मिलकर जमकर मारपीट की ओर सिर पर वार कर उसे घायल कर दिया और मौके से भाग निकले।

पीड़ित ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद हुई है पुलिस गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।

## मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों पर पथराव, दो सिपाही घायल

लोक मित्र संवाददाता

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मऊ में शाम को दो पक्षों में में हुई मारपीट व ईटा पत्थर चलने के दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को रोकने की कोशिश की तो पुलिस कर्मियों पर पथराव कर दिया जिससे दो सिपाही घायल हो गए। दोनों घायल सिपाहियों को रात में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक हरेन्द्र प्रसाद की तहरीर पर दोनों पक्षों के दो दर्जन से अधिक नामित और अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। उपनिरीक्षक हरेंद्र प्रसाद के द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार 22 जुलाई सोमवार शाम यह हमराह सिपाहियों के साथ अतरधनी से कोतवाली वापस लौट कर आ रहे थे। सभी लखनऊ मार्ग ग्राम मऊ के सामने पहुँचने पर पता चला कि गाँव में दो पक्षों में मारपीट हो रही है। जब हम लोगों मौके पर पहुंचे तो दोनों पक्षों की रोकने की कोशिश की लेकिन इसके बाद भी दोनों पक्षों के लोग नहीं माने और ईटा पत्थर चलने से सिपाही रमेश व कमल सैनी को चोटें आ गई। जिसके कारण दोनों सिपाहियों को इलाज के लिए रात में हो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने एक पक्ष के जावेद, तौसीब, मुहोश, कम्सेल, सुपील, आरिफ इमरान समेत 17 नामित और अज्ञात वहीं दूसरे पक्ष के फ्लीम मुहीब, साहिये, अफ्नल, शेखू समेत 3 नामित पर आरोप है कि दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे पर ईंट पत्थर चला रहे थे। पुलिस द्वारा रोकने के प्रयास में सभी ने पुलिस पर हमला कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने कहा है कि सिपाही रमेश साहनी व कमल सैनी को चोटें आ गई। कोतवाली से भारी पुलिस बल पहुंचने पर सभी गाली गलौज करते हुए भाग निकले। सीओ अरविंद कुमार ने बताया मामले की जांच की जा रही है। दोषी लोगों को बख्शा नहीं जायेगा

### अस्पताल की अराजतत्वों ने तोड़ी बाउंड्री, चिकित्सा अधीक्षक ने पुलिस को दी तहरीर

**बांगरमऊ उन्नाव ।** नगर के मोहल्ला गोल कुआं गुलाम मुस्तफा निवासी कुछ अराजक तत्वों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे की बाउंड्री वॉल तोड़ डाली। अस्पताल के एक चिकित्सक ने बाउंड्री वॉल तोड़ते समय एक व्यक्ति को पहचाना है। चिकित्सा अधीक्षक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर अराजक तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग उठाई है। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ मुकेश कुमार द्वारा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को सौंपी गई तहरीर में कहा गया है कि आज बुधवार को दोपहर के समय मोहल्ला गोल कुआं गुलाम मुस्तफा निवासी मोहम्मद फैज पुत्र इरशाद अपने अन्य ख़ास लोगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे की बाउंड्री वॉल तोड़ने लगा। खटपट की आवाज सुनकर अस्पताल के परामर्श दाता डॉ सुनील राठौर ने बाउंड्री वॉल तोड़ने से रोका और मामले की सूचना चिकित्सा अधीक्षक डॉ मुकेश कुमार को दी।

चिकित्सा अधीक्षक द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि अस्पताल की बाउंड्री वॉल टूट जाने से सभी चिकित्सा कर्मियों को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने अराजक तत्वों के खिलाफ मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर बाउंड्री वॉल तोड़ने वाले लोगों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण होना जरूरी

▸▸ मां का आंचल संस्था ने बाराबंकी जेल में कराया पौधरोपण

▸▸ जेल की महिला बंदियों के बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री




लोक मित्र संवाददाता

**बाराबंकी।** पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण करना बेहद जरूरी है। आज लगाए हुए पेड़ आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत लाभकारी होंगे। यह बात बाराबंकी जेल अधीक्षक कुंदन कुमार ने मां का आंचल जनता सेवा समिति की ओर से आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कही। इस मौके पर उन्होंने संस्था के पदाधिकारियों के साथ जेल में महिला बंदियों के बच्चों को शिक्षण सामग्री के साथ टॉफी बिस्कुट भी वितरित किए गए।

जेल अधीक्षक ने कहा कि वृक्षारोपण अभियान किसी व्यक्ति विशेष का अभियान नहीं है। यह अभियान देश के प्रत्येक व्यक्ति का है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। पौधरोपण से पूर्व जेल के सभागार में महिला बंदियों के बच्चों को कॉपी, पेंसिल, कलर, पेंसिल बॉक्स, आर्ट कॉपी, बिस्कुट, टॉफी और चॉकलेट इत्यादि का वितरण किया गया। शिक्षण सामग्री पाकर बच्चों के साथ उनकी मां भी काफी खुश नजर आईं।

कार्यक्रम के आयोजक एवं संस्था के प्रोपराइटर अधिवक्ता फैसल हुसैन ने बताया कि संस्था समय समय पर जनहित के कार्यक्रम आयोजित करती रहती है।


इसी क्रम में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए जेल अधीक्षक कुंदन कुमार, जेलर जितेंद्र प्रताप तिवारी समेत अन्य अधिकारियों और कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों के साथ कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

### आइसक्रीम की गाड़ी में उतरे करंट की चपेट में आकर गिरे युवक मौत

**उन्नाव।** सदर कोतवाली के ललऊ खेड़ा चौकी में आने वाले ग्राम जवाहर खेड़ा मज़रा डीह का मामला है। गांव के शिवशंकर पुत्र स्व0 रामसजीवन उम्र~35 वर्ष जो अपने घर के बाहर लल्लनटॉप कम्पनी की आइसक्रीम रखने की गाड़ी को चार्ज कर रहा था ! तार में प्लग न होने के कारण करंट की चपेट में आ गयाऔर करंट के झटके से खड़ंज़े पर खड़ी बाइक से टकरा कर गिर गया !जिससे सर पर चोट आ गयी। आनन फानन में पास के हेल्थ केयर प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए ! जहाँ से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया !जिला अस्पताल पर परिजनों द्वारा लाये जाने पर चिकत्सको ने मृत घोषित कर दिया गया !मृतक अपने पीछे पत्नी तीन पुत्रो में शनी, गोलू, शिवांश को छोड़ा हैं !सबका रो रो कर बुरा हाल है। प्रधान द्वारा स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया !जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुवे शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं !

## रात्रि गश्त के दौरान चोर को पकड़ा, अन्य की तलाश जारी

लोक मित्र संवाददाता



**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** स्थानीय पुलिस ने मंगलवार की रात करौंदिया गांव के पास से कई चोरियों में शामिल एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके अन्य सात लोगों की तलाश शुरू कर दी है।

मंगलवार की रात कोतवाली निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी पुलिसकर्मियों के साथ गस्त कर रहे थे तभी उन्हें करौंदिया गांव के पास रात करीब 10~30 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति के नजर आने पर उसे पकड़ लिया गया पकड़े गए व्यक्ति की पहचान असंद्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत जमलापुर निवासी सोनू के रूप में हुई। पकड़े गए व्यक्ति के पास से चोरी के सामान बरामद हुए पकड़े गए व्यक्ति ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथियों के साथ लखडिया गांव से दो भैंस चुरा ले गए थे जिन्हें जाकर भेज दिया है किसी प्रकार उसने स्वीकार किया कि भगवानपुर चौराहे के पास से एक दुकान से सोलर पैनल तथा कुछ रुपए चुरा ले गए थे यही नहीं भरहेमऊ गांव में भी दो घरों में चोरी करके जेवर तथा कपड़े चोरी कर ले गए थे। सोनू ने चोरी में शामिल अपने साथ साथियों के नाम भी पुलिस को बताए हैं।

कोतवाली निरीक्षक कोतवाल श्री तिवारी ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति व उसके अन्य साथियों के नाम विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करके सोनू को जेल भेजने का साथ ही उसके साथियों की तलाश की जा रही है शीघ्र सभी को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

## होटल में मिली मध्य प्रदेश के ठेकेदार की नंगी लाश



**कानपुर।** मध्य प्रदेश के रहने वाले एक बिल्डिंग ठेकेदार नग्न अवस्था में शव यहां मूलगंज थाना क्षेत्र के एक होटल से बरामद किया गया।जिसके बाद हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक बिल्डिंग बनाने का काम करने वाला ठेकेदार 2 दिन पहले होटल आनंद लॉज होटल में आकर ठहरा था। कमरे का दरवाजा पूरा दिन तक बंद रहने पर होटल मैनेजर को कुछ शंका हुई। इसके बाद उसने कैमरे का दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई भी जवाब नहीं मिला। मैनेजर की सूचना पर पहुंचे पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने बताया कि ठेके पर बिल्डिंग बनाने का काम करने वाले 62 साल की गुलाब राय मध्य प्रदेश के शिवपुरी के रहने वाले थे। परिवार में पत्नी रेशमा, बेटा सनी, गौश मोहम्मद, मोईन, गुड्डू और बेटी जन्नत, बॉबी, शबनम, लकी, खुशबू रहते हैं। बेटे सनी ने बताया कि पिछले 4 दिन पूर्व पिता गुलाब ठेकेदारी के काम से कानपुर आए थे। वह घर से क70 हजार लेकर निकले थे। मूलगंज इंस्पेक्टर विकेश कुमार ने बताया कि होटल वालों ने उन्हें रात करीब 9 बजे आखिरी बार देखा था। इसी के बाद उनकी नंगी लाश बरामद की गई। जिसे पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की छानबीन कर रही है।

## अपना दल ने की सीएमएस से मुलाकात

**इटावा।** अपना दल एस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डा. हरीशंकर पटेल के नेतृत्व में अपना दल एस जिला कार्यकारिणी के का. जिलाउपाध्यक्ष हरिओम सिंह चौहान, का. महामंत्री राजेश पोरवाल, का. जिला कोषाध्यक्ष दीपक, का. जिला सचिव डा. सुधीर सविता, सक्रिय सदस्य इन्जी. राजेश वर्मा, सक्रिय सदस्य अभिषेक सोनी ने जिला भीमराव अम्बेडकर जिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एमएम आर्य तथा डा. केके सक्सेना नेत्र परीक्षण अधिकारी, पैटर्न, चेयरमैन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी से शिष्टाचार बैठक आयोजित हुई।

## इंदिरापुरम हुक्का बार में पुलिस का छापा, चार गिरफ्तार

**इंदिरापुरम।** अभयखंड काला पत्थर मार्ग पर चल रहे हुक्का बार पर पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस ने मौके से चार लोगों को पकड़ा। पुलिस ने बार से हुक्का समेत अन्य सामान बरामद किया। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह ने बताया कि पुलिस उपनिरीक्षक महेंद्र पाल सिंह अभय खंड काला पत्थर मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि तमारा हुक्का बार में अवैध हुक्का बार चल रहा है। बड़ी संख्या में लोग मौजूद हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि कुछ लोग हुक्का पी रहे हैं। पुलिस ने मौके से चार लोगों को पकड़ लिया। पूछताछ में चारों ने अपने नाम रजत चौहान, गौरव यादव, हिमांशु और विशाल बताए हैं। हुक्का बार का संचालक रजत चौहान है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की।

## सपा ने बिजली व्यवस्था के विरोध में डीएम को सौंपा



**इटावा।** जिले में खराब स्वास्थ्य एवं बिजली व्यवस्था के विरोध में राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को जिलाध्यक्ष सपा प्रदीप शाक्य बबलू, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, महोमंत्री वीरू भदौरिया, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, लीलावती राजपूत, उदयभान यादव द्वारा दिया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अनवार हुसैन, शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, चच्चू शुक्ला, राजपाल यादव, प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता, सचिव रमेश यादव, प्रवीन कुशवाहा, प्रदीप सोनी, डा. संतोष राठौर, लाइनपर अध्यक्ष, सभासद अविनाश कुशवाहा, अबधेश सविता, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुल्ले, युवजन सभा जिलाध्यक्ष आदित्य गोविन्द, छात्र सभा जिलाध्यक्ष रवि यादव विधायक, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष किशन यादव, दीपू कुशवाह, अमित शंखवार, राजकिशोर भोजवाल, देवेंद्र भदौरिया, गोरखनाथ वर्मा, राजेंद्र निराला, शेखर राजपूत, अंकुर यादव, गोलू यादव, विवेक कुशवाह, रेशु चौधरी, पवन सविता, गौरव दिवाकर, शिवपाल यादव, योगेंद्र यादव, हिमांशु राठौर, रोहित राजपूत, साधना गुप्ता, अभिषेक यादव, सुमित सैनी, रविराज गोला मौजूद रहे।

## लायन्स क्लब ने विभिन्न पौधे रोपे




**भरथना, इटावा।** शक्तिपीठ बालरूप हनुमान महाराज हनुमान गढी छोला मन्दिर परिसर में लायंस क्लब भरथना के तत्वाधान में वन महोत्सव-एक पेड मां के नाम पौधारोपण अभियान के अन्तर्गत विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। लायन रवीन्द्र भाटिया व डा. अभिनव दुबे के संयोजन में आयोजित उक्त पौधारोपण के दौरान मन्दिर परिसर में बनी क्यारियों में नींम, बबूल, शीशम, आम सहित दो दर्जन से अधिक छायादार, शोभादार, फ्लदार पौधे रोपित किये गये। इस मौके पर अध्यक्ष नितिन पोरवाल, सचिव नवम विश्नोई, वित्त सचिव रहीश वारसी अन्ना, सुधा पाण्डेय, अंशू वर्मा, विशाल चौबे, गुरलदास नंदवानी, अनुराग पोरवाल, अखिलेश पोरवाल, जमुनादास लखवानी, देवेन्द्र चौहान, सचिन कौशल आदि क्लब सदस्य मौजूद रहे।

## विधुत कार्यालय एसडी फील्ड से न किया जाये स्थानांतरित

**इटावा।** उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित एंव शहर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा नें जिलाधिकारी से एसडी फील्ड स्थिति बिजली विभाग कार्यालय को स्थानांतरित न करनें की मांग की है। जिलाधिकारी को दिये प्रार्थना पत्र में व्यापारी नेताओं नें कहा कि शहरी क्षेत्र का बिजली विभाग का कार्यालय मुख्य शहर से दूर पुरानी सूत मिल परिसर में स्थानांतरित किया जा रहा है, इससे शहर के व्यापारियों एंव आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है,शहरी क्षेत्र की ज्यादातर आबादी के लिये पुराना बिजली दफ्तर एस डी फील्ड ज्यादा सुविधा जनक है, शहर वासियों को बिजली बिल संसोधन, नये कनेक्शन, बिल आदि जमा आदि बहुत से काम होते हैं, इसलिए घरेलू उपभोक्ताओं एंव छोटे व्यापारियों की सुविधा हेतु एसडीओ प्रथम, दितीय, तृतीय के आफिस पुरानी सूत मिल स्थिति नवीन कार्यालय में स्थानांतरित न किये जाएं उन्हें एसडी फील्ड पर पुराने कार्यालय पर ही रहनें दिया जाए।

# चालक-परिचालकों के लिए लगवाएं नेत्र परीक्षण शिविर

**भीड़-भाड़ वाले एरिया में जमीन चिन्हित कर पार्किंग को ईओ बनाए व्यवस्थित**

लोकमित्र ब्यूरो




**लखीमपुर-खीरी।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव और एआरटीओ अखिलेश द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने जिले में घटित दुर्घटनाओ का विश्लेषण करते हुए नए ब्लैक स्पॉट एवं बनरेबल लोकेशन चिन्हित करने के निर्देश दिए। जेब्रा क्रॉसिंग का रंग जहां हल्का पड़ गया, वहा पुनः पेंट करवाएं। परिवहन विभाग ट्रांसपोर्टर के समन्वय से चालक-परिचालकों के लिए नेत्र परीक्षण शिविर लगवाएं। ईओ को निर्देशित किया कि भीड़-भाड़ वाले इलाकों में उपयुक्त जमीन चिन्हित कर पार्किंग को व्यवस्थित करने का काम करें। सीजन के दौरान सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से चीनी मिल वाहनों में रिफ्लेक्टर, लाल कपड़ा अनिवार्य रूप से लगाया जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि स्कूली वाहन मानक के अनुरूप होने पर ही संचालित हो। बीएसए - डीआईओएस विद्यालयों से समन्वय करते हुए शत प्रतिशत वाहनों का फिटनेस सुनिश्चित कराए। बैगर फिटनेस वाले वाहनों का संचालन कदापि न हो। जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। सुझाव दिया कि लिंक मार्ग, मुख्य मार्ग को कनेक्ट करने वाले स्थानों के पास संकेतांक के साथ मानक के अनुसार स्पीड ब्रेकर बनाए जाए।

बैठक में डीएम-एसपी ने जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (वनरेबल लोकेशन), स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन, सड़क सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न विभागों द्वारा सड़कों की मरम्मत/गड्ढामुक्ति, वर्षाऋतु से पूर्व कास ड्रेनेज वर्क (पुल, पलिया, रपटा आदि) एवं तटबंध की सड़कों की सुरक्षा संबंधी कार्यवाही, विभिन्न चीनी मिलों पर वाहन प्रबन्धन की चर्चा, सकरे/जर्जर सेतुओं के संबंध में चर्चा, शहरी क्षेत्र में चौराहे/तिराहों पर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण एवं रोड साइड सुधार, सड़क सुरक्षा, एवं गुड समेरिटन %ला, के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता से संबंधित कार्यक्रमों की योजना पर विस्तृत चर्चा हुई। अधिशासी अभियंता निर्माण खंड तृतीय (पीडब्लूडी) अनिल कुमार यादव ने बताया कि जिले में वर्ष 2024 में मात्र 17 ब्लैक स्पॉट चिन्हित है, जिनका स्वामित्व निर्धारण किया जा चुका है। जिस पर सुधारात्मक कार्य भी जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा।

**इनकी रही मौजूदगी**

बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह,एआरटीओ अखिलेश कुमार द्विवेदी, ईई पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार यादव, केके झा, सीओ सिटी रमेश चंद्र तिवारी, एआरएम रोडवेज लखीमपुर/ गोला, जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए, शुगर मिल के प्रतिनिधि सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

## सत्याग्रह की चेतावनी पर जागे अधिकारी, सड़क पाटकर खड़ंजा लगाने का दिया आश्वासन



लोकमित्र ब्यूरो

**गोला-खीरी।** राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के पदाधिकारियों ने बुधवार को ब्लाक कुंभी गोला कार्यालय पहुंचकर बीडीओ हनुमान प्रसाद मिश्र का घेराव कर चक रोड पटाई न होने खडंजा न लगने पर सत्याग्रह की चेतावनी देने पर सड़क पाट कर कारंजा लगवाने का आश्वासन दिया।

मालूम हो तहसील गोला के के ग्राम मूडा जवाहर से बघमरा तक चकरोड खराब होने की शिकायत कर एसडीएम को ज्ञापन देकर चक रोड पटवाकर खड़ंजा लगवाने की मांग की थी किंतु ब्लॉक के अधिकारियों ने इसे संज्ञान नहीं लिया। इसलिए आज बुधवार को संगठन के पदाधिकारियों ने वीडियो का घेराव कर बातचीत की और सत्याग्रह की चेतावनी दी जिस पर बीडीओ हनुमान प्रसाद मिश्र ने चक रोड पटाई और खड़ंजा लगवाने का कार्य ÷ कार्य योजना ÷ में डालने का मनरेगा सचिव राजीव श्रीवास्तव को निर्देश दिया और कहा कि बरसात खत्म होने के बाद काम शुरू हो जाएगा। प्रतिनिधि मंडल ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि ब्लॉक में जो भी योजनाएं आती हैं वह सिर्फ प्रधानों तक सीमित रहती हैं ग्राम वासियों को इसकी जानकारी नहीं दी जाती है इस पर बीडीओ ने कहा प्रत्येक शुक्रवार को दो ग्राम पंचायत पर ग्राम चौपाल लगाकर विकास योजनाओं की जानकारी दी जाती है। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा, शिवदयाल वर्मा ,संतोष सिंह भदोरिया ,राजीव वर्मा ,कमर खान, शशांक वर्मा, अनिल कुमार, जय सिंह यादव ,प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

## खुट्टी को उखाड़ देने पर युवक ने मुकदमा दर्ज कराया

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के ग्राम जगमोहनपुर में एक माह पूर्व एक युवक द्वारा तहसीलदिवस में खेतों की मेडबन्दी के लिए दिये प्रार्थना पत्र के बाद राजस्व टीम द्वारा मेड बन्दी करके खुट्टी गाड़ने के बाद नामजद युवक ने खुट्टी को उखाड़ देने पर युवक ने मुकदमा दर्ज कराया। ग्राम जगमोहनपुरा अहेरीपुर निवासी अजय दुबे पुत्र परायनदीन ने बकेवर थाने में दिये प्रार्थना पत्र में बताया उसके द्वारा विगत 24 जून 2024 को तहसील दिवस में खेतों की मेडबन्दी के बाबत प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर राजस्व टीम को स्थानीय लेखपाल मनोज कुमार व अहेरीपुर पुलिस चौकी के स्टाफ के साथ मेडबन्दी करके मौके पर आकर खुट्टी गाड दी। इसके बाद खेत के पड़ोसी शैलेन्द्र दुबे उर्फ आशू पुत्र विनोद कुमार निवासी जगमोहनपुरा ने तोड दी। इस बाबत पुनः 6 जुलाई 2024 को तहसील दिवस में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई। लेखपाल मौके पर आये तो उपरोक्त युवक ने उनसे भी अभद्रता की व मेरे घर पर मुझे व मेरे परिवार को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# पत्रकारों के सम्मान में ऐपजा संगठन ने भरी हुंकार

- प्रदेश कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी के नेतृत्व में किया पूरनपुर कोतवाली का घिराव
- बड़ी संख्या में पत्रकारों की मौजूदगी से पुलिस के हौसले पस्त, रिपोर्ट दर्ज होने के बाद घेराव समाप्त



लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** पुरनपुर एक पत्रकार के साथ खबर प्रकासन को लेकर उसके साथ बदजुबानी व जान से मारने की धमकी का पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया जिसके बाद ऐपजा के प्रदेश कोआर्डिनेटर अनुराग सारथी के नेतृत्व में आज कोतवाली का घेराव किया जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार पडोस जनपद पीलीभीत की तहसील /कोतवाली पुरनपुर के एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार ने फर्जी तरीके से पुलिस के संरक्षण में आधार कार्ड बनाने का गोरखधंधा संचालित था उसका खुलासा करने के बाद कुछ दबंगों ने पुलिस की शह पर पत्रकार को भद्दी भद्दी गालियां व जान से मारने की धमकी दी जिसका आडियो - वीडियो में पूरे साक्ष्य मौजूद हैं इसके बावजूद कोतवाल रमेश शर्मा ने पांच दिन से बराबर पत्रकार को दौडा रहा था पर मुकदमा नहीं दर्ज कर रहा था इसकी खबर पाकर लखनऊ से ऐपजा के कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी ने कोतवाली का घेराव करने का निर्णय लिया। लोकनिर्माण विभाग के डाकबंगला पुरनपुर में सुबह जनपद पीलीभीत व पडोसी जनपद लखीमपुर खीरी के सैकड़ों की संख्या में पत्रकारों का हुजूम उमड पड़ा जिसको संबोधित कर कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी ने कहा कि पत्रकारों का वह उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। कोतवाल भ्रष्टाचार में लिप्त है इसके इसारे पर ही पत्रकार के साथ बदजुबानी की और जान से मारने की धमकी दी है पुलिस आरोपियों से मिलने का प्रमाण है कि पांच दिन से पत्रकार को रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कोतवाली बुलाया जाता है बाद में खाली लौटा दिया जाता है इस लिए कोतवाली का घेराव करने व धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। अनुराग सारथी के आह्वान पर जब पत्रकार सडकों पर उतर कर नारे बाजी कर प्रदर्शन करते हुए जब कोतवाली जाकर घेराव किया और चेतावनी दी कि पुलिस ने पत्रकार का मुकदमा दर्ज कर उसकी कापी देने में आनाकानी की तब हाइवे पर चक्का जाम होगा इस चेतावनी के बाद तत्काल कोतवाल रमेश शर्मा ने मातहत पुलिस को बुलाकर रिपोर्ट दर्ज कराकर उसकी कापी लेकर जब आफिस से बाहरआकर कोआर्डिनेटर अनुराग सारथी को रिपोर्ट दर्ज होने की कापी देकर विपक्षियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया तब जाकर धरना-प्रदर्शन व कोतवाली का घेराव समाप्त करने का ऐलान किया तब जाकर आंदोलन स्थगित किया गया।

कोतवाली का घेराव व धरना प्रदर्शन में प्रदेश कोआर्डिनेटर अनुराग सारथी मुकेश पांडेय, होतीलाल रस्तोगी, संदीप शुक्ला, रविसुत शुक्ला,सैयद मुशीर,शेरअली खां, देशराज वर्मा,कृष्ण मोहन मिश्रा, नरेंद्र भारद्वाज,पंकज मिश्रा, डी पी आर्या, पाली बाजपेयी, राजेश वर्मा, आदर्श दीक्षित सहित सैकड़ों की संख्या में ऐपजा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं तथा पत्रकारों की भागीदारी थी।

## परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों की समस्या को लेकर डीएम को दिया गया ज्ञापन



लोकमित्र ब्यूरो

**गोलागोकर्णनाथ-खीरी।** आज राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ लखीमपुर का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी महोदया श्रीमती दुर्गाशक्ति नागपाल, सीडीओ , अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी से मिलकर परिषदीय विद्यालयों व शिक्षकों की समस्याओं के संबंध में अवगत कराया गया, साथ ही संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोदया को दिया गया। प्रतिनिधिन मंडल में जिला महामंत्री श्री संदीप चौरसिया, कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्री राम गोपाल मौर्य, जिला संगठन मंत्री श्री धर्मेंद्र कुमार सिंह, नकहा ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. शिवबरन पाल जी रहे।

## डिजिटाइजेशन और ऑनलाइन उपस्थिति का जारी रहेगा बहिष्कार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा उ. प्र., लखीमपुर खीरी के संयोजक और उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार डिजिटाइजेशन के सम्बन्ध में शासन द्वारा बनाई गयी कमेटी के अंतिम निर्णय आने तक 29 जुलाई को प्रस्तावित महानिदेशक कार्यालय लखनऊ का घेराव और प्रदेशव्यापी धरना स्थगित कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, कर्मचारी, संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संयोजक मण्डल के साथ दिनाँक 17 जुलाई 2024 को बैठक हुई।बैठक में बिंदुवार चर्चा हुई। तमाम बिंदुओं पर सहमति भी हुई। महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा बैठक की कार्यवाही मोबाइल मैसेज के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। वार्ता सौहार्द पूर्ण रही थी और सभी घटक संगठनों के प्रतिनिधि वार्ता से सहमत हुए। महानिदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि आन लाइन उपस्थिति तथा अन्य मांगों के सम्बंध में एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है जिसमें शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि भी होंगे।वार्ता के माध्यम से यह भी अवगत कराया गया है कि मुख्य सचिव द्वारा समस्या समाधान का भरोसा दिया गया है। सन्युक्त मोर्चे का मानना है कि किसी भी समस्या के समाधान हेतु बातचीत का रास्ता होता है। सन्युक्त मोर्चे द्वारा आन लाइन उपस्थिति के सम्बंध अपनाई जा रही प्रक्रिया के विरोध में स्थगित/निरस्त करने के सम्बंध में दिनाँक 29 जुलाई 2024 का कार्यक्रम घोषित किया गया था अब वह आदेश स्थगित हो चुका है और समिति गठन की प्रक्रिया गतिमान है। ऐसी स्थिति में प्रांतीय सन्युक्त मोर्चे के संयोजक मण्डल का यह निर्णय है कि समिति का अंतिम निर्णय आने तक दिनाँक 29 जुलाई 2024 का घोषित कार्यक्रम स्थगित कर दिया जाए तथा यह भी निर्णय लिया गया कि आन लाइन उपस्थिति की तरह ही प्रार्थना सभा की सेल्फी एवं डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया भी आन लाइन से ही सम्बन्धित है।इसलिए अन्य माँगों के साथ साथ उपरोक्त प्रक्रिया भी समिति के अंतिम निर्णय के अधीन रहे तब तक प्रदेश का शिक्षक ऐसी किसी भी प्रक्रिया को प्रेरणा ऐप के माध्यम से नहीं करेगा और उसका वहिष्कार रहेगा क्योंकि प्रेरणा ऐप किसी भी स्थिति में सुरक्षित ऐप नहीं है। जनपदों में सन्युक्त मोर्चा उक्त प्रक्रिया का प्रतिकार जारी रखेगा। सहमति के आधार पर मुख्य सचिव द्वारा गठित होने वाली समिति के अंतिम निर्णय आने तक महानिदेशक के कार्यालय पर दिनाँक 29 जुलाई 2024 को होने वाला सन्युक्त मोर्चे का प्रस्तावित धरना स्थगित किया जाता है। काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य की प्रक्रिया भी स्थगित की जाती है।

## मंहगाई व बेरोजगारी के खिलाफ माकपा ने सौंपा ज्ञापन

**भरथना, इटावा।** प्रदेश में बढ़ रहीं मावलिचिंग की घटनाओं, मंहगाई, बेरोजगारी, आवारा जानवरों से फसल उजाड, 300 यूनिट घरेलू बिजली को फ्री करने आदि मांगों को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने सभाकर मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र उपजिलाधिकारी सुशान्त श्रीवास्तव के माध्यम से दिया। माकपा जिलासचिव मंडल के सदस्य कामरेड अनिल दीक्षित ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश सरकार प्रदेश को साम्प्रदायिक आग में झोंकने की साजिश कर रही है। नफ्रत फैलाकर हमारी गंगा-जमुनी, भाईचारे की तहजीब पर हमले किए जा रहे हैं। मंहगाई आसमान पर पहुंच गई है, गरीब बदहाल हो रहा है। बेरोजगारी ने नौजवान को अंधेरे में ढकेल दिया है, किसान को फसल के लाभकारी मूल्य स्वामीनाथन आयोग के अनुसार देने के वायदे से सरकार मुकर गयी है। का. अनिल दीक्षित ने आने वाले दिनों में तेज आन्दोलन करने की अपील की।

# डीएम ने औचक निरीक्षण सहित जांची उपस्थिति, शिक्षा की गुणवत्ता का लिया जायजा

- न्यून अधिगम स्तर वाले नौनिहालों को क्लास में बिठाए आगे, उपचारात्मक शिक्षण देकर बनाए दक्षः डीएम

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** परिषदीय विद्यालयों की शिक्षण कार्य की गुणवत्ता, शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पुस्तक एवं ड्रेस वितरण, आधार फीडिंग, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का जायज़ा लेने के उद्देश्य से बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अफसरों की टीम संग ब्लॉक लखीमपुर के तहत संविलियन विद्यालय आधाचाट, पीएस चिमनी व यूपीएस पिपरिया का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से डीपीआरओ विशाल सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, बीडीओ (सदर) ज्ञानेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डीएम ने शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बन्ध में भी बच्चों से ही पूछताछ की। हेडमास्टर ने डीएम को विद्यालय में नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थित बताई।

डीएम ने कक्षा में छात्रों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक अभिभावको से संपर्क कर छात्र उपस्थिति बढ़ाएं।

**जब शिक्षक की भूमिका में दिखी डीएम, बच्चों से जोड़-घटाव के पूछे सवाल:** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने संविलियन विद्यालय आधाचाट में कक्षा पांच के निरीक्षण के दौरान पाया कि सहायक अध्यापिका कल्पनाराज बच्चों को गणित पढ़ा रहीं थी। डीएम ने क्लास रूम में स्वयं ब्लैक बोर्ड पर पहुंचकर बच्चों से जोड़-घटाव के सवाल भी पूछे। सही जवाब देने पर उनका उत्साह भी बढ़ाया। रीडिंग क्षमता का जायज़ा लेने हेतु डीएम ने क्लास चार की छात्रा सोनिका, अंजू , क्लास छह की छात्रा रूपा से पुस्तक को पढ़वाया। बच्ची द्वारा पुस्तक का पैरा पढ़कर सुना दिया गया। निर्देश दिए कि न्यून अधिगम स्तर वाले नौनिहालों को क्लास में आगे बिठाकर उपचारात्मक शिक्षण प्रदान कर दक्ष बनाए।

**पीएस चिमनी में डीएम ने बच्चों से सुने पहाड़े,बजवाई ताली:** प्राथमिक विद्यालय चिमनी के निरीक्षण के दौरान डीएम ने उपस्थिति पंजिका से बच्चों की उपस्थिति का सत्यापन किया। छात्रा रूबी, अंशु से क्लासरूम में मौजूद बच्चों की संख्या भी गिनवाई। बच्चों से पहाड़े सुने, सही सुनाने तालियां भी बजवाई। डीएम ने बच्चों को हाथ साफ कर भोजन करने, उठने के बाद और सोने से पहले ब्रश करने के फायदे बताकर इसे दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा दी। इस दौरान निर्माणाधीन विद्यालय भवन का भी निरीक्षण कर गुणवत्ता देखी। बीडीओ सदर को निर्देश दिए की अपने सुपरविजन में एक माह में भवन को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। मिड डे मील में मीनू के अनुसार रसोइया द्वारा तहरी तैयार की जाती मिली। इस दौरान उन्होंने शौचालय की क्रियाशीलता भी जांची।

**रागिनी का नेत्र परीक्षण करेगी हेल्थ टीम, डीएम ने सीएमओ को दिए निर्देश:** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने यूपीएस पिपरिया पहुंचकर पठन-पाठन की गुणवत्ता परखी। अचानक डीएम की निगाह नेत्र विकार से ग्रसित क्लास सातवीं की छात्रा रागिनी राज पर पड़ी। डीएम ने सीएमओ को निर्देशित किया कि चिकित्सा टीम से रागिनी की नेत्र जांच कराते हुए वस्तुस्थिति से अवगत कराए। कक्षा आठ की क्लास में शिक्षिका द्वारा पुस्तक को पढ़ाया जा रहा है। इस पर उन्होंने बच्चों से पुस्तक पढ़वाई व रीडिंग स्किल चेक की। विद्यालय परिसर में हैंडपंप में गंदा पानी आने पर प्रधान पर गहरी नाराजगी जताते हुए यथाशीघ्र रिबोर कराने के निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल व उनके रूचि के अनुसार जागरूक भी करें।

डीएम ने बच्चों से विभिन्न रंगों, आकृतियों के बारे में पूछते हुए बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की परख की। साथ ही पठन-पाठन, साफ-सफाई, मध्याह्न भोजन आदि की जांच की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने छात्र-छात्राओं से रूबरू होते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ने, गुरूजनों व माता-पिता का आदर करने, स्वच्छता अपनाने की नसीहत दी।

संक्षिप्त खबरें

## एक पेड़ मां के नाम देश व्यापी अभियान के तहत किया पौधरोपण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशव्यापी अभियान अंतर्गतमिल्कीपुर विधानसभा 273 उपचुनाव में भाजपा से प्रमुख दावेदार उत्तर प्रदेश महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष उषा रावत ने कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय पलिया लोहानी में किया पौधारोपण इस अवसर उन्होंने कहा पेड़ पौधे पशु पक्षियों के लिए ही नहीं अपितु मानव जीवन के लिए के कई रुपों में उपयोगी है ।पेड़ पौधों का आध्यात्मिक महत्व भी खूब है।एक तरफ जहां इमारती लकड़ियां,जड़ी बूटियां व अन्य औषधियां मिलती है वहीं सनातन धर्म में नीम, पीपल की पूजा भी की जाती है। सभी लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में रहने के लिए कम से कम एक पेड़ अवश्य लगायें इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जगन्नाथ वर्मा , डॉक्टर अजय सिंह ब्लॉक पीश्टीश्आईश ,राजेश तिवारी, चंद्रभान यादव ,राममिलन ,सतीश यादव ,भारती मिश्रा ,कपिल सिंह ,दिव्यांशु सिंह ,अशरफ खान के अलावा विद्यालय के टीचर्स व बच्चे रहे मौजूद।

## प्राचीन शिव हनुमान मंदिर की पुनर्स्थापना की मांग ने पकड़ी तेजी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** राम पथ निर्माण के दौरान प्रशासन द्वारा ध्वस्त एक किए गए प्राचीन शिव हनुमान मंदिर के पुनर्स्थापित की मांग को लेकर एक मांग पत्र पंचायती मंदिर के प्रमुख सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश वैद्य के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह को सौंपा गया, मांग पत्र में कहा गया है कि अयोध्या शहर में स्थित सीतापुर आंख अस्पताल के तिराहे पर लगभग 40- 50 वर्ष पूर्व प्राचीन शिव हनुमान मंदिर की स्थापना पंचायती मंदिर के द्वारा की गई थी, राम पथ निर्माण के चौड़ीकरण में स्थापित प्राचीन शिव हनुमान मंदिर को कुछ समय के लिए प्रशासन के आदेश से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत हटा दिया गया था, इस दौरान मंदिर में मौजूद विग्रह को राम जानकी मंदिर साहिबगंज में कुछ दिनों के लिए रखवा दिया गया था, प्राचीन शिव हनुमान मंदिर से भक्तों की आस्था और श्रद्धा जुड़ी हुई है , वर्तमान स्थान पर विग्रहों की पूजा अर्चना में असुविधा को देखते हुए मंदिर के उत्तर दिशा में कुछ भूमि खाली है इस खाली भूमि में शिव हनुमान मंदिर की स्थापना हेतु व्यवस्था कराया जाना अस्तित्व अत्यंत आवश्यक व न्याय संगत है, शिकायत की पत्र में यह भी कहा गया कि इस संबंध में मंदिर के सदस्य कारण श्रीमान जी से वह अपर जिला अधिकारी नगर से पूर्व में मिले थे इस दौरान मंदिर की पुनर्स्थापना को लेकर आप ने बातें विस्तार से रखी गई, इस संबंध में महोदय द्वारा मंदिर को पुनः स्थापित करने के विचार को लंबित रखा गया प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी मांग को रखते हुए यह कहा कि भक्तगणों में श्रद्धा और आस्था को देखते हुए प्राचीन शिव मंदिर को पुनः सीतापुर आंख अस्पताल के सामने उत्तर दिशा में जहां खाली भूमि पड़ी हुई है इस खाली भूमि के स्थान को निश्चित करते हुए मंदिर की स्थापना करने हेतु आदेश प्रदान किया जाए, इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि भक्तों की आस्था व श्रद्धा को देखते हुए एवं मंदिर की प्राचीनता को देखते हुए इस विषय पर में व्यक्तिगत रूप से प्रयास करूंगा ज्ञापन देने वाले प्रमुख लोगों में अधिवक्ता राकेश वैद्य सदस्य पंचायती मंदिर, मनीष पांडेय राष्ट्रीय प्रवक्ता हिंदू महासभा, अधिवक्ता राजीव शुक्ला उपाध्यक्ष अधिवक्ता परिषद, अनुभव जायसवाल पूर्व महामंत्री भाजपा अंकित वैद, मुकुल वैद, संयम कृष्णा, आयुष वैद्य, केशव लाल वैद, आनंद किशोर भोलानाथ वैद, राजेंद्र प्रसाद वैद, लाल जी वैद, गोपाल जी, विमल किशोर रामबाबू, रामकुमार तारकेश्वर नाथ, इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान बैठक का किया गया आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किसान बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसान यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा किसानों की समस्याओं में अन्न प्रथा, विद्युत व्यवस्था, पम्प कैनाल, सोलर पैनल, खाद की उपलब्धता, नहरों की सफाई, बीज की उपलब्धता, निजी नलकूप, बोरिंग, पशु टीकाकरण आदि समस्याएं रखी गयी, जिसका जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो किसानों की समस्याएं प्राप्त हुई है उनका शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध तरीके से निस्तारण कराया जाय, किसानों को कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने उपनिदेशक कृषि से कहा कि जिन-जिन विभागों की आज समस्यायें प्राप्त हुई है उनके निस्तारण के सम्बंध में अगले किसान बैठक में आख्या सहित प्रस्तुत किया जाय। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि शत प्रतिशत गौवंशों का संरक्षण कराया जाय ताकि किसानों की फसलों को नुकसान न हों। उन्होंने वृक्षारोपण के सम्बंध में कहा कि जन सहयोग की इसमें बहुत जरूरत है और शासन की मंशा व उद्देश्य 'एक पेड़ मां के नाम' उसमें आप सभी लोग एक पेड़ अवश्य लगायें और किसान भाईयों को अगर कोई समस्या आती है तो वरिष्ठ अधिकारियों के सीयूजी नम्बर पर अवगत करायें उसका तत्काल निस्तारण कराया जायेगा। इसके साथ वर्तमान में धान की रोपाई का कार्य चल रहा है इसके मद्देनजर सभी किसान भाई अपनी फसलों का बीमा अवश्य करायें, जिससे कोई अनहोनी या क्षतिग्रस्त होने की दशा में उनको क्षतिपूर्ति सहायता प्रदान की जा सकें। इसमें सभी अधिकृत बैंक पूर्ण सहयोग करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हाल- ए - डफरिन हॉस्पिटल

# साढ़े सात घंटे तक डफरिन मे बिलखती रही पूजा

- आपरेशन करने नहीं आई महिला डाक्टर
- पूरे दिन परिजन करते रहे डाक्टर के आने का इंतजार
- हारकर सीएमएस ने बुलाया दूसरी महिला डाक्टर
- अपर निदेशक ने दिए जांच के निर्देश




**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** जिला महिला अस्पताल की आज दिन शिकायतें सामने आना तो आम बात है गई है, किन्तु भ्रष्टाचार के दलदल मे आकंठ डूब रहे जिला महिला चिकित्सालय मे अब स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की भी कोई सुनवाई नहीं है। जिला महिला चिकित्सालय की डा प्रभा सिंह की लापरवाही के चलते एक प्रसव पीड़िता की जान पर बन आई। प्रसव पीड़ा से बेहाल एक महिला साढे सात घंटे तक छटपटाती रही। किन्तु ड्यूटी होने के बावजूद महिला चिकित्सक प्रसव कराने के लिए अस्पताल नहीं आई । आखिर डा प्रियंका जैन को बुलाया गया जिसने प्रसव पीड़िता का प्रसव कराया। महिला चिकित्सक की इस लापरवाही को अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। गोण्डा जिले के लऊवाबीरपुर थाना नवाबगंज निवासी विकास त्रिपाठी 21 जुलाई को अपनी पत्नी पूजा शुक्ला को प्रात आठ बजे प्रसव पीड़ा होने पर जिला महिला अस्पताल लाए थे। उनका आरोप है कि प्रात साढ़े नौ बजे से अपरान्ह पाच बजे तक साढ़े सात घंटे तक पूजा बिलखती रही। बाद मे सीएमएस ने किसी प्रकार डा प्रियंका जैन को बुलाकर पूजा का प्रसव कराया। बताते चले कि पूजा अपर निदेशक अयोध्या मण्डल के वाहन चालक दिनेश तिवारी के भतीजे की पत्नी है। स्वयं दिनेश तिवारी अस्पताल स्टाफ के सामने गिड़गिड़ाते रहे किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। जब महिला अस्पताल मे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का कोई पुरसाहाल नहीं है तो आम लोगों को कितनी परेशानी झेलनी पड़ती होगी सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

## गोदाम इंचार्ज को जिला कृषि अधिकारी, अयोध्या द्वारा कड़ी चेतावनी जारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पूरा बाजार- अयोध्या।** विकासखंड पूरा बाजार में सोमवार को मिनी किट बीज वितरण में धाधली को लेकर जिला प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने नाराजगी जताते हुए जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा से लिखित शिकायत की शिवेन्द्र सिंह ने जिला कृषि अधिकारी को सूचित किया कि विकासखण्ड पूराबाजार में आयोजित मिनीकिट वितरण कार्यक्रम में केवल ज्वार, बाजरा व रागी फसल के बीज मिनीकिट ही चंद किसानों को वितरण किए गए। जबकि पूर्व में ही जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय पत्रांक-288 दिनॉक-06.07.2024 के माध्यम से निर्देश दिया गया था कि सभी प्रकार के दलहनी, तिलहनी व श्री अन्न (मिलेट्स) के मिनीकिट का वितरण सुनिश्चित किया जाए। परंतु रामयश गुप्ता, प्रभारी, राजकीय कृषि बीज भण्डार, आशापुर, पूराबाजार-अयोध्या द्वारा ऐसा ना करके कुछ अपने चाहते किसानों को आधा अधूरा मिनी किट वितरण कर कोरमा को पूरा कर दिया यह गोदाम इंचार्ज पिछले कई वर्षो से यहां पर अपने पहुंच के नाते बना हुआ है जिससे कोई भी अधिकारी इसको यहां से दूसरे स्थान पर नहीं भेज रहे हैं इसकी शिकायत कई बार किसानों ने जिला कृषि अधिकारी से भी कर चुका है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा द्वारा जारी चेतावनी में कहा गया कि इस निर्देश की अवहेलना खेदजनक है और स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही, खरीफ 2024 के दौरान वितरित किए गए समस्त बीज मिनीकिटों की सूची जिला प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह को अवलोकित कराते हुए वस्तुस्थिति की जानकारी देने का निर्देश दिया गया है। ऐसा न करने पर गोदान इंचार्ज राम यस गुप्ता के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी, जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होंगे।

# अजब गजबरुदौली मे स्वास्थ्य विभाग की छत्रछाया मे संचालित हो रहा डायग्नोस्टिक सेंटर

## बिना रेडियोलॉजिस्ट मरीजों की हो रही जांच व दी जा रही फर्जी रिपोर्ट

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** स्वास्थ्य विभाग के खेल निराले हैं। विभागीय अधिकारियों की छत्रछाया मे बिना किसी रेडियोलाजिस्ट के एक डायग्नोस्टिक सेंटर पर मनमाना शुल्क लेकर मरीजों को फर्जी जांच रिपोर्ट थमायी जा रही है। ऐसा नहीं कि मरीजों के जीवन के साथ हो रहे खिलवाड़ की जानकारी सीएमओ आफिस के जिम्मेदार अधिकारियों को नहीं है फिर भी नोडल अधिकारी डा डीके शर्मा के संरक्षण मे फर्जी डायग्नोस्टिक सेंटर चलाया जा रहा है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी हो चुकी है। यहां तक कि प्रदेश शासन के एक मंत्री ने तत्काल डायग्नोस्टिक सेंटर को बन्द कराने के लिए भी निर्देश दिया इसके बावजूद फर्जी डायग्नोस्टिक सेंटर बेधड़ चलाया जा रहा है।

अयोध्या जिले की रुदौली तहसील क्षेत्र मे सीएचसी रुदौली के निकट सिद्धि डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित किया जा रहा है। जिसमे कोई रेडियोलाजिस्ट नियुक्त नही है। बिना रेडियोलाजिस्ट के फर्जी मेडिकल रिपोर्ट तैयार कर मरीजों को दी जा रही है। ऐसे मे मरीजों का गलत उपचार होने की पूरी संभावना है। सूत्रों के अनुसार सिद्धि डायग्नोस्टिक सेंटर की संचालक प्रतिभा सिंह के रेडियोलाजिस्ट रहे डा आरपी सिंह के सम्बन्ध बिगड़ने पर उन्होंने 12 जुलाई को सीएमओ डा संजय जैन का संचालन करने से इनकार करते हुए इस्तीफा दे दिया। उसके बाद सीएमओ ने डायग्नोस्टिक सेंटर की संचालक प्रतिभा सिंह को डायग्नोस्टिक सेंटर बन्द करने के लिए नोटिस दे दिया। सीएमओ के निर्देश के बावजूद डायग्नोस्टिक सेंटर बन्द नही किया गया। पता चला है कि प्रदेश के एक मंत्री ने भी सीएमओ को इस सम्बन्ध मे डायग्नोस्टिक सेंटर बन्द कराने के निर्देश दिए फिर भी डिप्टी सीएमओ / नोडल अधिकारी डा डीके शर्मा की छत्रछाया मे बेशक डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित किया जा रहा है।

### सिद्धि डायग्नोस्टिक सेंटर के रेडियोलाजिस्ट का बयान

रेडियोलाजिस्ट डा आरपी सिंह ने बताया कि मैने वहां से अपना नाता तोड़ लिया है। 12 जुलाई को मैने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद जो भी जांच रिपोर्ट तैयार कर मरीजों को दी गई वे फर्जी हैं।

### क्या कहते हैं सीएचसी अधीक्षक

सीएचसी अधीक्षक रुदौली डा पीके बरवाला ने बताया कि सीएमओ स्तर से नोटिस जारी हुई थी फिर भी सिद्धि डायग्नोस्टिक सेंटर की संचालक प्रतिभा सिंह सेंटर बन्द नही कर रही है। मैने नोडल अधिकारी डा डीके शर्मा से भी इस सम्बन्ध मे बातचीत की है किन्तु उन्होंने कोई बात नहीं की। फर्जी डायग्नोस्टिक सेंटर पर रोक क्यों नहीं लग रही इस सम्बन्ध मे जब सीएमओ डा संजय जैन से जानकारी करने की तो उनका फोन नहीं उठा। पता चला सीएमओ शासन की बैठक मे शामिल होने गए हैं। राम नगरी मे फर्जी डायग्नोस्टिक सेंटर चल रहे हैं। जब मुख्यमंत्री ने फर्जी डायग्नोस्टिक सेंटर व झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ अभियान चलाने के सख्त निर्देश दिए है

## विकास प्राधिकरण के सचिव पर दुकान के आवंटी ने तानी रिवाल्वर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र प्रताप सिंह पर एक दुकान आवंटी पंकज उपाध्याय ने रिवाल्वर तान ली। शोर मचाने पर पहुंचे प्राधिकरण के कर्मचारियों ने पंकज उपाध्याय को पकड़ कर पुलिस के हवाले, किया। कैंट पुलिस ने उसे हिरासत मे ले लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार गुप्तार घाट पर पंकज उपाध्याय को दुकान आवंटित की गई थी। दुकान का पैसा जमाना होने पर प्राधिकरण ने उसे नोटिस भेजा था। पंकज उपाध्याय इस मामले मे हाई कोर्ट गया था। हाई कोर्ट ने मामले को समाधान करने के लिए प्राधिकरण को निर्देश दिया था। बार-बार प्राधिकरण ऑफिस के कर्मचारी उसके घर जाकर अभद्रता करते थे। वह पैसा नहीं जमा कर रहा था। बुधवार को प्राधिकरण के सचिव पर बहस के दौरान आक्रोशित पंकज ने रिवाल्वर, तान दी। पंकज वर्तमान मे अयोध्या के जनकपुरी का निवासी है। जबकि मूलरूप से वह अंबेडकरनगर का निवासी है। थानाध्यक्ष कैंट संजय मौर्य ने बताया तहरीर मिलने के बाद एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## ब्लॉक प्रमुख के 3 वर्ष के कार्यकाल पूरा होने पर समारोह का आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**पूरा बाजार अयोध्या।** ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने ब्लॉक प्रमुख के 3 वर्ष के कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा होने के उपलक्ष में ब्लॉक प्रांगण में बने सभागार में समारोह का आयोजन किया जिसमें पूरा ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्यो के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

समारोह को संबोधित करते हुए में मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि शिवेंद्र सिंह ने ब्लॉक को प्रत्येक क्षेत्र में सुसज्जित कर प्रदेश में पूरा बाजार का गौरव बढ़ाया है उन्होंने कहा कि यह संजोग ही है कि आज शिवेंद्र सिंह का जन्मदिन भी है इसलिए उन्होंने उन्हें जन्मदिन की बधाई भी दिया समारोह में क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा क्षेत्र के विकास में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए करने पर शिवेंद्र सिंह के सौजन्य से मुख्य अतिथि वेद प्रकाश गुप्ता भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों में महिलाओं को उपहार स्वरूप टीवी व पुरुष क्षेत्र पंचायत सदस्यों को उपहार स्वरूप मोबाइल भेंट किया पुरुष क्षेत्र पंचायत सदस्यों में जिन लोगों ने मोबाइल नहीं लिया उसके स्थान पर उन्हें टीवी भेंट किया गया ।टीवी व मोबाइल वितरण में भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री स्वाति सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल साहब सिंह शैलेंद्र कोरी खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक सिंह अंकुर प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने भी वितरण में सहयोग किया शिवेंद्र सिंह ने अतिथियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया तथा उत्साह वर्धन करने के लिए अतिथियों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर सहभोज का भी आयोजन किया गया था ।

## दिव्यांग बच्चों का परीक्षण कर प्रमाण पत्र दिया गया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**पूरा बाजार- अयोध्या।** जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पूरा बाजार अयोध्या में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत परिषदीय विद्यालय में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु कैंप का आयोजन किया गया।कैंप की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी रियाजउद्दीन एवम संचालन जिला समन्यवक समेकित शिक्षा शिवाकांत द्विवेदी द्वारा किया गया।

कैंप में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ आदित्य प्रकाश, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ जयति पाण्डेय, मनोरोग विशेषज्ञ मुकेश पाठक द्वारा अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित,मानसिक दिव्यांग,बच्चों का परीक्षण किया गया।कुल 53 बच्चो द्वारा प्रतिभाग किया गया,जिसमे से कुल 23 बच्चो को प्रमाण पत्र हेतु चिन्हित किया गया।

कैंप को संपन्न कराने में गणेश प्रताप सिंह,पूरा ब्लॉक से देवकांत मिश्रा, पूनम राय,बीना वर्मा,फिजियोथेरेपिस्ट विवेक श्रीवास्तव,मया ब्लॉक से राजेश वर्मा, जगजीत शर्मा,जिला चिकित्सालय के सचिन उपस्थित रहे।

# सीएचसी से फार्मासिस्ट रहते गायब,बाहरी लड़को के हाथ मे दवा वितरण

## सीएचसी मवई का हाल बेहाल,मरीज परेशान,बीपीएम चला रहा अस्पताल मैनेजमेंट

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मवई-अयोध्या।**ग्रामीण स्तर तक इलाज के इंतजाम दुरुस्त करने के दावों को जिले के अंतिम छोर पर स्थित सबसे पिछड़े ब्लाक मवई का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आइना दिखा रहा है। यहां बिना फार्माशिस्ट के दवा वितरण बाहरी लड़को से कराया जा रहा है।सप्ताह में सिर्फ दो दिन ही प्रत्येक चिकित्सक ड्यूटी आते है।वही फार्माशिस्ट आए दिन नदारद रहते है।जिससे अस्पताल पर आए मरीज यहां भटकते रहते हैं। फार्माशिस्ट के न रहने पर दवा वितरण और इमरजेंसी का जिम्मा भी उन्ही अप्रशिक्षित बाहरी लड़के निभा रहे हैं। जिससे कभी भी कोई अनहोनी से इनकार नही किया जा सकता है। यहाँ अगर कोई ब्लड जांच करानी हो तो भूल जाइए, एक्सरे-अल्ट्रासाउंड तो दूर सामान्य जांच तक की यहां सुविधा ही नहीं है। मरीजों को मजबूरी में निजी हास्पिटल में महंगा इलाज कराने को मजबूर होना पड़ता है।मरीजों की बीपी नापने तक की मसीन दुरुस्त नही है।एक्सरे करने के बाद उसकी फ़िल्म न देकर मोबाईल में फोटो लेने की बात मरीजो को बताई जाती है।वहीं टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं की योजनाओं को दरकिनार कर बीपीएम यहाँ अस्पताल का मैनेजमेंट चला रहा है।हाजिरी से लेकर छुट्टी तक का कार्य यही देखता है और कर्मचारियों का शोषण करने बात सामने आई है।मामले में सीएमओ ने जांच की बात कही है।आपको बता दे बुधवार को इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई की पड़ताल की गई तो यही हकीकत सामने आई। सामुदायिक स्वस्थ केंद्र मवई पर 11 बजे भवन का गेट खुला था। वही चिकित्सा अधीक्षक अपने कमरे में मौजूद दिखे।दवा का वितरण कुछ बाहरी लड़के कर रहे थे नाम पूछने पर वह इधर उधर खिसकने लगे। सिपहिया गांव की अफसाना बानो,माजनपुर की नसीमा खातून व अशरफ नगर की सुनीता बुखार की दिक्कत के चलते उपचार को आई थीं। उन्होंने पर्चा बनवाकर डॉक्टर से दवा लिखाया फिर दवा वितरण खिड़की पर गई तो वहाँ बाहरी लड़के दवा वितरित करते मिले।जिन्होंने आधी अधूरी दवाएं दिया। यहाँ तैनात फार्माशिस्ट चंद्र बहादुर यादव गैरहाजिर थे। पता करने पर बताया गया कि आए दिन वह गायब रहते है। इमरजेंसी ड्यूटी में भी अप्रशिक्षित लड़के मरहम पट्टी करते है।बताया गया कि वह अप्रेंटिस करने वाले लड़के है जो करीब दो साल पहले ही अपनी अप्रेंटिस पूरी कर चुके है।अब उनसे पट्टी करने,इंजेक्शन लगाने व एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाने में वसूली से मिली ऊपरी आय के भरोसे काम कराया जाता है।वहीं सीएचसी में बीपी मसीन जाँचने की मसीन खराब पड़ी हुई है।हेल्थ एटीएम मशीन में जांच किट न होने के कारण सात महीने से कोई जांच नही हो पाई है। स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकों के सात पद हैं,जिसमे चिकित्सा अधीक्षक डॉ0प्रमोद कुमार गुप्ता,महिला चिकित्सक डॉ0रीना मिश्रा,डॉक्टर सुमत, डॉ0फराज,डॉ0आदित्य कुमार वर्मा और डेंटल सर्जन उमेश कुमार के अलावा संविदा चिकित्सक डॉ उपेंद्र की तैनाती है।वहीं फार्माशिस्ट के पद पर यहाँ चंद्र बहादुर यादव तैनात है। इनमें से कोई भी रात्रि विश्राम सीएचसी मवई पर नही करता है।अधिकतर चिकित्सक लखनऊ से ड्यूटी करते है जिसकी वजह से लेटलतीफी भी आम बात हो गई है। बुधवार को चिकित्सा अधीक्षक के अलावा डॉ0फराज व महिला डॉक्टर रीना डेंटल सर्जन उमेश व संविदा चिकित्सक उपेंद्र उपस्थित रहे।डॉ0आदित्य व डॉक्टर सुमत नदारद रहे वहीं फार्माशिस्ट चंद्र बहादुर यादव के मौजूद न होने के कारण दवा वितरण काउंटर पर मरीजों की भीड़ जमा रही।

### स्टाफ नर्स की हाजिरी को लेकर होता है खेल

सीएचसी मवई पर पांच स्टाफ नर्स की तैनाती है।जिनमे स्टाफ नर्स रीना देवी,सोनी गुप्ता,प्रतिभा,वंदना पांडेय व दिव्या श्रीवास्तव की तैनाती है।जिनकी हाजिरी को लेकर बड़ा खेल होता है।आए दिन स्टाफ नर्स बिना अवकाश नदारद रहती है।यहाँ अधिकतर प्रसव कक्ष की ड्यूटी पर रीना व प्रतिभा की तैनाती रहती है जो प्रसव पीड़िता व तीमारदारों से नेग के नाम पर वसूली करती है।बताया गया कि इस मैनेजमेंट में बीपीएम आशुतोष की भूमिका संदिग्ध है।

### जांच का नहीं है कोई इंतजाम

सीएचसी भवन में पैथोलाजी बनी हुई है, परंतु यहां जांच की कोई सुविधा नहीं है।पिछले तीन महीनों से शुगर जांच की स्टिक मौजूद न होने जांचे नही हो पा रही हैं।ब्लड की सीवीसी जांच में प्रयोग होने वाला रसायन वर्षो से नही है जिससे जांचे ठप पड़ी है।एक्सरे मशीन भी उपलब्ध है लेकिन एक्सरे करने के बाद उसकी फ़िल्म नही दी जाती है मरीजों से मोबाइल में फोटो लेने की बात कहते है।

### लापरवाही पर होगी कार्रवाई-सीएमओ

सभी चिकित्सकों व कर्मचारियों को समय से उपस्थित रहने के निर्देश हैं। सीएचसी मवई के मामले की जांच कराई जाएगी और लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी - डा. संजय जैन सीएमओ

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर का किया औचक निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।**जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने सबसे पहले संयुक्त कार्यालय का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिये कि सभी अलमारियों पर कौन सी पत्रावली रखी है उसकी सूची चस्पा करें। इसके साथ ही फाइलों का रख रखाव, उपस्थिति पंजिका, नगर पंचायत सम्बंधी पत्रावली, कोविड पत्रावली का अवलोकन करते हुए पायी गयी कमियों को दूर करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही आपदा कार्यालय में पहुंचकर वहां की पत्रावलियों को देखते हुए सही करने के निर्देश दिये गये। उसके बाद राजस्व अभिलेख कक्ष का भी निरीक्षण किया और कहा कि सभी पत्रावलियों को सही से संरक्षित करें तथा जो भी व्यक्ति अभिलेखों को देखने आता है उसकी पूरी सूचना रजिस्टर में अंकित किया जाय तथा कैमरे की निगरानी में पत्रावली का अवलोकन कराया जाय। तत्पश्चात उन्होंने नजारत पहुंचकर वहां का निरीक्षण किया और कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका एवं जीपीएफ पासबुक का अवलोकन किया। उन्होंने नाजिर से कहा कि सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आयें, ऐसा सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने इसके साथ ही नाजिर से कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित सोलर पैनल, कैंटीन आदि की जानकारी करते हुए विभिन्न स्थानों पर गंदगी पाये जाने पर उसको साफ कराने के निर्देश तथा कलेक्ट्रेट परिसर में जगह-जगह स्थापित अग्निशामक यंत्र को चेक कराते हुए पुराने व अवधि पूर्ण कर रहे यंत्रों को बदलने के निर्देश दिये। उन्होंने विभागों में अन्य आवश्यक व पुराने फर्नीचरों को हटाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, नाजिर रन बहादुर सिंह, ओ0एस0डी0 राम अचल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# संक्रामक बीमारी से बचाव के लिए जागरुकता जरूरी- निर्मल

## पिपरा खादर में संचारी रोग से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





**बलरामपुर।** शिक्षा क्षेत्र हरैया सतघरवा के न्याय पंचायत चौधरी डीह के प्राथमिक विद्यालय पिपरा खादर मैं संचारी रोग से बचाव का जागरूकता सहित पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों के साथ शिक्षकों ने ग्रामीण क्षेत्र में जनमानस को जागृत करने के लिए रैली निकाल कर उन्हें संचारी रोग से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी दी है।

विद्यालय प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार द्विवेदी ने संचारी रोग से बचाव एवं रोकथाम के लिए छात्र-छात्राओं सहित ग्रामीणों को जागरूक किया है उन्होंने कहा कि खाना खाने से पहले हाथ को विधिवत साबुन से धोना जरूरी है शौच जाने के बाद हाथ की साबुन से विधिवत सफाई किया जाना चाहिए खाद्य पदार्थ ताजा होना चाहिए कटे हुए अथवा रखे हुए का सेवन नहीं करना चाहिए जागरूक किया है उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का संचारी रोग से बचाव का प्रयास ही पर्याप्त नहीं है इसमें हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि लोगों को संक्रामक बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक करें इसके लिए गांव में जागरूकता रैली निकाली गई रैली के बाद कैंपस में फ़लदार छायादार पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक कल्पेश कुमार शेष राम यादव मांडवी देवी सहित अन्य बुद्धिजीवी व ग्रामीण शामिल रहे हैं।

## शिक्षा मित्र संघ काला दिवस मनाते हुए सौंपेगा ज्ञापन

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा में संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला के दिशा निर्देश में उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों पर आज 25 जुलाई को काला दिवस मनाते हुए अपने दिवंगत शिक्षामित्र साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को शिक्षामित्र की मांग पत्र का एक ज्ञापन देने का कार्यक्रम निर्धारित है। इसी क्रम में सुल्तानपुर जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे द्वारा बताया गया कि सुल्तानपुर जनपद का समस्त शिक्षामित्र 3:00 बजे तिकोनिया पार्क सुल्तानपुर में एकत्र होगा और अपने दिवंगत साथियों को याद करते हुए धरना प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को 4:00 बजे अपनी मांग पत्र का ज्ञापन सौंपेगा। जनपद के सभी शिक्षामित्र को समय से उपस्थित होने के लिए विकास खण्डवार जिम्मेदारी दी गई है।

# वायु भी शिव जी का ही दिव्य स्वरूप है- रवि शंकर



**गोन्डा ।** शहर के शारदा मैरिज लान में चल रहे 9 दिवसीय महापुराण कथा में दुसरे दिन गुरुवर रवि शंकर महाराज जी ने ब्रह्मा जी की उत्पत्ति कैसे हुई इसकी कथा सुनाई। इस दौरान उन्होंने बताया कि भगवान की कई मूर्तियां मानी गई हैं। जिसमें अष्ट मूर्ति बड़ी दिव्य मानी गई है। अष्ट मूर्ति क्या है पृथ्वी। जिस पृथ्वी पर हम विराजमान हैं बैठे हैं घर मकान बनाते हैं। अगर पड़ोस की जगह मिल रही हो तो लालायित हो जाते हैं कि वो जगह हमें मिल जाए। वो भगवान का ही एक स्वरूप है। भगवान की मूर्ति है। इसीलिए पार्थिव पूजन में मिट्टी का प्रयोग किया जाता है।

वो हाथ में मिट्टी नहीं लगती है। बल्कि उस मिट्टी के शिवलिंग में भगवान शिव के प्रथम स्वरूप का दर्शन होता है और आप भगवान की भक्ति से जुड़ जाते हैं। रविशंकर जी कथा सुनाते हुए आकाशमंडल को भगवान का द्वितीय स्वरूप बताया। उन्होंने बताया ये जो वायु हमारे अंदर प्रवेश कर रही होती है। ये भी शिव जी का ही दिव्य स्वरूप है। जल, अग्नि ये पांच जिसे पंच महाभूत हम कहते हैं। ये भगवान शंकर के मूर्त स्वरूप हैं। इन्हें अष्ट मूर्ति कहा गया है। गुरु जी ने बताया कि हम लोग कहते हैं कि भगवान कहां हैं। उन्हीं शिव जी के आठ मूर्तियों में से सात मूर्तियों का प्रत्यक्ष दर्शन जीव करता है। और आठवें मूर्ति का एहसास करता है। कथा के दौरान बीच-बीच में भजन गायक शिवा शुक्ला और राघव पंडित अपनी टीम के साथ भजनों के गंगा की निर्मल धारा प्रवाह करते रहे। जिसमें श्रद्धालुओं ने मस्त होकर डुबकी लगाई। इस कार्यक्रम में मुख्य यजमान आरती सोनी व संतोष सोनी सहित अन्य भक्तों ने आरती किया।उसके बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान संदीप मेहरोत्रा,शिव शंकर सोनी,अमित सोनी,रवि सोनी,दीपक मराठा,रमेश गुप्ता,राम शंकर कसौधन, देवेंद्र सोनी, राहुल शर्मा,विशाल बंसल सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# फर्जी मामलों में नाम को लेकर भड़के पत्रकार

## एसपी ने न्यायोचित कार्यवाही का पत्रकारों को दिया भरोसा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** जिले के पत्रकार अंकित राय पर कोतवाली नगर में उनके पट्टीदार द्वारा दर्ज कराये गये फर्जी मुकदमें व पत्रकार मनोज तिवारी को दबंगो द्वारा दी जा रही धमकी की जानकारी मिलने पर पत्रकारों में रोष पैदा हो गया। बुधवार को जिले के लगभग सभी समाचारपत्रों से जुड़े पत्रकारों का प्रतिनिधिमण्डल पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा से मिलकर पत्रकार अंकित राय का नाम मुकदमे से निकलवाने की मांग किया।

बताते चलें कि कोतवाली नगर के अमिलिया कलॉ गांव के रहने वाले श्रवण कुमार राय उर्फ पंकज पुत्र जयकरन राय ने 23.03.2024 की घटना दशार्ते हुए कोतवाली नगर में दिनांक 21.07.2024 गांव के ही रहने वाले कुछ नाबालिगों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराते हुए पत्रकार अंकित राय को भी मामले में आरोपी बना दिया था। जबकि उसी घटना को दर्शाते हुएं श्रवण राय ने 12 जून 24 को अपर पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थनापत्र में कहीं भी अंकित राय का नाम उल्लिखित नहीं है। फ्रि भी उसी घटना में 21.जुलाई को दर्ज एफ्आईआर में पत्रकार अंकित राय को भी आरोपी बना दियाहै। जिसकी जानकारी पत्रकारों को मिलते ही पत्रकारों में रोष फैल गया। बुधवार को जिले के पत्रकारों का प्रतिनिधि मण्डल पुलिस अधीक्षक से मिलकर सारी बातें बताई। जिस पर एसपी ने पत्रकारों को भरोसा दिया कि न्यायोचित कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पाण्डेय, अवधेश शुक्ल, नीरज तिवारी, इम्तियाज रिजवी, श्रीकृष्ण पाण्डेय, अनुराग द्विवेदी, राकेश तिवारी, आशुतोष मिश्र, मनोज मिश्र, सतीश पाण्डेय, सतीश मिश्र, श्री प्रकाश पाण्डेय, जे0पी0तिवारी, योगेश यादव, केडी शुक्ल,, पवन मिश्र, पंकज पाण्डेय, शिव कुमार दूबे, जयशंकर दूबे, संतोष पाण्डेय, नारायण राय, धर्मेन्द्र सोनी, जितेन्द्र मिश्र, दिनेश तिवारी, वेद प्रकाश मिश्र सहित कई दर्जन पत्रकार मौजूद थे।

# रामनगर रजबहा नहर कटी, दर्जनों बीघे फसल जल मग्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बल्दीराय/सुलतानपुर।** शारदा सहायक नहर खण्ड सोलह से निकली राम नगर रजबहा की बीती रात पटरी अचानक कट गई। जिससे गदियाना गांव की लगभग दर्जनो बीघे धान की फ्सल जलमग्न हो गई। किसानो ने इसकी सूचना संबंधित कर्मचारियों को दी कर्मचारियों ने रजबहा का पानी बंद करवाया। इससे पूर्व भी नहर की पटरिया कई बार कट गई हैं। नहर की पटरियों पर अवैध खनन के चलते पूरी तरह जर्जर हो गई है। टेरी गांव के पास नहर में पूरा पानी छोड़ने के बाद ऊपर से बहता है। नहर में पानी कम खोले जाने की वजह से पानी टेल तक नहीं पहुंच रहा है नहर से निकली माइनर सूखी पड़ी हुई है। इस संबंध में शारदा सहायक खंड 16 के आधिषाशी अभियंता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गांव में कर्मचारियों को भेजा गया है जांच कर नहर को दुरुस्त करा कर कार्रवाई की जाएगी।

> इधर किसानों का कहना है कि रामनगर रजबहा की पटरी की मिट्टी शारदा सहायक खंड 16 के ठेकेदार द्वारा नीलामी की आड़ में बेची जा रही है। पटरी से मिट्टी खुदवाने के बाद में उसकी मरम्मत नही करवाई जाती। रजबहा पटरी पानी के सतह तक पहुंच गई। जिससे पानी आने पर अपने आप कट जाती है। फ्लिहाल ठेकेदारों की यह मनमानी कई सालों से चल रही है परंतु शारदा सहायक खंड 16 से संबंधित आधिषाशी अभियंता शिकायत करने के बावजूद भी कार्यवाही के लिए कोई कार्यवाही नहीं करते। ग्रामीण अमित पांडे कहते हैं कि खेत के लिए नर्सरी तैयार है परंतु पानी बंद कर दिया गया है। ग्रामीण सुरेश यादव कहते हैं कि नहर की हालत इस तरह है की पूरा पानी खोलने के बाद चारों तरफ बह रहा है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की चुनौती-कमल नवाल

**उदयपुर, राजस्थान-** मंगलवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत किया, जिसमें सभी सेक्टरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर भी खास फोकस किया गया है. मौजूदा सरकार की तीसरी पारी का यह पहला पूर्णकालिक बजट है. इसमें मनरेगा समेत रोजगार के कई क्षेत्रों में बजट आवंटन को बढ़ाया गया है. ग्रामीण विकास विभाग का बजट गत वर्ष के संशोधित अनुमान 1.71 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1.77 करोड़ रुपये किया गया है. वहीं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम (मनरेगा) का बजट वर्ष 2023-24 के 60 हजार करोड़ की तुलना में 2024-25 में बढ़ा कर 86 हजार करोड़ रुपए किया गया है.

# यातायात गार्ड को मिला मोबाइल, मालिक को किया सुपुर्द



**सुल्तानपुर।** यातायात व्यवस्था में लगे गार्ड संतोष मिश्रा को एक रियल-मी एन्ड्राइड मिला, जिसकी सूचना गार्ड ने अपने प्रभारी राम निरंजन को दी। प्रभारी यातायात ने मोबाइल मालिक का पता करवाया जिससे उसे सुपुर्द किया जा सके, पता चला कि मोबाइल डिवाइस संजीव कुमार पाठक का है, प्रभारी यातायात ने गार्ड संतोष कुमार मिश्रा के हांथो संजीव कुमार पाठक को मोबाइल सुपुर्दगी के साथ उन्हे लापरवाही ना करने की नसीहत भी दी। उधर मोबाइल पाकर संजीव कुमार पाठक ने प्रभारी यातायात राम निरंजन व गार्ड संतोष कुमार मिश्रा का धन्यवाद किया और भविष्य में लापरवाही से बचने का वादा किया।

# शिक्षामित्र पूनम को मिली जनपदीय महिला मोर्चा उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी



**सुल्तानपुर।** आदर्श शिक्षामित्र एसोसिएशन सुल्तानपुर में जनपदीय समिति ने काफी विचार के उपरांत प्राथमिक विद्यालय बेलासदा विकास क्षेत्र भदैंया की शिक्षा मित्र पूनम मिश्रा को जिला महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति वर्ष 2002 में शिक्षामित्र के पद पर हुई थी। जिलाध्यक्ष आदर्श शिक्षामित्र एसोसिएशन सुल्तानपुर दिनेश चंद्रा ने बताया कि शिक्षामित्रों के हित के लिए पूनम मिश्रा के द्वारा हमेशा बढ़-चढ़कर प्रयास किया गया है। इनके द्वारा विद्यालय में शिक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जाता है। विद्यालय के बच्चे शिक्षामित्र पूनम मिश्रा से घुले मिले रहते हैं। और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करते हैं। इनके व्यवहार से बच्चों में तनिक भी डर या भय का वातावरण नहीं रहता है। शिक्षा क्षेत्र के साथ साथ इन्होंने सामाजिक कार्य मे भी एक अलग मिसाल कायम किया है। गरीबो की मदद व मृतक शिक्षामित्रो के परिवार को आर्थिक मदद भी करती रहती है। बताते चले कि इनके ससुर शिव नारायण मिश्र लम्भुआ विधान सभा से विधायक भी रह चुके है। तथा पति हाईकोर्ट लखनऊ के सीनियर अधिवक्ता है। संगठन के महामंत्री प्रदीप यादव ने बताया कि पूनम मिश्रा ने शिक्षा के क्षेत्र में और संगठन के प्रति उत्तरदायित्व को निभाने में अनूठा प्रदर्शन किया है। नवीन जिम्मेदारी के निर्वहन के प्रति जब शिक्षामित्र पूनम मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैं हर संभव शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए हमेशा से प्रयासरत रही हूं। वह चाहे न्याय पंचायत, विकास क्षेत्र या जनपद का हो मैंने हमेशा संगठन के साथ मिलकर कार्य किया है। आज जनपदीय महिला मोर्चा उपाध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी दी गई है इसके लिए मैं शीर्ष नेतृत्व को बहुत-बहुत धन्यवाद आभार ज्ञापित करती हूं, और विश्वास दिलाती हूं कि मैं संगठन के विश्वास पर हमेशा खरी उतरूंगी और शिक्षामित्र भाई बहनों के हित के लिए सतत प्रयासरत रहूंगी।

# उपचुनाव में भंडरा प्रधान निर्विरोध निर्वाचित, बुकुनपुर में होगा चुनाव

## 9 ग्राम पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित, एक का पर्चा हुआ खारिज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुड़वार/सुल्तानपुर।** बीते दिनों बीमारी से मृतक हुए दो ग्राम प्रधानों के निर्वाचन की प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका ज्योत्सना के आदेश पर चल रही है। नाम वापसी व निशान आवंटन के दिन भंडरा ग्राम प्रधान निर्विरोध निर्वाचित हुई। जबकि बुकुनपुर ग्राम पंचायत ने दाखिल 03 पर्चे में एक द्वारा अपना नामांकन वापस लिया गया तब भी दो प्रत्याशी होने के कारण 06 अगस्त को चुनाव होगा।

बता दे कि गंभीर बीमारी के चलते पखवारे भर पहले भंडरा प्रधान सतई राम निषाद की मौत हो गई थी। उपचुनाव में मृतक प्रधान की पत्नी गुड्डा देवी ने ही केवल नामांकन पत्र दाखिल किया। जिससे कोई और पर्चा दाखिल न होने के कारण निर्वाचन अधिकारी ने गुड्डा देवी को निर्वाचित प्रधान घोषित कर दिया। वही बुकुनपुर में कुछ माह पहले ग्राम प्रधान की पत्नी की मौत के कुछ देर बाद ही मौत हो गई थी। इस ग्राम पंचायत से नूर मोहम्मद, सहजाद व सद्दीक ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। बुधवार को निर्वाचन अधिकारी से नूर मोहम्मद ने अपना नामांकन वापस ले लिया। अब बुकुनपुर में सहजाद व सद्दीक के बीच उपचुनाव 06 अगस्त को होगा।

ग्राम पंचायत सदस्यो की रिक्त सीटों में सरकौड़ा से अनूप मिश्रा, रनकेडीह से राकेश कुमार, मुडुई नेवादा में वार्ड संख्या 07 में सैयद बसारत व 09 में मो सफीक, अगई में परमानंद मिश्रा, रवनिया पूरब में सुमनलता, बुकुनपुर में जमीला बानो, नरही में शिवानी व पूरे पवार में राजकुमारी निर्विरोध निर्वाचित हुई। परसीपुर में संतोष कुमारी द्वारा अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट पर नामांकन किया गया था लेकिन जाति प्रमाण पत्र न दे पाने के कारण उनका पर्चा निरस्त कर दिया गया तथा सड़ाव में रिक्त वार्ड संख्या 10 के लिए किसी भी व्यक्ति द्वारा नामांकन नही किया गया।

निर्वाचन अधिकारी रत्नाकर सिंह ने बताया कि भंडरा में गुड्डा देवी निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गई। बुकुनपुर में दो प्रत्याशी होने के कारण 05 अगस्त को पोलिंग पार्टियां भेजी जाएगी।06 अगस्त को बुकुनपुर में तीन पोलिंग बूथों पर उपचुनाव कराया जायेगा।

# समस्याओं को लेकर शिक्षकों ने विधायक को घेरा

## 23 सूत्री ज्ञापन देकर त्वरित समाधान की मांग



**बलरामपुर।** पूर्व माध्यमिक जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ जिला इकाई में समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री संबोधित तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला को ज्ञापन सौंपा है। विधायक को सौंपे 23 सूत्री ज्ञापन में शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशकों को अर्ध अवकाश, पुरानी पेंशन बहाली कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था, शिक्षामित्र अनुदेशक को समान कार्य का समान वेतन सहित अन्य मांग ज्ञापन में शामिल है।

संघ जिला अध्यक्ष नवीन सिंह एवं मंत्री उमेश चंद्र की अगुवाई में शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल विधायक तुलसीपुर आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की है मुलाकात करने के दौरान 23 सूत्री मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री संबोधित सौंपा है। इनमें मुख्य रूप से शिक्षक शिक्षा में तो अनुदेशक को अर्ध अवकाश दिया जाए शिक्षक कर्मचारियों से अतिरिक्त कार्य न लिया जाए कैशलेस चिकित्सा सुविधा दी जाए पुरानी पेंशन बहाल किया जाए प्रत्येक विद्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर सफाई कर्मी चपरासी चौकीदार की नियुक्ति किया जाए भौगोलिक स्थिति को देखते हुए ऑनलाइन उपस्थिति संभव नहीं है, अन्य कर्मचारियों की बात पूर्व शिक्षकों को पितृत्व अवकाश दिया जाए प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद अनिवार्य किया जाए शिक्षकों की वर्षो से लंबित पदोन्नति किया जाए जिले के भीतर शिक्षकों को संविधान अनुसार स्थानांतरण दिया जाए आदि कई मांग शामिल है विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि उनकी समस्या को प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री के समक्ष रखी जाएगी इस अवसर पर मंडलीय महामंत्री अरुण कुमार मिश्रा निवर्तमान जिला अध्यक्ष गुरु वचन मंडली उपाध्यक्ष आलोक उपाध्याय मलिक मुनव्वर मंगल चंद्र गुप्ता विजय मिश्रा सुशील सिंह आदि शामिल रहे हैं

# महाविद्यालय शिक्षक संघ ने 26 सूत्रीय मांग को लेकर बनाई रणनीति



**बलरामपुर।** बुधवार को महाविद्यालय के पुस्तकालय सभागार में एम.एल.के. (पी.जी.) कॉलेज शिक्षक संघ के आम सभा की आवश्यक बैठक आयोजित की गई संघ के आह्वान पर 31 जुलाई को उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में होने वाले धरना प्रदर्शन के बारे में विचार विमर्श किया गया जिसमें अधिक से अधिक संख्या में धरने में पहुंचने की रणनीति बनाई गई। पुरानी पेंशन, फीडर कैडर का लाभ, नोशनल इंक्रीमेंट, पी-एचडी का इंक्रीमेंट , विज्ञापन संख्या 47 का स्थाईकरण, सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष, बायोमैट्रिक अटेंडेंस की बाध्यता को समाप्त करना, परीक्षा फीस में से आंतरिक मूल्यांकन के 25त्न हिस्से को महाविद्यालय के वापस करने, स्थानांतरण में एनओसी की बाध्यता समाप्त करने जैसे संघ के 26 सूत्रीय मांगों पर विचार विमर्श किया गया । कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री डॉ शिवमहेंद्र सिंह ने किया। कोषाध्यक्ष डॉ ऋषि रंजन पांडे ने विगत वर्षों में खर्च का लेखा-जोखा दिया एवं निदेशालय जाने हेतु व्यवस्था के लिए लोगों से अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में सुआक्टा अध्यक्ष प्रोफेसर विमल प्रकाश वर्मा ने विभिन्न मांगों पर प्रकाश डालते हुए लोगों द्वारा विगत वर्षों में धरने प्रदर्शन के कारण सरकार का ध्यान आकर्षित करने में मिली सफलता से लोगों को अवगत कराया एवं पूरे उत्साह के साथ धरना प्रदर्शन में भाग लेने का अनुरोध किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रकाश चंद्र गिरि ने किया। अध्यक्ष प्रोफेसर गिरि ने महाविद्यालय स्तर की समस्याओं के लिए सभी शिक्षकों से राय मांगी एवं उनके सुझाव के आधार पर संबंधित से वार्ता करके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

# समन्वित कृषि प्रणाली से लाभ के लिए करे खेती



**जौनपुर।** कृषि विभाग द्वारा बुधवार को विकास खण्ड बक्शा एवं सिकरारा परिसर में कृषि सूचना तन्त्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम, आत्मा योजनान्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया, इसमें समन्वित कृषि प्रणाली द्वारा किसानों की आय दूनी करने के उपाय, किसान रजिस्ट्री, फसल बीमा, एफपीओ द्वारा विपणन व्यवस्था, मृदा स्वास्थ्य, फरीफ फसलों के वेहतर उत्पादन वाली तकनीकियो एवं लाभकारी कृषि योजनाओं से विशेषज्ञों द्वारा किसानों को प्रशिक्षित किया गया।

पशुचिकित्सा अधिकारी डा. पवन कुमार ने पशुओं के रखरखाव, संतुलित राशन, टीकाकरण आदि की जानकारी दिया। कृषि वैज्ञानिक डा. राजीव सिंह ने फलों, फूलों एवं सब्जियों की तकनीकी खेती की जानकारी दिया।

उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों की आय बढ़ाने हेतु सन्तुलित खेती के साथ-साथ पशुपालन, बागवानी, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, मधुमक्खी पालन, रेशम उत्पादन, मशरूम उत्पादन अति आवश्यक है ताकि कृषि विविधीकरण अपनाते हुए विभिन्न स्रोतों से अपनी आय में वृद्धि कर किसान अपनी समृद्धि कर कृषि का सतत विकास कर सकते है। डा. सुरेंद्र सोनकर ने मृदा स्वास्थ्य, पौधरोपण की जानकारी दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ पीयूष त्रिपाठी तथा संचालन एडीओ एजी अनुराग सिंह ने किया। इस मौके उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी अमित कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेश सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री सूर्य प्रकाश चौबे, देवराज पांडेय, लक्ष्मीशंकर, सकल नारायण पटेल, इन्दल यादव, बीटीएम यशवंत कुमार, एटीएम दिलीप कुमार, राजकुमार, दुर्गा मौर्या, सुनीता, रेखा आदि किसान मौजूद रहे।

# हमे ज्ञानवर्धक जिनवाणी को सिर्फ सुणकर नही अपने जीवन मे भी उतारना है-साध्वी कल्पलताश्री

**बाड़मेर ।** स्थानीय श्री जिनकांतिसारगसूरी आराधना भवन में श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ चातुर्मास कमेटी द्वारा चल रहा अनुभवानंदी वर्षावास प्रवचनमाला मे बुधवार की श्रृखंला मे साध्वी शीलांजना श्रीजी ने कहा की इस चार माह चातुर्मास वर्षावास मे जप, तप, त्याग, आराधना, साधना एवं वीर प्रभु की वाणी सुनकर हमे प्यास बुझानी है। भगवान ने कितने भी उपसर्ग सहे पर समभाव मे रहकर कभी भी क्रोध, आवेशित नही हुए तब उनको केवल ज्ञान व मोक्ष प्राप्त हुआ था। तप त्याग तो करते है, सामायिक भी करते पर घर जाकर उसी काम क्रोध, मोह माया मे फंस जाते है, इसलिए बैलेंस शीट जीरो की जीरो रहती है, हमे सामायिक के बाद भी सम भाव मे रहना ही कर्मो की निर्जरा करना है। अपने धर्म की शुरुआत घर से होनी चाहिए, अपने घर मे बुजुर्ग मात-पिता जी की सेवा न करके वेदना न देखकर यदि हम कितने भी मंदिर पूजा नियमित कर ले, आपके कर्मोदय काल का आना संभव नही है पहले घर परिवार सदस्यो की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। पहले घर ही मंदिर है फिर भगवान की पूजा करनी ही जीवन की सार्थकता है। उसके बिना आपकी 20-25 वर्ष से की गयी पूजा आराधना भी निष्फल है। सुग्रहणी उसे कहा गया है जिस पर पुरा परिवार ऋणी हो उसे कहते है ग्रहणी, इनके उपकार परिवार पर अंनत उपकार है, घर स्वर्ग बन जाएगा यदि बडे बुजुर्ग को मूलनायक भगवान समझकर, नणद जेठानी को देवी देवता समझ कर परिवार मे व्यवहार करे तो घर स्वर्ग ही बन जाएगा। यह व्यवस्था हो जाए तो समझो जैसे प्रभु परमात्मा देशना देते है तब उसी समोसरण मे शेर ओर बकरी भी आस पास बैठकर सुणते है। उसी प्रकार भी नणद भाभी व देवरानी जेठाणी भी एक साथ मिलकर सब कामकाज मे प्रेम संबंध बनाते है तो समझो घर स्वर्ग से कम नही है। प्रवचनमाला में गुरूवर्या कल्पलताश्री ने कहा कि हम कितने वर्षो से प्रवचन सुणते आए है, हमारे जीवन मे परिवर्तन कितना आया है, हमे ज्ञानवर्धक जिनवाणी को सिर्फ सुणकर नही अपने जीवन मे भी उतारना है। श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ चातुर्मास कमेटी के ट्रस्टी प्रकाशचंद सेठिया व मिडिया प्रभारी अशोक संखलेचा भूणिया ने बताया कि खरतरगच्छ संघ बाड़मेर में चल अनुभवानन्दी चातुर्मास में आज गुरूवार को सुत्र व चारित्र वोहराने के चढ़ावे बोले जाएंगे, उसके बाद जो चढ़ावे का लाभ लेगा उस लाभार्थी परिवार द्वारा कल शुक्रवार को चार माह वर्षवास में सूत्र व चारित्र गुरूवर्या श्रीजी को वोहराया जाएगा। संघ के अध्यक्ष अशोक धारीवाल ने बताया कि 11 अगस्त को आराधना भवन में नेमीनाथ जन्म व दीक्षा कल्याणक महोत्सव का रंगमंचन का कार्यक्रम अयोजित होगा, भगवान के जन्म व दीक्षा कल्याणक के पात्र बनने के चढ़ावे भी आज गुरूवार को बोले जाएंगे। चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन प्रातः में भक्ताम्बर पाठ, प्रातः व सायंकालीन प्रतिकमण व तपस्याएं निरंतर चालू है। आगामी दिनों में सिद्धी तप की तपस्या होगी।

# आयकर कर्मियों के समस्त संव्यवहार पर विभाग की निगाह- प्रधान आयकर आयुक्त

धूम धाम से मनाया गया आयकर दिवस



**प्रयागराज।** आयकर विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष 24 जुलाई को 'आयकर दिवस' मनाया जाता है आज इस अवसर पर आयकर सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में अपर आयकर आयुक्त परिक्षेत्र शिव कुमार राय द्वारा आयकर के इतिहास एवं आयकर के सम्बन्ध में विस्तृत व्याख्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि 1857 में स्वतंत्रता के पहले युद्ध के दौरान ब्रिटिश शासन को हुए नुकसान की भरपाई के लिए सर जेम्स विल्सन द्वारा दिनांक 24 जुलाई, 1860 को आयकर लगाया गया था। उसे याद करते हुए हम सभी आज आयकर दिवस मना रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विभागीय कलाकारों द्वारा कविता पाठ एवं नाटय मंचन भी किया गया।

कार्यक्रम में कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए प्रधान आयकर आयुक्त श्रीमती आभा रानी सिंह ने कहा कि आयकर सरकार के लिए राजस्व के सबसे महत्वपूर्ण स्रोतों में से एक है। कर राज्य को राजस्व प्रदान करते हैं, और इसलिए यह किसी भी प्रकार की सरकार द्वारा प्रशासन की किसी भी प्रणाली के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है। किसी अर्थव्यवस्था की मजबूती इस बात पर निर्भर करती है कि कर प्रणाली कितनी अच्छी है। एक न्यायपूर्ण कर प्रणाली किसी देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकती है और उसकी समृद्धि को बढ़ावा दे सकती है। आज हमारा देश दिन-प्रतिदिन तरक्की कर रहा है। वर्ष 1860 में आयकर के रूप में तीस लाख रुपए संग्रहित हुए थे। गत वर्ष सरकार द्वारा आयकर से संग्रहण का लक्ष्य रुपए 19.45 लाख करोड का रखा गया था जिसके सापेक्ष रू019.58 लाख करोड का कर संग्रहण हुआ था। इलाहाबाद चार्ज का भी कर संग्रहण पिछलें वर्षो की तुलना में अच्छा रहा है। गत वर्ष जहां रू0 818.22 करोड का शुद्ध कर संग्रहण हुआ था वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष में अे भी तक 326.72 करोड़ का कर संग्रहण आ चुका है ।इसके लिए प्रधान आयकर आयुक्त ने प्रयागराज के करदाताओं को बधाई दिया तथा यह अपेक्षा भी व्यक्त की, कि प्रयागराज के सम्मानित करदाता भविष्य में भी इसी तरीके देश के विकास में अपना भरपूर योगदान देते रहेगें तथा देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में भागीदार बनेंगें। प्रधान आयकर आयुक्त श्रीमती आभा रानी सिंह द्वारा बताया गया कि आज तकनीक का जमाना है। प्रत्येक करदाता पर विभाग की नजर है, उनके समस्त संव्यवहार पर विभाग की निगाह है। इसलिए यह आवश्यक है कि कर दाता अपनी आयकर विवरणी सही-सही एवं समय पर दाखिल करें, आयकर विभाग के पोर्टल पर भी आप के संव्यवहार से सम्बन्धित जानकारी एआईएस, टीएस, 26एस पर दर्शित होती है, आप अपनी आयकर विवरणी तैयार करते समय उसका सहारा ले सकते हैं। सरकार द्वारा निर्धारित तिथियों या इससे पूर्व अपने अग्रिम कर का सही-सही भुगतान करते रहें एवं निश्चिन्त रहें। आयकर के रूप में अर्जित राजस्व का उपयोग सरकार द्वारा जनता के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए किया जाता है जैसे कि सड़क, आवास, बिजली, अस्पताल , स्कूल-कालेज इत्यादि। सरकार की प्राप्तियों में 19 पैसा आयकर से तथा 17 पैसा निगम कर से आता है इसलिए कहा जा सकता है कि सरकार की प्राप्तियों में आयकर विभाग एवं आयकर दाता का बड़ा योगदान रहता है।

कार्यक्रम के दौरान अपर आयकर आयुक्त ए0के0सिंह, सहायक आयकर आयुक्त सौरभ गुहा, आयकर अधिकारी सुब्रतो गुप्ता, नन्दन कुमार सोनकर,रवि कुमार मेहता, आयकर कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी योगेश्वर राय, रविन्द्र कुमार गौर, बृजेश कुमार, भावेश कुमार, रोहित सिंह एवं विजय कुमार, आयकर निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव, नन्हू लाल पाण्डेय, भगवान प्रसाद पटेल, राजेश कुमार गुप्ता, पुरुषोत्तम शर्मा, संजय कुमार मेहता, अरूण कुमार शुक्ला, श्रीमती सोनम केसरवानी, श्रीमती श्रद्धा केसरवानी श्रीमती संगीता कुमारी, कृष्णानन्द शर्मा, यज्ञ नरायण सिंह सहित समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## श्री बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर के लिए सेना ने दी अनुमति जल्द शुरु होगा काम

**प्रयागराज।** संगम नगरी में बने श्री बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर बनाने पर सेना ने अपनी जमीन देने के लिए सहमति के साथ अनुमति भी दे दी है। पीडीए और बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। हनुमान मंदिर कॉरिडोर के लिए 2.76 एकड़ जमीन चाहिए। जबकि इसके बदले में सेना को धूमन गंज के नीवां में 19 हजार हेक्टेयर जमीन देने का निर्णय लिया गया है। संगम नगरी में किले के समीप श्री बड़े हनुमान जी का पुराना मंदिर है। यहाँ जल्द ही कॉरिडोर का काम शुरु कराया जायेगा। बताया जा रहा है कि पहले चरण का काम दिसंबर तक पूरा किया जायेगा वहीं दूसरे चरण का काम महाकुंभ के बाद पूरा होगा। इस निर्माण कार्य के लिए 38.18 करोड़ का टेंडर किया जा चुका है। पीडीए के अधिकारियों ने इस निर्माण कार्य के लिए निरीक्षण भी किया है। इस मंदिर के निर्माण कार्य के लिए वहां पर किये गये कब्जे हटाए जाएंगे। मंदिर में प्रवेश और निकास द्वार नए बनेंगे। मंदिर मे छह द्वार बनाए जाएंगे। जिससे मंदिर मे आने वाले और जाने वालों का रास्ता सुगम होगा। मंदिर में पूजा सामग्री और प्रसाद वितरण के लिए करीब 40 दुकानें बनाई जाएँगी। यह दुकानें कॉरिडोर की बाउंड्री पर बनेगी। पहले से बनी दुकानों को हटाया जायेगा। मंदिर के महंत के लिए भी कमरे बनाए जाएंगे। मंदिर के गर्भगृह को छोड़कर अन्य कार्य पहले चरण में दिसंबर तक पूरा होगा।

## व्यापारियों ने किया केंद्रीय बजट का स्वागत



**प्रयागराज।** आज भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक सिविल लाइंस में आयोजित हुई। इस बैठक में महानगर अध्यक्ष योगेश गोयल ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट विकास को रोजगारोन्मुखी तथा देश को विकसित देश के प्रगति के रास्ते पर ले जाने वाला बताया।

उन्होंने कहा की बजट के माध्यम से सरकार ने हर वर्ग को साधने की कोशिश की है चाहे गृहणी महिलाएं हो कारोबारी, युवा वर्ग को रोजगार आदि सभी के लिए साथ ही जीएसटी से सरकार से काफ़ी उम्मीद थीं की कुछ स्लैब रेट कम करेंगे परन्तु कुछ भी कम नहीं हुए। अपितु इनकम टैक्स में छूट देकर उसकी कमी सरकार ने पूरा किया। छोटे कारोबारियों को लोन की गारंटी तथा लघु, मध्यम, सूक्ष्म, उद्यमी (एमएसएमई) तथा उद्योग लगाने के लिए तत्पर स्टार्टअप को क्रेडिट लोन की गारंटी और सुविधा मिलेगी

जिससे स्वदेशी उत्पादन बढ़ाने एवम युवा वर्ग को स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास होगा तथा मध्यम वर्ग को ढांचागत आयकर में छूट तथा पुराने आयकर कानून को बदलने का संकल्प राहत प्रदान करने वाला है। कृषि उत्पादन को बढ़ाने हेतु नए प्रयास तथा युवाओं को इंटर्नशिप के माध्यम से प्रशिक्षित करके रोजगार प्रदान करने के अवसर दिया।

महामंत्री पीयूष पांडेय ने कहा की सरकार ने कैंसर की तीन प्रमुख दवाओं के आधे रेट करने से लोगो को काफी राहत मिलेगी साथ ही एक्सरे उपकरण को भी सस्ता कर दिया है।

वरिष्ठ महामंत्री नवीन अग्रवाल ने सोने पर कस्टम ड्यूटी 5त्न तक कम होने के वित्त मंत्री जी के कदम का स्वागत किया। बैठक में महामंत्री अभिषेक केशरवानी, युवा अध्यक्ष आयुष गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकाश वैश्य, उपाध्यक्ष नवीन सिंह (मेजर), उक्ताशा कमाल, स्वप्निल आदि मौजूद थे।

## केन्द्र सरकार के खिलाफ वोट करने वाले प्रदेशों को केन्द्रीय बजट ने किया अनदेखा- सपा

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि केन्द्र सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी 3.0 सरकार के पहले केन्द्रीय बजट में उन राज्यों पर तो खूब वर्षा की जिन राज्यों के नेताओं ने जनता की भावनाओं के विपरीत भाजपा सरकार को समर्थन दिया लेकिन उन राज्यों की अनदेखी कि गई जिन राज्यों ने भाजपा का सफाया कर दिया।

श्री इफ्तेखार ने कहा बजट पूरी तरहां जनता की आकांक्षाओं के विपरीत है। महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि ने केन्द्रीय बजट को कहीं खुशी कहीं ग़म वाला बताया। कहा बजट भारतीय इतिहास का सबसे खराब बजट है। इसमें दोहरा पन दिखाई देता है। यह देश की जनता के साथ अन्याय है।

महानगर मीडिया प्रभारी सैय्यद मोहम्मद अस्करी ने कहा प्रयागराज वासियों की मांग थी कि प्रयागराज में एम्स की स्थापना हो लेकिन ऐसा नहीं कर प्रयागराज वासियों को निराश किया गया। वहीं भगवान राम और धार्मिक आस्था का ढिंढ़ोरा पीटने वाली भाजपा सरकार ने कुंभ के नाम पर एक फूटी कौड़ी भी बजट में नहीं दी। जबकि सांसद प्रवीण पटेल ने गंगापार में एम्स बनाने का वायदा भी जनता से किया था। महिला महानगर अध्यक्ष मंजू यादव ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केन्द्रीय बजट में महिलाओं, ग़रीबों, युवाओं को दरकिनार कर निराशा मिली। स्वास्थ ,शिक्षा व क़ानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बजट में कुछ नहीं मिला।

## शिक्षा के बजट में कटौती से नाराज छात्रों ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा मंत्रालय के बजट में सात फ़ीसदी कटौती से नाराज छात्रों ने समाजवादी छात्र सभा की अगुवाई में केंद्र की एनडीए सरकार का पुतला फूंका।


इस दौरान छात्रों ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी बजट जिसमें यूजीसी को मिलने वाली राशि का 60त्न अनुदान कम किया गया, और शिक्षा में खर्च होने वाली धनराशि का 7त्न दर कम किया गया। जो राष्ट्र के पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक के साथ-साथ सवर्ण समुदाय के आर्थिक रूप से कमजोर होनहार, प्रतिभावान, मेधावी, सभी वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा से वंचित रखने का सरकार द्वारा बेहद तुच्छ मानसिकता से भरा और राष्ट्र के भविष्य के लिए अपना सर्वस्य न्यौछावर करने वाले युवाओं को शिक्षा से वंचित रखने का एक सोची समझी साजिश के तहत लाया गया बजट है। जो किसी भी तरह से विद्यार्थी वर्ग के हित में नहीं है। जिससे राष्ट्र का विद्यार्थी वर्ग बहुत निराश हैं। विद्यार्थी वर्ग के बीच के व्याप्त गहरे रोष को देखते हुए आज समाजवादी छात्र सभा की इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई ने एनडीए सरकार का पुतला दहन किया।

इस दौरान इकाई महासचिव आशुतोष मौर्य, इष्टदेव, छात्र नेता विकास यादव, आयुष प्रियदर्शी, आदर्श वर्मा, शिवम, अमन, अंकित, शुभम पांडे, विभोज, अभिषेक द्विवेदी, विकास कुमार कोरी, प्रदीप, विनय इत्यादि मौजूद रहे।

## जमुनापार की बिजली व्यवस्था चरमराई- रेवती

### मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर 18 घंटे विद्युत सप्लाई की मांग

**प्रयागराज।** पूर्व बिजली मंत्री, पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मांग किया कि पूर्व की भांति जमुनापार को बुंदेलखंड क्षेत्र धोषित कर 18 घंटे बिजली सप्लाई की व्यवस्था सुनिश्चित हो क्योंकि जमुनापार के बारा मेजा और कोरावं के अधिकतर क्षेत्र पथरीले हैं जहाँ जमीनी जलस्तर बहुत नीचें हैं। गर्मी में तो इंसान और जानवर को पीने के पानी भी बमुश्किल मिल पाता हैं। उन्होंने कहा कि मैं जब बिजली मंत्री था तो मैंने जमुनापार को बुंदेलखंड क्षेत्र धोषित कराया था जिससें कई दशकों तक 18 घंटे विद्युत सप्लाई होती थी लेकिन विगत कुछ वर्षो से जमुनापार कि विद्युत व्यवस्था चरमरा गई हैं। उन्होंने कहा कि 4-5 घंटे ही बिजली की सप्लाई हो रही हैं वो भी लगातार नहीं जिससें नलकूप भी नहीं



चल पा रहे हैं, न पम्प कैनाल और नहरें भी नहीं चल पा रही हैं जिसके परिणाम स्वरूप धान की रोपाई नहीं हो पा रही हैं और ना ही खरीफ की बुआई। उन्होंने कहा कि जमुनापार की चारों तहसील करछना, मेजा, कोरावं, बारा में बिजली को लेकर हाहाकार मचा हुआ है।पूर्व सांसद ने मण्डलायुक्त प्रयागराज से भी टेलीफोन वार्ता कर इसका जल्द से जल्द समाधान निकालने को कहा।

सपा प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने कहा कि जमुनापार में दो-दो बिजली उत्पादन कारखाना लगवाने से क्या फायदा हुआ ÷जब चिराग तलें अंधेरा÷ ।उन्होंने कहा कि नेशनल ग्रिड में मे पुरा उत्पादन देने से पहले दोनों पावर प्रोजेक्ट से कुछ अंश जमुनापार को बिजली सप्लाई मिलना चाहिए। प्रदेश सचिव ने कहा कि जिस चीज की उत्पादन का धुआं ग्रामीण खा रहे हैं लेकिन उसी उत्पादन के फल (बिजली) से महरूम हो रहे हैं यह तो जमुनापार वालों के ऊपर ज्यादती हो रही हैं।

## पुलिस ने फरार आरोपी भाइयों के घर में कुर्की की नोटिस किया चस्पा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल/ हर्रायपुर, कौशाम्बी।** संदीपन घाट कोतवाली क्षेत्र के नसीरपुर गांव में मारपीट के मामले में फ़रार चल रहे दो आरोपी भाइयों के खिलाफपुलिस ने कुर्की की कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस ने बुधवार को गांव में मुनादी करवाकर आरोपियों के घर नोटिस चस्पा कर दिया है।

नसीरपुर गांव निवासी गोरका और फूद्दड़ पुत्रगण सागर अली ने पड़ोसी की जमकर पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। चीख पुकार सुन पड़ोसियों के ललकारने पर वह दोनों भाई फ़रार हो गए थे। मामले में घायल ने दोनों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया था। घटना के बाद से वह दोनों फ़रार चल रहे हैं। पुलिस ने बुधवार को न्यायालय के आदेश पर फ़रार आरोपी भाइयों के घर पर धारा 82 की नोटिस चस्पा कर मुनादी करा दी है। आरोपियों के न्यायालय में हाजिर न होने पर पुलिस कुर्की की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में इंस्पेक्टर बृजेश करवरिया का कहना है कि आरोपी के खिलाफ 82 की कार्रवाई हो चुकी है। तय समय के अंदर आरोपी न्यायालय में हाजिर नहीं होते हैं तो उनके खिलाफकुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

## रेलगांव की जीत में सतेंद्र का शतक



**प्रयागराज।** सतेंद्र यादव के शतक (103 नाबाद, 98 गेंद, 13 चौके, एक छक्का) के दम पर रेलगांव क्लब ने विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल को एक विकेट से हराकर रविकांत अंडर-16 समर लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। पराजित टीम के वामहस्त स्पिनर अवनीश सिंह की अचूक गेंदबाजी (7-2-18-4) व्यर्थ हो गई।विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने अपने मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में टॉस हारकर 35 ओवर में 9 विकेट पर 149 रन (नीतीश पाल 44, रजाउद्दीन 27, विवेक यादव 22, सक्षम वर्मा 3/29, अक्षत प्रताप सिंह 2/19, देव प्रकाश 2/19) बनाए। जवाब में रेलगांव क्लब ने 32.3 ओवर में नौ विकेट पर 153 रन (सत्येंद्र यादव 103 नाबाद, रामिश हैदर 10, अवनीश सिंह 4/18, भूपेंद्र 2/29 बना लिए। मैच में राहुल सिंह व रवि केसरवानी अंपायर एवं खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे।

## केंद्रीय कारागार नैनी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### बंदियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उनके अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में दी गयी जानकारी

**प्रयागराज।** केंद्रीय कारागार नैनी प्रयागराज में बुधवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में एक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बंदियों के अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में उन्हें बताया गया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न विधि कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर बंदियों को उनके अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया गया तथा उन्हें उनके अधिकार से अवगत कराया गया बंदियों को उनके अधिकारों से अवगत कराते हुए उनके कर्तव्य का भी ज्ञान कराया गया



और अच्छे आचरण के लिए उचित मार्गदर्शन किया गया तथा उन्हें अन्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा संचालित योजनाओं व सुविधाओं के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रभारी जेलर डॉक्टर आलोक, शिखर वन स्टॉप सेंटर से निलिशा यादव व रोनित चौरसिया उपस्थित रहे। यह जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रदान की गई।

## सेवानिवृत्ति पर मेठ की विदाई सम्मान समारोह का आयोजन

**प्रयागराज।** आज प्रयागराज लोकनिर्माण विभाग खंड 4 के मेठ केशव प्रसाद के विदाई सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुये बरिष्ठ कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र ने कहा कि जो कर्मचारी विभाग को ताउम्र अपनी दिया वह कर्मचारी बिना पेंशन के सेवानिवृत हो गया यह दुर्भाग्य पूर्ण है।

अवर अभियंता प्रमोद रावत ने केशव प्रसाद के अच्छे स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की शुभकामनायें दीं और उनके साथ विताएं पल को याद करते हुये कहा कि केशव एक कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार, कार्य के प्रति जबाबदेह है इनसे सीखने की जरुरत है द्य

जनपद अध्यक्ष फूलचंद यादव ने कहा कि इनके देयक के भुगतान की प्रकिया चल रही है जल्दी भुगतान हो



जायेगा कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलेन्द्र एवं संचालन रामअचल पाल ने किया। कार्यक्रम को रामसुफल बर्मा एवं धर्मराज यादव, लालजी पाल, सूर्यप्रकाश, संदीप कुशवाहा, प्रेमशंकर पटेल ने सम्बोधित किया। केशव प्रसाद मेठ गैंग के पारस एवं राजेंद्र सहित सैकड़ो कर्मचारियों ने माला फूल, अंगवस्त्र, घरेलू सामान देकर सम्मानित किया।

## बजट में मध्यम वर्ग को मामूली राहत देने का प्रयास- राम प्रकाश



**कौशाम्बी।** राम प्रकाश मिश्रा एडवोकेट प्रांतीय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु अंतिम बजट एक रिफॉर्म बजट है। मध्यम वर्ग को मामूली राहत देने का प्रयास किया गया है, किंतु अत्याधिक राजस्व संग्रह का मोह केंद्रीय सरकार ने नही छोड़ा है। न्यू टैक्स रिजीम में मामूली राहत कीगई है, करमुक्त सीमा को तीन लाख से बढ़ा कर पांच लाख किए जाने की अति आवश्यकता थी, किंतु कर के मोह में सरकार ने ऐसा नहीं किया। मौजूदा आयकर कानून डरावना , और उत्पीड़न कारी है, इसके संशोधन की घोषणा स्वागत योग्य कदम है।

## सिराथू स्टेशन पर एसएससी सदस्यों की हुई प्रथम बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कड़ा, कौशाम्बी।** सिराथू रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक और मुख्य वाणिज्य निरीक्षक के नेतृत्व में बुधवार को एसएससी की प्रथम बैठक आयोजित हुई।इस बैठक में एसएससी कमेटी के सदस्यों के साथ रेलवे के अधिकारियों ने चर्चा-परिचर्चा की।इस दौरान एसएससी सदस्यों ने स्टेशन का भ्रमण कर तमाम सुझाव दिए।जिसमें यात्रियों की सुविधा को देखते हुए सिराथू स्टेशन पर नई एफ़ओबी का निर्माण कार्य, स्टेशन की साफ सफ़ाई व्यवस्था को और भी बेहतर किये जाने, यात्री हित में ट्रेन संख्या 18309द्10 का ठहराव किये जाने, आरक्षण काउंटर पर आरक्षण करते समय आरक्षण फ़ॉर्म में यात्री का बैंक खाता संख्या भी भरा जाए जिससे टिकट कन्फ़र्म न हो तो टिकट स्वतरू ही कैंसल हो जाए और किराया वापसी सीधे बैंक खाते में आ जाए आदि सुझाव दिए गए।बैठक में सभी सदस्यों ने रेलवे द्वारा एक रेलवे पास एवं परिचय पत्र जारी किए जाने की मांग की।इस बैठक में एसएससी कमेटी के सदस्य राम लोटन सिंह , कमलेश निषाद, उमेश कुमार पटेल , बबलू श्रीवास्तव, दिलीप पटेल और रेलवे से महेंद्र गुप्ता (मुख्य वाणिज्य निरीक्षक उत्तर मध्य रेल फ़तेहपुर), गोपाल जी वर्मा (स्टेशन अधीक्षक सिराथू), पुनीत कुमार (सीसीटीसी फ़तेहपुर) उपस्थित रहे।

## झगड़े को छुटाने पहुंची भाभी के साथ मारपीट

**सैनी, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक कस्बे में देवर देवरानी के बीच हो रहे झगड़े को छुटाने पहुंची भाभी के साथ पट्टीदारों ने एकजुट होकर मारपीट कर जख्मी कर दिया बीच बचाव के लिए पहुंचे अन्य पट्टीदार भी जख्मी हो गए , पीड़िता ने मामले की शिकायत सीओ सिराथू से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।कड़ा धाम थाना क्षेत्र के शीतला धाम की रहने वाली शिवानी देवी पत्नी शिवराम ने बुधवार को सीओ सिराथू को शिकायती पत्र देते हुए बताया की 20 जुलाई की शाम देवरानी व देवर के बीच झगड़ा हो रहा था। शिवानी का आरोप है की शोर शराबा सुनकर बीच बचाव के लिए पहुंची तो देवर , देवरानी अपने अन्य रिश्तेदारों के साथ मिलकर मारपीट करने लगे , साथ ही दबंग अनिता देवी पत्नी सिद्ध राम , गुड्डी देवी पत्नी सदाशिव के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे ।

## बाबा बैजनाथ धाम जलाभिषेक के लिए रवाना हुए सैकड़ों कांवरिया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** बीते वर्षो की तरह इस वर्ष भी गेरुवा वस्त्र पहने कांवरियों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम जलाभिषेक के लिए रवाना हो रहा है जिस दिन से सावन की शुरुआत हुई है

इस मौके पर रामबाबू यादव राजू यादव बाबू लाल यादव अनिल कुमार हिमांशु यादव राहुल अग्रवाल गोलू अग्रवाल सहित तमाम शिव भक्त शामिल रहे। सावन माह की शुरुवात होते ही जिले के विभिन्न कस्बो से डीजे के धुन पर नाचते गाते बाबा का जयकारा लगाते हुए शिव भक्त कावारियों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम जलाभिषेक के लिए रवाना हो रहा है बोल बम के नारे से नगर क्षेत्र गूंज रहे हैं जलाभिषेक व पूजा-अर्चना के लिए शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है कांवरिये शिव का जलभिषेक कर निष्ठापूर्वक पूजा-अर्चना के लिए बाबा बैजनाथ धाम रवाना हो रहे हैं जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों व कांवरिया के मार्ग में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थे जगह-जगह पुलिस के जवान व उपनिरीक्षकों को तैनात किया गया था. जो हर आने-जाने वालों पर नजर रख रहे है।

## साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जनपद न्यायाधीश अनुपम कुमार के निर्देशन पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में हुबलाल इण्टर कॉजेल, गौरा रोड भरवारी में अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्णिमा प्रांजल की अध्यक्षता मे बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम एवं बाल अधिकारों के विषय पर साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्णिमा प्रांजल ने कॉलेज में कार्यरत कर्मचारी एवं उपस्थित बच्चों को बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को संविधान एवं मौलिक अधिकार, एन्टी रैगिंग कानून एवं पाक्सों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में अपर सिविल जज जूनियर डिविजन-प्रथम् हेमन्त कुमार, प्रधानाचार्य जीवन लाल चौधरी, पी0एल0वी0 ममता देवी, डा0 नरेन्द्र कुमार दिवाकर एवं कॉलेज के अध्यापकगण उपस्थित रहें।